चैत्र मास, शुक्ल पक्ष 14, वर्ष 12, अंक 56, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, बुधवार, 5 अप्रैल, 2023



# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : आईपीएल में 5000 रन बनाने वाले सातवें क्रिकेटर बने धोनी



अन्दर : लोकतंत्र के कीमियागर बाबू जगजीवन राम

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# अब एक ही आयोग करेगा शिक्षकों का चयन

## 'उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग' के गठन के संबंध में सीएम ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रदेश में विभिन्न शैक्षिक संस्थानों में जारी शिक्षक भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए एकीकृत आयोग के रूप में 'उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग' के गठन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में संचालित बेसिक, माध्यमिक, उच्च और प्राविधिक शिक्षण संस्थानों में योग्य शिक्षकों के चयन के लिए अलग-अलग प्राधिकारी, बोर्ड व आयोग गठित हैं। परीक्षा नियामक प्राधिकारी, माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग और उच्चतर शिक्षा सेवा चयन आयोग के अलावा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से भी शिक्षकों के चयन किया जा रहा है। उच्च और माध्यमिक शिक्षा स्तर की अल्पसंख्यक

### बैठक

**आयोग द्वारा अध्यापकों की सीधी भर्ती के सम्बंध में मार्गदर्शी सिद्धांत किया जाएगा**

**मुख्यमंत्री ने कहा- नया आयोग ही कराएगा टीईटी की परीक्षा**



संस्थाओं के लिए प्रबंध बोर्ड, तकनीकी संस्थाओं के लिए बोर्ड ऑफ गवर्नेंस और बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के माध्यम से चयन प्रक्रिया आयोजित की जाती है। व्यावहारिक सुधारों के क्रम में, भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए शिक्षक चयन के लिए एकीकृत आयोग का गठन किया जाना उचित होगा। शिक्षक चयन अयोगों को एकीकृत स्वरूप देते हुए निगमित निकाय के रूप में 'उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के गठन किया जाए। यह एकीकृत आयोग समयबद्ध चयन प्रक्रिया, मानव संसाधन का बेहतर उपयोग और वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने में उपयोगी सिद्ध होगा। उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग को एक स्वायत्तशासी निगमित निकाय का स्वरूप दिया जाना चाहिए। आयोग द्वारा अध्यापकों की सीधी भर्ती के सम्बंध में मार्गदर्शी सिद्धांत किया जाएगा। अध्यापकों की नियुक्ति के संबंध में चयन परीक्षा, साक्षात्कार आदि के माध्यम से चयन की प्रक्रिया पूरी करते हुए अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए नियुक्ति प्राधिकारी को संस्तुति की जाए। नए आयोग के स्वरूप, अध्यक्ष व सदस्यों की अर्हता, आयोग की शक्तियों और कार्यों के संबंध में रूपरेखा तय करते हुए आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें। नवीन एकीकृत आयोग में विश्वविद्यालयों के कुलपति जैसे महनीय पद अथवा भारतीय प्रशासनिक सेवा का सुदीर्घ अनुभव रखने वाले व्यक्ति को अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए। इसी प्रकार, सदस्यों में वरिष्ठ न्यायाधीश और अनुभवी शिक्षाविदों को स्थान दिया जाए। आयोग में अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति/जनजाति, महिला एवं अल्पसंख्यक वर्ग का भी प्रतिनिधित्व हो।

नए आयोग में यूनिवर्सिटी के कुलपति जैसे पद या भारतीय प्रशासनिक सेवा का लंबा अनुभव रखने वाले को अध्यक्ष बनाया जाएगा। आयोग के सदस्यों में रिटायर्ड सीनियर जज और अनुभवी शिक्षाविद की नियुक्ति की जाएगी। आयोग में अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला और अल्पसंख्यक वर्ग का भी प्रतिनिधित्व रखा जाएगा।

### सीएम योगी बोले, समय पर कराएं टीईटी परीक्षा

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन भी इसी नए आयोग के माध्यम से किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि टीईटी समय पर हो। नवीन आयोग द्वारा परिषदीय जूनियर बेसिक विद्यालय, अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूल, संबद्ध प्राथमिक विद्यालय, अशासकीय सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक जूनियर हाईस्कूल और संबद्ध अल्पसंख्यक प्राथमिक विद्यालय, राजकीय हाईस्कूल, इंटरमीडिएट कॉलेजों, अशासकीय सहायता प्राप्त हाईस्कूल, इंटरमीडिएट कॉलेजों, राजकीय और सहायता प्राप्त संस्कृत विद्यालय, अशासकीय सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक हाईस्कूल, इंटरमीडिएट कॉलेज में विभिन्न श्रेणी के शिक्षकों की भर्ती नवीन आयोग द्वारा ही की जानी चाहिए। राजकीय महाविद्यालय, अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय, संस्कृत महाविद्यालय और अल्पसंख्यक महाविद्यालय, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों, एडेड पॉलिटेक्निक कॉलेज तथा अशासकीय सहायता प्राप्त मदरसों में नवीन एकीकृत आयोग द्वारा ही चयन प्रक्रिया आयोजित की जाए।

# सिक्किम में हिमस्खलन सात पर्यटकों की मौत

**गुवाहाटी।** सिक्किम के नाथुला पहाड़ी दर्रे में आज भारी हिमस्खलन से सात पर्यटकों की मौत हो गई और 11 लोग घायल हो गए। हिस्खलन के बाद कई पर्यटकों के बर्फ में फंसने की आशंका है। बचाव अभियान जारी है। हिमस्खलन के दौरान 150 से अधिक पर्यटकों के क्षेत्र में होने की सूचना मिली है। सिक्किम नाथुला सीमा क्षेत्र में बड़े हिमस्खलन से सात पर्यटकों की मौत होने और 11 लोगों के घायल होने की खबर है। बर्फ में फंसे करीब 30 पर्यटकों को बचा लिया गया है और उन्हें गंगटोक के एसटीएनएम अस्पताल और सेंट्रल रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।सेना के अधिकारियों ने कहा है कि गंगटोक को नाथुला से जोड़ने वाले जवाहरलाल नेहरू रोड पर 15वें मील पर हुए हिमस्खलन में सात पर्यटकों की मौत हो गई, जबकि कई लोगों के बर्फ में फंसे होने की आशंका है। हिमस्खलन मंगलवार को सुबह करीब 11 बजकर 30 मिनट पर हुआ। इससे घायल हुए सात लोगों ने नजदीकी सैन्य अस्पताल में दम तोड़ दिया। इनमें

### हादसा

**कई जख्मी, बर्फ में फंसे 30 पर्यटकों को बचा लिया गया**



चार पुरुष, एक महिला और एक बच्चा भी शामिल है। पुलिस के अनुसार, 150 से अधिक पर्यटक अभी भी 15 मील से आगे फंसे हुए हैं। इस बीच, बर्फ में फंसे करीब 30 पर्यटकों को बचा लिया गया है और उन्हें गंगटोक के एसटीएनएम अस्पताल और सेंट्रल रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर सिक्किम पुलिस, सिक्किम के ट्रैवल एजेंटों के एसोसिएशन, पर्यटन विभाग के अधिकारियों और वाहन चालकों द्वारा बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
वाराणसी
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
SUNDAY OPEN

# पश्चिम बंगाल में फिर भड़की हिंसा रेलवे स्टेशन पर फेंके देसी बम

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में एक बार फिर हिंसा की खबर मिली है। बताया गया है कि देर रात स्थिति उस समय तनावपूर्ण हो गई जब लोगों के एक समूह ने रिशरा रेलवे स्टेशन के पास रेलवे फाटक पर बड़े देसी बम फेंकना शुरू कर दिया। कुछ उपद्रवियों ने रेलवे ट्रैक से गुजरने वाली ट्रेनों पर पथराव किया और स्टेशन के पास एक वाहन में आग लगा दी। बता दें कि पथराव की ताजा घटना हुगली के रिशरा रेलवे स्टेशन पर हुई, जिसके चलते सभी स्थानीय और मेल एक्सप्रेस ट्रेन सेवाओं को कुछ देर के लिए निलंबित करना पड़ा। ईस्टर रेलवे के एक अधिकारी ने कहा कि आम लोगों की सुरक्षा के लिए हावड़ा-बर्धमान मेन लाइन पर सभी लोकल और मेल एक्सप्रेस ट्रेन सेवाओं को निलंबित किया गया था। हालांकि, अब सेवा फिर से बहाल कर दी गई है। वहीं पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने बीती रात हुगली में ताजा हिंसा की सूचना मिलने के बाद दार्जिलिंग में अपने कार्यक्रम को रद्द कर कोलकाता के लिए रवाना हो गए हैं। सूत्रों के मुताबिक किसी भी अप्रिय घटना या हिंसा को रोकने के लिए इलाके में पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) को तैनात किया गया है। रविवार को हुगली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की रामनवमी के अवसर पर शोभा यात्रा के दौरान हुई झड़पों के एक दिन बाद यह घटना सामने आई है। राज्य सरकार ने बाद में निषेधाज्ञा जारी की और जिले भर में इंटरनेट सेवाओं को भी निलंबित कर दिया। इससे पहले गुरुवार को रामनवमी के जश्न के बीच हावड़ा में दो गुटों के बीच हुई झड़प में कई वाहनों में आग लगा दी गई थी।

### तनाव जारी

**स्थानीय और मेल एक्सप्रेस ट्रेन सेवाओं को कुछ देर के लिए बंद रही**



## अडानी की शेल कंपनियों में 20 हजार करोड़ रुपए किसके हैं: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सूरत की सत्र अदालत द्वारा जमानत की अवधि बढ़ाए जाने के एक दिन बाद मंगलवार को अदानी कंपनियों में धन के लेन-देन पर फिर से सवाल उठाया है। राहुल गांधी केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक के लिए कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। बैठक में कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए शेष 100 उम्मीदवारों को अंतिम रूप दिया जाएगा। जब राहुल से न्यायपालिका पर दबाव बनाने के भाजपा के आरोप के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दिया कि आप यह क्यों पूछते हैं कि भाजपा क्या कहती है, एकमात्र सवाल यह है कि अदानी की शेल कंपनियों में 20 हजार करोड़ रुपये किसके हैं। राहुल गांधी को कोर्ट ने सोमवार को आपराधिक मानहानि मामले में जमानत दी। राहुल गांधी ने कहा था कि सच्चाई इस संघर्ष में उनका हथियार है।

# यूपी के 25 हजार ग्राम प्रधानों को किया जाएगा प्रशिक्षित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के गांवों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए राज्य सरकार अब ग्राम प्रधानों, पंचायत सहायकों और सफाई कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिलवाएगी। पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार ने बताया कि इस संबंध में राज्य भर में 21 प्रशिक्षण केंद्र बनाए जाएंगे। जहां अलग-अलग सत्रों में 25 हजार ग्राम प्रधानों समेत कुल 83 हजार लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार राज्य के सभी गांवों में ठोस और तरल कचरे के प्रबंधन को लेकर उचित कदम उठाने और इसके लिए ग्राम पंचायतों के पदाधिकारियों को प्रशिक्षित करने की तैयारी की जा रही है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के द्वितीय चरण के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए राज्य के 25 हजार से ज्यादा ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। हाल में प्रशिक्षण देने वाले मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण का कार्य पूरा किया गया है। कुमार के अनुसार, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के दूसरे चरण में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 25,145 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। इसके तहत 43,242 राजस्व गांवों को लेकर लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इन गांवों में प्रथम चरण में प्राप्त उपलब्धियों को आगे भी बनाए रखने के साथ ठोस एवं तरल कचरे के प्रबंधन के लिए विभिन्न अभियान चलाए जाएंगे। इसी सिलसिले में ग्राम प्रधान, खंड प्रेरक एवं पंचायत सहायक आदि लगभग 83,000 लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जो वास्तविक रूप से गांवों में काम करेंगें। उन्होंने बताया कि इन लोगों का प्रशिक्षण लखनऊ के अलावा 20 जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर पर भी कराया जाएगा। हर प्रशिक्षण केन्द्र पर 6 मास्टर ट्रेनर तैनात किए गए हैं।

### पहल

**83 हजार लोगों को दी जाएगी ट्रेनिंग, हर प्रशिक्षण केन्द्र पर तैनात किए गए हैं 6 'मास्टर ट्रेनर'**



C.U.E.T CHS
BHU / DU / AU
ENTRANCE EXAM - 2023
9th & 11th
B.Sc. B.Com. B.A. LL.B
Selection
1218 in CUET
155 in CHS
संकल्प ट्यूटोरियल्स पॉलिटेक्निक
1. बादशाह बाग (G.G.I.C. के पास) मलदहिया
2. रविन्द्रपुरी एक्सटेंशन 3. नेवादा 4. सिगरा बाजार
5. पाण्डेयपुर 6. बुलानाला 7. बसहीं, वाराणसी
9335418689, 9335720660

# देश में कोरोना के नए मामले 3 हजार के पार, 7 की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोविड-19 ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ी है। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के नए मामले 3 हजार के पार हो गए हैं और 7 लोगों की मौत भी हो गई। कोविड-19 के 3 हजार 38 नए मामले सामने आए हैं। पॉजिटिविटी रेट में बड़ा उछाल देखा गया है। देश में इस समय कोविड-19 के 21 हजार से ज्यादा एक्टिव मामले हैं। पिछले 24 घंटों में कोविड से देश में 7 मौतें दर्ज की गई हैं। कोरोना से पंजाब में 2 मौतें, उत्तराखंड में 1, महाराष्ट्र में 1, जम्मू में 1 और दिल्ली में 2 मौतें दर्ज की गईं हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मंगलवार को अपडेट किए गए आंकड़ों के अनुसार कोविड मामलों की कुल संख्या 4.47 करोड़ (4,47,29,284) पर पहुंच गई थी। देश में एक्टिव मामले कुल संक्रमणों का 0.05 प्रतिशत हैं। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक कोविड-19 से ठीक होने वालों की राष्ट्रीय रिकवरी दर 98.76 प्रतिशत दर्ज की गई है। कोरोना की बीमारी से उबरने वालों की संख्या 44177204 है, जबकि कोविड मरीजों की मृत्यु दर 1.19 दर्ज की गई। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अब तक 220.66 करोड़ कोविड टीके की खुराक दी जा चुकी है। भारत में पिछले कुछ दिनों में कोविड के मामलों में बहुत तेज बढ़ोतरी देखी गई है।



# अशरफ मामले में बरेली जेल अधीक्षक निलंबित

**बरेली।** बरेली जिला जेल (केंद्रीय कारागार -2) में बंद पूर्व विधायक खालिद अजीम उर्फ अशरफ के मामले में शासन स्तर से बड़ी कार्रवाई हुई है। प्रभारी डीआईजी जेल आरएन पांडेय की रिपोर्ट पर मंगलवार को शासन ने बरेली जेल अधीक्षक राजीव शुक्ला को निलंबित कर दिया है। राजीव शुक्ला पर जेल में अशरफ को वीआईपी सुविधाएं मुहैया कराने के आरोप हैं। इस मामले में जेल अधीक्षक से पहले जेलर और डिप्टी जेलर भी निलंबित किए जा चुके हैं। दो जेल वार्डर समेत सात लोगों को जेल भेजा जा चुका है।

केंद्रीय कारागार नैनी के वरिष्ठ जेल अधीक्षक शशिकांत सिंह को भी निलंबित किया गया है। शशिकांत सिंह के पास डीआईजी जेल का भी चार्ज था। शनिवार रात अधिकारियों ने नैनी जेल में छापा मारा था। इस दौरान आपत्तिजनक वस्तुओं व कार्य में शिथिलता पाई गई थी। बता दें कि नैनी जेल में माफिया अतीक अहमद भी बंद रह चुका है। अतीक के गुर्गे नैनी सेंट्रल जेल में बंद हैं। प्रयागराज में हुए उमेश पाल हत्याकांड के तार बरेली जेल में बंद अशरफ से जुड़े मिले हैं। प्रयागराज पुलिस ने अशरफ को उमेश पाल की हत्या की साजिश रचने का आरोप बनाया है। इस हत्याकांड के बाद मिले इनपुट के आधार पर बरेली जेल के अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध मिलने पर डीआईजी जेल आरएन पांडेय को जांच सौंपी गई थी। जांच में सामने आया कि जेल में अशरफ से उसके गुर्गों की मुलाकात बिना पर्ची के कराई जाती थी। उसे वीआईपी सुविधाएं मुहैया कराई जाती थी। प्रयागराज में हुए उमेश पाल हत्याकांड के तार बरेली जेल में बंद अशरफ से जुड़े मिले हैं। प्रयागराज पुलिस ने अशरफ को उमेश पाल की हत्या की साजिश रचने का आरोप बनाया है। इस हत्याकांड के बाद मिले इनपुट के आधार पर बरेली जेल के अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध मिलने पर डीआईजी जेल आरएन पांडेय को जांच सौंपी गई थी।

डीआईजी जेल की जांच रिपोर्ट पर पर्यवेक्षणीय अधिकारी जेलर राजीव कुमार मिश्रा, मुलाकात अधिकारी डिप्टी जेलर दुर्गेश प्रताप सिंह और पांच वार्डरों को पहले ही निलंबित किया जा चुका है। इनमें दो वार्डर को जेल भी भेजा गया है। इसके बाद से जेल अधीक्षक राजीव शुक्ला पर भी कार्रवाई की तलवार लटक गई थी।

### कार्रवाई

**नैनी और बांदा के जेल अधीक्षकों पर भी गिरी गाज**

**नैनी के वरिष्ठ जेल अधीक्षक भी निलंबित**



# मुस्लिम पक्ष ने सर्वे रोकने को फिर दिया प्रार्थनापत्र

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में ईदगाह की अमीन रिपोर्ट तैयार करने के लिए अमीन शिशुपाल यादव ने सुरक्षा मुहैया करवाने के लिए अदालत में प्रार्थना पत्र दिया है। इस पर सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट ने उनकी सुरक्षा के आदेश दिए हैं। इस मामले में बुधवार को अमीन रिपोर्ट के लिए तारीख तय की जाएगी। श्रीकृष्ण जन्मस्थान की 13.37 एकड़ जमीन से ईदगाह को हटाने के लिए किए हिंदू सेना ने दावा किया है। इस पर गत 29 मार्च को सिविल जज सीनियर डिवीजन के न्यायिक अधिकारी नीरज गोंड ने अमीन रिपोर्ट के आदेश किए थे। अब अमीन न्यायालय पहुंचकर ईदगाह जाने के लिए तारीख तय करेंगे। ईदगाह पक्ष अमीन रिपोर्ट के आदेश को निरस्त कराने के लगातार प्रयास कर रहा है। अमीन रिपोर्ट के आदेश के अगले ही दिन इस संबंध में प्रार्थना पत्र दिया गया था, जिसे अदालत ने नहीं माना। इसके बाद 3 अप्रैल को भी एक प्रार्थना पत्र दिया गया। इस पर सुनवाई के लिए 17 अप्रैल की तारीख दी गई है। इसी मामले में मंगलवार को ईदगाह पक्ष ने अदालत में फिर से प्रार्थना पत्र दिया है। इस पर ईदगाह इंतजामिया कमेटी के सचिव एडवोकेट तनवीर अहमद के अधिवक्ता नीरज शर्मा तथा सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन के अधिवक्ता जीपी निगम ने बहस की।

### मामला

**श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह मामले में 'अमीन ने मांगी सुरक्षा'**

# बैंकों में जमा 35 हजार करोड़ का कोई वारिस नहीं

## 10 साल से अधिक समय से ऑपरेट नहीं करने पर निष्क्रिय हो जाता खाता

**नई दिल्ली।** सरकारी बैंकों के 10.24 करोड़ खातों में 35,012 करोड़ रुपये फरवरी 2023 तक जमा थे, जिनको पिछले 10 साल से ऑपरेट नहीं किया गया है। इस लावारिस डिपॉजिट को बैंकों ने रिजर्व बैंक में ट्रांसफर कर दिया गया है। अनक्लेम्ड डिपॉजिट वह रकम है जो 10 साल से अधिक समय से ऑपरेट नहीं की गई है. मार्च 2022 तक 48,262 करोड़ रुपये बैंकों में लावारिस डिपॉजिट के तौर पर थे। लोकसभा में वित्त राज्य मंत्री भागवत कराड ने एक लिखित जवाब में यह जानकारी दी।

भारतीय रिजर्व बैंक लावारिस डिपॉजिट को डिपॉजिटर्स एजुकेशन एंड अवेयरनेस फंड में डाल देता है। फरवरी 2023 तक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पास 8,086 करोड़ रुपए, पंजाब नेशनल बैंक के पास 5,340 करोड़ रुपए, केनरा बैंक के पास 4,558 करोड़ रुपए और बैंक ऑफ बड़ौदा के पास 3,904 करोड़ रुपए की अनक्लेम्ड डिपॉजिट थी। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार अगर कोई उपभोक्ता अपने खाते से 10 साल तक कोई लेन-देन नहीं करता है तो उस खाते में जमा रकम अनक्लेम्ड हो जाती है। जिस खाते से लेन-देन नहीं किया जा रहा है, वह निष्क्रिय हो जाता है। अनक्लेम्ड राशि बचत खाता, चालू खाता, फिक्स्ड डिपॉजिट और रेकरिंग डिपॉजिट खाते में हो सकती है। किसी बैंक एकाउंट के निष्क्रिय होने के कई कारण हो सकते हैं, जैसे एकाउंट होल्डर द्वारा बैंक खाते को भूल जाना या खाताधारक की मौत हो जाना, परिवार वालों को मृतक के एकाउंट के बारे में जानकारी न होना, गलत पता या फिर खाते में नॉमिनी दर्ज न होना।

अनक्लेम्ड डिपॉजिट्स के बारे में जानकारी आमतौर पर बैंक वेबसाइट्स पर ही मिल जाती है। एकाउंट पैन कार्ड, जन्मतिथि, नाम और पते से यह जानकारी ली जा सकती है कि क्या एकाउंट होल्डर के खाते में अनक्लेम्ड राशि पड़ी है। बैंक सामान्य पूछताछ और जरूरी दस्तावेज लेकर निष्क्रिय एकाउंट में पड़ी राशि को ब्याज सहित लौटा देते हैं।



### खाताधारक जरूरी कागजात दोबारा जमा कर ले सकते हैं राशि

खाताधारक बैंक से संपर्क करके जरूरी कागजात दोबारा जमा करवाकर बैंक खातें में पड़ी राशि निकलवा सकता है, अगर खाताधारक की मृत्यु हो गई है तो नॉमिनी आसानी से अनक्लेम्ड राशि पर दावा कर सकता है। नॉमिनी को खाताधारक का मृत्यु प्रमाण-पत्र देना होगा, साथ ही उसे अपने केवाईसी डॉक्यूमेंट भी देने होंगे। अगर जॉइन्ट एकाउंट है तो बैंक जिस एकाउंट होल्डर की मौत हो चुकी है, उसका नाम काट देगा और जीवित एकाउंट होल्डर को सारे अधिकार दे देगा। अगर किसी एकाउंट में नॉमिनी दर्ज नहीं है तो फिर अनक्लेम्ड खाते से पैसे निकलवाने के लिए जो व्यक्ति बैंक से संपर्क करेगा, उसे छोटी रकम की निकासी के लिए उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र और बड़ी रकम निकाले के लिए सक्सेशन सर्टिफिकेट बैंक में देना होगा। अगर एकाउंट होल्डर की कोई वसीयत है, तो उसकी भी जांच की जाएगी। आमतौर पर बैंक क्लेम दाखिल करने के 15 दिन के अंदर इसका निपटारा कर देता है।

## जहां भाजपा हारती है, वहां हिंसा जरुरी कराती है : संजय राउत

मुंबई। पश्चिम बंगाल में जारी हिंसा को लेकर महाराष्ट्र के नेता संजय राउत ने भाजपा को आड़े हाथों लिया है। हिंसा को लेकर इन दिनों राजनीतिक वार-पलटवार का दौर लगातार जारी है। भाजपा पश्चिम बंगाल हिंसा पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साध रही है। तो वहीं मुख्यमंत्री की ओर से भी हिंसा को लेकर भाजपा को जिम्मेदार बताया जा रहा है। इन सब के पीछे उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत का बड़ा बयान आया है। संजय राउत ने साफ तौर पर भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जहां वह हारती है, हिंसा कराने की कोशिश करती है। अपने बयान में संजय राउत ने कहा कि कौन सा मुख्यमंत्री चाहेगा कि उसके राज्य में दंगे हों? पश्चिम बंगाल की स्थिति बिगाड़ने का काम वहां का विपक्षी दल भाजपा कर रही है।

# मोदी ने भूटान नरेश के सामने उठाया डोकलाम का मुद्दा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के समक्ष भारत-भूटान-चीन की सीमा पर स्थित डोकलाम का मुद्दा उठाया। मोदी और वांगचुक के बीच हुई वार्ता में द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हर मुद्दे पर विस्तार से बात हुई जिसमें आपसी सुरक्षा हितों से जुड़े तमाम मुद्दे भी शामिल थे। बैठक में भारत सरकार की तरफ से भूटान की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए हर तरह की मदद देने पर भी सहमति बनी है। इसमें भूटान को अधिक वित्तीय सुविधा उपलब्ध कराने से लेकर भूटान में पैदा होने वाले कृषि उत्पादों को दूसरे देशों में ज्यादा निर्यात करने की सहूलियत देना भी शामिल होगा। दोनों देश रक्षा संबंधों को भी और मजबूत करेंगे। भूटान के राजा वांगचुक दो दिवसीय भारत यात्रा पर आये हैं। सोमवार को उनकी विदेश मंत्री एस जयशंकर से बात हुई थी तो मंगलवार को उन्होंने पीएम मोदी से आधिकारिक बैठक की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भी उन्होंने मुलाकात की। पीएम मोदी के साथ हुई उनकी बैठक की जानकारी देने के लिए मीडिया के समक्ष आए विदेश सचिव विनय क्वात्रा से जब यह पूछा गया कि क्या डोकलाम का मुद्दा उठा था।



## संक्षेप

### पूछताछ के लिए थाने लेकर आयी पुलिस तो प्रधान बैठे धरने पर

**पिंडरा।** फूलपुर थाने से पांच दिन महिला आरक्षी की अभिरक्षा से फरार युवती के बाबत पुलिस ने कुछ से पूछताछ और थाने लेकर आयी। आरोप है कि पूछताछ की आड़ में पुलिस दुर्व्यवहार कर रही है। इस बात से नाराज ग्राम प्रधान और उनके समर्थकों ने मंगलवार को थाना परिसर में धरना दिया। केराकत जौनपुर की युवती घर से नाराज होकर 29 मार्च को रात्रि 12 बजे जलालपुर उसके बाद एक बजे बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंची थी। वहां पर सीआईएसएफ के जवानों ने संदिग्ध लगने पर उसे बाबतपुर चौकी से फूलपुर थाने लेकर पहुंची। रात्रि में ही परिजन उसे लेने थाने पहुंचे। लेकिन पुलिस उसे सुबह आने की बात कह परिजनों को वापस कर दिया। सुबह युवती वाथरूम जाने की बात कहकर पुलिस अभिरक्षा में फरार हो गयी थी इसी मामले में पुलिस ने कुछ को पूछताछ के लिए साथ लेकर आयी थी।

### 82 की कार्रवाई के अगले दिन आरोपी गिरफ्तार

**तरना।** हत्या के प्रयास एवम मारपीट के आरोपी रज्जब को गिरफ्तार करने में शिवपुर पुलिस को सफलता मिली। थानाध्यक्ष शिवपुर के अनुसार 17 जनवरी 2023 को सब्जी विक्रेता लक्ष्मण सोनकर की हत्या के प्रयास के आरोपी रज्ब के खिलाफ शिवपुर पुलिस ने सोमवार को 82 की कारवाई किया था। मंगलवार को वीडीए कालोनी के पास से आरोपी रज्जब को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

### सड़क किनारे गाड़ी पार्किंग होने से लगा जाम

**वाराणसी।** लंका संकट मोचन मार्ग पर स्थित भिगनाराज कोठी के सामने सड़क पर सवारी गाड़ी पार्क होने से मंगलवार सुबह 10:00 से 11 बजे तक जाम लगा रहा। संकटमोचन दुर्गाकुंड मार्ग से होकर जाम नगवा सामने घाट मार्ग तक पहुंच गया। राहगीरों का दबाव बढ़ते ही लंका रविदास मालवीय चौराहे की तरफ जाने वाले रास्ते पर भी जाम लग गया। जाम को छुड़ाने में लगे होमगार्ड ट्रैफिक पुलिस कर्मी जाम नहीं छोड़ा पा रहे थे। जिसके कारण स्थानीय लोगों को जाम छुड़ाने के लिए उतरना पड़ा। तीखी धूप बेवजह जाम में फंसे राहगीर बेहाल रहे। जाम लगने की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे ट्रैफिक के फैंटम दस्ताने भीगना राज के सामने खड़ी गाड़ियों को हटवाया। इसके बाद ट्रैफिक सामान्य हुई।

### कार्य बहिष्कार स्थगित, तीन दिन बाद आगे की रणनीति

**वाराणसी।** विभिन्न मुद्दों को लेकर विगत कई दिनों से चला आ रहा कार्य बहिष्कार मंगलवार को स्थिगित हो गया इस मामले में तीन दिनों बाद जांच कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद इस मुद्दे पर आगे की रणनीति तय की जाएगी। इसके पूर्व अधिवक्ताओं की एक बैठक अपराह्न में बनारस बार एसोसिएशन के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित अधिवक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में सेंट्रल बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रभुनारायण पाण्डेय,महामंत्री शशिकांत दूबे, राधेश्याम सिंह, अशोक सिंह, क्षत्रधारी सिंह, घनश्याम पटेल, अमर नाथ शर्मा श्याम जी, राधेश्याम सिंह , अशोक सिंह प्रिन्स, रमेश राय, कृपाशंकर राय, दिवाकर दुबे आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### विद्युत मजदूर पंचायत का सम्मेलन लखनऊ में

**वाराणसी।** विद्युत मजदूर पंचायत वाराणसी इकाई की मंगलवार को भिखारीपुर स्थित संगठन कार्यालय पर हुई बैठक में बताया गया कि आठ और नौ अप्रैल को लखनऊ में संगठन का 24वां द्विवार्षिक वार्षिक सम्मेलन होगा। सम्मेलन में यहां से सैकड़ों प्रतिनिधि शामिल होंगे। मंडल मंत्री अंकुर पांडेय ने बताया कि सम्मेलन में वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर, मीरजापुर एवं जौनपुर के लगभग 1000 से अधिक विद्युतकर्मी भाग लेंगे। बैठक को आरके वाही, ओपी सिंह, जिउतलाल, विजय सिंह, तपन चटर्जी, नरेंद्र शुक्ला, राघवेंद्र गोस्वामी, विकास कुशवाहा, गुलाब चंद आदि उपस्थित थे।

### झाड़ू लगा रही महिला की चेन खींच कर भागे

**मंडुवाडीह ।** भाष्कर नगर हसनपुर, ककरमत्ता निवासिनी दुर्गावती सिंह अपने घर के बाहर झाड़ू लगा रही थीं। तभी एक बाइक पर सवार दो युवक उनकी चेन पर छपट्टा मारा और मंडुवाडीह चौराहे की तरफ भाग निकलें। दुर्गावती सिंह ने बताया कि घर के बाहर झाड़ू लगा रही थी, तभी बाइक सवार 2 युवक आये। एक युवक बाइक पर ही बैठा था और दूसरा युवक उतर कर किसी अखिलेश नाम के व्यक्ति का मकान पूछा। उन्होंने अनभिज्ञता जाहिर की तभी उक्त बदमाश उनके गले से झपट्टा मार कर चेन खींच लिया और बाइक पर बैठ कर भाग निकला। दुर्गावती सिंह ने मंडुवाडीह पुलिस को तहरीर दे दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी हुई है।

### क्रूजर बाइक की टक्कर में युवक घायल

**चौबेपुर।** चौबेपुर के डुबकियां स्थित एक स्कूल के पास मंगलवार को शाम चार बजे वाराणसी-गाजीपुर मार्ग पर क्रूजर के धक्के से बाइक सवार शिवप्रसाद निवासी सुल्तानपुर सारनाथ घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंचे चौबेपुर थाना प्रभारी राजीव सिंह ने तत्काल घायल युवक को चौबेपुर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया।

### फर्जी बैनामा कराने का आरोपी गिरफ्तार

**वाराणसी।** बीएलडब्लू चौकी इंचार्ज अनुराग मिश्रा ने मंडुवाडीह थाने में दर्ज मुकदमे में फर्जी बैनामा कराने के आरोपी जितेंद्र सिंह को पहाड़ी गेट के गैस गोदाम के समीप से मंगलवार की सुबह गिरफ्तार किया। मंडुवाडीह थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने बताया की आरोपी मंडुवाडीह क्षेत्र के पहाड़ी का निवासी है और इसके खिलाफ मंडुवाडीह थाने में धारा 419,420 समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज था।

### नाबालिग किशोरी गायब

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग 13 वर्षीया किशोरी दो अप्रैल को घर से गायब हो गई। परिजनों ने किशोरी की खोजबीन कर सोमवार की रात मिर्जामुराद थाने पहुंचकर गुमशुदगी की रपट दर्ज करायी।

### समेटा माता के श्रृंगार पर हुआ भंडारा

**वाराणसी।** तेलियानाला स्थित मां समेटा माता के वार्षि श्रृंगार पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें हजारों लोग शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मां भगवती को विभिन्न प्रकार के फूलों जैसे गुलाब, बेला, चमेली, जूही रजनीगंधा आदि से भव्य श्रृंगार किया गया था। मां को भव्य मुखौटा लगाया गया था। सायंकाल बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर संयोजक पतालु गुप्ता, राजकुमार, दीपक गुप्ता, विक्की गुप्ता, सुरेश यादव, विकास कुमार, आदित्य कुमार, सक्षम, सार्थक समेत काफी लोग मौजूद थे।

### शांति व्यवस्था और गश्त बढ़ाने को लेकर बैठक

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना परिसर में मंगलवार को थानाध्यक्ष दीपक कुमार रनावत ने क्षेत्र के खजुरी, कछवांरोड व करधना चौकी प्रभारियों, हलका क्षेत्र के दरोगाओं व बीट आरक्षियों के साथ गोष्ठी कर क्षेत्र में गश्त बढ़ाने व शांति व्यवस्था कायम रखने को कहा। प्रतापपुर गांव स्थित शीतला माता मन्दिर पर आगामी पांच और छह अप्रैल को दर्शन पूजन के बाबत दर्शनार्थियों की सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया। साथ ही पुराने व संगीन मुकदमो के अपराधियों का सत्यापन किया जाए साथ ही विवेचना में तेजी लाने को कहा। रात्रि गश्त पर तैनात पुलिसकर्मी प्रतिदिन बार्डर पर संदिग्ध वाहनों को जरूर चेक करे। इस दौरान खुजरी चौकी प्रभारी रविकांत चौहान, एसआई राज कुमार चौहान, एसआई प्रवीण मिश्रा, अमित पांडेय, पवन यादव, मयंक सिंह, विजय प्रताप यादव, सुनील पांडेय, जितेंद्र यादव, दिवान दिनेश यादव, मुंसी पंकज यादव व साजन कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत
आवश्यकता

आवश्यकता है
राधा कृष्ण महिला महाविद्यालय
अलीनगर, मुगलसराय, चंदौली में इतिहास व राजनीति शास्त्र के अध्यापकों की।
नियुक्ति हेतु संपर्क करें।
मो0-9621836978

**आवश्यकता है-** बीरेंद्र महाविद्यालय सरोजनगर देवचंदपुर गाजीपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववितपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय हेतु समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, भूगोल, अंग्रेजी, शारीरिक शिक्षा स्वास्थ्य एवम् खेलकूद, गृह विज्ञान, ललित कला विषयों में एक-एक पद प्रवक्ता एवं विज्ञान संकाय हेतु बीसीए पाठ्यक्रम में छह प्रवक्ताओं पद हेतु वेतन एवं शैक्षिक योग्यता यूजीसी रेगुलेशन 2016 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाणपत्रों की छाया प्रति एवं पासपोर्ट साइज की दो फोटो संस्था के पते पर 21दिनों के अंदर प्रबंधक के पदनाम संस्थान/महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष से दी जाएगी।
प्रबंधक-9415911854

### दशाश्वमेध स्थित बड़ी शीतला में संगीत महोत्सव का हुआ आगाज

वाराणसी। दशाश्वमेधघाट स्थित सिद्धपीठ बड़ी शीतला माता का मंगलवार को सायंकाल पांच दिवसीय संगीत महोत्सव का आगाज हो गया। प्रारंभ में 51 किलो दही, 21 किलो दूध, चीनी व एक किलो देशी घी व एक किलो शहद से मां का पंचामृत स्नान व अभिषेक किया गया। इसके बाद मां को स्वर्ण मुकुट व स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत किया गया। मां का विभिन्न प्रकार के फूलों से भव्य झांकी सजायी गई थी। सायंकाल छह बजे मां की आरती अविनाश पांडेय ने की। रात्रि में बधावा का आयोजन हुआ। जो अर्धरात्रि तक चलता रहा। रात्रि 8 बजे स्मारिका का विमोचन किया गया। रात्रि में गीतकार कन्हैया दुबे केडी के संयोजन शीतला संगीत महोत्सव की शुरुआत हुई जिसमें कलाकारों ने भजनों व गीतों से मां दरबार में हाजिरी लगायी। इस अवसर पर दक्षिणी आदि शीतला माता व बुढ़िया माई तथा आदि भैरव का भी भव्य श्रृंगार किया गया। गुफा द्वार सायंकाल छह से रात्रि 12 बजे तक खुला रहा। अर्धरात्रि के बाद मंदिर के महंत शिव प्रसाद पांडेय ने मां की 11 किलो कपूर से विराट आरती की। इस साल उनका आरती का 50वां साल था। इस मौके पर पं. शिव प्रसाद पांडेय का नागरिक अभिनंदन भी किया गया। कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में महंत शिव प्रसाद पांडेय, अविनाश पांडेय, अवधेश पांडेय, अवशेष पांडेय, कन्हैया दुबे केडी समेत काफी लोग मौजूद थे।

# आधी रात छात्रावास में घुसे उपद्रवियों ने की तोड़फोड़

## लंका थाने में अज्ञात हमलावरों के खिलाफ रपट दर्ज

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** बीएचयू में मंगलवार रात करीब दो बजे दो दर्जन से ज्यादा उपद्रवियों ने ब्रजनाथ छात्रावास में घुसकर दर्जनों बाइक में तोड़-फोड़ की। छात्रावास के स्टैंड में खड़ी बाइक को हमलावरों ने निशाना बनाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले और हॉस्टल के छात्रों से शिनाख्त कराने में जुट गयी। छात्रों की तरफ से मिली तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ लंका थाने में मुकदमा दर्ज किया। छात्रावास के लड़के अपनी टूटी गाड़ियां देख छात्र आगबबूला हो उठे। छात्रों का आरोप है कि ने पथराव भी किया।





करीब दो दर्जन से ज्यादा की संख्या रही और सभी मुंह पर कपड़ा बांध रखे थे। हाथ में लाठी डंडा भी था। छात्रों के ललकारने के बाद सभी एलबीएस छात्रावास की तरफ भाग निकले। इसके बाद छात्रों ने प्रॉक्टोरियल बोर्ड को सूचित किया बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। प्रभारी निरीक्षक लंका अश्वनी कुमार पांडेय ने बताया कि छात्रावास के छात्रों की तरफ से मिली तहरीर पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया गया है। हमला करने वालों की पहचान सीसीटीवी फुटेज की मदद से कर कार्रवाई जा रही है।

## दहेज प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने की आत्महत्या

**चोलापुर।** चौबेपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत काकलपुर गांव में मंगलवार को दहेज के लिए ससुराल वालों ने इस कदर परेशान किया कि महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार शिवानी यादव (25) का मायका चौबेपुर थाना क्षेत्र के बराई गांव में हैं और उसकी शादी साल 2017 में चौबेपुर थानाक्षेत्र के ही काकलपुर निवासी पिंटू यादव के साथ हुई थी। आरोप है कि शिवानी को दहेज के लिए पति और ससुराल वाले आये दिन पांच लाख नकदी और बुलेट के लिए प्रताड़ित करते थे। इस प्रताड़ने से तंग आकर उसने फांसी लगाकर जान दे दी। फांसी लगाने से पहले दोपहर में उसने अपनी मां से बात की ओर पूरी व्यथा सुनाई। पिता शिवप्रसाद ने बताया कि बेटी को प्रताड़ित न किया जाए इसके लिए बीते साल दो लाख रुपये ससुराल वालों को दिया था। बावजूद पांच लाख की डिमांड की जार रही थी।

# आधे घंटे में हो सकेगी कोविड-19 जांच

**पहल**

भारत में मिल रहें अन्य वैरियंट की जांच के लिए यह मशीन कारगर

**वाराणसी।** काशी हिन्दु विश्वविद्यालय ने कोरोना के साथ ही भारत में तेजी से बढ़ रहे अन्य वैरियंट की जांच के लिए एक नई मशीन को जल्द इजाद किया जा रहा है। आने वाले दिनों में इन सभी वैरियंट की जांच ना सिर्फ आधे घंटे में हो सकेगी बल्कि जांच की कीमत भी कम होगी। कोरोना का नये वैरिएंट ओमीक्रोन को देखते हुए काशी हिन्दु विश्वविद्यालय की साइंस फैकेल्टी ने इस मशीन जल्द मार्केट में लायेगा। इस डिवाइस की कीमत 20 से 25 हजार रुपए होगी। वहीं, प्रति व्यक्ति जांच का खर्चा महज 100 रुपए आएगा। आगे चलकर यह 70-80 रुपए भी हो सकता है। इस डिवाइस की ऊंचाई 5 सेंटीमीटर, चौड़ाई 4 सेंटीमीटर और वजन 100 ग्राम से भी कम है। स्टार्टअप के प्रमुख और वैज्ञानिक डॉ. शेखर आनंद ने कहा कि अब बीमारियों की टेस्टिंग को लेकर पूरे भारत का सेनेरियो बदलने वाला है। हम कोविड के साथ ही टीबी की भी टेस्टिंग कर सकते हैं। 2025 तक टीबी उन्मूलन में यह मशीन काफी कारगर साबित होगी। फिलहाल, करीब दो महीने तक इसका ट्रायल रन होगा। उसके बाद ही लॉन्च किया जाएगा। इस इंक्यूबेशन में मॉलिक्यूलर के वैज्ञानिक डॉ. यशवंत भी हैं जो कि टेस्टिंग पर काम कर रहे हैं।



# रेल कर्मी की मां समेत 2 महिलाओं की चेन छीनी

**दुस्साहस**

बाइक सवार बदमाशों ने घटना को दिया अंजाम

जनसंदेश न्यूज

**मंडुवाडीह।** लहरतारा स्थित रेलवे कॉलोनी में मंगलवार की सुबह मन्दिर से दर्शन कर लौट रही रेलकर्मी की माँ के गले बाइक सवार दो बदमाश चेन स्नेचिंग की और भाग निकले। जानकारी के अनुसार लहरतारा स्थित रेलवे कॉलोनी के आवास संख्या 236 ए में डीआरएम ऑफिस में कार्यालय अधीक्षक अजय कुमार की मां गीता देवी अपने गांव नवादा विहार से लौटी थी और मंगलवार की सुबह लगभग साढ़े 6 बजे रेलवे फाटक के पास मंदिर में दर्शन कर लौट रही थी। उसी समय एक बाइक पर दो युवक मिले और उनसे पता पूछा। गीता ने उन्हें पता के बारे में जानकारी होने से अनभिज्ञता जाहिर कर आगे बढ़ गई। गीता देवी जैसे ही कालोनी के अंदर घुसी तो दोनो युवक फिर पहुंचे और पता पूछने लगे। मना करने पर एक युवक उनके गले से चेन नोचा जबकि दूसरा बाइक स्टार्ट किया था और घटना को अंजाम देने के बाद दोनों आसानी से निकल गये। पीड़िता के बेटे अजय कुमार ने मंडुवाडीह थाने में रपट दर्ज करायी। पुलिस ने सीसीटीवी को खंगाला।



# अगले महीने बेटी की शादी उसके पहले पांच लाख चोरी

**तरना।** शिवपुर थाना क्षेत्र के पंचकोशी रोड निवासी डॉक्टर किशोर कुमार सिंह के क्लिनिक को चोरो ने सोमवार की देर शाम निशाना बनाया और करीब पांच लाख नकदी चोरी कर लिया। किशोर सिंह ये पैसे अपनी बेटी की शादी के लिए जुटाये थे। पीड़ित ने शिवपुर थाने में तहरीर दी। डॉ.किशोर सिंह का पंचकोशी रोड स्थित घर है और घर में ही क्लिनिक का संचालन करते है। सोमवार की शाम करीब सात बजे किसी काम से वह चेतगंज आये थे और उनकी बेटी स्कूटी से मार्केटिंग के लिए निकली थी। शाम 7.30 बजे उनका पुत्र संदीप सिंह जब वापस आया तो देखा कि दरवाजा खुला है। क्लिनिक में रखा सामान बिखरा पड़ा था और काउंटर का ताला तोड़ कर चोर काउन्टर में रखा लगभग 5 लाख रुपया, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, डाकखाने का पासबुक एवं एफडी के कागजात उठा ले गए। डॉक्टर ने बताया कि छह मई को उनके पुत्री की शादी है, शादी के लिए सामान खरीदने के लिए रुपया रखा था जिसे चोर उठा ले गए। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।



**कार्यालय ग्राम पंचायत उभांव वि0 ख0 सीयर, जनपद बलिया**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त, 14वां/15वां वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/पी.जी.आई.एफ./स्वच्छ शौचालय/आंगनबाड़ी केन्द्र/पंचायत भवन मरम्मत व निर्माण, अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण/सामुदायिक शौचालय/एस.एल.डब्लू.एम.योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 05.04.2023 से दिनांक 09.04.2023 तक पूर्वान्ह 10: 00 से 2:00 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं, जिसे दिनांक 10.04.2023 को अपरान्ह 2: 00 बजे समिति के समक्ष खोला जायेगा।

| क्रमांक | विवरण | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इण्टरलाकिंग 200X160X80MM, 200X160MM | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 MM / 40 MM | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बेस्टस शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर, टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि। | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 MM, 53 MM, 8.22MM, 6.0MM | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400 450, 500, 600, 1000 MM | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाईट व सोलर लाईट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व ह्वाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौकठ 450X450X100 MM | प्रति नग | |
| 11 | जी0आई0 पाईप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0वी0सी0 पाईप, साकेट 110, 140, 150 MM | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45MM | प्रति नग | |
| 14 | सूर्खी | प्रति घनमी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना ब्लिचिंग पावडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा, स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत। | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट :- टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रू0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।**

**प्रतिबन्ध व शर्तें :-** 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृति होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी अन्यथा नहीं। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- रू0 स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0डी0 के रूप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेंगे। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्लू0डी0 की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रूप से होगा।

**सचिव - मृत्युंजय राय** **ग्राम प्रधान - सेराज अहमद**

पत्रांक: मेमो/अल्प नि0/ग्रा0 पं0/2023-24/वि0 का0/दिनांक : 03.04.2023

# हिन्दू राष्ट्र से अधिक आवश्यक भारत को बनाये रखना

**बोले अविमुक्तेश्वरानंद**

काशी की 108 सहित देश भर की 263 संस्थाओं की ओर से किया गया महाराजश्री का नागरिक अभिनन्दन

**वाराणसी।** इन दिनों भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने की बात जोर शोर से चल रही है। इससे उलट आज की जरूरत भारत को भारत बनाये रखने की है। जिस दिन से इस देश का संविधान बना उसी दिन से भारत दूसरे नंबर पर हो गया। संविधान में लिखा है ह्यइंडिया दैट इज भारत अब हिंदू राष्ट्र के साथ ही न्यू इंडिया बनाने की बात हो रही है। जैसे ही न्यू इंडिया बना हुआ मान लिया जाएगा वैसे ही भारत तीसरे नंबर पर आ जाएगा। पहले न्यू इंडिया फिर इंडिया और तब कहीं जाकर भारत का नंबर आयेगा। ये बातें ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने कहीं। वह मंगलवार को अपने 21वें संन्यास दिवस पर आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में आशीर्वचन कर रहे थे। सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेशन सेंटर के सभागार में देश भर से आमंत्रित धमार्चार्यों,विद्वानों एवं आस्थावान भक्तों को संबोधित कर रहे थे। स्वामिश्रीः ने कहा कि मुझसे भी लोगों ने पूछा कि हिंदू राष्ट्र के प्रश्न पर आप का क्या मत है। मैंने कहा यदि सिर्फ नामकरण करने के लिए हिन्दू राष्ट्र घोषित करना है तो इसका कोई तात्पर्य नहीं है। इस अवसर पर कई विशिष्ट जनों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वामीश्री का 263 संस्थाओं ने नागरिक अभिनंदन किया। विचार व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से डा. परमेश्वर दत्त, कैप्टन अरविंद सिंह, स्वामी श्रीधर, काशीराज परिवार की महाराज कुमार कृष्णप्रिया, गुरुद्वार प्रबंधक कमेटी के परमजीत सिंह अहलुवालिया, भारत धर्म महामंडल के अध्यक्ष पं. सत्यनारायण पांडेय, पं. परमेश्वर दत्त शुक्ल, कमलाकांत त्रिपाठी, संविधान विशेषज्ञ प्रो. आरके. मिश्र, ब्रह्मचारी डा. श्रवण दास,प्रो. आद्या प्रसाद पांडेय, डा. वीणा पांडेय, ब्रह्मचारी सहजा नंद, कौटिल्य पंडित, डा.राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी, ब्रह्मचारी तीर्थानन्द, ब्रह्मचारी श्रीधरानन्द, डा. ब्रजेश यति, डा. गणेश दत्त शुक्ल, ब्रह्मचारी योगेश प्रमुख रहे।

### पूर्व विधायक अजय राय हुए शामिल

शङ्कराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती के 21वां संन्यास महोत्सव में रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में शामिल हुए उप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष, पूर्व मंत्री अजय राय शामिल हुए।। इस शुभअवसर पर कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव/प्रभारी उप्र श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा के जारी अभिनंदन पत्र को प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय व महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने महाराज को अर्पित किया। जिस पत्र में श्रीमती प्रियंका गाँधी ने कहा कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के सन्यास के 21 वर्ष पूर्ण होने के शुभअवसर पर उनका अभिनंदन करते है।

# एक बार फिर डराने लगा कोरोना, मिले 10 मरीज

**वाराणसी।** लगातार कोरोना के बढ़ते मामलों ने लोगों के माथे पर एक बार फिर से लकीर खींच दी है। मंगलवार को जिले में कुल 10 नये कोरोना के मरीज मिले जिससे लोगों में दहशत है। कोरोना के बढ़ते मामले में रोजाना इजाफा हो रहा है जहां दो दिन पहले एक से दो मरीजों के मिलने का सिलसिल जारी था वहीं मंगलवार को कुल 10 मरीजों के मिलने से लोगों में एक बार फिर से सोचने पर विवश कर दिया है। कुल मरीजों की संख्या 34 हो गयी है, इसमें एक्टिव मरीजों की संख्या 24 है जो होम आइसोलेशन पर हैं। **इन स्थानों पर मिले मरीज:** नेवादा काम्पलेक्स, नाटी इमली जैतपुरा, नरिया, अकथा, सुन्दरपुर, सिगरा, बीएचयू, शिवप्रसाद गुप्त मंडलीय अस्पताल ।

# दमखम से नगर निगम का चुनाव लड़ेगी सपा

**बोले मनोज पाण्डेय**

निकाय चुनाव के बाबत पार्टी की हुई बैठक, हुआ विचार-विमर्श

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** विधान मंडल दल के मुख्य सचेतक, विधायक व निकाय चुनाव प्रभारी मनोज पांडेय ने कहा कि नगर निगम का चुनाव पार्टी पूरे दमखम से लड़ेगी। वह पार्टी के नेताओं के साथ सर्किट हाउस सभागार में मंगलवार को बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पार्टी मेयर के साथ-साथ 50 से ज्यादा पार्षदों को जीता कर नगर निगम में भेजने का काम करेगी। पिछले विधानसभा चुनाव में हमारे प्रत्याशी भाजपा के प्रत्याशियों से बहुत कम वोटों के अंतर से पराजित हुए थे। विधानसभा चुनाव 2012 एवं 2017 की तुलना में हर विधानसभा में हमारे प्रत्याशियों को दोगुने से ज्यादा वोट प्राप्त हुए हैं। हमारा वोट प्रतिशत पिछले चुनाव के अपेक्षा 2022 के चुनाव में काफी अच्छा रहा है। निकाय चुनाव में यहां की जनता अब बदलाव के मूड में हैं। इसका फायदा पार्टी को मिलेगा। अगले दो-तीन दिन में मेयर व पार्षद पद के उम्मीदवारों की घोषणा कर दी जाएगी। अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष दिलीप डे की। संचालन पूर्व जिला प्रवक्ता संतोष यादव बबलू ने किया। बैठक में विधायक आरके वर्मा, विधायक जाहिद बेग, पूर्व सांसद रामकिशुन यादव, सुजीत यादव लक्कड़, पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिंह, मनोज राय धूपचंडी, डॉ. बहादुर सिंह यादव, आनंद मौर्य, विष्णु शर्मा, अब्दुल समद अंसारी, राजदेव सिंह, डॉ. ओपी सिंह, सतीश फौजी आदि थे।



**कार्यालय ग्राम पंचायत अरंगी, वि0 ख0 रावर्ट्सगंज, जनपद-सोनभद्र**

पत्रांक: मेमो/टेण्डर सूचना/2023-24 दिनांक: 04.04.2023

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अरंगी में वित्तीय वर्ष 2023-24 में बी0आर0जी0एफ0/जिला योजना अन्तर्गत/स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य/मनरेगा/ पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त एवं अन्य प्राप्त निधियों द्वारा धनराशि से निर्माण कराये जाना हेतु व्यापारकर विभाग आयकर में पंजीकृत फर्मों के द्वारा ग्राम पंचायत परिधि के अन्दर निम्न विवरणानुसार कार्यालय कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति कराने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 06.04.2023 से 11.04.2023 तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर शीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जिसे दिनांक 12.04.2023 को 2.00 बजे समिति टेण्डरदाताओ जो उपस्थित रहना चाहते हैं के समक्ष खोला जायेगा।

| क्र0सं0 | विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | ईंट प्रथम श्रेणी एवं द्वितीय श्रेणी | प्रति हजार |
| 2 | इण्टरलाकिंग ईंट | प्रति नग |
| 3 | मोटा बालू, महीन बालू | प्रति घन मीटर |
| 4 | मोरंग | प्रति घन मीटर |
| 5. | सीमेंट | प्रति बोरी |
| 6 | गिट्टी सोलिंग 40-90/40-60/45-90 एम0 एम0 | घन मीटर |
| 7 | काला गिट्टी | सभी साइज प्रति घन मीटर |
| 8 | सरिया | प्रति कुन्तल |
| 9 | हैण्डपम्प/रिबोर सामग्री | प्रति नग |
| 10 | जे0सी0बी0/कम्प्रेसर/मेक्सर मशीन | प्रति घण्टा |
| 11 | ट्रैक्टर द्वारा मिट्टी की ढुलाई | प्रति ट्रैक्टर |
| 12 | बोल्डर ढोका 6.0 इंच | प्रति नग |
| 13 | ह्यूम पाईप | प्रति घन मीटर |
| 14 | फावड़ा, गोइंता, तगाड़ी पन्नी | प्रति नग |
| 15 | स्ट्रीट लाईट/वायरिंग सामग्री, सोलर लाइट पैनल सहित | प्रति नग |
| 16 | शौचालय दरवाजा, सीट, पत्थर | प्रति नग |
| 17 | टाइल्स, प्लास्टिक सीट, पेन्ट, डिस्टेम्पर, प्राइमर, पी0वी0सी0 पाउडर आदि | प्रति नग |
| 18 | पानी का टैंकर/ समरसेबुल | अदद |
| 19 | लोहे का दरवाजा/एल्युमिनियम का दरवाजा | कुंतल/अदद |
| 20 | स्टोन डस्ट | प्रति घन मीटर |
| 21 | बिजली वायरिंग से सम्बन्धित सामग्री | प्रति नग |
| 22 | रिबोर से सम्बन्धित सामग्री | |
| 23 | स्वच्छता सम्बन्धित किट | |


प्रतिबन्धित शर्तें :-1. निविदा में सम्मिलित दरें सभी कर सहित एवं लोक निर्माण विभाग की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होनी चाहिए।2. कार्य विवरण एवं सामग्री सम्बन्धित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति कार्य स्वीकृत होने के उपरान्त की जायेगी तथा सामग्री कार्यस्थल तक पहुँचाने की जिम्मेदारी सम्बन्धित फर्म का होगा।3. जमानत धनराशि व अन्य जानकारी प्राप्ति हेतु ग्राम पंचायत कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।खराब आपूर्ति की दशा में जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी। 4. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। 5. बिना कारण बताये किसी भी समय निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

ग्राम प्रधान अरंगी
विकास खण्ड रावर्ट्सगंज,
जनपद-सोनभद्र

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
विकास खण्ड रावर्ट्सगंज,
जनपद-सोनभद्र



# वाराणसी



## विदेशी मेहमानों के सामने हो अच्छी छवि ताकि बढ़े पर्यटन

**बोले संजय गर्ग**

**अपर सचिव (डीएआरई)/ सचिव (आईसीएआर) ने जी-20 की तैयारियों का लिया जायजा**

**कहा, सभी विभाग तैयारियों को पूरे मनोयोग से पूर्ण करें, 16 अप्रैल से आने लगेंगे अतिथि**

**डीएम ने अब तक के प्रगति की जानकारी दी, कहा- शेष कार्य शीघ्र ही पूर्ण हो जाएंगे**



जी-20 की तैयारियों की समीक्षा करते अपर सचिव संजय गर्ग

**वाराणसी।** भारत सरकार के अपर सचिव (डीएआरई)/सचिव (आईसीएआर) संजय गर्ग ने मंगलवार को जी-20 की तैयारियों की प्रगति का विस्तार से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग जी-20 की तैयारियों को पूरे मनोयोग से पूर्ण करें। ताकि विदेश से आने वाले अतिथियों के सामने हमारी अच्छी छवि प्रस्तुत हो। साथ ही यहां के पर्यटन को और बढ़ावा मिले।

अपर सचिव ने कहा कि सभी रुट एवं प्रमुख स्थलों सारनाथ, नमोघाट एवं अन्य घाटों की साफ-सफाई और मार्ग में पड़ने वाले रेलिंग की पेंटिंग आदि समय से करा लिए जाए। 16 अप्रैल से अतिथियों का आगमन होने लगेगा। उसके दृष्टिगत एयरपोर्ट पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएं। एयरपोर्ट पर किसी भी तरह की अव्यवस्था, जाम आदि की समस्या नहीं आनी चाहिए। उन्होंने संस्कृति विभाग को निर्देशित किया कि मेहमानों का स्वागत सांस्कृतिक दल के जरिए भव्य तरीके से किया जाय। जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने तैयारियों के बाबत विस्तार से बताया, जिस पर अपर सचिव ने संतोष जाहिर किया। जिलाधिकारी ने बताया कि जिन कार्यों की प्रगति धीमी है, उसे शीघ्र ही पूर्ण करा लिया जाएगा। पुलिस आयुक्त अशोक मुथा जैन ने सुरक्षा तैयारियों के बाबत बताया कि कार्यक्रम स्थल/होटलों का सर्वे कर लिया गया है। सभी का फायर आडिट भी कर लिया गया। सभी लाइजनिंग अधिकारियों की लिस्टिंग भी कर ली गई है। जी-20 के लिए बनाई गई सौंदर्यीकरण समिति के तहत वीडीए उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल ने शहर में कराई जा रही पेंटिंग/चित्रकारी के बारे में अवगत कराया। नगर आयुक्त शिपू गिरी ने प्लांटेशन, लाइटिंग आदि तथा सीडीओ हिमांशु नागपाल ने जन जागरूकता कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। सीडीओ ने बताया कि जी-20 के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूल/कालेजों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। इसमें विश्वविद्यालयों को भी शामिल किया गया है।

इससे पूर्व अपर सचिव संजय गर्ग ने लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बाबतपुर, सारनाथ, होटल ताज, नमो घाट आदि स्थलों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में डीसीपी प्रोटोकॉल/ट्रैफिक प्रबल प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रणविजय सिंह, एडीएम (प्रोटोकॉल) बच्चू सिंह, एडीएम (सिटी) गुलाब चंद्र, एडीएम (आपूर्ति) जवाहर श्रीवास्तव, अपर नगर आयुक्त राजीव राय एवं कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### हनुमान ध्वजा यात्रा में पूर्व विधायक अजय राय ने उतारी आरती

**वाराणसी।** श्री हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी समिति के तत्वावधान में 15 दिवसीय हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी के 14वें दिन मंगलवार को प्रातः 6:00 बजे धर्म संघ में क्षेत्रपालेश्वर महादेव मंदिर में पूजन अर्चन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अजय राय, संस्था के राजेश तुलस्यान सत्यनारायण झुनझुनवाला ने हनुमान जी की आरती उतारी। तत्पश्चात भक्तों को ध्वजा देकर यात्रा की शुभारंभ की। हनुमान ध्वजा यात्रा रविंद्रपुरी, दुर्गाकुंड, त्रिदेव मंदिर होते हुए संकट मोचन मंदिर पहुंची जहां भक्तों ने प्रभु के चरणों में ध्वजा अर्पण किया। इसके पूर्व यात्रा में सबसे आगे हनुमान ध्वजा चल रही थी। रास्ते भर भक्त भजन गाते हुए चल रहे थे बोल थे, लहर लहर लहराए रे आज मंगलवार है हनुमान जी का वार है। यात्रा में स्मिता लोहिया सुरुचि जालान, पूजा डोलिया निधि शोरेवाल, नीता खेमका कविता मित्तल कृष्णा चौधरी तारा शर्मा अर्चना लड़िया ने प्रभु की आरती उतारी। ध्वजा यात्रा मंदिर पहुंचकर प्रभु के चरणों में ध्वजा अर्पण की तत्पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ हुआ।

### विश्व आटिज्म दिवस मनाया गया



**वाराणसी।** पॉपुलर कॉलेज आफ नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट बच्छाव व परिवर्तन सक्षम दिव्यांग संस्थान बच्छाव के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को विश्व आटिज्म दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन डा. एके कौशिक, मैनेजिंग डायरेक्टर डा. किरण कौशिक तथा डीन सह प्राचार्य प्रो. डा. सुधाकर ए ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि आटिज्म दिव्यांगता मस्तिष्क के विकास के दौरान होने वाला विकार है। जो व्यक्ति के सामाजिक व्यवहार व संपर्क को प्रभावित करता है। डीन सह प्राचार्य प्रो. डा. सुधाकर ए ने कहा कि आटिज्म एक मानसिक रोग है। इसके लक्षण जन्म से या बाल्यावस्था से नजर आने लगते है। इस अवसर विद्यार्थियों को एमआर किट व ट्राई साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। असोसियेट प्रो. अनुराग सिंह ने आटिज्म पर प्रजेन्टेशन प्रस्तुत किया। संचालन व धन्यवाद ज्ञापन चन्द्रकला ने दिया। कार्यक्रम परिवर्तन संस्थान की इंचार्ज चन्द्रकला रावत की देखरेख में सम्पन्न हुआ।

## जी-20 के बाबत फायरकर्मियों ने होटलों में किया मॉकड्रिल

**तैयारी**

**आधा दर्जन होटलों में हुआ अभ्यास, फायर चीफ ने सुरक्षा की दी जानकारी**



मॉकड्रिल के दौरान सीएफओ आनंद सिंह राजपूत।

**वाराणसी।** इसी महीने होने वाली जी -20 शिखर सम्मेलन के बाबत जिला प्रशासन हर मोर्च पर खुद को तैयार कर रही है। ऐसे में मंगलवार को अग्निशमन विभाग के फायर चीफ आनंद सिंह राजपूत और उनकी टीम ने कैंटोमेंट स्थित करीब आधा दर्जन होटलों में मॉक ड्रिल किया साथ ही आनंद सिंह ने होटलकर्मियों को आग से बचाव और सुरक्षा उपकरणों के बारे में जानकारी दी।

इसके पूर्व दमकलकर्मियों ने आग लगने की स्थित में कैसे तुरंत पहुंचा जाए, स्थिति को नियंत्रण में किया जाए साथ ही राहत बचाव को कैसे पूरा किया जाए इसका ना केवल अभ्यास किया बल्कि उसकी बारीकियों को भी समझाया गया। आनंद सिंह राजपूत ने बताया कि होटल ताज गंगेज, होटल नदेसर पैलेस होटल रामाडा, होटल क्लार्क, होटल आमाया व होटल रैविटास में कान्टिजेंसी प्लान के तहत होटलों के फायर फाइटिंग सिस्टम को चेक किया गया, फायर मॉकड्रिल करायी गयी। इसके साथ होटल के सभी अधिकारी, कर्मचारीगण व समस्त सहायक स्टाफ को फायर फाइटिंग सिस्टम से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारिया दी गयी। मौके पर अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन आरती सिंह, पुलिस आयुक्त कैण्ट डाक्टर अतुल अंजान त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक कैण्ट प्रभुकांत समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### नवनियुक्त एमएलसी हंसराज का स्वागत आज

वाराणसी। नवनियुक्त एमएलसी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा का पांच अप्रैल को पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे रोहनिया स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पर स्वागत किया जाएगा। वहीं, जिलाध्यक्ष को एमएलसी बनने पर क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, अशोक चौरसिया, सुशील त्रिपाठी, संतोष पटेल, नागेंद्र रघुवंशी, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, सह मीडिया प्रभारी संतोष सोलापुरकर, नवीन कपूर, संजय सोनकर, जगदीश त्रिपाठी, प्रवीण सिंह गौतम, अशोक पटेल आदि ने बधाई दी है।

### मुख्य सचिव का आगमन आज

वाराणसी। प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र पांच अप्रैल की रात करीब साढ़े 10 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। तत्पश्चात छह अप्रैल को जी-20 सम्मेलन की तैयारियों का निरीक्षण और विभिन्न परियोजनाओं व विकास कार्यों के प्रगति की समीक्षा करेंगे। वह अपराह्न ढाई बजे सड़क मार्ग से लखनऊ प्रस्थान कर जायेंगे।

## शिक्षक ठान लें तो समाज में बदलाव तय

**बोलीं पूनम मौर्य**

**बेसिक स्कूलों के बच्चों को स्मार्ट क्लास मिलना बड़ी उपलब्धि : एस. राजलिंगम**

**स्कूल न जाने वाले एक बच्चे को पढ़ने के लिए प्रेरित करें शिक्षक : हिमांशु नागपाल**

**निपुण एसेसमेंट परीक्षा (नैट 2022) में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर 100 विद्यालय सम्मानित**



आयुक्त सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में उपस्थित शिक्षक

**वाराणसी।** बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से आयुक्त सभागार में मंगलवार को आयोजित सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या ने कहा कि समाज को नेतृत्व देने की जिम्मेदारी शिक्षकों के हाथ में ही है। यदि आप ठान लें तो समाज में बदलाव आना तय है। उन्होंने अपने प्राथमिक शिक्षा के अनुभवों को भी साझा किया।

विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी एस. राजलिंगम कहा कि बेसिक स्कूलों के बच्चों को अब स्मार्ट क्लास मिलना एक बड़ी उपलब्धि है। विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने कहा कि बेसिक विद्यालय में अब बेहतर शिक्षा प्रदान किया जा रहा है। वह स्वयं परिषदीय विद्यालय से पढ़े हैं। सभी शिक्षक स्कूल न जाने वाले कम से कम एक बच्चे को विद्यालय जाने के लिए अवश्य प्रेरित करें। मुख्य अतिथि ने निपुण एसेसमेंट परीक्षा 2022 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम 100 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रोजेक्ट निपुण साथी का भी शुभारंभ किया गया। बताया गया कि निपुण एसेसमेंट टेस्ट 12 दिसम्बर 2022 को आयोजित हुआ था, जिसमें वाराणसी को पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था। इस दौरान जिले को निपुण बनाने के लिए कार्ययोजना प्रस्तुत की गई। सेवापुरी के खंड शिक्षा अधिकारी संजय यादव को बीईओ ऑफ द मंथ का अवार्ड दिया गया। नहवानीपुर विद्यालय के प्रधानाचार्य चक्रधर चौबे ने बताया कि उनके विद्यालय के 100 प्रतिशत बच्चे निपुण हैं। विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति 98 से 99 प्रतिशत तक रहती है। समारोह में काशी विद्यापीठ ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय भिटारी, प्राथमिक विद्यालय मंडुआडीह तथा प्राथमिक विद्यालय ककरहिया के प्रधानाध्यापक को सम्पर्क फाउन्डेशन के सहयोग से स्मार्ट टीवी प्रदान किया गया। संचालन आशुतोष पांडेय ने किया। धन्यवाद बीएसए डॉ. अरविंद पाठक ने दिया। समारोह में एआरपी रणंजय सिंह, राजेश सिंह दोहरी, रविंद्र सिंह, सरिता राय, धर्मेंद्र सिंह समेत सभी खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक आदि उपस्थित रहे।

## अहिंसा की प्रतिमूर्ति थे महावीर स्वामी

**आयोजन**

**महावीर स्वामी की जयंती मनायी गई**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** वाराणसी गर्ल्स डिग्री कॉलेज व कृष्णा एजुकेशनल सोसायटी सिकरौल के संयुक्त तत्वावधान में युग प्रवर्तक महावीर स्वामी की जयंती मनायी गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डा. संजय सिंह गौतम ने कहा कि जैन धर्म के संस्थापक महावीर जी अहिंसा की प्रतिमूर्ति थे। उनका जीवन त्याग, तपस्या व करुणा से ओतप्रोत था। उन्होंने अपने आचरण व उपदेशों से समाज में भाईचारा, अहिंसा व आपसी सौहार्द्र के वातावरण का निर्माण किया। मुख्य अतिथि शंभू पटेल ने कहा कि हम सभी को महावीर जी के उपदेशों के अनुसार आचरण करना चाहिए। जिससे समाज व देश का भला हो सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रबंधक डा. रवि सिंह ने कहा कि उन्होंने बारह वर्ष तक मोहन तपस्या की। कई परेशानियों को सहते हुए अंत में वे कैवल्य ज्ञान को प्राप्त किये। इस अवसर पर प्रो. नीलकमल मिश्र, डा. लक्ष्मीशंकर यादव, डा. अनुपमा श्रीवास्तव, डा. धर्मराज यादव, डा. राजेश आर्या, गायत्री यादव, शतरूद्र प्रकाश, बुलेन्द्र कुमार, सुनील कुमार ने भी विचार व्यक्त किये। संचालन डा. पुनीता मिश्रा, व डा. श्रवण कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। अंत में तबला वादक डा. जयदेव मुखर्जी व डा. श्रवण कुमार तिवारी ने कार्यक्रम को सफल बनाया। धन्यवाद ज्ञापन कालेज की प्राचार्या डा. अनुपमा सिंह ने दिया।

## बुद्धा थीम पार्क में मेहमान करेंगे डिनर

**जी-20**

**दिल्ली से आये छह सदस्यीय दल ने किया मौका-मुआयना**



जी-20 के बाबत सारनाथ स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करती दिल्ली की टीम

**सारनाथ।** दिल्ली से आए छह सदस्यीय दल ने जी-20 सम्मेलन की तैयारियों के बाबत मंगलवार को भगवान बुद्ध के प्रथम धर्म उपदेश स्थली पर आकर निरीक्षण किया। दल के अधिकारियों को बताया गया कि मेहमानों के लिए बुद्धा थीम पार्क में डिनर कराने की व्यवस्था किया गया है।

भारत सरकार के अपर सचिव (डीएआरई)/सचिव (आईसीएआर) संजय गर्ग के नेतृत्व में आए दल ने मेहमानों के घूमने के स्थान में शामिल पुरातात्विक संग्रहालय का निरीक्षण किया। निर्देश दिया कि मेहमानों को 10 से 15 के समूह में संग्रहालय अवलोकन कराना सुनिश्चित करें। लगभग 15 से 20 मिनट संग्रहालय का निरीक्षण करने के बाद दल पुरातात्विक खंडहर परिसर पहुंचा, जहां पर लाइट एंड साउंड की व्यवस्था देखते हुए पर्यटन अधिकारी नितिन चतुर्वेदी से कहा कि कार्यक्रम के दौरान मेहमानों के लिए बिस्किट और चाय का प्रबंध किया जाए।

अधीक्षण पुरातत्वविद अविनाश मोहंती ने कहा कि जी-20 में विदेशी मेहमान सारनाथ सायं करीब पांच बजे आएंगे। जबकि संग्रहालय सायं 5.45 बजे ही बंद हो जाता है। इसके लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग से परमिशन लेना अनिवार्य होगा। वही खंडार परिसर में भी नाश्ते-पानी की व्यवस्था के लिए भी अनुमति अनिवार्य है। यह बात सुन संजय गर्ग ने पास खड़े एक अधिकारी से पूछा कि अभी तक परमिशन क्यों नहीं हो पाया है। आपने हमसे बोला था कि सब हो चुका है। जल्द से जल्द इस पर काम कर ले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुरातात्विक खंडहर परिसर के वास्तविक स्वरूप को बनाए रखने के लिए ज्यादा स्टैंडिंग का प्रयोग ना करें। इस दौरान पर्यटन विभाग, भारतीय सब्जी अनुसंधान, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## मेहमानों के लिए प्रशिक्षित किये जा रहे टूरिस्ट गाइड

**प्रशिक्षण**

**पर्यटन विभाग ने तेज की जी-20 सम्मेलन की तैयारियां**

**वाराणसी।** जी-20 सम्मेलन की तैयारियों में तेजी आ गई है। सांस्कृतिक संकुल स्थित पर्यटन विभाग के सभागार में मंगलवार को दूसरे दिन भी टूरिस्ट गाइडों को प्रशिक्षित किया गया। कांशीराम पर्यटन प्रबंधन संस्थान-लखनऊ की ओर से 52 गाइडों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षित किया गया।तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक राजेंद्र प्रसाद ने टूरिज्म की अवधारणा पर प्रकाश डाला। इतिहास विभाग-बीएचयू के विभागाध्यक्ष प्रो. केशव मिश्र ने वाराणसी के प्राचीन धरोहरों और विरासतों के बारे में बताया। अभिषेक सांकृत ने टूर पैकेज और ट्रैवेल मैनेजमेंट की जानकारी दी। स्मार्ट सिटी के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. डी. वासुदेवन एवं जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजनारायण यादव ने भी टूरिस्ट गाइडों को प्रशिक्षण दिया। संचालन पर्यटन सूचना अधिकारी दिनेश मौर्य ने किया। धन्यवाद नितिन द्विवेदी ने दिया। इस मौके पर उप निदेशक राजेंद्र कुमार रावत, सचिव कल्याण सिंह, प्रधानाचार्य रायजादा, ट्रेनिंग को-आर्डिनेटर अर्चना दूबे आदि मौजूद रहीं।

## अवैध अतिक्रमण पर चला बुलडोजर चक मार्ग- नवीन परती कराई खाली

**सेवापुरी।** क्षेत्र के खेवली (चकरा ) गांव में मंगलवार को तहसीलदार राजा तालाब के आदेश पर चक मार्ग पर किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया गया। नायब तहसीलदार कसवार राजा सुलखा वर्मा के नेतृत्व में राजस्व टीम पुलिस बल के साथ पहुंची। इस दौरान 0.008 हेक्टेयर चक मार्ग पर मकान व टीन शेड लगाकर किये अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कराया गया। बताते चलें कि गांव के ही वीरेंद्र वर्मा पुत्र लालजी वर्मा ने एसडीएम राजातालाब को प्रार्थना देकर चक मार्ग खाली कराने के लिए गुहार लगाई थी, जिसपर राजस्व कर्मियों द्वारा पैमाइश के बाद चक मार्ग पर लालचंद और फेकू का अवैध अतिक्रमण पाया गया था। जिस पर तहसीलदार ने अतिक्रमण हटाने के लिए राजस्व टीम के साथ पुलिस बल को आदेश जारी किया गया था। उक्त आदेश का पालन करते हुए राजस्व निरीक्षक सिहोरवा संजय श्रीवास्तव, राय साहब, संगम, प्रदीप खरवार, एसआई मनदीप मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण को हटा दिया।



## रोड डिवाइडर निर्माण का व्यापारियों ने किया विरोध




**वाराणसी।** गोलगड्डा से विश्वेश्वरगंज त्रिमुहानी के बीच रोड डिवाइडर बनाया जा रहा है। इससे उत्पन्न होने वाली परेशानियों को लेकर मंगलवार को क्षेत्रीय व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी से उनके आवास पर मुलाकात की और इससे होने वाली दुश्वारियों को बताया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पहले भी डिवाइडर बना था, लेकिन जाम की कोई समस्या नहीं है। लेकिन जो नये डिवाइडर का निर्माण हो रहा है, उसमें बीच से कट नहीं है। इस कारण ट्रकों व मालवाहनों का आवागमन आसान नहीं होगा। बड़ी ट्रकों को मोड़ने एवं माल के अनलोडिंग, लोडिंग में भी भारी असुविधा होगी। विधायक ने तत्काल कमिश्नर कौशलराज शर्मा से बात की। उन्होंने कमिश्नर को हकीकत से अवगत कराते हुए कहा कि व्यापारियों की समस्या जायज है। इसका निदान आवश्यक है। प्रतिनिधिमंडल में खाद्य व्यापार मंडल के अध्यक्ष नवरतन राठी, बृजमोहन मूंदड़ा, रविन्द्र सिंह, नीरज गुप्ता, ओमप्रकाश, जयनारायण गुप्ता, संजय गिरी, प्रेम गुप्ता, सुयोग भारद्वाज आदि शामिल थे।



















# सीएमओ नेअनुपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों से मांगा स्पष्टीकरण

**निरीक्षण**

### सारनाथ सीएचसी का निरीक्षण कर दिया निर्देश



**वाराणसी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.संदीप चौधरी ने शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सारनाथ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों को ड्यूटी पर समय से उपस्थित रहने और कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने का निर्देश दिया।

सीएमओ के निरीक्षण के दौरान डा. सुनील गुप्ता, डा. अमित सिंह प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिरईगांव, तथा अवधेश कुशवाहा चीफ फार्मासिस्ट, राम दुलार प्रयोगशाला प्राविधिक तथा आमोद राय वार्डव्याय उपस्थित थे। डा. किरन जयसवाल, डा. आयुषि डा. शिवांगी अनुपस्थित पायी गयी । यह भी जानकारी मिली कि चिकित्साधिकारियो / कर्मचारियो की ड्यूटी रोस्टर के अनुसार नहीं लगायी गयी है। इस सम्बंध में उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिरईगॉव वाराणसी को निर्देशित किया कि अनुपस्थित पाये गये चिकित्साधिकारियो से स्पष्टीकरण प्राप्त कर अपनी संस्तुति सहित उन्हें भेजना सुनिश्चित करे। चेतावनी दी कि स्पष्टीकरण से संतुष्ट होने के उपरान्त ही उनका वेतन आहरित किया जायेगा। सभी चिकित्साधिकारियों / कर्मचारियों की ड्यूटी रोस्टर बनाकर उसके अनुसार कार्य लेना सुनिश्चित करने का भी उन्होंने निर्देश दिया। सीएमओ ने लैब का भी निरीक्षण किया और वहाँ उपस्थित प्रयोगशाला प्राविधिक को पैथोलॉजी में जॉच लिस्ट के अनुसार जाँच करने और पैथालॉजी को सुदृढ़ रूप से संचालित करने हेतु दिशा निर्देश दिया । औषधि कक्ष के निरीक्षण के दौरान वहाँ उपस्थित चीफ फार्मासिस्ट को निर्देशित किया कि मानक के अनुसार औषधि कक्ष में औषधि रखे तथा उसे सुचारू रूप से संचालित करें।

सीएमओ ने निर्देशित किया कि सभी चिकित्साधिकारी एवं कर्मचारी ड्यूटी के समय निर्धारित ड्रेस कोड में अपने कक्ष में बैठ कर कार्य सम्पादित करे। चिकित्सालय में समस्त कर्मियों की उपस्थिति समयानुसार सुनिश्चित किया जाय। चिकित्सालय में सभी ड्यूटियां ड्यूटी रोस्टर के अनुसार सम्पादित की जाय तथा उनका डिस्प्ले भी किया जाय। मरीजों एवं उनके परिजनो हेतु शुद्ध पेय जल की व्यवस्था किया जाय। मरीजों के लिये स्ट्रेचर एवं व्हीलचेयर की उपलब्धता सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया गया।

# वसुधैवकुटुम्बकम का लगा स्लोगन




**स्वागत की तैयारी**

### मेहमानों के स्वागत के लिये तैयार हो रहा हवाई अड्डा

**बाबतपुर।** वाराणसी में होने जा रहे जी 20 शिखर सम्मेलन की तारीख तय होने के साथ ही हवाई अड्डा प्रसासन मेहमानों के भव्य स्वागत की तैयारी में जुट गया है। पूरे परिसर में रंग रोगन के साथ ही बदल रही है हवाई अड्डे की तस्वीर बतादे की वाराणसी में जी 20 बैठक छह चरणों मे होनी है वाराणसी में पहली बैठक 17 और 19 अप्रैल को होना है जिसके अनुसार बैठक की तय तारीखों को नजदीक देखते हुए हवाई अड्डे पर तैयारियों का सिलसिला तेज कर दिया गया है।

मेहमानों के स्वागत के लिए टर्मिनल भवन, एप्रन,एराइवल एरिया सहित पूरे एयरपोर्ट परिसर को विशेष रूप से सवारने की तैयारी चल रही है। वही वसुधैव कुटुम्बकम का स्लोगन भी लगाया गया है। परिसर में लगाये गए टीन शेड बाउंड्री वाल को बीएचयू के कलाकारों द्वारा रंग बिरंगे रंगों से काशी के पारम्परिक दृश्य को बढ़ी सुंदरता के साथ उकेरा जा रहा है जो हवाई अड्डे पर आने वाले विदेशी मेहमानों को काशी के चिर परिदृश्य का अवलोकन करने के साथ ही मन मोहक और सुंदर आकृतिया काशी की झलक प्रस्तुत करेगी। हवाई अड्डे पर पहुचते ही मेहमानों को काशी की धार्मिक और सांस्कृतिक परम्परा का अवलोकन होने लगेगा। वही हवाई अड्डे के मुख्य द्वार से बाहर निकलते ही सड़क मार्ग के डिवाइडर पर हरेभरे सुगन्धित मनोहारी पुष्प और सुंदर वृक्ष लगाने की तैयारी चल रही है जिसके लिए बाकायदा गमले बनाये जा रहे हैं। सड़क मार्ग के दोनों तरफ एक रंग में रंगे भवन वसुधैव कुटुंबकम की परंपरा होने की याद दिलाएंगे। निदेशक अर्यमा सान्याल ने बताया कि वाराणसी में होने वाले जी 20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने वाले विदेशी मेहमानों को हवाई अड्डे पर आते ही काशी में होने का बिहंगम दृश्य का अवलोकन होगा। आने वाले मेहमानों के स्वागत की तैयारी जोरों पर चल रही है।

**संक्षेप**

### स्किल डेवलपमेंट की परीक्षा तिथि घोषित

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के बीए, बीएससी और बी कॉम तृतीय सेमेस्टर (समाज कार्य) सत्र 2022-23 के छात्रों की स्किल डेवलपमेंट की परीक्षा 6 अप्रैल को होगी। जबकि राष्ट्रीय शीक्षा निति 2020 के अंतर्गत स्नातक प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्रों की ललित कला विभाग के विषय स्किल डेवलपमेंट एवं माइनर व मेजर पाठ्यक्रम की परीक्षाएं 10 अप्रैल से ललित कला विभाग में आयोजित होंगी। जिसमें 10 को स्केचिंग और परिधान बिक्री के तत्व, 11 को पोर्ट्रेट, 12 को कार्टूनिंग, 13 को विज्ञापन, 15 को फोटोग्राफी और 17 को ड्राइंग एंड स्केच की परीक्षा होगी।

### शराब के साथ एक को जीआरपी ने दबोचा

**वाराणसी।** कैंट जीआरपी ने मंगलवार को जांच के दौरान एक युवक को 48 पाउच शराब के साथ गिरफ्तार किया। जीआरपी इंस्पेक्टर हेमंत सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक गजबये आलम टीम के साथ जांच के कर रहे थे कि सूचना पर टैक्सी स्टैण्ड पीपल पेड़ के समीप खड़े एक युवक को शक के आधार पर दबोच लिया, उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 48 पाउच शराब बरामद किया गया। उसकी पहचान अभिषेक कुमार (22)पुत्र रतन पासवान निवासी बिहटा जिला पटना के रुप में की गयी।

### नगर आयुक्त ने शहर में सौंदर्यीकरण के कार्यों का लिया जायजा



**वाराणसी।** नगर आयुक्त शिपू गिरी ने मंगलवार को जी-20 के मद्देनजर शहर में चल रहे सौंदर्यीकरण के कार्यों के प्रगति का जायजा लिया। जिसमें अंबेडकर पार्क स्थित फैसिलिटी सेंटर, वरुणा पुल, घौसाबाद-चौकाघाट मार्ग, सिटी स्टेशन, नमो घाट पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इनमें वरुणा पुल के पास बने माला, फूल कलश को किनारे स्थापित किए जाने, घौसाबाद-चौकाघाट मार्ग पर बंद पड़े पेट्रोल पंप की साफ-सफाई कराए जाने, सिटी स्टेशन से पहले रेलवे की टूटी बाउंड्री वॉल टूटी को रेलवे से बात कर बनवाए जाने, नमो घाट पर गोवर्धन धारी मंदिर के पहले दीवार पर बने म्यूरल्स पर फसाद लाइटिंग का कार्य कराए जाने, नमो घाट से बसंता कॉलेज की तरफ पुरातत्व विभाग के संरक्षित धरोहर की साफ सफाई व रंगाई का कार्य कराए जाने के निर्देश दिए।

# ऑटोमेटिक वाशिंग प्लांट से 10 मिनट में धुल जायेंगी बसें

**सुविधा**

### 15 लाख की लागत से अप्रैल के अंत तक बनकर हो जायेगा तैयार

### धुलाई में लगने वाले पानी को री-साइकिल कर फिर करेंगे उपयोग



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में गंदी बसें अब गुजरे जमाने की बात होगी, वातानूकुलित से लेकर साधारण बस भी चमचमाती दिखेंगी, जिससे यात्रा करना एक सुखद एहसास होगा।

वाराणसी परिक्षेत्र के तहत आने वाले कैंट डिपो के कार्यशाला में ऑटोमेटिक वाशिंग प्लांट लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। कार्यशाला में जिस स्थान पर बसों की धुलाई की जाती थी उसी स्थान पर इस प्लांट को लगाया जा रहा है।

**15 लाख की लागत से होगा तैयार**

आधुनिक वाशिंग प्लांट को लगाने में कुल 15 लाख की लागत आयेगी, अप्रैल के अंत तक इस प्लांट को तैयार करने की उम्मीद जतायी जा रही है। इस प्लांट से कुल 10 मिनट में बसों की धुलाई पूरी हो जायेगी। जनरथ जैसी वातानूकुलित बसों के साथ ही साधारण बसों की भी धुलाई कम समय में हो सकेगी।

**पानी को करेंगे री-साइकिलिंग**

इस प्लांट के स्थापित हो जाने के चलते बसों की धुलाई में लगने वाले पानी को री-साइकिलिंग भी की जा सकेगी। वेस्ट पानी को फिर से काम में लाया जा सकेगा। वाराणसी परिक्षेत्र में यह पहला प्लांट है।

**बोले अधिकारी**

वाराणसी परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक गौरव वर्मा ने बताया कि ऑटोमेटिक वाशिंग प्लांट से बसों की धुलाई के साथ वेस्ट पानी को फिर से उपयोग में लाया जा सकेगा।

## छात्रों ने पुस्तकालय भवन पर किया प्रदर्शन

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के छात्रों ने मंगलवार को डॉ. भगवानदास केंद्रीय पुस्तकालय पर धरना दिया। इस दौरान छात्रों ने विश्वविद्यालय में संचालित होने वाले पाठ्यक्रमों के अनुसार पुस्तकें उपलब्ध कराने की मांग की। जिसपर पुस्तकालयाध्यक्ष ने उनकी मांगों पर विचार करने और कर्रवाई करने का आश्वासन दिया जिसके बाद छात्रों ने धरना समाप्त किया।

छात्रसंघ महामंत्री अभिषेक सोनकर ने बताया कि पुस्तकों के आभाव की वजह से छात्रों को बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है। पुस्तकालय में कोर्स के अनुसार किताबें नहीं हैं, असहाय गरीब वर्ग का छात्र जो दूर दराज से यहां आया है पुस्तकों के आभाव में वह कैसे पढ़ाई करे। सेल्फ फाइनेंस की भी किताबें पुस्तकालय में नहीं है। धरने में मनोज सोनकर, सचिन कुमार, विशाल शर्मा , करण प्रजापति, आयुष पटेल, सोनू प्रजापति, धनजय सोनकर, हर्ष, कुंदन, रवि, हेमंत, आकाश, विनीत, आलोक, रोहित, रितिक, रोहित, अनिकेत, मुकेश, अर्जुन, संदीप आदि मौजूद रहे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत भैरोपुर कला, वि0 ख0 रानीकीसराय, आजमगढ़

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 05.04.2023 से 11.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 13.04.2023 समय सुबह 11:00 बजे।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 04.04.2023

(मोतीलाल यादव)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. भैरोपुर कला, वि.खं. रानीकीसराय
आजमगढ

(अवधेश कुमार)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. भैरोपुर कला, वि.खं. रानीकीसराय
आजमगढ़

## कार्यालय ग्राम पंचायत जुड़ाखुर्द, वि0 ख0 महराजगंज, आजमगढ़

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 05.04.2023 से 11.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 12.04.2023 समय पूर्वान्ह 11:00 बजे।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 04.04.2023

(द्रोपती)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. जूड़ाखुर्द, वि.खं. महराजगंज
आजमगढ

(मनोज जायसवाल)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. जूड़ाखुर्द, वि.खं. महराजगंज
आजमगढ़

# आरसीएच पोर्टल में वाराणसी को मिला तीसरा स्थान

**उपलब्धि**

### राज्य स्तरीय डाटा फीडिंग में जिले ने प्राप्त की 81 फीसदी की उपलब्धि

**वाराणसी।** जनपद में चिकित्सीय व स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है जिसमें गुणवत्तापूर्ण सुधार देखने को मिल रहा है। इसका यही परिणाम है कि राज्य स्तरीय प्रजनन शिशु स्वास्थ्य (आरसीएच) पोर्टल पर वाराणसी ने प्रदेश में तीसरा सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त वित्तीय वर्ष 2022-23 के आंकड़ों में जनपद ने आरसीएच पोर्टल के सभी आठ सूचकांकों में प्रदेश के सापेक्ष अधिक उपलब्धि (81 प्रतिशत) हासिल की है। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी ने दी।

सीएमओ ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आरसीएच पोर्टल में प्रजनन शिशु स्वास्थ्य जैसे गर्भवती का पंजीकरण, प्रसव पूर्व जांच की सेवाएं, नवजात शिशु का पंजीकरण व सम्पूर्ण नियमित टीकाकरण, उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) सेवाएं, संस्थागत प्रसव आदि सेवाओं के नियमित डाटा फीडिंग का कार्य किया जाता है। लक्ष्य के आधार पर सभी सेवाएं प्रदान कराते हुये समय से डाटा फीड करने पर प्रदेश में प्रत्येक वर्ष रैंकिंग निर्धारित होती है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारियों और स्वास्थ्यकर्मियों का ही प्रयास है कि वाराणसी ने प्रदेश में 81 फीसदी अंक प्राप्त करते हुये तीसरा स्थान हासिल किया है। जबकि समस्त प्रदेश की उपलब्धि 68 फीसदी दर्ज की गई है।


**संक्षेप**

### प्रवेश परीक्षा के टॉपरों को संकल्प करेगा पुरस्कृत



**वाराणसी।** संकल्प ट्यूटोरियल्स की सभी सात शाखाओं में सीयूईटी एवं सीएचएस प्रवेश परीक्षाओं के लिए नये बैच पांच अप्रैल बुधवार से प्रारंभ होंगे। ट्यूटोरिल्स के प्रबंध निदेशक अशोक चौरसिया ने बताया कि सीयूईटी की बीएस-सी, बीकॉम, बीएड, बीए, एलएलबी, बीए एलएलबी, बी. वोक एवं सीएचएस की नौ एवं 11 की प्रवेश परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले संस्था के विद्यार्थियों को इस वर्ष 11000 रुपये नकद पुरस्कार एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। टॉप-10 में स्थान पाने वाले संस्था के अन्य विद्यार्थियों को 5100 रुपये नकद पुरस्कार एवं स्मृति-चिह्न संस्था द्वारा प्रदान किया जायेगा। इसके साथ ही टॉप-100 में स्थान पाने वाले संस्था के अन्य विद्यार्थियों को सस्था द्वारा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया जायेगा। बताया कि सीयूईटी एवं सीएचएस प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम की कक्षाएं अलग-अलग चल रही हैं। विद्यार्थियों की सफलता सुनिश्चित करने के लिए हिंदी व अंग्रेजी दोनों ही भाषाओं में कम्प्यूटराइज्ड कोर्स मैटेरियल एवं क्वेश्चन बैंक भी तैयार किया गया है। वर्ष 2022 में सीयूईटी प्रवेश परीक्षा में संकल्प के कुल 1218 विद्यार्थी सफल हुए थे। कार्यक्रम में संस्था वरिष्ठ शाखा प्रबंधक संजय भगत, डॉ. आरएन यादव, विनोद पाल, अखिलेश प्रजापति, अमन श्रीवास्तव एवं संजय श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

### राज्यपाल से मुलाकात कर अशोका इंस्टीट्यूट में आने का दिया न्योता



**वाराणसी।** अशोका इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट पहड़िया के संस्थापक अशोक मौर्य एवं वाइस चेयरमैन अमित मौर्य ने विगत दिवस राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से उनके लखनऊ स्थित आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उनकी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। इंस्टीट्यूट की ओर से राज्यपाल को स्मृति चिह्न भेंट किया गया। वाइस चेयरमैन ने राज्यपाल को इंस्टीट्यूट के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उन्हें संस्थान में आने का न्योता भी दिया। राज्यपाल को बताया कि इंस्टीट्यूट पूर्वांचल की अग्रणी शिक्षण संस्था है। यहां इंजीनियरिंग, फार्मेसी और प्रबंधन में दो हजार से अधिक स्टूडेंट्स शिक्षा ग्रहण करते हैं। पढ़ाई के दौरान ही ज्यादातर स्टूडेंट्स को नौकरियां मिल जाती हैं। इंस्टीट्यूट के तमाम स्टूडेंट्स देश-विदेश में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं। राज्यपाल ने इंस्टीट्यूट की उपलब्धियों को सराहा और कहा कि बनारस दौरे के समय वह इस तकनीकी शिक्षण संस्थान को देखने जरूर आएंगी। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति केंद्र सरकार की एक सराहनीय पहल है। स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक कई बड़े बदलाव किए गए हैं, जिससे इस क्षेत्र में क्रांतिकारी उद्देश्यपूर्ण बदलाव आएगा। करीब आधे घंटे तक हुई मुलाकात के दौरान इंस्टीट्यूट के संस्थापक एवं वाइस चेयरमैन ने राज्यपाल की कार्यप्रणाली और शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे अभिनव प्रयोग के लिए सराहना की।

### डॉ. अविनाश ने एसोसिएट प्रोफेसर का पदभार किया ग्रहण

**वाराणसी।** हिंदी साहित्य के युवा आलोचक एवं एक पत्रिका के संपादक डॉ. अविनाश कुमार सिंह ने मंगलवार को महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के हिंदी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग में बतौर एसोसिएट प्रोफेसर पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर विभागाध्यक्ष प्रो. निरंजन सहाय ने कहा कि डॉ. अविनाश साहित्यबोध अकादेमिक, प्रशासनिक बोध से संपन्न, सक्रिय युवा हैं, जिनसे विभागीय समृद्धि में बढ़ोत्तरी होगी। कहा कि चर्चित आलोचक डॉ. अविनाश के चर्चित पुस्तकें भारतीय काव्यशास्त्र, हिंदी आलोचना, हिंदी साहित्य में श्रम सौंदर्य जैसी पुस्तकों से विभाग में बढ़ोत्तरी होगी। इस अवसर पर डॉ. अविनाश ने कहा कि विभाग के ऐतिहासिक वृत्त के वर्तमान और भविष्य के लिए प्रयासरत रहेंगे। इस दौरान विभाग में संकायाध्यक्ष प्रो. अनुराग कुमार, प्रो. राजमुनि, प्रो. रामाश्रय सिंह, प्रो. अनुकूल चंद राय, डॉ. प्रीति, डॉ. सुरेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. विजय रंजन के साथ शोधार्थियों में नंदलाल, दीपक, उज्ज्वल, मनीष, वरुणा, प्रज्ञा, आरती व अन्य लोग उपस्थित रहे।

### गंगा समग्र काशी प्रांत के संयोजक बने अजय



**वाराणसी।** गंगा समग्र प्रांत कार्यकारिणी में बदलाव करते हुए प्रयागराज, गंगा समग्र काशी प्रांत के प्रांत कार्यकारिणी बैठक में अजय मिश्रा को गंगा समग्र काशी प्रांत का संयोजक बनाया गया है। जबकि झूसी के शिवेश शुक्ला को सरोवर प्रमुख, अनुराग तिवारी को शिक्षण संस्थान प्रमुख, सह प्रांत संयोजक डॉ अभिषेक श्रीवास्तव को गंगा युवा वाहिनी का पालक अधिकारी, प्रमोद मौर्य को वृक्षारोपण प्रमुख, वाराणसी के संतोष कुमार मिश्रा को घाट प्रमुख और अशोक तिवारी को सह गंगा आश्रित प्रमुख बनाया गया है। कार्यकताओं में प्रिय और सौम्य स्वभाव के धनी अजय मिश्रा गंगा और समस्त जल तीर्थों के प्रति समर्पित रहे। डॉ. सुनील विश्वकर्मा चिकित्सा प्रमुख, जीतेन्द्र नारायण गौड़ आरती प्रमुख, कपींद्र तिवारी सह नदी प्रमुख, शत्रुघ्न पाठक व सौरभ पटेल युवा वाहिनी के प्रमुख और सुनीता उपाध्याय व सरोज सिंह गंगा सेविका समिति की प्रमुख बनी रहेंगी। इसके साथ ही शुभम को पूर्णकालिक कार्यकर्ता के रूप में काशी विभाग के संगठन मंत्री व दिवाकर द्विवेदी को काशी का विभाग संयोजक बनाया गया है।

# गाय का इनर खाने से पांच बीमार, तीन भर्ती

**वाराणसी।** जंसा में सोमवार को गाय का इनर खाने से एक ही परिवार के पांच लोग बीमार हो गये। इनमें तीन लोगों को मण्डलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जंसा थाना क्षेत्र के सत्यमपुर निवासी अम्बरीष ने बताया उसके घर में गाय ने बच्चा दिया था। सोमवार को गाय का इनर वह और उनके परिवार के लोगों ने खा लिया। इसके कुछ देर बाद उन्हें उल्टियां होने लगी। इस पर परिवार के लोगों ने उन्हें स्थानीय हाथी बाजार स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

इलाज के कुछ देर बाद डॉक्टर ने उन्हें हायर सेंटर के लिये रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उन्हें लेकर मंडलीय अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने अम्बरीष 28 वर्ष, सुमन पांडेय 45 वर्ष व आयुषी 18 वर्ष को भर्ती कर लिया। जबकि विनय पांडेय 52 वर्ष व आयुष 16 वर्ष का प्रथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दिया। अम्बरीष ने बताया कि उसकी गाय के बीमार होने पर उसका इलाज चल रहा रहा था। जिसके चलते फूड प्वाइजनिंग की घटना हुई। आकस्मिक कक्ष के डॉक्टर एके मणि ने बताया कि सभी की हालत खतरे से बाहर हैं।

## कार्यालय ग्राम पंचायत गोदापुर, वि0 ख0 महराजगंज, आजमगढ़

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 05.04.2023 से 11.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 13.04.2023 समय दोपहर 12:00 बजे।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 04.04.2023

(शकुन्तला)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. गोदापुर, वि.खं. महराजगंज
आजमगढ

(उमाशंकर यादव)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. गोदापुर, वि.खं. महराजगंज
आजमगढ़

## कार्यालय ग्राम पंचायत कुशहां ब्राह्मण वि0 ख0 सीयर, जनपद बलिया

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त, 14वां/15वां वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/ पी.जी.आई.एफ./स्वच्छ शौचालय/आंगनबाड़ी केन्द्र/पंचायत भवन मरम्मत व निर्माण, अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण/सामुदायिक शौचालय/एस.एल.डब्लू.एम.योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 05.04.2023 से दिनांक 09.04.2023 तक पूर्वान्ह 10: 00 से 2:00 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं, जिसे दिनांक 10.04.2023 को अपरान्ह 2: 00 बजे समिति के समक्ष खोला जायेगा।

| क्रमांक | विवरण | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इण्टरलाकिंग 200X160X80MM, 200X160MM | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 MM / 40 MM | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बेस्टस शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर, टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि। | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 MM, 53 MM, 8.22MM, 6.0MM | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400 450, 500, 600, 1000 MM | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाईट व सोलर लाईट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व ह्वाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौकठ 450X450X100 MM | प्रति नग | |
| 11 | जी0आई0 पाईप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0वी0सी0 पाईप, साकेट 110, 140, 150 MM | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45MM | प्रति नग | |
| 14 | सूर्खी | प्रति घनमी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना ब्लिचिंग पावडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा, स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत। | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

नोट :- टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रू0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

प्रतिबन्ध व शर्तें :- 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृति होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी अन्यथा नहीं। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- रू0 स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0डी0 के रूप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेंगे। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्लू0डी0 की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रूप से होगा।

सचिव - संजय कुमार | ग्राम प्रधान - लक्ष्मी देवी

पत्रांक: मेमो/अल्प नि0/ग्रा0 पं0/2023-24/वि0 का0/दिनांक : 03.04.2023

## कार्यालय ग्राम पंचायत पिपरौली बड़ागांव वि0 ख0 सीयर, जनपद बलिया

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त, 14वां/15वां वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/ पी.जी.आई.एफ./स्वच्छ शौचालय/आंगनबाड़ी केन्द्र/पंचायत भवन मरम्मत व निर्माण, अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण/सामुदायिक शौचालय/एस.एल.डब्लू.एम.योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 05.04.2023 से दिनांक 09.04.2023 तक पूर्वान्ह 10: 00 से 2:00 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं, जिसे दिनांक 10.04.2023 को अपरान्ह 2: 00 बजे समिति के समक्ष खोला जायेगा।

| क्रमांक | विवरण | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इण्टरलाकिंग 200X160X80MM, 200X160MM | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 MM / 40 MM | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बेस्टस शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर, टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि। | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 MM, 53 MM, 8.22MM, 6.0MM | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400 450, 500, 600, 1000 MM | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाईट व सोलर लाईट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व ह्वाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौकठ 450X450X100 MM | प्रति नग | |
| 11 | जी0आई0 पाईप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0वी0सी0 पाईप, साकेट 110, 140, 150 MM | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45MM | प्रति नग | |
| 14 | सूर्खी | प्रति घनमी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना ब्लिचिंग पावडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा, स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत। | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

नोट :- टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रू0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

प्रतिबन्ध व शर्तें :- 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृति होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी अन्यथा नहीं। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- रू0 स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0डी0 के रूप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेंगे। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्लू0डी0 की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रूप से होगा।

सचिव - मृत्युंजय राय | ग्राम प्रधान - सज्जन पासवान

पत्रांक: मेमो/अल्प नि0/ग्रा0 पं0/2023-24/वि0 का0/दिनांक : 03.04.2023

## कार्यालय ग्राम पंचायत मझौवां अमावें वि0 ख0 सीयर, जनपद बलिया

### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त, 14वां/15वां वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/ पी.जी.आई.एफ./स्वच्छ शौचालय/आंगनबाड़ी केन्द्र/पंचायत भवन मरम्मत व निर्माण, अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण/सामुदायिक शौचालय/एस.एल.डब्लू.एम.योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 05.04.2023 से दिनांक 09.04.2023 तक पूर्वान्ह 10: 00 से 2:00 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं, जिसे दिनांक 10.04.2023 को अपरान्ह 2: 00 बजे समिति के समक्ष खोला जायेगा।

| क्रमांक | विवरण | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इण्टरलाकिंग 200X160X80MM, 200X160MM | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 MM / 40 MM | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बेस्टस शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर, टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि। | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 MM, 53 MM, 8.22MM, 6.0MM | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400 450, 500, 600, 1000 MM | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाईट व सोलर लाईट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व ह्वाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौकठ 450X450X100 MM | प्रति नग | |
| 11 | जी0आई0 पाईप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0वी0सी0 पाईप, साकेट 110, 140, 150 MM | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45MM | प्रति नग | |
| 14 | सूर्खी | प्रति घनमी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना ब्लिचिंग पावडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा, स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत। | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

नोट :- टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रू0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

प्रतिबन्ध व शर्तें :- 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृति होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी अन्यथा नहीं। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- रू0 स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0डी0 के रूप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेंगे। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्लू0डी0 की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रूप से होगा।

सचिव - संजय कुमार | ग्राम प्रधान - संजीत कुमार

पत्रांक: मेमो/अल्प नि0/ग्रा0 पं0/2023-24/वि0 का0/दिनांक : 03.04.2023

# लाखों का सामान उठा ले गये चोर

बलिया। जिले के दो थाना क्षेत्र के तीन मकानों का ताला तोड़ कर चार लोगों को अपना शिकार बनाते हुए बेखौफ चोरों ने लाखों के सामान पर हाथ साफ किया हैं। इस घटना में चोरों ने घर में रखा आभूषण, नकदी और नए वस्त्र आदि भी उठा ले गए है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी और आवश्यक छानबीन में जुट गयी। वही, चोरी की खबर मिलते ही क्षेत्र में दहशत के साथ लोगों में आक्रोश है।

चोरी की पहली वारदात फेफना थाना क्षेत्र के अगरसंडा गांव स्थित शिवपुरी कालोनी निवासी सतीश प्रकाश के निजी मकान में हुई है। यहां चोरों ने रविवार को दिन में मौका पाकर ताला तोड़ कर घर में घुस गए और घर में रखा नकदी, आभूषण एवं अन्य उठा ले गए। पुलिस को दिए तहरीर में पीड़ित ने बताया है कि घटना के वक्त वह सपरिवार विशुनीपुर स्थित चर्च में पूजा करने गए थे। वापस आने पर घटना की जानकारी हुई। दूसरा मामला बांसडीह रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत मोती

**चोरी**

### चोरों ने चार घरों को बनाया निशाना, रोष



नगर कालोनी में हुआ, जहां चोरों ने रविवार की रात एक साथ दो मकानों का ताला तोड़ कर तीन लोगों के घर में हाथ साफ किया है। चोरों का शिकार होने वालों में दो अकाउंटेंट और एक पुलिस इंस्पेक्टर भी शामिल है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची इलाकाई पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। बताया जाता है कि रविवार की रात चोरों ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बांसडीह में अकाउंटेंट रमेश यादव के घर में छत के रास्ते घुस गए और कमरे का ताला तोड़ कर नकदी, आभूषण औरएवं अन्य सामान उठा ले गए। इसके बाद करीब दो सौ मीटर की दूरी पर स्थित सहजानंद आदर्श महिला इंटर कालेज, परिखरा के प्रबंधक अरुण कुमार वर्मा के मकान में किराएदार और एसबीआई की कृषि शाखा के अकाउंटेंट मोहम्मद हैदर एवं एक पुलिस इंस्पेक्टर के कमरों का क्रमशः ताला तोड़ कर नकदी, आभूषण और सामान उड़ा ले गए। इस मामले में बांसडीह रोड थानाध्यक्ष राजकूपर सिंह ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। शीघ्र ही चोरों को धर दबोचा जाएगा।

## चार घरों में चोरी से मचा हड़कंप पीड़ितों ने नरही थाने में दी तहरीर

बलिया। नरही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा दरियापुर में सोमवार की रात चोरों ने जमकर तांडव मचाया। चोरों ने एक ही रात चार लोगों के घरों पर धावा बोलकर पूरे गांव में सनसनी फैला दी।

बताया जाता है कि चोरों ने विश्वामित्र सिंह के घर की खिड़की के रास्ते घुसकर कीमती गहनों और 4000 रुपये नगद पर हाथ साफ कर दिया। घर से करीब 50 मीटर की दूरी पर मक्के के खेत के पास टूटा अटैची और बक्सा मिला। दूसरी घटना तेज बहादुर सिंह के घर की है। चोर गली के रास्ते घुसकर अटैची निकाल कर घर से तीन-चार सौ मीटर दूर खेत में फेंक दिए थे। परिजनों ने बताया कि घर के अंदर सोए सदस्यों कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया गया था। तीसरी घटना सर्वदेव गोंड के घर की है। वहां पर भी चोरों ने धावा बोलकर मुख्य दरवाजे का चैनल गेट तोड़ना चाहा, लेकिन परिजनों के जग जाने के चलते चोर भाग निकले। चौथी घटना दीनानाथ राजभर के यहां हुई। वहां पहुंचे चोर भैंस खोल रहे थे कि भैंस किसी तरह छुड़ाकर भाग निकली, तब तक परिजन जग गए। पीड़ितों ने इसकी सूचना थाने पर दे दी है।

### आये दिन हो रही चोरी की घटनाएं

बलिया। नरही थाना क्षेत्र में आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्रवासियों में भय व्याप्त है। अभी हाल ही में गंगा घाट कथरिया मार्ग पर पिपरा गांव के पास स्थित शराब एवं बीयर की दुकानों में चोरों ने हाथ साफ किया था। अभी इस घटना का पुलिस राजफाश भी नहीं कर पाई थी कि दरियापुर में चोरी की घटना को अंजाम देकर चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती दे डाली है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि अभी हाल ही में लक्ष्मणपुर चौराहे से साइकिल चुरा कर भाग रहे एक चोर को लोगों ने दौड़ाकर पकड़ लिया था और पुलिस के हवाले किया था। उसको पुलिस थाने ले जाकर छोड़ दिया गया। क्षेत्रवासियों ने इस तरफ उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं से निजात दिलाने की मांग की है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

बलिया। मनियर थाना क्षेत्र के निपानिया गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती की मौत हो गई। पुलिस युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दी। घटना मनियर थाना क्षेत्र के निपनिया गांव की बताई जा रही है। घटना के संदर्भ में बताया जा रहा है कि नाजिया खातून (17) पुत्र हसन अंसारी निवासी निपनिया मंगलवार को चार बजे भोर में मृत पाई गई। परिजन उसके दाह संस्कार की व्यवस्था कर रहे थे कि किसी ने इसकी सूचना मनियर पुलिस को दे दी। घटना के संदर्भ में गांव में तरह-तरह की चर्चा है। किसी ने सूचना दी थी कि दुपट्टे से फांसी लगाई है। इस संबंध में एसएचओ मनियर प्रवीण सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि घर वाले बता रहे हैं कि मृतका रोजा (व्रत) थीं और बीमार रहा करती थी। पेट में दर्द हुआ, जिसके कारण से मौत हो गई। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं थे। वास्तविक चीजें पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी।

## 136 गांवों में नहीं बना ग्राम सचिवालय

### ब्लॉक एवं तहसील का चक्कर लगा रहे ग्रामीण

बलिया। सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक पहुंचे, इसके लिये पंचायतों में ही ग्राम सचिवालय संचालन का निर्देश दिया गया था। लेकिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही के चलते जिले के ग्रामीणों को इसका लाभ मिलता नजर नहीं आ रहा है। पंचायत सचिवालयों में सरकार द्वारा पंचायत सहायकों की नियुक्त भी कर दी गयी है। वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बावजूद जिले के 136 पंचायतें भवन विहीन हैं।

विभागीय आंकड़ों की ही मानें तो करीब 68 हजार की आबादी को पंचायत सचिवालय का लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसे में ग्रामीणों को गांव में ही सुविधा उपलब्ध कराने की सरकारी मंशा तार-तार हो रही है। वहीं प्रधान व सचिव गांव के विकास कार्यों को निपटाने के लिए सामुदायिक भवन, किराये पर भवन लेकर काम चला रहे हैं। सरकार ने जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, आधार कार्ड से मोबाइल लिंक, वृद्धा, दिव्यांग, निराश्रित पेंशनरों का आनलाइन आवेदन सहित सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभ के लिए ग्रामीणों को ब्लाक व तहसील का चक्कर लगाने से निजात दिलाने के लिए गांव में पंचायत सचिवालय निर्माण कराने का निर्देश दिया था। विभागीय आंकड़ों में 53 पंचायतों में अब तक जमीन नहीं मिली है। लिहाजा पंचायत भवन निर्माण का सवाल ही नहीं उठता। 23 पंचायतों में फिनिसिंग का कार्य बाकी है। 36 पंचायतों में छत पड़ गये हैं। 13 पर दीवार खड़ा हो गये हैं, जबकि 11 पंचायतों में जमीनी विवाद के कारण वर्तमान में काम बंद है। ग्रामीणों की मानें तो पंचायत सचिवालय में विकास संबंधी कार्यों को किया जा रहा है। ग्रामीणों को न तो खतौनी मिल रही है और न ही जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र मिल रहा है। यही नही, सरकारी योजनाओं के लाभ के लिये आवेदन भी की व्यवस्था नहीं है।

> पंचायत सचिवालयों को शासन स्तर से अभी आइडी पासवर्ड नहीं मिलने के चलते ग्रामीणों को सुविधा नहीं मिल पा रही है। उम्मीद है कि अगले महीने से सभी व्यवस्था दुरूस्त हो जाएगी। ग्रामीणों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसी को ध्यान में रखकर यह योजना शुरू की गयी है।
>
> श्रवण कुमार सिंह, एडीपीआरओ

## अवैध ई-टिकट के साथ सीएससी संचालक गिरफ्तार

### रेलवे पुलिस की कार्रवाई से मचा हड़कंप

बलिया। हल्दी थाना क्षेत्र के ग्राम सभा पालपुर निवासी विवेक जन सेवा केन्द्र के संचालक विवेक वर्मा पुत्र शंभूनाथ वर्मा को फर्जी रेलवे ई-टिकट के साथ गिरफ्तार कर रेलवे पुलिस अपने साथ ले गई। रेलवे पुलिस की इस कार्रवाई हड़कम्प मचा हुआ है।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी डा. अभिषेक के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक बलिया बीके सिंह मय फोर्स ने मुखबिर खास की सूचना पर हल्दी थाना क्षेत्र के पालपुर सोनवानी स्थित विवेक जन सेवा केंद्र पर छापेमारी की। टीम ने दुकान संचालक विवेक वर्मा पुत्र शंभू नाथ वर्मा निवासी पालपुर, सोनवानी, बलिया को फर्जी नाम पते से आठ फर्जी पर्सनल यूजर आईडी से आईआरसीटी के वेबसाइट पर बनाए गए 55000 रुपए का अवैध रेल ई-टिकट के साथ गिरफ्तार कर लिया। ये रेल ई-टिकट का अवैध कारोबार पिछले दो सालों से कर रहा था। अवैध रेलवे ई-टिकट के कारोबार में प्रयुक्त इलेक्ट्रानिक उपकरणों को भी टीम ने जब्त कर लिया। टीम में उप निरीक्षक जयेंद्र कुमार मिश्रा, हेड कांस्टेबल उदय प्रताप यादव, कांस्टेबल भीम चौरसिया, कान्स्टेबल अजय कुमार यादव, कांस्टेबल अमित मिश्र व कांस्टेबल पंकज साह शामिल रहे।



अवैध ई-टिकट के साथ पकड़ा गया अभियुक्त एवं रेलवे पुलिस टीम

## भगवती सिंह के चित्र पर अर्पित किया पुष्प

बलिया। लोहिया संस्थान एवं लोकतंत्र सेनानी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को सोबईबांध स्थित वृंदावन स्मृति परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने समाजवादी पुरोधा पूर्व मंत्री भगवती सिंह के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किया। अध्यक्षता करते हुए द्विजेन्द्र कुमार मिश्र ने कहा कि डॉ. लोहिया एवं छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र के प्रिय पूर्व मंत्री भगवती सिंह सादगी, नैतिकता एवं सचरित्रता की मिसाल थे। वह पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रभान गुप्त द्वारा स्थापित माती महल ट्रस्ट के आजीवन सदस्य रहे। कहा कि इनके द्वारा स्थापित चंद्रभान गुप्त स्नोतकोत्तर कृषि महाविद्यालय बीकेडी लखनऊ आज शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हो रहा है। पूर्व मंत्री भगवती सिंह का बलिया से विशेष लगाव था। इस अवसर अजय बहादुर सिंह, निर्भय नारायण सिंह, देवेन्द्र नाथ त्रिपाठी, सुशील पांडेय, शुभ्रांशु शेखर पांडेय, शारदानंद सिंह, जीउत बाबू, शिवशरण तिवारी, बासुदेव ठाकुर, अशोक राय, रवि मिश्र, अकमल नईम खां मुन्ना, शाहिद अली खां, मुनरिका, संतोष कुमार शुक्ल आदि मौजूद रहे।

# शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से होगा निकाय चुनाव

**बोले आत्रेय मिश्र**

### एसडीएम ने किया स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण

बैरिया। निकाय चुनाव में अराजकता तो दूर, परिन्दा भी पर नही मार सकता। ऐसी तैयारी होगी कि प्रशासन का चक्रब्यूह कोई भी तोड़ नही पायेगा। यह बातें उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने व्यक्त किया। कहा कि शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से निकाय चुनाव सम्पन्न कराने के लिए अभी से कमर कस लिया गया है। एसडीएम ने मंगलवार को स्ट्रांग रूम, चुनाव कंट्रोल रूम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। वही, तैयारियों के विषय में मातहतों एवं सम्बंधित लोगों से विचार विमर्श किया।

उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने बताया कि बाबा लक्ष्मण दास द्वाबा राष्ट्रीय इंटर कालेज बैरिया को स्ट्रांग रूम, चुनाव नियंत्रण कक्ष एवं मतगणना स्थल के रूप में उपयोग किया जाएगा। चुनाव में लगे वाहनों को द्वाबा राष्ट्रीय इंटर कालेज के मैदान से रवाना किया जाएगा। चुनाव से पूर्व एवं चुनाव के बाद मतदाता पेटी यही पर बनाये गए स्ट्रांग रूम में रखा जाएगा। मतगणना एवं परिणाम की घोषणा भी यही से की जाएगी। एसडीएम ने बताया कि कुल आठ मतदान केंद्रों पर 31 मतदेय स्थल बनेगा। यहां एक मतदान पेटी अध्यक्ष के लिए और दूसरा सभासद के लिए रखा जाएगा। हर मतदाता को सभासद एवं अध्यक्ष के लिए अलग-अलग मत पेटियों में मत पत्र डालना होगा। उन्होंने बताया कि पांच टेबल पर सभासद के मतपत्र गिने जाएंगे, जबकि आठ टेबल पर अध्यक्ष के मतों की गणना होगी। अभिकर्ता बैरिकेटिंग के बाहर रहेंगे। वहीं, मतगणना समाप्त होने के तत्काल बाद परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। उपजिलाधिकारी ने आठों मतदान केंद्रों के कुल 31 मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रेषित कर दिया है। बताया कि कोई गड़बड़ी बर्दाश्त नही की जायेगी। इस अवसर पर द्वाबा लक्ष्मण दास इंटर कालेज के प्रधानाचार्य गोपाल सिंह मौजूद रहे।



स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण करते एसडीएम

## संक्षेप

### सुंदरकांड का पाठ करके नए सत्र का शुभारंभ



बैरिया। नागाजी सरस्वती विद्या मन्दिर भोजापुर, बैरिया में सोमवार से नये सत्र का प्रारम्भ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय द्वारा सुन्दर काण्ड का आयोजन किया गया, जिसमे समस्त लोगों द्वारा पूर्ण भक्ति और मनोयोग से सुन्दर काण्ड का पाठ किया गया। इसके बाद इस अनुष्ठान को करने के लिए मां सरस्वती की वन्दना की गयी। मुख्य अतिथि शिक्षक अभिमन्यु यादव ने मेरी शिक्षा-दीक्षा शिशु मन्दिर से हुई है। आज भी मेरे अन्दर शिशु मन्दिर के संस्कार विद्यमान है। इसके द्वारा मैं अपने छात्रों को संस्कार दे पाता हूं। अतः आज मैं इस विद्यालय में आकर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। इस मौके पर आचार्य निशांत मिश्रा, अभय सिंह, रविंद्र मिश्रा, प्रिंस सिंह, देवेंद्र, दीपक, आदित्य पाराशर, छत्रपति शिवाजी सिंह, चंदन ठाकुर, अनिल कुमार पांडेय, श्रीमती श्वेता पांडे, कंचन पांडे, प्रीति कुशवाहा, सीखा, आम्रपाली आदि मौजूद रहे।

### दुष्कर्म का अभियुक्त गिरफ्तार



बलिया। पकड़ी थाना पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया। पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर द्वारा चलाये जा रहे धर पकड़ के सघन अभियान व मिशन शक्ति/महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक पकड़ी शत्रुध्न कुमार मय फोर्स व उपनिरीक्षक मृत्युंजय सिंह मय फोर्स द्वारा चेकिंग वाहन व थाना स्थानीय पर पंजीत वांछित चल रहे अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्र में मामूर थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि लड़की से छेड़छाड़/दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त बलिया स्टेशन पर खड़ा है। इस सूचना पर स्थानीय पुलिस टीम द्वारा धीरज वर्मा पुत्र लक्ष्मण वर्मा निवासी लखुसराय डंडारी, थाना पकड़ी को बलिया स्टेशन के पास से हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय चालान कर दिया गया।

### आज आयेंगे सपा के जिलाध्यक्ष

बलिया। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष के तौर पर पुनः मनोनित किए गए राजमंगल यादव पांच अप्रैल, बुधवार को लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस से पहली बार जिले में आ रहे हैं। उनका बलिया रेलवे स्टेशन से पार्टी कार्यालय तक स्वागत किया जाएगा। समारोह में समाजवादी पार्टी के सभी नेता हिस्सा लेंगे। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष के पद पर दूसरी बार मनोनयन के बाद राजमंगल यादव का पहली बार आगमन होगा। उनके आगमन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। यह जानकारी सपा के जिला प्रवक्ता सुशील कुमार पाण्डेय कान्हजी ने दी है।

# सीएचसी पर आयुष्मान कार्ड से नहीं हो रहा इलाज

बैरिया। गरीबों को समुचित इलाज की निःशुल्क व्यवस्था के लिए भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत क्षेत्र में धरातल पर नहीं उतर पा रहा है। संबंधित विभाग के अधिकारियों की लापरवाही कहे या उदासीनता, जनपद के एक दर्जन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ-साथ जिला अस्पताल, महिला जिला अस्पताल इस सुविधा से आच्छादित है, किंतु सदर अस्पताल को छोड़कर किसी भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एक भी रोगी का इलाज आयुष्मान कार्ड से नहीं हुआ है। जिम्मेदार चिकित्साधिकारियों को यह योजना रास नहीं आ रही है। इसको लेकर तरह-तरह की चर्चा व्याप्त है।

उल्लेखनीय है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा, सोनवानी, सिकंदरपुर, खेजूरी, नरही, रसड़ा, सीयर, दुबहड़, बांसडीह व रेवती पर आयुष्मान कार्ड से पांच लाख तक के निःशुल्क इलाज की व्यवस्था है, किंतु कहीं भी एक भी रोगी का इलाज इस कार्ड से नहीं हुआ है। कार्ड धारकों का आरोप है कि चिकित्सक अपने

**मनमानी**

### स्वास्थ्य विभाग की मनमानी को लेकर हो रही तरह-तरह की चर्चाएं

निजी लाभ के लिए इस कार्ड का उपयोग नहीं करने दे रहे हैं। सोनबरसा की ही बात की जाए तो यहां आयुष्मान भारत के नोडल अधिकारी रोजाना हाइड्रोसील व हार्निया आदि का आपरेशन तो करते हैं, किंतु एक भी रोगी का हाइड्रोसील या अन्य आपरेशन व इलाज आयुष्मान कार्ड से नहीं करते हैं। इससे सरकार के इस ड्रीम प्रोजेक्ट का लाभ गरीबों को नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में जनपद के आयुष्मान भारत के नोडल अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पर तैनात वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डा. विजय कुमार यादव से पूछा गया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कितने रोगियों का इलाज आज तक हुआ है तो उन्होंने कहा कि अभी एक भी रोगी का इलाज नहीं हुआ है। जल्द यह योजना सीएचसी पर शुरू की जाएगी। जब उनसे पूछा गया कि सरकार तो बहुत दिन पहले सीएचसी को इस कार्यक्रम के तहत अपने कार्य योजना में ले चुकी है। फिर यहां आयुष्मान कार्ड से कार्डधारकों का इलाज क्यों नहीं हो रहा है। उन्होंने इतना कहते हुए फोन रख दिया कि जिला अस्पताल में इलाज हो रहा है। अन्य सीएचसी पर जल्दी शुरू होगा।

### डीएम से किया जांच का आग्रह

बैरिया। इस संबंध में भाजपा नेता सुशील पांडे ने प्रकरण की जांच जिलाधिकारी से कराने का आग्रह करते हुए कहा है कि यह गतिविधि सरकार की छवि को धूमिल कर रही है। अभी तक आयुष्मान कार्ड से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर किसी का इलाज क्यों नहीं हुआ? इसकी जिम्मेदारी सुनिश्चित कर उचित कार्रवाई किया जाए। वही, इस तरह की व्यवस्था की जाए कि आयुष्मान कार्ड से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी इलाज हो।

## मासूम बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

बलिया। जिले में रूह कंपा देने वाली एक घटना प्रकाश में आयी है। तीन वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की बात सुनकर लोग दंग रह गये। मामला भीमपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव का है। मामले में पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया। गिरफ्तार आरोपी दुष्कर्म पीड़िता का रिश्ते में चाचा बताया जा रहा है। आरोप के मुताबिक 27 मार्च का तीन वर्षीय बच्ची खेल रही थी, तभी पट्टीदारी का 15 वर्षीय लड़का उसे बहला-फुसला कर घर के समीप एक मड़ई में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इससे बच्ची की तबीयत खराब हो गई। बच्ची रोते-बिलखते हुए घर पहुंची और पूरी बात बतायी। वहीं, आरोपी पक्ष घटना को दबाने में लग गया। मामले को लेकर कई दिनों तक पंचायत हुई। सोमवार को लड़की की तबीयत बिगड़ने लगी। इसके बाद पीड़िता की मां ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मंगलवार की सुबह आरोपी किशोर को बरौली मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया।

## रोटरी क्लब बलिया को मिले 12 पुरस्कार

### जनकल्याणकारी कार्यों के लिए की गई सराहना

बलिया। रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3120 द्वारा गोल्डन ब्लाज्म रिसोर्ट लखनऊ में गत् दिनों आयोजित वार्षिक अवार्ड वितरण समारोह में रोटरी क्लब बलिया को जन कल्याणकारी सर्वोत्तम कार्यों हेतु विभिन्न श्रेणियों में कुल 12 पुरस्कार प्राप्त हुए। ज्ञात हो कि प्रत्येक वर्ष क्लब द्वारा किए गए जन कल्याणकारी कार्यों हेतु रोटरी गवर्नर द्वारा वार्षिक पुरस्कार समारोह आयोजित किया जाता है। इसी क्रम में यह आयोजन लखनऊमें हुआ, जिसमें रोटेरियन हर्ष श्रीवास्तव को सत्र 2021-2022 के सर्वोत्तम जनकल्याणकारी कार्यों हेतु विभिन्न श्रेणियों में अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर मेहता एवं रोटरी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर समर राज गर्ग ने रोटरी क्लब बलिया को कुल 12 पुरस्कार दिए, जिनमें डायमंड सिल्वर एवं प्रशंसा मुख्य रहे। रोटरी क्लब बलिया द्वारा कोरोना काल की विषम आपदा के दौरान चिकित्सीय सहयोग जनपद को मुहैया कराया गया, जिसमें महिला अस्पताल बलिया में आक्सीजन प्लांट लगाना, नवजात के लिए बेबी बार्नर सहित तमाम चिकित्सीय मदद उपलब्ध कराए गए। हर्ष श्रीवास्तव को विशेष पुरस्कारों से नवाजे जाने का मुख्य कारण कोरोना काल के दौरान महत्वपूर्ण कार्य कराया जाना है। हर्ष श्रीवास्तव ने कहा कि रोटरी क्लब बलिया के सहयोग से सभी कार्य कोरोना काल के विषम काल में भी कुशल संपन्न हुए। रोटरी के गवर्नर द्वारा हर्ष श्रीवास्तव के अतिरिक्त एसएस श्रीवास्तव, शिखर सहगल के उत्तम कार्यों के लिए सराहना की गई। रोटरी के सचिव अजीत सिंह ने रोटरी क्लब बलिया को प्राप्त 12 पुरस्कारों पर प्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही इसे क्लब के सदस्यों के सामूहिक प्रयास को बड़ी उपलब्धि बताया।



रोटरी क्लब बलिया के हर्ष श्रीवास्तव को पुरस्कार देते मुख्य अतिथि

## बसपा विधायक ने सुनी आमजन की समस्याएं

### अधिकारियों से वार्ता कर कराया कुछ समस्याओं का समाधान



चौपाल लगाकर जनसमस्या सुनते बसपा विधायक उमाशंकर सिंह

बलिया। बसपा विधान मंडल के नेता एवं रसड़ा के विधायक उमाशंकर सिंह ने मंगलवार को खनवर स्थित आवास पर चौपाल लगाकर जन समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने कुछ समस्याओं का तुरंत संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर समाधान करा दिया, जबकि कुछ समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया। देवढिया के ग्राम प्रधान ने अंत्येष्टि स्थल के लिये प्रार्थना पत्र दिया। इस बाबत विधायक ने डीपीआरओ को पत्र लिखा। खनवर की राजेश्वरी देवी ने आवास के लिये फरियाद की। चितबडागांव के चरन सिंह और डब्लू सिंह ने अपनी समस्यायें रखीं। हजौली के ग्राम प्रधान मिंटू ने सड़क के लिये गुहार लगाई। वीरपुर के ग्राम प्रधान परमात्मा ने गांव की समस्याओं को लेकर प्रार्थना पत्र दिया। कुरेजी के ग्राम प्रधान रमेश चौहान ने नाली एवं सडक की मांग की। तियरा हैदरपुर निवासी अवकाश प्राप्त प्रवक्ता अशोक सिंह ने अपनी समस्या रखीं। कोडरा के प्रधान संतोष राजभर ने भी गांव की समस्याएं बताईं। रिमल यादव व हजौली निवासी लल्लन राम ने इलाज के लिये फरियाद की। इसके अतिरिक्तमनोज ने भी अपनी समस्या से अवगत कराया। विधायक ने बारी-बारी से सभी से मिलकर क्षेत्रवासियों का हालचाल जाना। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख सतीश सिंह, रणजीत सिंह, पिंटू यादव, मुकेश सिंह, जितेंद्र प्रेमी आदि मौजूद रहे।

# गेहूं भंडारण करते समय बरतें सावधानी

## घुन लगने की बनी रहती है सबसे अधिक संभावना

जनसंदेश न्यूज

बलिया। फसल कटने के बाद गेहूं का भंडारण जरूरी होता है, लेकिन इसमें सर्वाधिक खतरा घुन से होता है। यह गेहूं को खोखला कर देता है। इसके प्रति किसानों को सावधानी बरतने एवं उपाय पर ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि भंडारण में गेहूं सुरक्षित रह सके।

गेहूं में सबसे ज्यादा खतरा घुन लगने से होता है। यह फसल को बहुत नुकसान पहुंचाता है। अगर फसल में घुन लग जाए तो अनाज से पाउडर निकलना शुरू हो जाता है, जो कि गेहूं को खोखला बना देता है। किसानों के लिए फसल की कटाई के बाद उनका सुरक्षित भंडारण करना बहुत जरूरी है। अगर फसलों का उचित ढंग से भंडारण न किया जाए तो किसानों को बहुत नुकसान उठाना पड़ सकता है। इस वक्त किसान गेहूं, सरसों, चना, अलसी समेत कई फसलों की कटाई कर रह है।

इसके बाद किसानों को फसलों के भंडारण पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। विशेषकर गेहूं पर। कृषि वैज्ञानिकों की मानें तो किसानों को गेहूं भंडारण करते समय सबसे ज्यादा सावधानी बरतनी चाहिए। क्योंकि फसल के खराब होने का खतरा जितना खुले खेत में होता है, उतना ही फसल का भंडारण करते समय भी होता है।

अगर किसानों ने गेहूं भंडारण में थोड़ी भी लापरवाही की तो उनकी पूरी मेहनत बर्बाद हो सकती है। गेहूं का भंडारण करते समय कई तरह के कीट, फंगस और सीलन लगने का खतरा होता है। इसलिए किसानों को इस पर खास ध्यान देना चाहिए।

### अधिकार सेना ने किया मुहल्लेवासियों का समर्थन

बलिया। अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने बलिया नगर पालिका के राजेंद्र नगर, वार्ड नंबर 21 में स्थानीय लोगों के विरोध के बाद भी जिला प्रशासन तथा जिला आबकारी अधिकारी द्वारा जबरदस्ती मोहल्ले में देशी शराब की दुकान खोलने जाने की कड़ी भर्त्सना और निंदा की है। उन्होंने कहा कि स्थानीय निवासियों के विरोध के बाद भी मोहल्ले में देशी शराब की दुकान खोला जाना पूरी तरह अनुचित और गलत है। अधिकार सेना इस मामले में पूरी तरह स्थानीय लोगों के साथ है। अधिकार सेना उनके हर अनशन और विरोध में सहभागिता करेगी।

### बूथ सत्यापन कर सौंपी रिपोर्ट

बलिया। भाजपा के बेरुआरबारी मण्डल के अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने बूथ सत्यापन का कार्य सौ फीसदी तक पूरा कर जीराबस्ती स्थित भाजपा कार्यालय पर जिला महामंत्री प्रदीप सिंह को सौंपा दिया। मण्डल अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 को फतह करने के लिए बूथ सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। एक बार पुनः देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बनाना है। मोदी-योगी के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश का विकास हो रहा है। इस सरकार में हर वर्ग का विकास हो रहा है।

# बेहद खास होगी आधी आबादी की भूमिका


**निकाय चुनाव**

### महिला मतदाताओं की संख्या में हुई 24.76 प्रतिशत की वृद्धि

जनसंदेश न्यूज

बलिया। निकाय चुनाव के लिए चेयरमैन एवं वार्डों का आरक्षण आने के बाद राजनीतिक सरगर्मी बढ़ने लगी है। निकाय चुनाव में आधी आबादी की भूमिका भी बेहद खास होने वाली है। पिछले पांच वर्षों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरूषों की अपेक्षा बढ़ी है। वर्ष 2017 की अपेक्षा पुरूष वोटरों में 21.46 एवं महिला वोटरों की संख्या में 24.76 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

जारी आरक्षण सूची के अनुसार बलिया नगर पालिका के 25 वार्डों में से दस, जबकि एक अन्य नगर पालिका रसड़ा के 25 वार्डो में से आठ वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। नगर पंचायतों की बात करें तो बेल्थरारोड में 13 में से पांच, सिकंदरपुर में 15 में से पांच, नवगठित रतसर कलां में 14 में से चार, बैरिया में 16 में से छह, नवगठित नगरा में 14 में से पांच, चितबड़ागांव में 15 में से पांच, बांसडीह में 15 में से पांच, सहतवार में 14 में से पांच तथा नगर पंचायत रेवती में 15 में से पांच वार्ड आधी आबादी के लिए आरक्षित हैं। निकायों में चेयरमैन पद के आरक्षण को देखें तो दोनों में से कोई नगर पालिका महिला के लिए आरक्षित नहीं है, जबकि दस नगर पंचायतों में से चार में आधी आबादी ही चेयरमैन की कुर्सी पर बैठेगी। नवगठित नगरा की कुर्सी एससी महिला के लिए रिजर्व हो गयी है। यानि पहली बार नगर पंचायत बने नगरा में चेयरमैन का खाता कोई महिला ही खोलेगी। इसके अलावा बैरिया महिला, मनियर एसटी महिला तथा बेल्थरारोड ओबीसी महिला के लिए आरक्षित की गयी है।




### 12 निकायों में स्थापित होंगे 125 मतदान केन्द्र

बलिया। जिले के 12 निकायों में कुल 195 वार्ड हैं, जिसमें तीन लाख 46 हजार 737 मतदाता हैं। निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए निर्वाचन विभाग (पंच स्थानीय) की ओर से निकायों में 125 मतदान केंद्र व 423 बूथ बनेंगे। वहीं, संवेदनशील, अति संवेदनशील व अति संवेदनशील प्लस बूथों पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में मतदान कराया जायेगा। शनिवार को मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद निकायों की फिजां में चुनावी रंग पूरी तरह घुल गया है। चुनावी सरगर्मी इस कदर तेज हो गयी है कि भाग्य आजमाने के इच्छुक सभासद, चेयरमैन के संभावित दावेदार मतदाताओं की पवलगी व आर्जी-विनती शुरू कर दिए हैं।

### अधिसूचना पर टिकी सबकी नजर

बलिया। निकायों के आरक्षण सूची व मतदाता सूची के अनंतिम प्रकाशन के बाद अब सबकी निगाह निर्वाचन आयोग की ओर से जारी होने वाली अधिसूचना पर टिकी है। मंगलवार को निकायों के सार्वजनिक स्थलों पर बस यही चर्चा सुनने को मिली कि आयोग कब अधिसूचना जारी करेगा।

# अधिसूचना के पहले प्रत्याशियों की चल रही है चयन प्रक्रिया

**बलिया।** सम्भावना यह है कि 11 अप्रैल के बाद निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी हो सकती है। लेकिन उसके पहले विभिन्न राजनैतिक दलों में प्रत्याशियों की चयन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अन्दरखानों से यह जानकारी प्राप्त हो रही है कि दावेदारों के आवेदन लिये जा रहे है। उसके बाद उसकी अलग सूची तैयार होगी, फिर एक बड़ी बैठक होगी, जिसमें निर्णय लिये जायेंगे। उसके बाद वह फाइनल सूची पार्टी मुख्यालय भेजी जायेगी।

आरक्षण बदलने के बाद माहौल भी बदल गया है। बलिया नगर पालिका परिषद से महिलाओं के लिए चेयरमैन पद का पद आनारक्षित था। कुछ दिनों तक महिला दावेदारों की एक लम्बी कतार राजनैतिक दलों में टिकट के लिए देखी जा रही थी। जनसम्पर्क के माध्यम से महिला दावेदार अपने लिए सबसे समर्थन मांग रही थी। लेकिन आरक्षण बदलने के बाद अब वर्तमान समय में बलिया नगर पालिका परिषद का अध्यक्ष पद सामान्य हो चुका है। ऐसी स्थिति में अब जो पुरूष दावेदार पीछे हट चुके थे अब वह आगे आ चुके है। भाजपा से कई दावेदारों ने दावेदारी की है। वहीं सपा से भी कई दावेदार अभी से चुनावी ताल ठोक रहे है। एक चर्चा यह भी है कि बहुत जल्द सपा अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर सकती है। यह तभी होगा जब चुनावी बिगुल बजेगा। वहीं भाजपा भी अपने दावेदारों की सूची तैयार करके अंत में एक फाइनल सूची तैयार करेगी, जिसमें कुछ लोगों का नाम ही शामिल रहेगा। वह कौन भाग्यशाली होगा जो भाजपा से अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेगा।

### बांसडीह में निर्दल प्रत्याशी भी ठोकेंगे ताल

**बलिया।** निकाय चुनाव को देखते हुए बांसडीह नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए विभिन्न राजनैतिक दलों से कई दावेदार टिकट की लाइन में खड़े है। वहीं निर्दल प्रत्याशी चुनाव मैदान में रहेंगे, जिसको लेकर रणनीति बना रहे है। वैसे भाजपा व सपा, कांग्रेस, बसपा सहित अन्य दलों से दावेदारों की संख्या अधिक देखी जा रही है। लेकिन कौन किस दल से लड़ेगा यह वक्त तय करेगा।

### रेवती नगर पंचायत से कौन लड़ेगा चुनाव

**बलिया।** रेवती नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के सीट से कौन बीजेपी से लड़ेगा और कौन सपा से लड़ेगा इसकी चचाएं शुरू हो चुकी है। वैसे यहां बसपा, कांग्रेस सहित अन्य राजनैतिक दलों से दावेदार चुनाव मैदान में आ सकते है। वहीं निर्दल प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में रहेंगे। पिछले निकाय चुनाव में निर्दल प्रत्याशी के रूप में जयश्री पाण्डेय ने अध्यक्ष पद की जी हासिल की थी।

### बेल्थरारोड नगर पंचायत में इस बार कौन होगा...

**बलिया।** बेल्थरारोड नपं अध्यक्ष पद के लिए कई दावेदार विभिन्न राजनैतिक दलों से टिकट के लिए लाइन में लगे है। देखना यह होगा कि यहां से कौन किस दल से चुनाव लड़ता है।

### सहतवार से किसके बीच होगा मुकाबला

**बलिया।** सहतवार नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए विभिन्न राजनैतिक दलों के अलावा निर्दल प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में होंगे। वैसे इस नगर पंचायत में एक ही परिवार का कई वर्षों से नगर पंचायत के अध्यक्ष पद पर कब्जा रहा है। अब देखना यह होगा कि इस बार निर्वतमान अध्यक्ष से किसका मुकाबला होता है। वैसे यहां नीरज सिंह गुड्डू अभी से चुनाव रणनीति तैयार करने में जुटे हुए है। वहीं अजय सिंह इस बार जोर शोर से चुनाव लड़ने के मूड में है। उनकी भी जोरदार तरीके से तैयारी चल रही है। वहीं नीतू सिंह भी इस बार भी चुनाव मैदान में ताल ठोकेंगी, जिसको लेकर वह जोर शोर से लगी हुई है।

### सिकन्दरपुर नगर पंचायत में इस बार भी दावेदारों की संख्या है ज्यादा

**बलिया।** सिकन्दरपुर नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ने वाले निर्दल प्रत्याशी एवं विभिन्न राजनैतिक दलों से दावेदारी करने वाले दावेदारों की संख्या अधिक देखी जा रही है। अब देखना यह होगा कि इस बार कौन भाजपा से और कौन सपा प्रत्याशी होता है। वैसे इस यहां बसपा, कांग्रेस सहित अन्य दलों से भी दावेदारों की संख्या अधिक देखी जा रही है।

### मनियर नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर किसका होगा कब्जा

**बलिया।** हमेशा राजनैतिक सुर्खियों में रहने वाला मनियर नगर पंचायत में इस बार के चुनाव में किसके सिर पर सेहरा बंधे का यह तो चुनाव बाद ही पता चलेगा। देखना यह होगा कि भाजपा, सपा सहित अन्य दलों से किसके नाम का खाता खुलता है। वैसे यहां दावेदारों की संख्या कम देखी जा रही है।

### पहली बार नगरा में चेयरमैन चुनने का मिलेगा अवसर

**बलिया।** नगरा नगर पंचायत में पहली बार यहां के मतदाता अध्यक्ष पद के लिए चुनाव करेंगे। मतदाताओं में खुशी का माहौल है। आजादी के बाद से अब तक यहां के मतदाता प्रधान चुनते थे, लेकिन इस बार वहीं मतदाता अपना चेयरमैन चुनेंगे।

### रतसर में पहली बार किसके सिर पर होगा चेयरमैन का सेहरा

**बलिया।** फेफना विधानसभा क्षेत्र का रतसर कला नगर पंचायत में पहली बार यहां के मतदाता चेयरमैन पद के लिए चुनाव में पहली बार मत का प्रयोग करेंगे। वैसे यहां भी अब तक मतदाता गांव के प्रधान का चुनाव करते आ रहे है। इस बार उन्हें चेयरमैन के लिए चुनाव करने का अवसर मिल रहा है।

### बैरिया नगर पंचायत में क्या होगा...

**बलिया।** बैरिया नगर पंचायत में अध्यक्ष पद पर किसका कब्जा होगा यह तो चुनाव के वक्त पता चलेगा। इस बार यहां की सीट महिला के लिए अनारक्षित है। अब देखना यह होगा कि यहां से इस बार कौन चुनाव जीतता है। वैसे यहां चुनाव लड़ने वाली महिलाओं की संख्या अधिक देखी जा रही है।

### चितबड़ागांव में होगा जबरदस्त मुकाबला

**बलिया।** चितबड़ागांव नगर पंचायत में अध्यक्ष पद पर किसका कब्जा होगा यह तो वक्त तय करेगा, लेकिन यहं चुनाव लड़ने वाले दावेदारों की संख्या अधिक देखी जा रही है। भाजपा, सपा, बसपा व कांग्रेस सहित अन्य राजनैतिक दलों से चुनाव लड़ने वाले दावेदारों की एक लम्बी कतार है।

# मरीजों को नहीं मिल रहा चिकित्सकीय सुविधा का लाभ

**भटक रहे मरीज**

### प्रतिदिन 20-25 जांच करने का दावा कर रहा अस्पताल प्रशासन

**बलिया।** स्वास्थ्य विभाग भले ही लाख दावा करें कि जिला अस्पताल में मरीजों को उत्तम व्यवस्था मिल रही है, लेकिन इसे ठीक उलट सदर अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं पूरी तरह से बिगड़ी हुई है। जिला अस्पताल में शासन द्वारा उपलब्ध निःशुल्क चिकित्सकीय सुविधा का लाभ मरीजों को समय पर नहीं मिल पा रहा है। बेहतर इलाज की आस लेकर दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले मरीज जिम्मेदारों की मनमानी से इलाज एवं जांच के लिए भटकने को मजबूर है।

जिला अस्पताल में निःशुल्क अल्ट्रासाउंड जांच कराने के लिए सुबह से लंबी लाइनें लगती हैं। रेडियोलॉजिस्ट के लेट से बैठने व मेडिकोलिगल जांच होने के कारण सिर्फ चंद मरीजों की जांच हो पाती है। बाकी वापस लौटने या बाहर जांच कराने को मजबूर है। अस्पताल प्रशासन रोज 20 से 25 जांचे करने का दावा करता है। उसके बावजूद रामपुर उदयभान निवासी विद्यावती देवी को चार दिन व दुबहड़ निवासी मनोज तिवारी को दूसरे दिन भी जांच नही हो सका। सुबह से ही मरीजों की भीड़ जुट जा रही है।

जिला अस्पताल में रेडियोलाजिस्ट के अभाव के कारण दूसरी मशीन शो-पीस बनी हुई है। वहीं, एक्स-रे विभाग में टेक्निशियन व कर्मचारियों की कमी से दोपहर बाद जांच बंद हो जा रही है। घण्टों लाइन में लगे लोगों की जांच नहीं हो पा रही है।

लोगों ने डीएम से अस्पताल में मौजूद चिकित्सकीय सुविधा का लाभ जरूरतमंदों को दिलाने की मांग की। महिला अस्पताल में रेडियोलाजिस्ट तैनात करने की मांग की, जिससे महिलाओं की भी अल्ट्रासाउंड की निशुल्क जांच की सुविधा मिल सके।

प्रदेश का अंतिम जिला होने के कारण मेडिकोलिगल वालों की संख्या अधिक है। इसके कारण रोज 20 से 30 अल्ट्रासाउंड जांच हो पाती है। मरीजों की संख्या ज्यादा होने के कारण अस्पताल में मौजूद दूसरी मशीन के लिए एक और रेडियोलाजिस्ट की मांग शासन से किया गया है। उसके मिलते ही मरीजों को सुविधा मिलने लगेगी।
**डा. दिवाकर सिंह, सीएमएस, जिला अस्पताल बलिया**

# कर्मठ व निर्भीक पत्रकार थे परमेश्वर वर्मा

**बोले शशिकांत मिश्र**

### उनके दिखाये गये मार्ग पर चलने का संकल्प लें पत्रकार

**बांसडीह।** स्थानीय ब्लाक के डवाकरा हाल में वरिष्ठ पत्रकार परमेश्वर वर्मा की 10वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित पत्रकारों, समाजसेवियों एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

मुख्य अतिथि ग्रापए के जिलाध्यक्ष शशिकांत मिश्र ने कहा कि परमेश्वर वर्मा की पत्रकारिता निर्भीकता, कर्मठता एवं निष्पक्षता की मिशाल थी।

कहा कि स्वः वर्मा ने कम संसाधनों के बीच अपनी लेखनी से पत्रकारिता की मिशाल कायम किया। उन्होंने युवा पत्रकारों को उनके द्वारा दिखाये गये मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाया। पूर्व विधायक शिवशंकर चौहान ने कहा की परमेश्वर वर्मा निर्भीक पत्रकार थे। पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने दूरभाष के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित किया।

इस अवसर पर सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि नीरज सिंह गुड्डू, कोतवाली निरीक्षक योगेंद्र प्रसाद सिंह, पूर्व चेयरमैन संजय कुमार सिंह मुन्ना, पूर्व ब्लाक प्रमुख उमाशंकर पाठक, धीरेंद्र बहादुर सिंह चुन्ना, सुनील सिंह बबलू, डा. संजय मउवार, अभिजीत तिवारी सत्यम, लक्ष्मण दुबे, कृष्णकांत सिंह, गोपाल जी गुप्ता, अरुण सिंह, राकेश तिवारी छोटे, राजेश कुमार सिंह राज, पुष्पेंद्र तिवारी सिंधु, रविशंकर पाण्डेय, शिवजी उपाध्याय, श्याम प्रकाश शर्मा, दिग्विजय सिंह छोटू, सुनील सिंह, वीरेंद्र सिंह, विनोद कुमार वर्मा, प्रमोद मिश्रा, सुधीर तिवारी, राजेश कुमार तिवारी, विजय गुप्ता, सत्येंद्र कुमार बबलू आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता शशिकांत ओझा तथा संचालन प्रतुल ओझा ने किया। सभी का आभार सुनील कुमार वर्मा एवं अनिल कुमार वर्मा ने व्यक्त किया।


बांसडीह में पत्रकार परमेश्वर वर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित करते पत्रकार

# गांव को बाढ़ से बचाने के लिए ब्लॉक प्रमुख ने शासन को भेजा प्रस्ताव

**बैरिया।** क्षेत्र के गांवों की बाढ़ से सुरक्षा के लिए विकास खण्ड मुरली छपरा ने एक नई कवायाद शुरू किया है। बकुल्हा-संसार टोला तटबंध के बाहर बाढ़ प्रभावित उत्तर प्रदेश के गांवों को रिग बंधा बनाकर बाढ़ से बचाने के लिए क्षेत्र पंचायत मुरलीछपरा ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर उचित माध्यम से शासन को प्रेषित कर परियोजना की मंजूरी व धन स्वीकृत करने का आग्रह किया है। मुरलीछपरा के ब्लाक प्रमुख कन्हैया सिंह ने बताया कि रामपुर कोडरहा, सेमरिया, शिवपुर कपूर दीयर, जगदीशपुर, बलवंत छपरा, मिश्र के हाता, मिश्र गिरी के मठिया, पांडेयपुर, गुदरी सिंह के टोला, उदईछपरा, प्रसाद छपरा, दुबेछपरा आदि गांवों को रिंग बांध से घेरवाने का प्रस्ताव भेजा गया है। ब्लाक प्रमुख ने बताया कि बीएसटी बंधा बनाते समय उत्तर प्रदेश के कुछ गांव बंधे के बाहर छूट गए थे, जहां की आवादी दशकों से बाढ़ का दंश झेल रही है। सिताब दियारा के इलाके में बाढ़ से बचाव के लिए बिहार सरकार ने बंधा बना दिया है, जबकि उत्तर प्रदेश सरकार का बंधा निर्माणाधीन है। किंतु खवासपुर से लेकर टेंगरही तक कई गांव बंधे के बाहर है। वही, कुछ गांव रिंग बंधा बाढ़ में कट जाने के कारण हर साल बाढ़ में डूब जा रहे है। रिंग बंधा बनाकर इन गांवों को बाढ़ से बचाया जा सकता है। इसके लिए प्रस्ताव के साथ अनुरोध पत्र शासन को भेजा गया है।

### एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर द्वारा वांछित/वारन्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सिकन्दरपुर पुलिस को सफलता मिली है। 4 अप्रैल 2023 को थाना सिकंदरपुर के उ.नि. तुलसी प्रसाद हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर न्यायाधीश परिवार न्यायालय बलिया में विचाराधीन इजराय संख्या 469/2022 धारा 125 सीआरपीसी मीरा देवी बनाम तेजनारायण चौहान पुत्र बब्बन चौहान निवासी बिच्छीबोझ (पन्दह) थाना सिकन्दरपुर जनपद बलिया से सम्बन्धित अभियुक्त तेजनारायण उपरोक्त को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया।

## कार्यालय ग्राम पंचायत मोतीपुर, वि0 ख0 महराजगंज, आजमगढ़
### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।
इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 05.04.2023 से 11.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 12.04.2023 समय दोपहर 12:00 बजे।
पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 04.04.2023

(उर्मिला)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. मोतीपुर, वि.खं. महराजगंज
आजमगढ

(मनोज जायसवाल)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. मोतीपुर, वि.खं. महराजगंज
आजमगढ़

## कार्यालय ग्राम पंचायत मुरादाबाद, वि0 ख0 रानीकीसराय, आजमगढ़
### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।
इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 05.04.2023 से 11.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 13.04.2023 समय दोपहर 12:00 बजे।
पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 04.04.2023

(इरशदा बानो)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. मुरादाबाद, वि.खं. रानीकीसराय
आजमगढ

(दशरथ प्रसाद)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. मुरादाबाद, वि.खं. रानीकीसराय
आजमगढ़

# आग लगने से 5 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर खाक

**घटना**

### शॉर्ट सर्किट से गेहूं की फसल में लगी आग



**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना तहसील क्षेत्र के याकूबपुर गांव में मंगलवार की दोपहर शार्ट सर्किट के कारण लगभग पांच बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। दोपहर में तेज हवा से शॉर्ट सर्किट की निकली चिंगारी ने देखते ही देखते आग का विकराल रूप धारण कर ली और 4 किसानो के राम सिंगार सिंह, उमाशंकर सिंह, लाल बिहारी, मखडू प्रजापति, के खेत की में लगभग पांच बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

धधकती आग की लपटों ने देखते ही देखते गेहूं की खड़ी फसल को जलाकर राख कर दिया। आग की सूचना मिलते ही ग्रामीण इकट्ठा हो गए। और हिम्मत दिखाते हुए आग पर काबू पाने के लिए बाल्टी से पानी फेंकने लगे। घंटों मशक्कत के बाद आग पर किसी तरह काबू पाए। तब तक 5 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर नष्ट हो गई।। वही ग्राम प्रधान ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने बताया की आग की सूचना राजस्व विभाग को दे दी गई है मौके पर राजस्व टीम आई थी।

## कार्यालय ग्राम पंचायत ईश्वरपुर, वि0 ख0 रानीकीसराय, आजमगढ़
### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।
इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 05.04.2023 से 11.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 13.04.2023 समय सुबह 11:00 बजे।
पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 04.04.2023

(कुसुम)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. ईश्वरपुर, वि.खं. रानीकीसराय
आजमगढ

(दशरथ प्रसाद)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. ईश्वरपुर, वि.खं. रानीकीसराय
आजमगढ़

## कार्यालय ग्राम पंचायत बेल्थरा बाजार वि0 ख0 सीयर, जनपद बलिया
### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त, 14वां/15वां वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/पी.जी.आई.एफ./स्वच्छ शौचालय/आंगनबाड़ी केन्द्र/पंचायत भवन मरम्मत व निर्माण, अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण/सामुदायिक शौचालय/एस.एल.डब्लू.एम.योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 05.04.2023 से दिनांक 09.04.2023 तक पूर्वान्ह 10: 00 से 2:00 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं, जिसे दिनांक 10.04.2023 को अपरान्ह 2: 00 बजे समिति के समक्ष खोला जायेगा।

| क्रमांक | विवरण | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इण्टरलाकिंग 200X160X80MM, 200X160MM | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 MM / 40 MM | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बेस्टस शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर, टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि। | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 MM, 53 MM, 8.22MM, 6.0MM | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400 450, 500, 600, 1000 MM | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाईट व सोलर लाईट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व ह्वाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौकठ 450X450X100 MM | प्रति नग | |
| 11 | जी0आई0 पाईप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0वी0सी0 पाईप, साकेट 110, 140, 150 MM | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45MM | प्रति नग | |
| 14 | सूर्खी | प्रति घनमी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना ब्लिचिंग पावडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा, स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत। | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट :-** टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रू0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

**प्रतिबन्ध व शर्तें :-** 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृति होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी अन्यथा नहीं। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- रू0 स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0डी0 के रूप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेंगे। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्लू0डी0 की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रूप से होगा।

**सचिव - मृत्युंजय राय** **ग्राम प्रधान -संगीता देवी**
पत्रांक: मेमो/अल्प नि0/ग्रा0 पं0/2023-24/वि0 का0/दिनांक : 03.04.2023

## संक्षेप

### बहन ने भाइयों पर कमरे का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवर सामान लूटने का लगाया आरोप

**कोपागंज, मऊ।** कोपागंज थाना क्षेत्र के करीमाबाद की रहने वाली रुखसार खातून पुत्री स्वर्गीय सफीक अहमद ने कमरे का ताला तोड़कर पिता द्वारा शादी के लिए रखा सोने चांदी के आधा दर्जन जेवर और सम्मान अपने भाइयों पर ताला तोड़कर लूटने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। रुखसार खातून ने मंगलवार को पुलिस को दिए गए तहरीर में आरोप लगाया कि मृत्यु से पहले भाईयों के गलत व्यवहार देख पिता ने रहने के लिए अलग से घर में एक कमरा दिया था। जिसमें पिता के द्वारा ही उसके विवाह के लिए सोने चांदी के जेवर और घर के सामान दिया था। पुलिस को दिए गए तहरीर में आरोप लगाया कि जब वह शादी शुदा अपनी बड़ी बहन के घर गई थी तो उसके सगे भाई आफताब अहमद, अल्ताफ हुसैन और उनकी बीवियों ने मिलकर कमरे का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और उसमें रखें बक्से का भी ताला तोड़कर उसके शादी के लिए पिता द्वारा दिया गया सोने चांदी के सभी जेवर और सारा सामान निकाल लिए। जब इसकी सूचना किसी तरह मिली तो वह मंगलवार को सुबह घर पहुंची तो कमरे का नजारा देख वह भौंचक रह गई। आरोप लगाया कि जब इस बारे में भाइयों से पूछा तो उन्होंने मुझे और मेरे साथ आई शादीशुदा बड़ी बहन मारपीट कर घर से भगा दिया। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### मानीटरिंग सेल की प्रभावी पैरवी, अभियुक्त को 12 वर्ष का कारावास व अर्थदण्ड

**मऊ।** मिशन शक्ति अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय के निर्देशन में मानिटरिंग सेल के प्रभावी पैरवी के उपरांत मंगलवार को विशेष न्यायालय पाक्सो कोर्ट नं0-1 जनपद मऊ द्वारा थाना दक्षिणटोला में पंजीकृत मु0अ0सं0 67/18 धारा 363, 366, 376,341,506 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट में अभियुक्त रेयाज अहमद पुत्र जान मोहम्मद निवासी मदनपुरा थाना दक्षिणटोला जनपद मऊ को कारित अपराध के लिये दोषसिद्ध किया गया तथा 12 वर्ष के कठोर कारावास एवं 25 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है।

### 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**मऊ।** थाना घोसी पुलिस द्वारा सोमवार सायंकाल देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान सरहरा के पास से नग्गू चैहान पुत्र स्व0 राधे निवासी सरहरा जमीन सरहरा थाना घोसी के कब्जे से 20 लीटर अवैधा कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर उक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 137/23 धारा 60 आबकारी अधि0 के अर्न्तगत अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

# नगर विकास व ऊर्जा मंत्री ने सामुदायिक केंद्र कल्याण मण्डप के निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**बोले ऊर्जा मंत्री**

### बिना किसी भेदभाव के लोगों को मुहैया कराई जा रहीं सुविधाएं

**मऊ।** मंगलवार को प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बड़ागांव में 08 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक केंद्र/कल्याण मण्डप के निर्माण कार्य का विधिवत पूजा अर्चना कर शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की आधारशिला भी रखी। एके शर्मा ने इस दौरान कहा कि जब से मैं नगर विकास मंत्री बना तभी से प्रदेश के नगरीय निकायों के विस्तारीकरण एवं नवसृजन की प्रक्रिया तेज हुई है, जिससे होने वाले विकास का लोगों को फायदा भी मिला ह।



उन्होंने कहा कि अभी तक 241 नगरीय निकायों का विस्तारीकरण व नवसृजन किया जा चुका है। नगर विकास मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आशीर्वाद एवं प्रेरणा से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। जनता को अधिक से अधिक इन कार्यों का फायदा मिले, इसके लिए शीघ्र ही इन कार्यों को धरातल पर उतार कर पूर्ण भी कराया जाएगा। प्रदेश की जनता मोदी जी एवंयोगी जी के प्रति अपना आशीर्वाद बनाए रखें, आने वाले समय में बीना किसी भेदभाव के जनता जनार्दन को सभी प्रकार की सुख सुविधाएं मुहैया कराने का प्रयास किया जाएगा और उनके सामने किसी भी प्रकार की समस्या नहीं रहेगी। इस दौरान मऊ जनपद के भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय, सीडीओ प्रशांत नागर, अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार, सीजेएम जल निगम तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत डफलपुरा वि0 ख0 सीयर, जनपद बलिया
### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त, 14वां/15वां वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/पी.जी.आई.एफ./स्वच्छ शौचालय/आंगनबाड़ी केन्द्र/पंचायत भवन मरम्मत व निर्माण, अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण/सामुदायिक शौचालय/एस.एल.डब्लू.एम.योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 05.04.2023 से दिनांक 09.04.2023 तक पूर्वान्ह 10: 00 से 2:00 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं, जिसे दिनांक 10.04.2023 को अपरान्ह 2: 00 बजे समिति के समक्ष खोला जायेगा।

| क्रमांक | विवरण | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इण्टरलाकिंग 200X160X80MM, 200X160MM | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 MM / 40 MM | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बेस्टस शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर, टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि। | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 MM, 53 MM, 8.22MM, 6.0MM | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400 450, 500, 600, 1000 MM | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाईट व सोलर लाईट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व ह्वाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौकठ 450X450X100 MM | प्रति नग | |
| 11 | जी0आई0 पाईप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0वी0सी0 पाईप, साकेट 110, 140, 150 MM | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45MM | प्रति नग | |
| 14 | सूर्खी | प्रति घनमी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना ब्लिचिंग पावडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा, स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत। | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट :-** टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रू0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

**प्रतिबन्ध व शर्तें :-** 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृति होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी अन्यथा नहीं। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- रू0 स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0डी0 के रूप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेंगे। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्लू0डी0 की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रूप से होगा।

**सचिव - सविता देवी** **ग्राम प्रधान - शैल कुमारी**
पत्रांक: मेमो/अल्प नि0/ग्रा0 पं0/2023-24/वि0 का0/दिनांक : 03.04.2023

## कार्यालय ग्राम पंचायत पड़री वि0 ख0 सीयर, जनपद बलिया
### अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त, 14वां/15वां वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/पी.जी.आई.एफ./स्वच्छ शौचालय/आंगनबाड़ी केन्द्र/पंचायत भवन मरम्मत व निर्माण, अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण/सामुदायिक शौचालय/एस.एल.डब्लू.एम.योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 05.04.2023 से दिनांक 09.04.2023 तक पूर्वान्ह 10: 00 से 2:00 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं, जिसे दिनांक 10.04.2023 को अपरान्ह 2: 00 बजे समिति के समक्ष खोला जायेगा।

| क्रमांक | विवरण | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 | ईंट प्रथम श्रेणी | प्रति हजार | |
| 02 | इण्टरलाकिंग 200X160X80MM, 200X160MM | प्रति हजार | |
| 03 | बालू मोरंग/बालू सफेद/महीन बालू | प्रति घनमी0 | |
| 04 | ईंट गिट्टी 25 MM / 40 MM | प्रति घनमी0 | |
| 05 | सरिया/एस्बेस्टस शीट/पैन शीट, दरवाजा, टाइल्स फ्लोर, टाइल्स व प्लास्टिक शीट इत्यादि। | प्रति नग | |
| 06 | स्टोन ब्लास्ट 22.4 MM, 53 MM, 8.22MM, 6.0MM | प्रति घनमी0 | |
| 07 | एच0पी0 3 ह्यूम पाईप 200, 250, 300, 350, 400 450, 500, 600, 1000 MM | प्रति नग | |
| 08 | स्ट्रीट लाईट व सोलर लाईट पैनल | प्रति नग | |
| 09 | सीमेंट पोर्ट लैण्ड व ह्वाईट सीमेंट | प्रति नग | |
| 10 | चौकठ 450X450X100 MM | प्रति नग | |
| 11 | जी0आई0 पाईप बी क्लास साकेट | प्रति नग | |
| 12 | पी0वी0सी0 पाईप, साकेट 110, 140, 150 MM | प्रति नग | |
| 13 | पटिया 0.90X0.45MM | प्रति नग | |
| 14 | सूर्खी | प्रति घनमी0 | |
| 15 | हैण्डपम्प सेट इण्डिया मार्का 2 | प्रति नग | |
| 16 | चूना ब्लिचिंग पावडर, पेंट डिस्टेम्पर | प्रति किग्रा0 | |
| 17 | साइन बोर्ड | प्रति नग | |
| 18 | नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, सौर ऊर्जा, स्थापना पंचायत, भवन मरम्मत, विद्यालय की बाउण्ड्री निर्माण, एन0एम0 सेंटर की बाउण्ड्रीवाल एवं मरम्मत। | | |
| 19 | आपरेशन कायाकल्प अन्तर्गत आवश्यक निर्माण सामग्री | | |

**नोट :-** टेण्डर फार्म कार्यालय दिवस में 100 रू0 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

**प्रतिबन्ध व शर्तें :-** 1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृति होने के बाद आपूर्ति के लिए सूचित की जायेगी। 2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार ग्राम प्रधान एवं सचिव ग्राम पंचायत के संयुक्त आदेश पर की जायेगी अन्यथा नहीं। 3. स्वीकृति आपूर्ति दर पर ही ग्राम पंचायत की परिधि में कार्य स्थल पर ही सामग्री की आपूर्ति करना अनिवार्य है। 4. आपूर्तिकर्ता को 100/- रू0 स्टैम्प पेपर पर बाण्ड भरना होगा इसी के साथ-साथ दस हजार रूपये की प्रतिभूति एन0एस0सी0/एफ0डी0 के रूप में जमा करना होगा जो कि एक वर्ष के लिए कम से कम ग्राम पंचायत के पक्ष में बंधक होगी तभी आपूर्ति आदेश निर्गत किये जायेंगे। 5. सामग्री की आपूर्ति होने के बाद एम0डी0 होने के बाद निर्माण समिति से अनुमोदन के बाद शासन द्वारा विहित कटौती के बाद ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. आपूर्तिकर्ता को सेलटैक्स विभाग में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना चाहिए तथा आयकर विभाग पैन कार्ड धारक होना चाहिए। जी0एस0टी0 प्रपत्र व पैन कार्ड की छाया प्रतियां प्रस्तुत करना होगा। 7. आपूर्ति दरें पी0डब्लू0डी0 की स्वीकृत दर से अधिक नहीं होना चाहिए। 8. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को संयुक्त रूप से होगा।

**सचिव - उपेन्द्र कुमार** **ग्राम प्रधान -सीमा**
पत्रांक: मेमो/अल्प नि0/ग्रा0 पं0/2023-24/वि0 का0/दिनांक : 03.04.2023

# डंपर से कुचलकर मासूम की मौत, पिता घायल

**दुखद**

### आक्रोशित ग्रामीणों ने हाइवे पर लगाया जाम



सड़क दुर्घटना में मासूम की मौत के बाद लोगों की जुटी भीड़

**नन्दगंज।** वाराणसी-गाजीपुर हाइवे पर स्थित नैसारा पेट्रोल पंप के समीप एक मासूम की डंपर से कुचलकर मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर जुटी भीड़ ने फोरलेन सड़क पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस काफी मशक्त के बाद जाम खत्म कराया। उसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के रामपुर बन्तरा निवासी अजीत यादव अपने 6 वर्षीय पुत्र ओम यादव को साइकिल पर बैठाकर नैसारा गांव जा रहे थे। नैसारा पेट्रोल पम्प से 40मीटर पहले गाजीपुर से वाराणसी की तरफ की तरफ जा रही डंपर से साइकिल को धक्का लग गया। जिससे पिता पुत्र दोनों सड़क पर गिर पड़े। जिसमें 6 वर्षीय मासूम ओम डम्फर के नीचे आ जाने से डम्फर उसे कुचलते हुए आगे निकल गई। जबकि पिता अजीत को मामूली चोटें लगी है। घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही परिजन और गांव वाले भी मौके पर पहुँच गए और सड़क को जाम कर दिया। जिससे सड़क पर वाहनों की लम्बी कतारे लग गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह समझा बुझाकर लगभग आधा घंटा बाद जाम खुलवाने में सफल हुई। वही पुलिस दुर्घटना कर भाग रहे डंपर को पहाड़पुर के पास पकड़कर कब्जे में ले लिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक ओम दो भाईयों में बड़ा था। थानाध्यक्ष कमलेश पाल ने बताया कि मृतक के दादा कन्हैया यादव द्वारा दी गयी तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए गाजीपुर भेज दिया गया।

# दो बाइकों की भिड़ंत, दो महिला सहित तीन घायल

जनसंदेश न्यूज

**हादसा**

### कामाख्या मंदिर दर्शन कर लौटते वक्त हुआ हादसा



**बारा।** नेशनल हाइवे 124-सी पर सड़क दुर्घटना में दो महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ, जब हाइवे पर एक बाइक खड़ा था। बाइक सवार खुद को बचाने का प्रयास किया तो हाइवे पर खड़ी दूसरी बाइक से टकरा गया। हादसे में बाइक चला रहे युवक व दो महिलाएं घायल हो गईं। बिहार के बक्सर निवासी अनुप बाइक से शालिनी व रूबी के साथ मंगलवार को कामाख्या मंदिर दर्शन के लिए आए थे। दर्शन कर बक्सर लौट रहे थे कि ढड़ीयाहर गांव से पहले एक स्कूल के पास पहुंचे थे कि अचानक हाइवे पर खड़ी एक बाइक से टकरा गए। सभी हाइवे पर गिर पड़े।

दुर्घटना देख वहां भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों की मदद से आनन-फानन सभी को एक निजी अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन अनुप महिलाओं को लेकर बक्सर चला गया। प्रभारी निरीक्षक गहमर पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि दुर्घटना उनके संज्ञान में नहीं है। किसी के तरफ से कोई तहरीर भी नहीं दी गई है, यदि तहरीर दी जाती है तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### नवागत थानाध्यक्ष ने किया रूट मार्च

**मरदह।** नवागत थानाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्र ने मंगलवार को कार्य भार ग्रहण करने के उपरांत क्षेत्र के नगर बाजार चट्टी चौराहे पर मय फोर्स पैदल गस्त/रूट मार्च करते हुए आम जनमानस में शांति एवं सुरक्षा की भावना का संचार किया। इस दौरान राहगीरों व दुकानदारों से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि कोई भी किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। अनावश्यक भ्रामक बातों को गौर न करें और ला इन आर्डर बना रहा जिसका ध्यान जरूर दें। वहीं दूसरी ओर थाना परिसर में शांति समिति कमेटी के सदस्यों की बैठक की गई। जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि,संभ्रांत लोग,धर्म गुरुओं से संवाद करते हुए थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील तथा कानून व्यवस्था को हाथ में लेने पर सख्त कार्रवाई का संदेश दिया। प्रशासन के मंशानुसार थाने में आएं सभी फरियादियों को सम्मान देते हुए उनके समस्या का त्वरित कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मिश्र का ग्राम प्रधान संगठन,व्यापार मंडल,जनप्रतिनिधियों सहित पुलिस कर्मियों ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। मौके पर भाजपा नेता प्रवीण पटवा,मनीष सिंह,जिला पंचायत सदस्य शैलेश यादव,रामनरायण यादव, उप निरीक्षक राजेश त्रिपाठी,नंदलाल मिश्र, लालू चौबे आदि मौजूद रहे।

### भीमापार बाजार में निकली विशाल श्रीराम शोभायात्रा

**सादात।** क्षेत्र के भीमापार बाजार स्थित मां भीमा देवी नवदुर्गा मानस मंदिर (संघत) में चल रहे अखंड 14 वर्षीय श्रीरामचरित मानस महायज्ञ की 12 वर्षगांठ पर मंगलवार को भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता व हनुमानजी की झाँकी के साथ विशाल श्रीराम शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरा भीमापार बाजार भगवा रंग के झंडों व बैनरों से पट गया। जय श्री राम का नारा लगाते हुए काफी संख्या में पुरूष और महिलाएं चल रही थी। श्री राम शोभायात्रा मां भीमादेवी नवदुर्गा मानस मन्दिर भीमापार से प्रारंभ होकर हनुमान मन्दिर, रामजानकी राधाकृष्ण मन्दिर, भटकेश्वरनाथ मन्दिर, डीह बाबा मन्दिर, हनुमान मन्दिर पावर हाउस, नगर भ्रमण भीमापार बाजार, जोगीबीर बाबा, श्रीब्रह्म बाबा मन्दिर एवं काली मन्दिर से होते हुए गांधी चौराहा से पुनः भीमादेवी नवदुर्गा मानस मन्दिर पहुंच कर समाप्त हुई। शोभायात्रा जिस मार्ग से गुजरी लोगों ने खड़े होकर, ताली बजाकर एवं जय श्रीराम का नारा लगाकर अभिवादन किया। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। शोभायात्रा में धार्मिक संगठन से जुड़े लोगों के अलावा राजनैतिक दलों से जुड़े लोग शामिल थे। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। यात्रा के दौरान भगवा ध्वज लहराते हुए युवाओं की टोली मे उत्साह देखा गया। मन्दिर के पुजारी राजकुमार पान्डेय ब्यास ने बताया कि अखंड रामचरित मानस पाठ 4 अप्रैल 2011से प्रारंभ होकर अनवरत चल रहा है। आज बारह वर्ष पूर्ण होने पर शोभायात्रा निकाली गई है। यह अखंड रामचरित मानस पाठ 4 अप्रैल 2025 को समाप्त होगा। इसमें भाजपा नेता रघुवंशसिंह पप्पू, लालपरीखा पटवा, सपा नेता विनय यादव पिन्टू, सोनू गुप्ता, राजेंद्र यादव, ओमप्रकाश यादव, विनोद प्रजापति, पंचदेव गोड़, मुकेश कुमार गुप्ता, गुलाब शंकुर पान्डेय, प्रदीप कुमार मिश्रा, सन्तोष सोनी आदि रहे।

### पुलिस विभाग में तबादला सामान्य प्रक्रियाः कमलेश पाल

**कासिमाबाद।** कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल का मंगलवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। पूर्व प्रधान संतोष राय ने कहा कि इस कोतवाली प्रभारी के कार्यकाल के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। कहीं से भी लोगो को नहीं लगता था कि यह कोतवाली प्रभारी हैं। हर समय जनता की सेवा में जुटे रहते थे। कुछ समाजसेवियों का कहना था कि इनके कार्यकाल में थाना क्षेत्र में भूमि संबंधी विवाद हो या किसी तरह के मामले निपटारे के लिए जनता दरबार लगाते थे और उनका निपटारा थाना स्तर से हो जाने से लोगो में इनकी कमी हमेशा खलेगी। पूर्व थानाध्यक्ष कमलेश पाल ने बताया की पुलिस की नौकरी में स्थानांतरण एक सामान्य प्रक्रिया है। बतादें, कमलेश पाल को पुलिस कप्तान ने नंदगज थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। समारोह में उप निरीक्षक मु.सरवर, कृष्णानंद यादव, अविनाश मणि तिवारी , प्रदीप कुमार यादव ,प्रमोद यादव,अर्जुन यादव,अरविंद यादव, गोरख गुप्ता सहित सभी पुलिस कर्मी व जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

### आज होगी महिला महाविद्यालय में प्रायोगिक परीक्षा

**गाजीपुर।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की बीएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर रसायन विज्ञान की समस्त छात्राओं की रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 5 व 6 अप्रैल को संपन्न होगी। छात्राएं प्रातः 8:00 बजे रसायन विज्ञान विभाग में उपस्थित होकर अपने रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा को संपन्न कराएं। अनुपस्थित होने पर दोबारा प्रयोगात्मक परीक्षा आयोजित नहीं होगी और वे स्वयं इसके उत्तरदायी होंगी। यह जानकारी कालेज मीडिया प्रभारी डा.शिवकुमार ने दी।

### आजादी के बाद मिली महिला कोतवाल

**सैदपुर।** सैदपुर कोतवाली को आजादी के बाद पहली बार महिला कोतवाल मिली है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने कोतवाल शिवप्रताप वर्मा का स्थानान्तरण कासिमाबाद कोतवाली के लिए कर दिया। वहीं सैदपुर की कमान नंदगंज की एसओ रहीं वंदना सिंह को दी है। वंदना सिंह सैदपुर की पहली महिला कोतवाल हैं। नंदगंज से रिलीव होकर वंदना सिंह ने मंगलवार को कार्यभार संभाला। वहीं मंगलवार को सहकर्मियों व नगरवासियों ने एसपी वर्मा को विदाई दी।

# अब जनता भ्रष्टाचार के खिलाफ खड़ी

**गाजीपुर।** जिले में जनता भ्रष्टाचार के खिलाफ खड़ी हो गई है। भ्रष्टाचार के मामले को लेकर शिकायत के बजाय खुद भ्रष्टाचार के मामले को वीडियो बनाकर वायरल कर रही है। जिले के आला अधिकारी वीडियो के आधार पर कार्रवाई भी शुरू कर दिए है। जिससे भ्रष्टाचारियों में हड़कंप का माहौल बन गया है। दरअसल, यह जनता में हौसला जखनियां विधायक बेदी राम के भ्रष्टाचार के मामले को वीडियो बनाकर उजागर करने के बाद हुआ है। विधायक के मनिहारी क्षेत्र में खराब सड़क की आवाज उठाने के बाद ठेकेदार और विभागीय अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है। उसके बाद बिरनो थाना क्षेत्र और मरदह थाना क्षेत्र में जनता द्वारा अलग-अलग दो खराब सड़कों का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाला गया है। वहीं ग्रामीण भी सड़क पर खड़ा होकर भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने लगे है। बतादें, यह सड़क निर्माण पीडब्ल्यूडी विभाग से हो रहा है। विभागीय अधिकारियों पर पहले भी भ्रष्टाचार का आरोप लगता था लेकिन अधिकारी पूरे मामले की लीपापोती कर देते थे।

जिले के तत्कालीन अधिशासी अभियंता जितेन्द्र कुमार और सहायक अभियंता राकेश कुमार के खिलाफ विभाग ने जांच बैठा दी है। वहीं छह इंजीनियरों के खिलाफ भी जांच चल रही है। जिनके ऊपर भ्रष्टाचार का बड़ा आरोप है। जिले में कई सड़कों का निर्माण कागजों में ही बना दिया गया है। जिसकी जांच के लिए पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनुराग सिंह ने उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी। तत्कालीन सीडीओ श्रीप्रकाश गुप्ता ने जांच में कासिमाबाद क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी विभाग से निर्मित सड़क में अनियमितता पाई थी। जांच रिपोर्ट में उन्होंने भ्रष्टाचार का मामला पकड़ा था। बावजूद तत्कालीन सहायक अभियंता राकेश कुमार के खिलाफ कोई एक्शन नहीं हुआ। हालांकि, लगातार शिकायत के बाद विभाग ने जांच बैठा दी है। जिसमें रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए गए है। देखना है कि भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों पर कार्रवाई कब होती है।

### तहसील मुख्यालय पर कोई बैंक नहीं, आमजन परेशान

**सेवराई।** तहसील मुख्यालय पर उप निबंधन कार्यालय के समीप ट्रेजरी को लेकर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा खोले जाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। लोगों ने बताया कि सेवराई तहसील मुख्यालय के समीप स्टेट बैंक की शाखा नहीं होने से क्षेत्रीय ग्रामीणों को उप निबंधन कार्यालय में रजिस्ट्री आदि कार्यो के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि तहसील मुख्यालय पर शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विकास खंड कार्यालय और तहसील मुख्यालय होने के बावजूद स्टेट बैंक की शाखा नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है । क्षेत्र के रजनीकांत सिंह ,भुनेश्वर प्रसाद, संजीव सिंह, अमरेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, सच्चिदानंद सिंह, अरविंद सिंह, इम्तियाज अंसारी आदि लोगों ने बताया कि स्टेट बैंक की शाखा नहीं होने के वजह से क्षेत्रीय लोगों को 10 किलोमीटर दूर गहमर व दिलदारनगर स्थित बैंकों में जाना मजबूरी होता है । जिससे पैसे और समय दोनों की बबार्दी होता है । उक्त ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय के समीप स्टेट बैंक की शाखा खोले जाने की शासन से मांग की है ।

# पांच शातिर चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

**कामयाबी**

### टावर की बैटरी चुराकर बेच देते थे औने पौने दाम

जनसंदेश न्यूज



चोरों को मीडिया के समक्ष प्रस्तुत करते पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिहं व अन्य अधिकारी।

**गाजीपुर।** पुलिस पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में शामिल पिकअप बरामद कर लिया है। अभियुक्तों की निशानदेही पर सात टावर की बैटरी भी कब्जे में ले लिया है। तलाशी में कट्टा और कारतूस मिला है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि स्वाट टीम, सर्विलांस टीम व थानाध्यक्ष नोनहरा व उ.नि. अनूप यादव मुखबिर की सूचना पर टावर की चोरी की गई सात बैटरी बरामद कर लिया है।


घटना में प्रयुक्त पिकअप व तमंचा तथा 2 कारतूस के साथ चोरों को जनपद के अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शातिर चोर जनपद के अलग-अलग स्थानों से टावर की बैटरी चोरी कर औने- पौने दामो पर वाराणसी , गाजियाबाद व दिल्ली जैसे शहरो मे बेच कर मिलने वाले पैसो को आपस मे बांट लेते थे। सत्य प्रकाश मिश्रा पुत्र पशुराम मिश्रा निवासी सिलाईच थाना मुहम्मदाबाद की तहरीर पर थाना नोनहरा में मुकदमा दर्ज था।

गिरफ्तार अभियुक्तों में पूछताछ के बाद नोनहरा थाना क्षेत्र के चकताहा निवासी दिलीप कुमार पुत्र मुन्ना राम,बालअपचारी काल्पनिक नाम सोहन, बलवन्त बिन्द पुत्र मुनीब बिन्द, जंगीपुर थाना के देवकठिया निवासी राहुल कुमार पुत्र नन्दलाल, नंदगंज थाना के सोनही निवासी धर्मेन्द्र बिन्द पुत्र सम्मत बिन्द, चेतगंज थाना के रामकटोरा गांव निवासी पीयूष बरनवाल पुत्र कुलदीप बरनवाल के रूप में पहचान हुई। सभी अभियुक्तों के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में आधा दर्जन से अधिक मुकदमें कायम है। यह शातिर के किस्म के चोर थे।

# जवान का पार्थिव शरीर पहुंचा घर, नम आंखों से अंतिम विदाई



मृत जवान को सलामी देते 39 जीटीसी वाराणसी के लेफ्टिनेंट कर्नल सुमित पंत



मृत जवान की रोती विलखती पत्नी

**दुखद**

### राजपूताना राइफल्स बटालियन का हवलदार सुपुर्दे खाक

**दिलदारनगर/नगसर।** नगसर हाल्ट थाना क्षेत्र के नगसर नेवाजू राय गांव में मंगलवार को सेना के मृत हवलदार आलमशेर खान 40 वर्ष का तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर दोपहर पैतृक आवास पहुंचते ही कोहराम मच गया। पत्नी सहित अन्य परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल था। जवान के अंतिम दर्शन के लिए गांव के ही एक परिषदीय विद्यालय में पार्थिव शरीर रखा गया। इस दौरान वाराणसी 39 जीटीसी से आए लेफ्टिनेंट कर्नल सुमित पंत ने पुष्प चक्र अर्पित किया। इसके साथ ही आए दर्जनों जवानों ने हवाई फायरिंग कर अपने साथी जवान को अंतिम विदाई दी। इसके अलावा विभिन्न राजनीतिक दलों, पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों सहित परिजनों व ग्रामीणों ने भी अपने लाल को अंतिम विदाई दी। इसके बाद गांव के ही कब्रिस्तान में जवान को पूरे सैनिक सम्मान के साथ सुपुदेर्खाक किया गया। इस दौरान सबकी आखें नम हो ग ई। इस अवसर पर एसडीएम सेवराईं राजेश प्रसाद चौरसिया, सीओ विधि भूषण मौर्या,जमानियां इंस्पेक्टर दिग्विजय नाथ तिवारी, उपनिरीक्षक राजेश गिरी, पूर्व प्रमुख मुकेश राय, पूर्व प्रमुख अजय यादव, सपा जिलाध्यक्ष गोपाल यादव, कन्हैया लाल विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि मन्नू सिंह, रेवतीपुर थानाध्यक्ष आलोक त्रिपाठी, नगसर थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, सुहवल थानाध्यक्ष बागीश बिक्रम सिंह, विवेक राय आदि मौजूद रहे।


### बार्डर पर अचानक हुए थे बेहोश, इलाज के दौरान मौत

मालूम हो कि पांच दिन पूर्व सिक्किम बार्डर पर तैनात आलमशेर खांन जवान का ड्यूटी के दौरान अचानक सीने में दर्द होते ही वह वेहोश होकर गिर पड़े। जिसके बाद उसे सेना के कमांड अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज के दौरान निधन हो गया था। परिजनों के मुताबिक जवान सेना के राजपूताना राइफल्स बटालियन में हवलदार के पद पर तैनात था। मृत जवान की शादी बारा गाँव के हाजी मोहम्मद इकबाल खान की पुत्री से हुआ था। पत्नी अख्तरी खातून, मां सलमा का रो- रोकर बुरा हाल था। परिजनों ने बताया कि आलमशेर खान सेना में 2002 में भर्ती हुए थे,बताया कि जवान के दो पुत्र सहजेब व शाकिब व एक पुत्री सिमरन है।

# बीएसएफ में डिप्टी कमांडेंट रहे कृष्णानन्द पाण्डेय का निधन

**शोक**

### हिंदी दैनिक पत्रकार चन्द्रमौली पांडेय को पितृ शोक



कृष्णानंद पांडेय का फाइल फोटो

**जमानियां।** हिंदी दैनिक के पत्रकार चन्द्रमौली पाण्डेय के पिता कृष्णानन्द पाण्डेय (85) का मंगलवार की शाम करीब पांच बजे असामयिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुद्धवार को कस्बा बाजार स्थित श्मशान घाट पर किया जायेगा। वह अपने पीछे पत्नी, चार पुत्र व एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। कृष्णानन्द पाण्डे लंबे समय से शुगर व ब्लड प्रेशर की बीमारी से पीड़ित थे। कुछ महीना पूर्व पीजीआई में भर्ती भी थे। पीजीआई चिकित्सक के दिशा निर्देश पर पैतृक आवास पर ही इलाज चल रहा था। मंगलवार की शाम अचानक तबीयत बिगड़ने लगी और करीब 5 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। ज्ञात हो कृष्णानन्द पाण्डेय बीएसएफ में डिप्टी कमांडेंट के पद से सेवा निवृत्त हुये थे। उनके मृत्यु की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक का लहर फैल गया। शोक संवेदना व्यक्त करने हेतु गणमान्य लोग आवास पर पहुँचने लगे। उक्त मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि संतोष कुशवाहा, सपा विधानसभा अध्यक्ष अनिल यादव, प्रभारी चिकित्साधिकारी रविरंजन कुमार, धनंजय कुशवाहा, भाजपा नेत्री माया सिंह, निशिकांत सिंह, कर निरीक्षक विजयशंकर राय, राजू खाँ, प्रदीप यादव, बलवीर सिंह, पत्रकार प्रमोद यादव, प्रभाकर सिंह, इन्द्रासन यादव, आजाद खान सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# पुलिस पब्लिक के बीच बनाएं समन्वय : ओमवीर सिंह

जनसंदेश न्यूज

**बैठक**

### एसपी ने कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण कर दिए निर्देश

### पुलिस कप्तान ने न्यायालय से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण करने का आदेश दिया

**गहमर।** पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली थाना गहमर का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनता के साथ चर्चा कर पुलिस कर्मियों को जरुरी दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने मंगलवार की शाम थाने का वार्षिक निरीक्षण किया।

इससे पूर्व पुलिस बल द्वारा एसपी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना के विभिन्न मामलों की जांच के बाद पुलिस के समक्ष उत्पन्न समस्याओं से भी अवगत हुए। एसपी ने थाने के प्रभारी निरीक्षक कक्ष, सीसीटीएनएस कंप्यूटर कक्ष, भोजनालय, मालखाना, मालखाना रजिस्टर, पुरुष हवालात, महिला हेल्प डेस्क व थाना परिसर व बैरिक का निरीक्षण किया।

साथ ही उन्होंने थाना परिसर में साफ-सफाई का भी अवलोकन किया। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय से थाने के विभिन्न मामलों के बारे में जानकारी ली। एसपी ने कार्यालय में अपराध, त्योहार, आगंतुक समेत अन्य रजिस्टरों की जांच कर उसे अद्यतन करने तथा अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त तेज करने का निर्देश भी दिए। रिक्रूट आरक्षियों को ब्रीफ कर थानों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों, ग्राम प्रधानों व प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर गांव-मुहल्ले में अवांछित गतिविधियों की सूचना एकत्र करें। पुलिस कप्तान ने कहा कि न्यायालय से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण करने का आदेश दिया। वहीं, ग्रामीणों को पुलिस के विभिन्न हेल्पलाइन नंबर यूपी 112, वूमेन पावर लाइन 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के साथ ट्विटर सेवा के बारे में जागरुकता फैलाने की अपील की गई। थाना क्षेत्र के ग्राम प्रहरियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं पूछी गई। इसके बाद उन्होंने मौजूद लोगों का परिचय लिया। उन्होंने पुलिस व पब्लिक के बीच समन्वय के लिए बातें कहीं।इस मौके पर सीओ जमानिया विधिभूषण मौर्या, एसपी के पीआरओ संतोष कुमार, एसपी पेशकार एस एच ओ राजकुमार यादव, बारा चौकी इंचार्ज मनोज कुमार तिवारी, कामाख्या चौकी इंचार्ज बृजेश मिश्रा, सेवराई चौकी प्रभारी राजेश कुमार गिरि, देवल चौकी प्रभारी संदीप दुबे, हेड मोहरिर संजय ठाकुर, देव बहादुर सिंह सेन, प्रधान मुरली कुशवाहा, पुरुषोत्तम सिंह, शिवनाथ पायलट समेत कई लोग मौजूद रहे।

# निर्माण के बाद उखड़ रही सड़क पर दोबारा कार्य शुरू

जनसंदेश न्यूज

**होगी कार्रवाई**

### आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर घटिया निर्माण का लगाया था आरोप

### 24 घंटे बाद ही ठेकेदार द्वारा खराब सड़क को तुरंत बनाया गया

**बिरनो।** पीडब्ल्यूडी विभाग से निर्मित एक सप्ताह पूर्व सड़क की गिट्टी पैरो की ठोकर से तितर बितर होने की खबर मीडिया में आते ही विभाग में खलबली मच गई है। ठेकेदार निर्माणाधीन खराब सड़क पर कार्य लगा दिया है। अब मानक के अनुसार कार्य होने लगा है। हालांकि, विभागीय अधिकारी और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई तय है। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी पीडब्ल्यूडी विभाग के खिलाफ काफी सख्त रूख अपना लिया है।

बतादें, जंगीपुर विधानसभा क्षेत्र के सेनोंबाध से गोपालपुर बल्लीपुर होते चककपिल तक लगभग चार किलोमीटर तक सड़क को घटिया निर्माण सामग्री लगाकर बना दिया गया था। निर्माणाधीन सड़क को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश था। ग्रामीणों ने बीते सोमवार को प्रदर्शन कर आरोप लगाया था कि सड़क को सिर्फ गिट्टी बिछाकर तारकोल नहीं मिलाकर बना दिया गया है। अभी सड़क को एक सप्ताह भी बने नहीं हुआ और सड़क की गिट्टी इधर उधर बिखरने लगी थी। वहीं अखबारों में खबर प्रकाशित के 24 घंटे बाद ही ठेकेदार द्वारा खराब सड़क को तुरंत बनाया गया।

सड़क बनने के बाद ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। ठेकेदार वीरेंद्र यादव ने बताया कि नई सड़क पर भारी वाहनों के मोड़ लेने के कारण पांच मीटर तक सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी थी जिसको पुनः ग्रामीणों की शिकायत के बाद बना दिया गया।

# बच्चों के पैर की ठोकर से उखड़ जा रही थी निर्माणाधीन सड़क



गोविंदपुर में खराब सड़क को लेकर प्रदर्शन करते आक्रोशित ग्रामीण



निर्माणाधीन सड़क को पैरों से ठोकर मारता छोटा बच्चा

**मरदह।** पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार के मिलीभगत से यह भ्रष्टाचार का खेल खेला जा रहा है। जिसके खिलाफ ग्रामीण आवाज उठाने लगे है। आक्रोशित ग्रामीणों ने मरदह-गोविन्दपुर मार्ग के निमार्णाधीन सड़क कार्य को रोक दिया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

मानक विहीन सड़क निर्माण को लेकर भाजपा नेता चतुर्भुज चौबे ने विभाग के खिलाफ जांच कराने की बात कही है। उनके साथ दर्जनों की संख्या में जुटे उग्र ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

पीडब्ल्यूडी विभाग से एक सप्ताह पूर्व निर्मित मानक विहीन सड़क छोटे बच्चो के पैर के ठोकरों से उखड़ जा रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार एवं प्रांतीय खण्ड के जेई,ऐई की मिलीभगत से मानक विहीन निम्न गुणवत्ता की सामग्री का नाम मात्र प्रयोग कर सड़क निर्माण किया गया है। सड़क पर बने न गढ्ढे भरे गए है न ही पटरी ही दुरुस्त की गई है। एक सप्ताह से बार -बार ग्रामीणों के निवेदन के बाद भी कोई सुधार नही किया गया।

मौके पर संजय सिंह बंटी, अजय श्रीवास्तव, मुन्ना सिंह, चुन्नू सिह, राजकुमार मौर्या, रमेश यादव, विनय तिवारी, राहुल तिवारी, विपिन तिवारी, अमित सिंह, नन्हे गुप्ता, अनुराग यादव, अश्विनी श्रीवास्तव, अजीत सिंह समेत दर्जनों की तादात में नागरिक उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों ने अवर अभियंता को घेरा

मौके पर मिले अवर अभियंता अनन्त लाल यादव ने बताया कि ग्यारह लाख की लागत से 1.3 किमी. सड़क का निर्माण कार्य होना है। मानक विहीन कार्य से उग्र होकर ग्रामीणों ने घटिया निर्माण कार्य दिखाकर जेई को घेर कर जमकर नारेबाजी की। आधे घण्टे तक ग्रामीणों के बीच घिरे रहे जेई काफी फजीहत झेलने के बाद किसी प्रकार ग्रामीणों के बीच से निकल कर भाग खड़े हुए। आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि बार -बार शिकायत के बाद भी कार्य में कोई सुधार नहीं किया जा रहा है।

### ठेकेदार और अधिकारी के खिलाफ हो कार्रवाई

भाजपा नेता चतुर्भुज चौबे ने कहा कि जिलाधिकारी से मिलकर मानक के अनुरूप कार्य कराने एवं दोषी ठेकेदार एवं सम्बन्धित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए पत्रक दिया जाएगा। तत्काल कार्रवाई नही हुई तो जिला मुख्यालय पहुँचकर धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।

## जनसंपादकीय

# मानव अंगों की जरूरत और हमारी भूमिका

भगवान स्वरूप कटियार



भारत में अंगों की अनुपलब्धता के कारण हर साल पांच लाख लोग जान गवां देते हैं ।?वर्ष 2022 में मात्र पंद्रह हजार अंगों का ही प्रत्यारोपण हो पाया । अंगों की जरूरत और उपलब्धता की खाई पाटने का एक ही उपाय है कि अंगदान के लिए प्रोत्साहन एवं जागरूकता के जरिये देश के नागरिकों को अंगदान के लिए मानसिकरूप से तैयार किया जाय और दूसरा उपाय जैसे विज्ञान ने कृतिम रक्त तैयार कर खून की कमी का विकल्प खड़ा किया उसी तरह स्टेम सेल से जरूरत वाले अंगों का उत्पादन किया जाय । अगर कुछ इन्सेन्टिव के साथ अंगदान को कुछ फीसदी तक अनिवार्य कर दिया जाय तो यह काम आसान हो सकता है । अब केंद्र सरकार ने अंग प्राप्त करने के लिए देश के किसी भी प्रदेश में पंजीकरण की नीति बनायी है और पंजीकरण को निशुल्क कर दिया है। इसके पहले पंजीकरण के लिए देश के प्रदेशों पांच से दस हजार तक शुल्क के रूप में वसूले जाते थे ।? बीते दस सालों में अंग प्रत्यारोपण की मांग बढ़ी है लेकिन अंगों की उपलब्धता उस अनुपात में बहुत कम हुई है। भारत में अंगों की अनुपलब्धता के कारण हर साल पांच लाख लोगों की मौत हो जाती है। दो लाख लिवर, इसी तरह डेढ़ लाख किडनी और हृदय आदि अंगों की कमी के कारण मरीज मर जाते हैं। अब लोग अपने परिजनों को गुर्दा दान करने लगे हैं और गुर्दा दान करने वालों में नब्बे फीसदी महिलाएं हैं। ऐसे में अंगो का कृत्रिम उत्पादन जरूरी हो गया है।

मानव शारीर की त्वचा की एक स्तम्भ कोशिका (स्टेम सेल) को विकसित कर कृतिम अंग बना कर उपचार की संभावनाएं अधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधानों से उजागर हो चुकी हैं । शारीरिक अंगों के प्राकृतिक क्षरण या दुर्घटना में नष्ट होने के बाद जैविक प्रक्रिया से सुधार लाने में अभी वैज्ञानिक अनुसंधानों की काफी जरूरत है। इधर वंशानुगत बीमारियों के इलाज के लिए स्त्री की गर्भनाल से प्राप्त स्टेम सेल का उपयोग होने लगा है इसके लिए भारत समेत दुनिया के तमाम देशों में गर्भनाल रक्त बैंक वजूद में आते जा रहे हैं। इसके लिए प्रसव के तत्काल बाद गर्भनाल काटने के बाद अगर उसकी स्टेम सेल्स को संरक्षित कर लिया जाए तो दो दशक बाद भी परिवार के लोगों का इलाज संभव है। गर्भनाल के रक्त को फ्रोजन कर इक्कीस साल तक संरक्षित किया जा सकता है। इसे रक्त बैंक में संरक्षित रखने का खर्च लाखों में है जो आम नागरिक की क्षमता के बाहर है । इस मुहिम में सरकारें ही अहम भूमिका निभा सकती हैं। निजी क्षेत्र के अस्पतालों में यह काम शुरू हो चुका है ।सरकारी स्तर पर अभी शुरूआत नहीं हुई है जिसकी सख्त जरूरत है। इस गर्भनाल रक्त संरक्षण से किडनी, डाइबिटिज, लिवर और न्यूरो की समस्याएँ जैसी वंशानुगत बीमारियों का इलाज संभव है ।

**शारीरिक अंगों के प्राकृतिक क्षरण या दुर्घटना में नष्ट होने के बाद जैविक प्रक्रिया से सुधार लाने में अभी वैज्ञानिक अनुसंधानों की काफी जरुरत है।**

महिलाओं के मासिक धर्म के दौरान निकलने वाले रक्त में जीवन को निरोगी और दीर्घायु बनाने की क्षमता पाई गई है। शोध और अनुसंधान से पता चला है कि इस रक्त में स्टेम सेल्स प्रचुर मात्रा में होती हैं जिनका उपयोग अनेक उपचारों में किया जा सकता है। मुंबई में इस रक्त के संरक्षण हेतु मेनस्ट्रुअल स्टेम सेल बैंक भी शुरू हो गया है। इन स्टेम सेल्स की सफलता की संभावनाएं अन्य की अपेक्षा सौ गुना ज्यादा है ।इसे संरक्षित करने में खर्च और विशेषज्ञता की भी जरूरत नहीं होती है। भारत में गर्भाशय का प्रत्यारोपण शुरू हो गया है। पुणे में एक महिला में अपनी माँ का गर्भाशय प्रत्यारोपण करा कर एक बच्ची को जन्म दिया रियो डी जेनेरियो में तो एक मृत महिला का गर्भाशय प्रत्यारोपित करा कर एक बत्तीस वर्षीय महिला ने एक स्वस्थ्य बच्ची को जन्म दिया है। महिलाओं की इस बिलक्षणता को विज्ञान की दुनिया में चमत्कार के रूप में देखा जा रहा है लेकिन स्टेम सेल्स उपचार की यह प्रणालियाँ अभी शैशव अवस्था में ही हैं और यह उपचार काफी खर्चीला भी है। इस कारण जिगर और गुर्दे के बीमारी में प्रत्यारोपण की ही सबसे ज्यादा मांग है। इसके लिए जरूरी है कि सरकार जागरूकता और आर्थिक इन्सेन्टिव के जरिये मरने के बाद लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित करे जिन्हें जला या दफना कर नष्ट कर दिया जाता है। भारत में हर साल पचास हजार से ज्यादा लोग हृदय प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा में रहते हैं ? उस अनुपात में उपलब्धता महज अधिकतम सात हजार की ही रहती है। देश में 640 चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल इस स्तर के हैं जिनमें अंग प्रत्यारोपण का काम सुचारु रूप से किया जा सकता है। इन मेडिकल कालेजों में अंग प्रत्यारोपण का पाठ्यक्रम नवीन चिकित्सा शिक्षा में जोड़ दिया गया है। फिलहाल अंग प्रत्यारोपण की सबसे कारगर पद्धति अंग दान ही है । इसके लिए दिमागी रूप से मृत व्यक्ति से उनके परिजनों की अनुमति से अंगदान कराया जाय । अगर ऐसा संभव हो सके तो महिलाओं पर अंगदान का दबाव कम हो सकेगा और अंगदान में लैंगिक असमानता भी कम हो सकेगी। अहमदाबाद के प्रतिष्ठित गुर्दा अस्पताल के एक अध्ययन से अंगदान में लैंगिक असमानता का खुलासा हुआ है कि नब्बे फीसदी महिलाएं ही अपने परिजनों को अपना गुर्दा दान करती हैं। यह जानकारी ट्रांसप्लांट सोसाइटी की 88वीं अन्तराष्ट्रीय कांग्रेस में दी गयी। अंगदान में महिलाओं का स्तर 69 फीसदी है जबकि पुरुषों का मात्र 25 फीसदी ही है। महिलाएं 74 अंगदान अपने परिजनों को करती हैं जबकि उन्हें अपने लिए सिर्फ 21 फीसदी अंग ही उपलब्ध हो पाते हैं । पचहत्तर फीसदी दादियाँ अपने पोते-पोतियों के लिए अंगदान करती हैं जबकि दादा 25 फीसदी अपने पोते-पोतियों के लिए अंगदान करते हैं। यह लैंगिक भेदभाव बरकरार है । हाल के दिनों में अंगदान की प्रक्रिया में उत्साहवर्धक वृद्धि हुई है। आंकड़ों के अनुसार 2013 अंगदान की संख्या मात्र 4990 थी जो बढ़ कर 2022 में 15661 होगयी हैं। जरूरत के मुताबिक यह आंकड़ा बहुत निराशाजनक है। साफ जाहिर है जरूरत के हिसाब अंगों की आपूर्ति के लिए अंगदान और जैव तकनीकी दोनों पर जोर देना होगा तभी लाखों मर रहे लोगों के जीवन को बचाया जा सकेगा।

**( लेखक कवि एवं स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# लोकतंत्र के कीमियागर बाबू जगजीवन राम

स्मरण

सदानन्द शाही



बाबू जगजीवन राम को 1977 के आम चुनावों में सुनने का अवसर मिला था। तत्कालीन राजनीतिक मसलों के अलावा जो बात ध्यान में रह गयी वह है उनकी भाषा। छोटे, सरल सुस्पष्ट वाक्य। सीधे और साफ ढंग से बिना लाग लपेट के अपनी बातें कह देने और सुनने वाले के तह तक उतर जाने की कला। मेरे किशोर मन में जगजीवन राम की ऐसी छवि बनी जिसने आगे चल कर जाति और वर्ग को योग्यता से जोड़कर देखने वाले पूर्वाग्रहों से मुक्त होने में काफी मदद की।

काफी अन्तराल के बाद सन् 2007 में बाबू जी के जीवन और चिन्तन से परिचित होने का अवसर मिला। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में बाबू जगजीवन राम पीठ कायम हुई। उसका उद्घाटन करने तत्कालीन सामाजिक न्याय और सहकारिता मन्त्री श्रीमती मीरा कुमार को आना था। इस कार्यक्रम की आयोजन समिति से मैं भी जुड़ा हुआ था। यह तय हुआ कि 'बाबू जगजीवन राम पीठ' की स्थापना के पीछे जो विचार हैं, उन्हें एक ब्रोशर के रूप में प्रकाशित करके वितरित किया जाय। ब्रोशर तैयार करने के क्रम में बाबू जगजीवन राम के व्यक्तित्व और विचारों का अध्ययन-अनुशीलन किया।

बाबू जी का जीवन कई कारणों से विलक्षण है। वे अकेले ऐसे दलित नेता हैं जो राष्ट्रीय आन्दोंलन की मुख्यधारा में रहे है। आजादी के पहले स्वाधीनता आन्दोलन में तथा राष्ट्रीय सरकारों में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाईं। आजादी के बाद बनी सरकारों में शामिल होकर राष्ट्र निर्माण के कार्य में योगदान किया। राष्ट्रीयआन्दोलन के नेताओं का मानना था कि आजादी हासिल करना मुख्य लक्ष्य है। आजादी के बाद दलित मुक्ति के प्रश्न को हल कर लिया जायेगा, जबकि दलित नेतृत्व इसे लेकर सशंकित था। इसलिए दलित नेतृत्व ने दलित मुक्ति के सवाल को तरजीह दी। गांधी और अम्बेडकर के बीच की बहस मुख्य रूप से यही थी । बाबू जगजीवन राम ने राष्ट्रीय आन्दोलन की मुख्य धारा में रहते हुए दलित मुक्ति के लिए काम करने का रास्ता चुना। यह बेहद कठिन और चुनौतीपूर्ण था। राष्ट्रीय आन्दोलन के नेतृत्व पर सवर्ण जातियों का प्रभुत्व था। गांधी के अनुनायी होते हुए भी राष्ट्रीय आन्दोलन के नेतृत्व वर्ग में सभी गांधी नहीं थे। इसलिए अपनी दलित पृष्ठभूमि के नाते बाबू जगजीवन राम को राष्ट्रीय आन्दोलन के नेताओं के साथ काम करते हुए जातीय भेदभाव और विद्वेष का दंश झेलना पड़ा। दूसरी तरफ उन्हें दलित नेतृत्व के व्यंग्य बाण भी सहने पड़े। भीतर और बाहर दोनों तरफ से मिलने वाले व्यंग्य और विद्वेष से विचलित हुए बगैर बाबूजी ने राष्ट्रनिर्माण के वृहत्तर सरोकारों और दलित मुक्ति के विशेष सरोकारों को दृढ़ता पूर्वक अंजाम दिया। बाबू जी के जीवन से परिचित होने पर उनके व्यक्तित्व की सबसे बड़ी खासियत नजर आती है- वह है विनम्रता और दृढ़ता का दुर्लभ संयोग। इस विनम्रता और दृढ़ता का सम्बन्ध संत रैदास की बानी से हैः

प्रभुजी तुम चन्दन हम पानी
जाकी अंग अंग बास समानी ।।

अपने प्रभु के साथ रच बस कर संत रैदास एकमेक हो गये थे। इस एकमेक भाव ने उन्हें सहज आत्मविश्वास से भर दिया था जिसके बल पर वे सामाजिक दंश से उपर उठ कर बेगमपुरा शहर के नागरिक बन सके थे। तुलसीदास के रामराज्य की कल्पना की चर्चा करते लोग अघाते नहीं है; पर मेरी राय में रैदास का बेगमपुर रामराज्य से बेहतर और उन्नत संकल्पना है । (इस पर फिर कभी) संत रैदास का 'बेगमपुरा' ऐसा शहर है, एक ऐसा वतन, जिसमें सभी के लिए खैरियत है। बाबू जगजीवन राम भी इसी बेगमपुरा के नागरिक थे। संत रविदास कहते हैं - 'जो हम सहरी सो मीतु हमारा।' बेगमपुरा एक संकल्पना है। ऐसी संकल्पना जो मन को भेद बुद्धि से मुक्त करके समतामूलक समाज की संरचना करती है। बाबू जगजीवन राम इन्हीं अर्थों में संत रविदास के 'हम सहरी' और 'मीत' थे।

मुझे याद है, शुरूआती दौर में बहुत से रेडिकल दलित चिन्तकों को संत रविदास की बानी नहीं पसन्द आती थी। उनकी शिकायत थी कि रविदास 'प्रभुजी। तुम चन्दन हम पानी' और प्रभुजी! तुम स्वामी हम दासा' कहते हैं। उन्हें लगता था इतना विनम्र आदमी दलित आन्दोलन का प्रतीक कैसे हो सकता है। रैदास की विनम्रता दिखाई देती थी दृढ़ता नहीं। वर्ण व्यवस्था ने श्रम को हेय करार दे रखा था। रैदास ने श्रम की संस्कृति को दृढ़तापूर्वक प्रतिष्ठापित किया। जैसे-जैसे दलित आन्दोलन आगे बढ़ा वैसे-वैसे रैदास के बारे में यह समझ विकसित होती गयी।

संत रैदास की यह विनम्रता और दृढ़ता ही है जो बाबू जगजीवन राम को एक ही साथ राष्ट्रीय आन्दोलन के प्रति सहज और दलित सरोकारों के प्रति सजग बनाये रखती है।बाबू जगजीवन राम ने राष्ट्रीय आन्दोलन की मुख्यधारा में रहते हुए, सरकारों में शामिल होकर दलितोत्थान के लिए जो कार्य किये हैं उनका मूल्यांकन होना बाकी है। इसके लिए हमें दलित आन्दोलन के आगामी चरण का इन्तजार करना होगा।

बाबू जी ने अपने एक व्याख्यान में कहा है- 'शरीर को ही गुलाम नहीं, किस तरह हमारे मस्तिष्क को गुलाम बना दिया गया है कि जो हमारे उपर अत्याचार करता है उसको हम अपने से बड़ा मान लेते हैं। सबसे बड़ा हमारे मस्तिष्क का ह्रास इसमें किया गया कि हमने अपने आप को छोटा समझ लिया। जो व्यक्ति खुद अपने आप को छोटा समझता रहेगा, वह कभी बड़ा नहीं बन सकता' रविदास प्रसिद्ध और मान्य संत होने के बाद भी बार-बार 'कह रैदास खलास चमारा' कहते हैं और जूता सीने का काम करते हुए इसी मानसिक गुलामी को तोड़ते हैं।

बाबू जगजीवन राम भी संत रैदास की भाँति स्वयं को हीन और अत्याचारी को श्रेष्ठ समझने वाली मानसिक गुलामी को तोड़ने का काम करते हैं। वे बार-बार सवाल करते हैं- 'मानव के ईश्वरत्व को प्रतिष्ठित करने का जतन क्या भारतीय समाज में सम्भव है।' उनका ध्येय ऐसे समाज की रचना है जिसमें मनुष्य के ईश्वरत्व को प्रतिष्ठित किया जा सके। इसीलिए वे कहते हैं- 'भारतीय समाज ने हमको छोटा बनाकर रख दिया है, मैं किसी को छोटा नहीं बनाना चाहता।' यह बहुत गहरे आत्मविश्वास से उपजा हुआ कथन है । हमें छोटा बनाया गया, पर हम किसी को छोटा नहीं बनाना चाहते, हमें घृणित समझा गया पर हम किसी को घृणित नहीं समझते, हमें उत्पीड़ित किया गया पर हम किसी को उत्पीड़ित नहीं करना चाहते, हमारा शोषण किया गया, पर हम किसी का शोषण नहीं करना चाहते। ऐसी अनेक बातें हैं जो इस आत्मविश्वास से निकलती हैं। बाबू जगजीवन राम की समझ है कि शोषण के क्रम को उलट कर शोषण मुक्त और समतामूलक समाज की रचना संभव नहीं है। शोषण और विषमता पर टिके समाज में कोई भी मुक्त नहीं है इसीलिए बाबू जी कहते हैं- 'यदि मैं ब्राहमणवाद को मिटाने का जतन कर रहा हूँ, तो मैं ब्राहमण को भी मुक्त करना चाहता हूँ, ठाकुर को भी मुक्त करना चाहता हूँ सिर्फ दलितों को नहीं।' रेडिकल से रेडिकल दलित चिन्तन को एक न एक दिन बाबू जी की इस बात का मर्म समझना होगा कि दलित मुक्ति अकेले संभव नहीं है। वह तभी संभव है जब ब्राहमणवाद के जाल से स्वयं ब्राहमण की मुक्ति हो, क्षत्रिय की मुक्ति हो, सभी वर्णों की मुक्ति हो, पूरे समाज की मुक्ति हो।

बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर इस बात को ठीक से समझते थे हम शायद इसीलिए उन्होंने बाबू जगजीवन राम को 'दूरदृष्टि सम्पन्न ऋषि नेता' करार दिया था।

महात्मा गाँधी ने बाबू जगजीवन राम को आग में तपा खरा सोना कहा था। स्वाधीनता आन्दोलन की आग में वे कई तरह से तपे थे। एक ओर वे औपनिवेशिक ताकतों के खिलाफ लड़ रहे थे तो दूसरी ओर स्वयं राष्ट्रीय आन्दोलन के भीतर मौजूद वर्णवादी सामन्ती वर्चस्व के खिलाफ भी एक मोर्चा खुला हुआ था। बाबू जगजीवन राम इससे भी दो चार हो रहे थे। भीतरी और बाहरी संघर्ष की इस आग में वे तपते और निखरते रहे।

एक बार बनारस के बेनियाबाग में बाबू जगजीवन राम आये हुए थे। बी.एच.यू. के छात्रों की जमात भी पहुँची थी। छात्र शोर-गुल कर रहे थे। इस पर बाबू जगजीवन राम ने छात्रों से कहा- बुढ़ापा जवानी देख चुकी होती है पर जवानी को बुढ़ापा देखना बाकी होता है। इसलिए जवानों को बूढ़ों की बातें ध्यान से सुननी चाहिए। बाबूजी की मेघ-मन्द्र आवाज में निकले इस वाक्य का ऐसा असर हुआ कि छात्र शान्त होकर उन्हें सुनने लगे। बाबू जगजीवन राम ने जीवन की एक सहज सामान्य सचाई को कुछ इस तरह कहा कि सबने उस सचाई का अनुभव किया। वे जिस सहजता के साथ अगली पीढ़ी से संवाद स्थापित करते हैं उसमें एक अनुभव परम्परा की अनुगूँज सुनाई पड़ती है। उसमें रैदास के जीवन और वाणी की छाप मौजूद है। जो सहिष्णु नहीं है वह धर्म नहीं है, जगजीवन राम ने यह रैदास से सीखा था। रैदास की वाणी को समझने के लिए हृदय में भक्ति का होना आवश्यक है। रैदास को अपनी श्रेष्ठता साबित करने के लिए बार-बार परीक्षा देनी पड़ी पर इसकी कटुता का कोई चिन्ह रैदास के व्यक्तित्व में नहीं मिलता। मंगलकारी व्यक्तित्व अपने हिस्से के विष को आत्मसात कर लेते हैं और प्रेम के द्वारा संवेदनशीलता को विकसित करते हैं। इसीलिए रविदास को बुद्धि से नहीं हृदय से समझा जा सकता है। क्या इत्तफाक है कि रविदास की तरह जगजीवन राम को भी बार-बार परीक्षा देनी पड़ी है पर जगजीवन बाबू में भी सामाजिक दंश और अपमान से मिली कटुता का लेश मात्र नहीं है। उन्होंने वाराणसी में रैदास मन्दिर का निर्माण कराया। यह रैदास मन्दिर सिर्फ मन्दिर नहीं है। इसके पीछे एक सुचिन्तित दर्शन है। यह रैदास वाणी को जीवन में रोपने का यत्न है।

हमारे समाज में गुलामी की बेड़ियों के मूल में जाति प्रथा है इसे बाबू जगजीवन राम अच्छी तरह समझ रहे थे। वे सच्चे अर्थों में जनतांत्रिक थे। उन्हें इस बात का पूरा भरोसा था कि जनतान्त्रिक प्रक्रिया ही जाति प्रथा को खत्म कर सकती है। अपने जनतान्त्रिक मूल्यों, विश्वासों को जीवन में बरतते हुए और जाति प्रथा के दंश को महसूस करते हुए बाबू जगजीवन राम इस निष्कर्ष पर पहुँचे थे कि जाति प्रथा और जनतन्त्र साथ-साथ नहीं चल सकते। बाबू जगजीवन राम के लिए जनतन्त्र की हिमायत करना जाति प्रथा को निर्मूल करने की कोशिश का हिस्सा था।

बाबू जगजीवन राम अच्छी तरह जानते थे कि जाति प्रथा के वरीयता क्रम को बदलने मात्र से जाति दंश खत्म नहीं होने वाला। बल्कि यह एक प्रकार के दंश की जगह दूसरे प्रकार के दंश को जन्म देना है। उनके लिए ब्राह्मणवाद के खात्मे का अर्थ केवल दलित मुक्ति नहीं थी। उनकी तत्वभेदी दृष्टि देख पा रही थी कि ब्राह्मणवाद की चक्की में दलित के साथ ब्राह्मण भी पिस रहा है, क्षत्रिय भी पिस रहा है, वैश्य भी पिस रहा है। इसलिए ब्राह्मणवाद का खात्मा दलितों को मुक्त करने के साथ ही ब्राह्मणों, क्षत्रियों और वैश्यों को भी मुक्त करने वाला है । जगजीवन राम की दलित दृष्टि इस अर्थ में व्यापक और उदार थी कि वे सम्पूर्ण मनुष्यता की मुक्ति के बारे में सोचते थे। उनके लिए दलित मुक्ति का अर्थ जाति और वर्ण के बंधन में फँसी मनुष्यता की मुक्ति थी।

अपने सुदीर्घ सामाजिक जीवन में बाबू जगजीवन राम ने महसूस किया था कि हमारे देश में सोच का अकाल पड़ गया है। आज की राजनीति में व्याप्त संकीर्णता और वैचारिक शून्यता को देखते हुए बाबूजी का यह कथन कहीं ज्यादा अर्थवान लग रहा है। ध्यान से देखें तो जगजीवन राम का जीवन सोच के अकाल के दौर में उदात्त सोच को फिर से रोपने के लिए एक अजस्त्र प्रेरणा स्त्रोत है।



बाबू जगजीवन राम सच्चे अर्थों लोकतांत्रिक चेतना के व्यक्ति थे। लोकतांत्रिक चेतना को भारतीय समाज में विकसित करने में जिन लोगों का योगदान है, उनमें बाबू जगजीवन राम का नाम अगली कतार में आता है। बाबू जगजीवन राम की स्पष्ट राय थी कि भारतीय समाज में वर्ण व्यवस्था और लोकतंत्र साथ-साथ नहीं रह सकते। इसीलिए वे ताजिन्दगी वर्ण व्यवस्था के विरुद्ध संघर्ष करते रहे।

बाबू जगजीवन राम का आरम्भिक जीवन स्वाधीनता संघर्ष में लगा रहा तो परवर्ती जीवन आधुनिक भारत के निर्माण की प्रक्रिया में। आजादी के बाद बने नये राजनीतिक ढ़ांचे के भीतर पुरानी सामाजिक संर्कीणताएं मौजूद थीं। बाबू जगजीवन राम की अन्तर्दृष्टि इस सच्चाई को भली प्रकार देख रही थी।राजनैतिक नारे और व्यक्तिगत आचरण का यह भेद बाबू जगजीवन राम को वैसे ही परेशान करता था, जैसे कथनी और करनी के बीच भेद संतो को परेशान करता था।

जगजीवन राम इस भयावह सामाजिक सच्चाई का समाधान बुद्ध के चिन्तन और महात्मा गाँधी के प्रयोग में देखते हैं। क्योंकि बुद्ध और गाँधी दोनो ने ही चिन्तन, वाणी, आचरण की पवित्रता और एकरूपता को बड़प्पन का आधार माना था। बाबू जगजीवन राम बहुत संजीदगी से यह सवाल करते हैं-'कितने हैं, जो इस कसौटी पर खरे उतरेंगे?' आजादी के रूप में हुआ राजनीतिक परिवर्तन अपना वास्तविक जनतान्त्रिक रूप नही ग्रहण कर सकता जब तक कि सामाजिक परिवर्तन न हो। इसलिए बाबू जगजीवन राम सामाजिक क्रान्ति की अनिवार्यता महसूस कर रहे थे। उनका दृढ़ विश्वास था कि 'जातिवाद और जनतंत्र साथ-साथ नहीं चल सकते।'

वर्ण और जाति के विरुद्ध बाबू जगजीवन राम का संघर्ष अस्मितावादी राजनीति के दायरे में नहीं बल्कि राष्ट्रीय दायरे में था। अस्मितावादी राजनीति जाति और वर्ण को बनाये और बचाये रख कर ही हो सकती है। उनके लिए जनतन्त्र एक मूल्य व्यवस्था है। इस मूल्य व्यवस्था की अनिवार्य शर्त गैर बराबरी की समाप्ति है। जाति और वर्ण का ध्वंस जनतांत्रिक मूल्यों की रचना के लिए जरूरी है। यही सोच बाबू जगजीवन राम की विचार दृष्टि को व्यापक मानवीय आयाम देती है। इसीलिए वे सोच पाते हैं कि अस्पृश्यता से सिर्फ अस्पृश्यों को ही नुकसान हुआ हो, ऐसी बात नहीं है इससे हमारे समाज को नुकसान हुआ है। इसलिए मैं मानता हूँ कि अस्पृश्यों की समस्या, केवल उनकी ही समस्या नहीं है। यह एक राष्ट्रीय-समस्या है और जब तक हम उसको राष्ट्रीय समस्या मानकर राष्ट्रीय स्तर पर सुलझाने का व्यापक प्रयत्न नहीं करेंगे, तब तक इसे सुलझाया नहीं जा सकेगा।' अस्पृश्यता एक राष्ट्रीय समस्या है। अस्पृश्यों ने अपनी मुक्ति का संग्राम और मजबूत किया है और अकेले अपनी लड़ाई लड़ने की तैयारी की है।बाबू जगजीवन राम कहते हैं ''ऐसी स्थिति में यह आवश्यक है कि उनको अकेले न छोड़ा जाए।'' इसमें पूरे समाज की भागीदारी जरूरी है क्योंकि यह मुक्ति की साधना है। ऐसी मुक्ति की साधना जिससे सारा भारतीय समाज मुक्त होगा, इस मुक्त भारतीय समाज में ही सच्चे लोकतंत्र की इमारत बन सकती है। बाबू जगजीवन राम ऐसे ही लोकतंत्र के कीमियागर थे।

**( लेखक शंकराचार्य विवि भिलाई के कुलपति हैं, संपर्क 96163 93771)**

# भारतीय राजनीति के मनीषी बाबू जगजीवन राम

स्मरण

अरविंद जयतिलक



बात चाहे आजादी के संघर्ष की हो अथवा स्वाधीन भारत को अर्थपूर्ण मुकाम देने की या दलित समाज को राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने की देश सदैव ही जगजीवन बाबू का ऋणी रहेगा। जगजीवन बाबू का निर्मल व्यक्तित्व, ओजपूर्ण वक्तव्य और समतावादी विचार आज भारतीय जनमानस के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। गरीब और दबे-कुचले परिवार में जन्म लेने के बावजूद भी बाबू जगजीवन राम में साहस और आत्मबल गजब का था। छात्र जीवन से ही वे जुझारु प्रकृति के थे और देशभक्ति की भावना कूट-कूटकर भरी थी। समाज में व्याप्त ऊंच-नीच और गैर-बराबरी की पीड़ा उन्हें द्रवित करती थी किंतु वे कभी इससे विचलित नहीं हुए। उन्होंने हर परिस्थितियों का साहस से मुकाबला किया। बाबू जगजीवन राम में विपरित परिस्थितियों को अनुकूल बनाने की अद्भुत क्षमता थी। अपने कुशल व्यवहार व शालीन आचरण तथा धीर-गंभीर व्यक्तित्व के कारण अपने वैचारिक विरोधियों में भी उतना ही लोकप्रिय थे जितना कि अपनों के बीच। बाबू जगजीवन राम का उदात्त जीवन गांधी जी से प्रभावित था। गांधी की तरह वे भी अहिंसात्मक आंदोलन में विश्वास करते थे। इसीलिए वे गांधी जी के हर कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। 1942 में जब गांधी जी ने 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' आंदोलन का नारा दिया तो बाबू जगजीवन राम सेनापति की तरह अग्रिम पंक्ति में डट गए। सिविल नाफरमानी आंदोलन में भी वे अंग्रेजी सरकार की मुखालफत कर जेल जाना स्वीकार किया। मानवीय उदात्त भावनाओं से लबरेज बाबू जगजीवन राम की लोकप्रियता की धाक ही कही जाएगी कि वे महज 28 साल की उम्र में ही 1936 में बिहार विधान परिषद के लिए चुने गए। इसके बाद जब 1935 के गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट के तहत 1937 में चुनाव हुआ तो वे डिप्रेस्ड क्लास लीग के उम्मीदवार के तौर पर निर्विरोध चुने गए और साथ ही अपने राजनीतिक आभामंडल से 14 उम्मादवारों को भी निर्विरोध निर्वाचित कराने में सफल रहे। हालांकि अग्रेजों ने भरपूर कोशिश की कि बाबू जगजीवन राम को पद और धन का लालच देकर बिहार में एक कमजोर सरकार का गठन किया जाए। लेकिन स्वाभिमान के धनी बाबू जगजीवन राम ने अंग्रेजों की रणनीति विफल कर दी और उनकी राष्ट्रनिष्ठा का देश ने लोहा माना। बिहार में जब कांग्रेस की सरकार बनी तो वे मंत्री बनाए गए। लेकिन अंग्रेज सरकार के तिकड़म से आजिज आकर जब गांधी जी की सलाह पर कांग्रेसी सरकारों ने इस्तीफा दिया तो बाबू जगजीवन राम इसमें भी सबसे आगे दिखे। बाबू जगजीवन राम लोहे से लोहा काटने में माहिर थे और उन्होंने अंग्रेजों की कूटनीतिक रणनीति का जवाब राष्ट्रनीति से दिया। देश की आन-बान और शान उनके लिए सर्वोपरि था। अंग्रेजों की दिली इच्छा थी कि भारत छोड़ने से पहले भारतवर्ष कई टुकड़ों में विभक्त हो। इसके लिए वे बाबू जगजीवन राम को अपने पक्ष में करने की भरपूर कोशिश की। शिमला में कैबिनेट मिशन के सामने जब बाबू जगजीवन राम डिप्रेस्ड क्लास लीग के प्रतिनिधि के तौर पर शामिल हुए तो अंग्रेजों ने उन्हें अपने पाले में लाने की भरपूर कोशिश की। दरअसल उनकी मंशा दलितों और भारतीयों में फूट डालने की कोशिश की थी। लेकिन बाबू जगजीवन राम अंग्रेजों की मंशा को तत्काल भांप गए और सजग हो गए। बाबू जगजीवन राम की राजनीतिक स्वीकार्यता इतनी जबरदस्त थी कि अंतरिम सरकार में लार्ड वॉवेल की कैबिनेट में जब एक दर्जन लोगों को शामिल किया गया तो उनमें जगजीवन राम भी थे। उन्हें श्रम मंत्रालय का प्रभार दिया गया। श्रम विभाग के मंत्री तौर उन्होंने अपनी काबिलियत का भरपूर परिचय दिया। उनके मन में आम आदमी के प्रति पीड़ा थी। उसकी स्पष्ट छाप उनके कार्यों में भी देखने को मिली। उनके फोकस में हमेंशा समाज के अंतिम पांत का अंतिम व्यक्ति था। वे चाहते थे कि समाज के गरीब, दबे-कुचले और निरीह लोग राष्ट्र की मुख्य धारा में सम्मिलित हो और उनका चतुर्दिक विकास हो। इसलिए श्रम मंत्री रहते हुए उन्होंने ढेरों ऐसे मानवीय कानून बनाए जो आज भी प्रासंगिक हैं। मसलन उन्होंने मिनिमम वेजेज एक्ट, इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट्स एक्ट और ट्रेड यूनियन बनाया जिसकी उपादेयता आज भी मजदूरों के हित के लिए सर्वाधिक सारगर्भित मानी जाती है। आजादी के बाद भी बाबू जगजीवन राम ने अपने गुरुत्तर उत्तदायित्व का भली प्रकार निर्वहन किया। 1952 में जब देश में प्रथम आम चुनाव हुआ और पंडित नेहरु की सरकार बनी तो जगजीवन बाबू संचार मंत्री बनाए गए। महत्वपूर्ण विभाग होने के नाते उनकी जिम्मेदारी भी बड़ी थी। उन दिनों विमानन मंत्रालय भी संचार विभाग के ही अधीन हुआ करता था। लिहाजा उन्होंने राष्ट्र के विकास के लिए अपना जी-जान लगा दिया। उन्होंने निजी विमानन कंपनियों का राष्ट्रीयकरण किया और गांव-गांव में डाकखानों की उपलब्धता सुनिश्चित की। उनकी योग्यता और कर्मठता से अभिभूत होकर पंडित नेहरु ने उन्हें रेल मंत्रालय का उत्तदायित्व भी सौंप दिया। बतौर रेलमंत्री बाबू जगजीवन राम के समक्ष एक बड़ी चुनौती थी और उन्होंने इसे स्वीकार किय। जगजीवन बाबू चुनौतियों पर विजय पाना अच्छी तरह जानते थे। उन्होंने दूरदृष्टि का परिचय देते हुए सबसे पहले रेलवे के आधुनिकीकरण पर जोर दिया। उन्हें अच्छी तरह जानते थे कि रेल न केवल राज्यों को जोड़ती है बल्कि लोगों के दिलों को भी जोड़ती है। सो उन्होंने उसके विस्तार के लिए उल्लेखनीय कार्य किया। रेल कर्मचारियों के प्रति उनका अगाध प्रेम जबरदस्त था। उन्होंने उनके हित में कई योजनाएं बनायी और उसका परिणाम भी बेहद सार्थक निकला। बाबू जगजीवन राम की दिलेरी कभी-कभी कुतुहल पैदा करती थी। सत्ता को मोह उनपर कभी हावी नहीं रहा। जब कामराज योजना आयी तो उन्होंने सत्ता सुख को ठोकर लगाकर एक कर्मयोगी की तरह संगठन पर ध्यान केंद्रीत किया। किंतु लालबहादूर शास्त्री के मृत्योपरांत जब इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री बनी तो बाबू जगजीवन राम उनके लिए फिर प्रासंगिक हो गए। उन दिनों भारत संक्रमण के दौर से गुजर रहा था। आंतरिक और वा' दोनों मोर्चे पर भारत एक साथ जुझ रहा था। 1962 में चीन के हाथों करारी हार ने सेना का मनोबल तोड़ दिया था। भारतीय जनमानस भी उद्वेलित और विचलित था। 1965 में पाकिस्तान भी भारत को आंख दिखा चुका था। ऐसे में देश को अवसाद से उबारना जरुरी था। लेकिन देश में व्याप्त गरीबी और भूखमरी एक नयी चुनौती थी और वह संकट को लगातार बढ़ा रही थी। अन्न की कमी और सूखे की भयावहता मानवता को लील रही थी। देश अमेरिका से पीएल 480 के तहत सहायता में मिलने वाले गेहूं और ज्वार पर आश्रित था। किंतु वह भी ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहा था। सबका पेट भरना कठिन था। उम्मीद की किरण तब जगी जब नॉरमन बोरलाग भारत आकर हरित क्रांति का संचार किया। आधुनिक सोच के प्रबल पैरोकार बाबू जगजीवन राम तब कृषि मंत्री थे। उन्होंने डा0 नॉरमन बोरलाग के विचारों को सराहा और अपना शत-प्रतिशत राजनीतिक समर्थन दिया। ईमानदारी से किया गया प्रयास रंग लाया। महज तीन साल के अंदर ही खेतों में फसल लहलहाने लगी और अन्न उत्पादन के मामले में भारत अपने पैरों पर खड़ा होने लगा। दरिद्रता का पांव सिकुड़ने लगा। खुशहाली बढ़ने लगी। तत्काल ही भारत निराशा के गर्त से बाहर आ गया। इसका श्रेय बाबू जगजीवन राम को जाता है। 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में बाबू जगजीवन राम का योगदान अविस्मरणीय है। जिस तरह उन्होंने सेनाओं के लिए राजनीतिक समर्थन जुटाया वह उनकी राष्ट्रभक्ति की अटूट बानगी है। बाबू जगजीवन राम की दलीय प्रतिबद्धता और राजनीतिक विश्वसनीयता कमाल की थी। वे आंख बंद कर दूसरे पर भरोसा करते थे और चाहते भी थे कि उन पर भी उसी तरह भरोसा किया जाए। जब इंदिरा गांधी अपने राजनीतिक जीवन के जटिल दौर से गुजर रही थी उस दरम्यान बाबू जगजीवन राम उनके साथ चट्टान की तरह खड़े रहे। हिमालय की तरह अडिग विचार और सागर की तरह गहरी संवेदना रखने वाले इस मनीषी की जयंती पर भला उन्हें कौन याद करना नहीं चाहेगा।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

## व्यंग्य

# जासूसी उपन्यास न लिखने का गम

अरविंद तिवारी



एक बार फिर जासूसी उपन्यास का जमाना आ गया है। बस यूं समझ लो हम इकहत्तर वर्ष के किशोर हो गए !किशोरावस्था में जासूसी उपन्यास और लुगदी साहित्य पढ़ने का हमें शौक लग गया था।कोर्स की किताबें पढ़ने का दिखावा करते हुए जासूसी उपन्यास पढ़ते रहते थे।वेद प्रकाश कांबोज का जासूस विजय,हम आज तक नहीं भूले हैं।उसका मित्र रघुनाथ एस पी,उर्फ तुला राशि भी नहीं भूले हैं।आज हम स्वीकार करते हैं,उपन्यास में इन दोनों के विनोद वचन पढ़कर ही हम व्यंग्यकार बने हैं!एक विश्वविद्यालय के हिंदी पाठ्यक्रम में गुलशन नंदा,वेद प्रकाश शर्मा,सुरेन्द्र मोहन पाठक को रखे जाने के कारण हम उम्र के पचपन साल पीछे लौट आए हैं।समकालीन बड़े बड़े लेखक जब गोदान आदि पढ़ रहे थे तब हम गुलशन नंदा को पढ़ रहे थे।आज साबित हो गया कि हम ही सही थे!

वेद प्रकाश शर्मा का ?वर्दी वाला गुंडा?उपन्यास हमने तब पढ़ा,जब हम एक सरकारी पत्रिका के संपादक थे और उस शहर में मान्यता प्राप्त साहित्यकार कहे जाते थे।हमसे मिलने शहर के साहित्यकार प्रायःआते रहते थे।उनके आने पर हम ?वर्दी वाला गुंडा?उपन्यास फाइलों में छुपा दिया करते थे,ताकि लेखकीय गरिमा बनी रहे।आज कोई साहित्यिक कृति पढ़ता हूं तो फोन कर-के मित्रों को उस कृति के बारे में जरूर बताता हूं।तब वर्दी वाला गुंडा पढ़ते हुए किसी को बता भी नहीं पाता था।काश!उन्हीं दिनों किसी ने इस उपन्यास को कोर्स में लगा दिया होता तो हमें इसे पढ़ते हुए, हीन भावना से नहीं गुजरना पड़ता।गुलशन नंदा के उपन्यासों पर तब फिल्में बनी थीं,जब साहित्यिक उपन्यासों पर बनी फिल्में पिट रही थीं।उधर गुलशन नंदा के उपन्यासों पर बनी फिल्में हिट हो रहीं थीं।

तभी पता चल गया था कि गुलशन नंदा लोकप्रिय साहित्यकार हैं। पर विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम समिति को अब जाकर पता चल पाया है कि गुलशन नंदा लोकप्रिय साहित्यकारों की श्रेणी में आते हैं।रायलटी से पहले ही करोड़पति हो चुके,इन लुगदी लेखकों को और धनवान बनाने की योजना है यह।

अब मनोहर कहानियां वालों को विश्वास हो गया है,उनकी कहानियां भी,बड़े बड़े हिंदी कथाकारों के साथ कोर्स में शामिल हो सकती हैं।हमारे मित्र शर्मा जी का मानना है कि एक दिन वल्गर साहित्य की कुआंरी कलियां या मचलती जवानी जैसी अश्लील किताबें भी पाठ्यक्रम में शामिल हो जाएंगी,जिन्हें हम किसी बाग में जाकर एकांत में पढ़ते थे।दस रुपए कीमत की यह किताब कालाबाजारी के बरक्स बीस रुपए में मिलती थी।फिल्मों के लोकप्रिय गीत भी लोकप्रिय साहित्य में आते हैं।झुमका गिरा रे बरेली के बाजार में वाला गीत, कविता के पाठ्यक्रम में शामिल हो सकता है।इसके लेखक को महत्वपूर्ण कवि माना जा सकता है।

इधर हमें घोर पश्चाताप हो रहा है कि हमने व्यंग्य उपन्यासों की जगह वर्दी वाला गुंडा टाइप का उपन्यास क्यों नहीं लिखा।चार व्यंग्य उपन्यास और एक आदर्श उपन्यास लिखकर हम अमर नहीं हो सकते।छठवां लिखा जा रहा उपन्यास भी इसमें कोई मदद नहीं कर सकता।ग्यारह व्यंग्य संग्रह और दो काव्य संग्रह भी इनके साथ शामिल कर लिए जाएं, तो भी एक वर्दी वाला गुंडा का मुकाबला नहीं किया जा सकता।हमारे भीतर जासूसी प्रतिभा थी,पर हम उम्र भर साहित्य के पचड़े में पड़े रहे।इतने पर भी कोई नामलेवा दिखाई नहीं देता।काश!हमने अपनी जासूसी उपन्यास वाली प्रतिभा को पहचाना होता तो मुमकिन था,हमारा जासूसी उपन्यास लोकप्रिय साहित्य के कोटे से एम ए,हिंदी के कोर्स में शामिल हो जाता।वैसे साहित्य के मठाधीश हमारी जासूसी प्रतिभा को खूब पहचानते हैं।हम उन्हें बता देते हैं,अमुक लेखक को बड़ा सम्मान क्यों और कैसे मिला।हम साहित्य के किसी भी मठाधीश की कुंडली खोल के रख देते हैं।हमारी जासूसी प्रतिभा का यह प्रयोग फालतू की पल्लेदारी वाली श्रेणी में आता है।फिर वही आह निकल रही है,काश हमने भी, कोई लोकप्रिय जासूसी उपन्यास लिखा होता!

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

संक्षेप

## मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियां जोरों पर



पटवध आजमगढ़। सदर तहसील अंतर्गत हरिहरपुर गांव में संगीत महाविद्यालय का शिलान्यास करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके साथ गृहमंत्री अमित शाह का कार्यक्रम 7 अप्रैल को निर्धारित है। इस कार्यक्रम के तहत पूरा प्रशासन जोरों पर लगा हुआ है। हरिहरपुर गांव में संगीत महाविद्यालय के शिलान्यास कार्यक्रम के तहत नामदारपुर गांव में सभा का आयोजन भी किया गया है जिसकी तैयारी के लिए पूरा प्रशासन लगा हुआ है। मौके पर आसपास के गेहूं की कटाई जोरों से चल रही है रास्ते को पिच रोड बना दिया गया और हेलीपैड के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग अपने स्तर से युद्ध स्तर पर लगा हुआ है। मौके पर एसडीएम सदर एडीएम प्रशासन सीईओ एसपी ग्रामीण तथा सारा प्रशासनिक अमला सिस्टम को बनाने में लगा हुआ है वही किसानों द्वारा अपने खेतों में गेहूं की कटाई बहुत तीव्र गति से की जा रही है किसानों का कहना था कि यही मुख्यमंत्री का कार्यक्रम अगर कहीं एक सप्ताह बाद होता तो हम लोगों को इतनी आपाधापी नहीं करनी पड़ती अभी कुछ लोगों की फसल पूरी तरह से पकी नहीं है लेकिन कार्यक्रम का निर्धारण हो चुका है इसलिए मजबूरन फसलों की मड़ाई करनी है क्योंकि उसमें टेंट और गाड़ी पार्किंग की व्यवस्था सब की जा रही है। साफ सफाई में सारे सफाई कर्मियों को लगाया गया है। साफ-सफाई को देखते हुए वही ग्रामीणों का कहना था कि काश इसी तरह से हमेशा आते मुख्यमंत्री।

## हर्षोल्लास से मनायी गयी महावीर जयंती



आजमगढ़। करतालपुर स्थित जीडी ग्लोबल स्कूल में मंगलवार को महावीर जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारंभ महावीर स्वामी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीपप्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने महावीर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की निदेशिका स्वाति अग्रवाल ने बच्चों को झूठियों और जीने दो की संकल्पना का संदेश दिया। प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने बच्चों को प्रेरित करते हुए अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, आचैर्य और ब्रह्मचर्य के सिद्धांत बताया और अहिंसा को सबसे उच्चतम नैतिक गुण बताया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका सरस्वत पाण्डेय ने भगवान महावीर के जन्मोत्सव की अनंत शुभकामनाएं देते हुए बताया कि अहिंसा के संदेश-वाहक भगवान महावीर जी की प्रासंगिकता रही है कि महावीर के पथ पे चलने आपको ह्वदेश होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जो जीवन के व्यामोह मोह तज कर हम गंगाजल से तन मन को तीर्थ बना लेगा, वह महावीर हो जाएगा। विद्यालय की प्रधानाचार्य मधु पाठक ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सत्य और अहिंसा के महत्व को प्रतिपादित किया।

## आप ने की निकाय चुनाव के प्रभारियों की नियुक्ति



आजमगढ़। मंगलवार को शहीद कुंवर सिंह उद्यान पार्क में जिला प्रभारी कमलेश सिंह और जिलाध्यक्ष रविंद्र यादव के नेतृत्व में नगर निकाय चुनाव की तैयारी बैठक की गई। बैठक में नगर पालिका व नगर पंचायत चुनाव को लेकर रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में नगर पालिका व नगर पंचायत के निकाय चुनाव प्रभारियों की नियुक्ति की गई तथा कई जिम्मेदारियां दी गयी। बैठक में राजेश सिंह, डॉ विजय यादव, अमरनाथ यादव, रमेश चंद्र मौर्य, एडवोकेट एमपी यादव, मेंराज अहमद, कलिंदर यादव, रूपेश विश्वकर्मा, उमेश यादव, अर्जुन चैहान, सुमित चैहान, विपिन राय, राजेंद्र सिंह, राम रूप यादव, संजय कुमार राय, कमलेश सिंह, सतीश यादव, सोनू इकरार, आशा देवी, सुभाष चंद्र यादव, और कृपा शंकर पाठक, आदि लोग उपस्थित रहे।


## सपा भाजपा एक सिक्के के दो पहलू : घनश्याम



आजमगढ़। बहुजन समाज पार्टी की आवश्यक मण्डलीय बैठक करतालपुर स्थित एक मैरेज हाल में आजमगढ-अयोध्या मण्डल के प्रभारी डॉ. विजय प्रताप की अध्यक्षता में मंगलवार को सम्पन्न हुई। मण्डलीय बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि आजमगढ-अयोध्या-वाराणसी मण्डल के प्रभारी एवं पूर्व सांसद घनश्याम चन्द्र खरवार ने कहा कि पूरी दुनिया में डा. भीम राव अम्बेडकर साहब की मूर्तियां लगी है और 14 अप्रैल को उनकी जयंती मनाई जाती है। बसपा का गठन भी उनकी जयंती तारीख को हुआ है। अबकी बार हर टाउन एरिया, नगर पालिका के मुख्यालय पर जयंती मनाई जाएगी। बसपा एक विचार धारा है आज जो लोग बसपा छोड़कर अन्य पार्टियों में चले गए है उनको कोई पूछने वाला नहीं है। वे तड़प रहे है कि उन्हे कोई सम्मान देने वाला नहीं है। सपा मुखिया कांशीराम के मूर्ति का अनावरण कर अपना आदर्श बता रहे हैं जबकि यही सपा बसपा सरकार में जितने महापुरूषों के नाम से जिले और पार्क बनाये, उनके नाम को बदल दिए और पार्कों का नष्ट करने की धमकी दिए। आप सभी लोग अपना ध्यान सत्ता की तरफ कीजिए। नगर निकाय एवं नगर पालिका की सभी सीटों को जीतिए। क्योंकि जो आरक्षण तय हुआ है वह ये लोग पहले से ही करते आ रहे है।

सपा भाजपा एक सिक्के के दो पहलु है भाजपा को सिर्फ बसपा ही हरा सकती है अन्य कोई नहीं। जब बसपा मजबूत रहेगी तब भाजपा कमजोर होगी। सभी वर्ग एवं समाज के लोग बसपा की सरकार चाहते है। बैठक में ओंकार शास्त्री, अंजनी राजभर, अशोक राजभर, अमरनाथ चौहान, रामजी सरोज, सुहेल वर्मा, धर्मराज पाल, रामपाल ठाकुर, केशव भारती, बालचंद्र, जयप्रकाश उर्फ लाले, अमरनाथ चौहान, हरिराम भाष्कर, चेतई राम, विजय कुमार सहित पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## कूट रचना कर जमीन बैनामा कराने वाला धराया



आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की धर पकड़ के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना मुबारकपुर पुलिस ने कूटरचित तरीके से जमीन बैनाम कराने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। वादिनी मुकदमा द्वारा थाना स्थानीय पर शिकायत किया गया कि ग्राम फखरुद्दीनपुर स्थित वादिनी मुकदमा के कुल 9 बिस्वा जमीन को वादिनी के पति रविन्द्र पुत्र स्व.बदरी निवासी ग्राम फखरुद्दीनपुर से धोखाधड़ी करके कूटरचित तरीके से कूटरचित चेक देकर अभियुक्त बबलू भारती पुत्र फौजदार राम निवासी ग्राम चकतगे थाना मुबारकपुर द्वारा रजिस्ट्री करा लिया गया है। शिकायत के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गयी। मंगलवार को मुकमदा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्त बबलू भारती पुत्र फौजदार राम निवासी ग्राम चकतगे थाना मुबारकपुर को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

## असलहा व गोमांस के साथ एक गिरफ्तार



आजमगढ़। थाना दीदारगंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चेकिंग के दौरान प्रतिबन्धित गोमांश व अवैध तमन्चा कारतूस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। दीदारगंज पुलिस अपराधियों की तलाश में शेखवलिया मोड़ तिराहा पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान अभियुक्त शहाबुद्दीन पुत्र अब्दुल गफ्फुर निवासी शेखवलिया थाना दीदारगंज को लगभग 21 किलो प्रतिबंधित गोमांश के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक अदद तमन्चा .315 बोर, व एक जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ। पुलिस ने उसे संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

# आग से 15 बीघा गेहूं की फसल राख, देर से पहुंची फायर ब्रिगेड

जनसंदेश न्यूज

अतरौलिया (आजमगढ़)। स्थानीय थाना क्षेत्र के गजईपुर व चत्तुरपुर गांव के बॉर्डर पर किसानों के गेंहू के खेत में अज्ञात कारण से आग लग गई। दोनों गांव के लगभग एक दर्जन किसानों के खेत में आग लगी जिसकी वजह से लगभग 15 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

आग लगने की इस घटना में गजईपुर गांव के राम बहादुर तिवारी, श्रीराम, जयराम प्रजापति, दयाराम, राम बहादुर तिवारी, साधु यादव, कौशल तिवारी, कतवारू यादव, राजबली गुप्ता,राम किशुन, रामचेत, कपिलदेव की लगभग 15 बीघा फसल जलकर नष्ट राख हो गई। कौशल कुमार तिवारी ने बताया कि अज्ञात कारणों से आग लगी थी जिसमें एक दर्जन किसानों की



खेत में लगी आग को बुझाते ग्रामीण।

15 बीघे फसल जल गई। वहीं राम बहादुर ने बताया कि घटना की सूचना फायर ब्रिगेड की टीम व स्थानीय पुलिस को दी गई है। ग्रामीणों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया। वहीं स्थानीय ग्रामीण ओमप्रकाश यादव ने बताया कि आगजनी की इस घटना में किसानों का भारी नुकसान हुआ है।

इसी क्रम में गोविंदपुर गांव निवासी हीरा सिंह पुत्र मुरली सिंह के गेहूं की फसल में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि देखते ही देखते 5 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी। ग्रामीणों तथा पुलिस की सहायता से किसी तरह आग पर काबू पाया गया लेकिन फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर समय से नहीं पहुंची।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कहीं भी आग लगने की घटना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर नहीं पहुंचती। ग्रामीणों द्वारा आग पर नियंत्रण पाने के बाद ही फायर ब्रिगेड की टीम विलंब से पहुंचती है ऐसे में फिर एक बार फायर ब्रिगेड पर लोगों ने सवाल खड़ा कर दिया।

## रंगारंग कार्यक्रम के बीच मना विद्यालय का वार्षिकोत्सव

जनसंदेश न्यूज

अतरौलिया (आजमगढ़)। स्थानीय नगर पंचायत के सम्मो माता स्थित एमपी मेमोरियल चिल्ड्रेन स्कूल में वार्षिकोत्सव रंगारंग कार्यक्रम के बीच हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जयनाथ सिंह रहे। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। तत्पश्चात विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चे व बच्चियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगो का मन मोह लिया।

बच्चियों द्वारा मां सरस्वती का गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चे और बच्चियों द्वारा कुल 80 गीत, नाटक, ग्रुप डांस प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। यूकेजी के बच्चों ने दिल है हिंदुस्तानी और चटक मटक पर दिल छू लेने वाला कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कक्षा 9 के बच्चों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के परिस्थिति में लोगों की आंखें नम हो गयी। मुख्य अतिथि जय नाथ सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से गांव गरीब किसान के बेटों के अंदर छुपे प्रतिभागियों को एक मंच मिलता है। उन्होंने कहा कि मुगलों का इतिहास पढ़ाने से कहीं न कहीं हम अपने योद्धाओं को भुला देते थे। सरकार के इस निर्णय से हम अपने माटी से जुड़े वीर योद्धाओं का इतिहास पढ़ने व



वार्षिकोत्सव में नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं।

समझने का मौका मिलेगा। प्रबंधक राणा प्रताप सिंह ने लोगो का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जितेंद्र सिंह गुड्डू, चंद्रजीत तिवारी, हरीश तिवारी, सुनील पांडेय, महेंद्र यादव दिनेश मद्धेशिया धर्मेंद्र निषाद राम चन्द्र जायसवाल आनंद तिवारी, दीपक सिंह, प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह, दीपक सिंह, राजवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## रंगदारी मांगने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना बरदह पुलिस ने रंगादारी मांगने व धमकी देने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया। बीते 14 फरवरी को उर्मिला पत्नी शिवनाथ विन्द निवासी रसूलपुर तुंगी थाना बरदह द्वारा थाना स्थानीय पर शिकायत किया गया कि भूमि विक्रय से प्राप्त रुपयों के लालच में अभियुक्तों हरिलाल, रमेश यादव व अन्य 7 लोगो ने 16 अगस्त 2022 को द्वारा वादीनी के पति को विक्रेता के घर ले जाकर बकाया धनराशि दिलाने की बात कहकर वादिनी के पति को जबरन गाड़ी पर बैठाकर अप्पू यादव निवासी ग्राम बेलहरी इमाम अली (छित्तेपुर) के घर ले गये और छोड़ने के लिये 8 लाख रुपये न देने पर जान से मारने की धमकी देने लगे। शिकायत के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में थी। मंगलवार को पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्त हरिलाल पुत्र रामचन्दर निवासी बंधवा इस्लाम थाना बरदह को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# पांच घंटे में गुमशुदा बच्चों को पुलिस ने किया बरामद

मुबारकपुर (आजमगढ़)। स्थानीय पुलिस ने 5 घण्टे के भीतर 2 गुमशुदा बालकों की बरामदगी करने में सफलता हासिल की है।

मुबारकपुर थाना क्षेत्र के इस्लामपुरा निवासी अफजल पुत्र मो. मुतुर्जा ने सोमवार को एक प्रार्थना पत्र दिया कि उसके भांजे फईम पुत्र नसीम व अरमान पुत्र रहीम साइकिल से घर से निकले थे किन्तु वापस नहीं आये। काफी खोजबीन करने पर भी नहीं मिल रहे हैं। उक्त सूचना के क्रम में प्रभारी निरीक्षक ने तत्काल मुकदमा पंजीकृत किया और इसकी विवेचना उपनिरीक्षक राजीव कुमार सिंह से कराई। पुलिस बल द्वारा गुमशुदा बालकों की तलाश हेतु तत्काल दो टीम गठित की गयी। प्रथम टीम का नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक स्वयं एवं द्वितीय टीम का नेतृत्व चैकी प्रभारी कस्बा मुबारकपुर राजीव कुमार सिंह द्वारा की जा रही थी। इसी दौरान थाना क्षेत्र कप्तानगंज में भी सम्भ्रांत लोगो के जरिये बालकों के गुमशुदा होने के बावत जानकारी हासिल हुई। इस सूचना पर राजीव कुमार सिंह मय हमराह पुलिस बल को थाना क्षेत्र कप्तानगंज



मुबारकपुर थाने में बरामद गुमशुदा बच्चे।

भेजकर फईम पुत्र नसीम 9 वर्ष निवासी मोहल्ला इस्लामपुरा व अरमान पुत्र रहीम 9 वर्ष निवासी मोहल्ला शहीदनगर को बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

## विद्युत करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

फूलपुर (आजमगढ़)। मिजार्पुर ब्लाक के मोनापुर गांव में बोरिंग करने आये एक व्यक्ति की विद्युत करेंट की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। मिजार्पुर ब्लाक के मोना गांव में सुबह बोरिंग करने के लिए बोरिंग गाड़ी लेकर बोरिंग टीम अरविंद राय के बाग के पास पहुंची। बोरिंग मशीन का ऊपरी हिस्सा ग्यारह हजार बिद्युत से स्पर्श कर गया जिसकी चपेट में आने से विद्युत टीम का सदस्य छोटू 28 वर्ष पुत्र घूरे राम निवासी हथौली जयसिंहपुर थाना एका जिला फिरोजाबाद की मौके पर ही मौत हो गयी।

# एसपी ने खोली 23 की हिस्ट्रीशीट

आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने गोवध, हत्या, हत्या के प्रयास, मारपीट, आबकारी, एनडीपीएस, डकैती इत्यादि से सम्बन्धित 23 अपराधियों हिस्ट्रीशीट खोली है।

एसपी श्री आर्य ने बताया कि टाईगर उर्फ मृगांग पुत्र स्व. वीरेंद्र कुमार यादव निवासी सरवां, थाना दीदारगंज, प्रिन्स यादव पुत्र राजराम यादव निवासी कठही, अहरौला, हन्नान पुत्र अनसार अहमद निवासी लखमापुर, पवई, दिलशाद पुत्र मुहम्मद शमशाद निवासी खुरासो चकशह काफी, फूलपुर, वसीम पुत्र दिशेर निवासी कोटिला, रानी की सराय, अनीस पुत्र कलाम निवासी कोटिला, रानी की सराय, लालजी यादव पुत्र स्व.दलसिंगार निवासी सेंगरहा, रानी की सराय, पंकज मिश्रा पुत्र स्व.अरविन्द निवासी अमौड़ा, गम्भीरपुर, राजेन्द्र यादव पुत्र स्व.जगनरायण निवासी कारीसाथ, जहानागंज, विनोद यादव उर्फ आलोक पुत्र धर्मू उर्फ धर्मदेव यादव निवासी गोड़सर, जहानागंज, विजय कुमार विश्वकर्मा पुत्र सुभाषचन्द्र विश्वकर्मा निवासी मुतकल्लीपुर, पवई, संतोष यादव पुत्र जोखू यादव निवासी नौबरार देवारा जदीद किता दोयम, महराजगंज, मो.उमर पुत्र मोबिन निवासी नरायनपुर नेवादा, देवगॉव, मो.इमलाक अहमद उर्फ मुन्नू पुत्र एकलाख अहमद निवासी नरायनपुर नेवादा, देवगॉव, फहीम पुत्र मंगरू उर्फ समीम निवासी बैरीडीह, देवगॉव, ओबैदुल्लाह पुत्र जुबेर अहमद निवासी नरायनपुर नेवादा, देवगॉव, मो.गालिब पुत्र जुबेर अहमद निवासी नरायनपुर नेवादा, देवगॉव, शमीम अहमद पुत्र हारून रसीद निवासी नरायनपुर नेवादा, देवगॉव, शैफुल्लाह उर्फ सफीउल्लाह निवासी नरायनपुर नेवादा, देवगॉव, विजय गुप्ता पुत्र स्व. जगरन्नाथ गुप्ता निवासी कम्हरिया, तरवॉ, रणधीर यादव पुत्र स्व. परमा यादव निवासी कम्हरिया, तरवॉ, जावेद अख्तर पुत्र स्व. शब्बीर अहमद निवासी शेरवां, सरायमीर, व दीपक राजभर पुत्र अरविन्द राजभर निवासी बरदह की हिस्ट्रीशीट खोली गयी है।

# सीबीएसई अध्यापकों को दिया गया प्रशिक्षण

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल जाफरपुर में मंगलवार को सीबीएसई द्वारा अध्यापकों के लिए टीचर्स ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन किया गया।



दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि।

एक दिवसीय टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारम्भ सीबीएसई बोर्ड द्वारा नियुक्त मास्टर ट्रेनर मेनाज अली हैदर खान प्रधानाचार्य सनबीम स्कूल, मऊ एवं हेमा कलाकोटी प्रधानाचार्य एपीएस एकेडमी, सेनानी बिहार, लखनऊ ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानाचार्या रेखा सिंह ने मास्टर ट्रेनर मेनाज अली हैदर खान एवं हेमा कलाकोटी को बुके देकर अभिवादन किया। मास्टर ट्रेनर मेनाज अली हैदर खानएवं हेमा कलाकोटी ने 60 अध्यापकों को ट्रेनिंग दी। उन्होंने विभिन्न पहलुओं पर आर्ट के माध्यम से कक्षा में उपयोग करने के एवं प्रयोग करने के लिए प्रशिक्षित किया। साथ ही ईमानदारी एवं गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने का संकल्प कराया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित शिक्षक किसी भी स्कूल के लिए धरोहर होते है। सभी स्कूलों के शिक्षकों को प्रशिक्षण आवश्यक है। सिटी कोआर्डिनेटर रेखा सिंह ने कहा कि इस प्रशिक्षण से सभी अध्यापकों को अपने बच्चों में शिक्षा का माहौल एवं पढ़ने-पढ़ाने का तरीका नई तकनीक के माध्यम से देने का संकल्प लें कि आर्ट इंटरगेशन को आधार बनाते हुए एवं उनका उपयोग करते हुए कक्षाओं को संचालित करेगें।

# धूमधाम से निकाली गई राम महोत्सव की शोभायात्रा

आयोजन

### जयश्री राम के नारों से गूंजा पूरा क्षेत्र

जनसंदेश न्यूज

अतरौलिया (आजमगढ़)। नगर पंचायत क्षेत्र रामबरन चैक पर रामनवमी के उपरांत मंगलवार की शाम 6 बजे राम महोत्सव में धूमधाम से भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में राम दरबार की मनमोहक झांकी लोगों का आकर्षण का केंद्र रहा। झांकी के आगे आगे सूर्य के सात घोड़े का समूह व राम दरबार के दो हाथियों का गज द्वार आगे आगे चल रहे थे।

गाजा बाजा डीजे के साथ शोभा यात्रा नगर के गोविंद तिराहा बब्बर चैक दुर्गा मंदिर हनुमानगढ़ी होते हुए रामबरन चैक पर जाकर समाप्त हुआ। शोभायात्रा के आगे आगे भगवान राम दरबार की मनोहर झांकी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही साथ ही वीर हनुमान तथा राम विवाह



अतरौलिया में निकलती रामसीता की झांकी

की झांकी को भी लोगों ने खूब सराहा जिस गली से शोभायात्रा गुजर रही थी नगर की महिलाएं अपने अपने छतो से पुष्प वर्षा कर रही थी। शोभा यात्रा की उपस्थित भीड़ को देखते हुए अतरौलिया प्रभारी निरीक्षक द्वारा सुरक्षा के चाक-चैबंद व्यवस्था किया गया था झांकी में अयोध्या कटरा पीठ के पीठाधीश्वर चिन्मयानंद स्वामी जी द्वारा लोगों को राम से जुड़ी तत्वों की जानकारी तथा अयोध्या में बन रहे राम मंदिर की व्याख्या कर रहे थे वही बजरंग दल तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोगों द्वारा लठ्ठ प्रदर्शन तथा शस्त्र पूजा के उपरांत शस्त्र कला बाजी भी कर रहे थे शोभा यात्रा में मुख्य रूप से महेश सोनी वैभव चैरसिया ,जितेन्द्र सिंह ,अमित जायसवाल, राम जतन मोदनवाल दिनेश मद्धेशिया हर्षित सिंह, विजय जायसवाल, आशीष कुमार, किशन मद्धेशिया रामू सिंह, महेंद्र यादव, रामआसरे सोनकर, मनीष कुमार, सुमित कुमार उपस्थित थे।

## संदिग्धावस्था में युवक की मौत

फरिहा (आजमगढ़)। गम्भीरपुर थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर निवासी करन कुमार 23 वर्ष पुत्र पांचू लाल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। मोहदीनपुर गांव निवासी करन कुमार ट्रक ड्राइवर था और ट्रक चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। घर के पास ही ट्रक को खड़ा करके उसी में अक्सर सो जाता था। बताया जाता है कि सोमवार की रात भी यह कुछ साथियों के साथ देर शाम को ट्रक में बैठा था। ट्रक के बॉडी में गमछे से बाधा शव बरामद हुआ था। लोगों द्वारा देखे जाने पर इसकी सूचना ट्रक मालिक को दी गई। कुछ देरी बाद थाना गंभीरपुर कि पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के तरफ से कोई कार्रवाई न देखते हुए परिजनों सहित ग्राम वासियों द्वारा शव को फरिहा मोहम्मदपुर रोड पर रखकर जाम लगा दिया गया। जाम को हटाने के लिए सीओ, उप जिलाधिकारी निजामाबाद नायब तहसीलदार अभिषेक सिंह गंभीरपुर थाना अध्यक्ष विजय प्रकाश मौर्या पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और परिजनों से बातचीत की। परिजनों ने आरोप लगाया कि आत्महत्या नहीं हत्या की गई है। तहसीलदार के आश्वासन पर जाम खत्म हुआ।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बुढ़ावे हिसामुद्दिनपुर, वि0 ख0महराजगंज, आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 05.04.2023 से 11.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 12.04.2023 समय पूर्वान्ह 11:00 बजे।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 04.04.2023

(इन्द्रसेन)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं.बुढ़ावे हिसामुद्दिनपुर, वि.खं. महराजगंज
आजमगढ

(डा0 सतीश सिंह)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं.बुढ़ावे हिसामुद्दिनपुर, वि.खं. महराजगंज
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत नौ0 दे0 तुर्कचरा, वि0 ख0 महराजगंज, आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 05.04.2023 से 11.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 13.04.2023 समय दोपहर 12:00 बजे।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 04.04.2023

(ज्ञानमती)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. नौ0 दे0 तुर्कचरा, वि.खं. महराजगंज
आजमगढ

(रमेश सोनकर)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. नौ0 दे0 तुर्कचरा, वि.खं. महराजगंज
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत रुद्रपुर, वि0 ख0महराजगंज, आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 05.04.2023 से 11.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 12.04.2023 समय दोपहर 12:00 बजे।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 04.04.2023

(त्रिस्तरीय समिति)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. रुद्रपुर, वि.खं. महराजगंज
आजमगढ

(डा0 सतीश सिंह)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. रुद्रपुर, वि.खं. महराजगंज
आजमगढ़

**कार्यालय ग्राम पंचायत दे0 हरखपुरा खास, वि0 ख0 महराजगंज, आजमगढ़**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा/चतुर्थ/पंचम राजवित्त 14वां/15वां वित्त आयोग /पीजीआईएफ/स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1. ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत- प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. स्ट्रीट लाइट एवं सोलर/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 05.04.2023 से 11.04.2023 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मध्याह्न 12 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 13.04.2023 समय दोपहर 01:00 बजे।

पत्रांक-मेमो/2023-24 दिनांक 04.04.2023

(अजीत कुमार)
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. दे0 हरखपुरा खास, वि.खं. महराजगंज
आजमगढ

(रमेश सोनकर)
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. दे0 हरखपुरा खास, वि.खं. महराजगंज
आजमगढ़

# आचार संहिता का सभी पार्टियां कड़ाई से करें पालन : एसडीएम

**एसडीएम ने पार्टियों के प्रतिनिधियों को पिलाई आचार संहिता की घुट्टी**


पार्टी के प्रतिनिधियों को संबोधित करते एसडीएम

**लालगंज।** तहसील सभागार में एसडीएम भरत लाल सरोज ने मंगलवार को विधानसभा उप चुनाव को लेकर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर चुनाव आचार संहिता का पाठ पढ़ाया गया। चुनाव के नियम व समय सारिणी के बारे में बिस्तार रूप से जानकारी दी गई। कहा कि आचार संहिता का पालन न किए जाने पर निर्वाचन द्वारा प्राप्त नियमों के तहत कार्रवाई सुनिश्चित होगी। एसडीएम भरत लाल सरोज ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को संबोधित करते हुए कहा कि जनपद में आचार संहिता लागू हो गई है। जिसमें राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों को आचार संहिता का पालन करना चाहिए। कहा कि किसी भी दल या अभ्यर्थी को ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए जो विभिन्न जातियों और धार्मिक या भाषाई समुदायों के बीच मतभेदों को बढ़ाएं या घृणा की भावना उत्पन्न करें या तनाव पैदा करें। कहा कि मस्जिदों गिरजाघरों मंदिरों या पूजा के अन्य स्थानों का निर्वाचन प्रचार मंच के रूप में प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए। कहा कि किसी भी राजनीतिक दल या अभ्यर्थी को ध्वज दंड बनाने टांगने सूचनाएं चिपकाने नारे लिखने आदि के लिए किसी भी व्यक्ति को भवन या दीवार आदि पर बिना अनुमति के नहीं प्रयोग किया जाना चाहिए। कहा कि राजनीतिक दलों और अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके समर्थक अन्य दलों द्वारा आयोजित सभाओं आदि में बाधाएं उत्पन्न ना करें। किसी दल द्वारा जुलूस स्थानों से होकर नहीं ले जाना चाहिए, जिन स्थानों पर दूसरे दल द्वारा सभाएं की जा रही हो। कहा कि प्रत्याशियों को अपना प्रचार प्रसार प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में करने के लिए परमिशन लेना पड़ेगा। तहसीलदार शशांक शेखर राय ने बताया कि 25 अप्रैल से 26 अप्रैल के बीच जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा बूथों का निरीक्षण किया जाएगा। उप जिला अधिकारी ने बताया कि 15 अप्रैल 28 29 को प्रत्याशियों का प्रशिक्षण होगा तथा द्वितीय प्रशिक्षण 2 एवं 5 मई को होगा। कहा कि निर्वाचन नियमावली 24 अप्रैल तक पूर्ण कर ली जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रत्याशी के पास 10000 से अधिक रुपया नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर द्वय रजिस्ट्रार कानूनगो सुनील दुबे, कृष्णा यादव, अपना दल के जिला अध्यक्ष राम लोटन बिंद, कुलदीप पटेल, संजय मौर्य, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष शिव शंकर पांडे, भाजपा मंडल अध्यक्ष राम शिरोमणि मौर्या, कीर्ति कोल, हरिओम मौर्य, आदि लोग उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग में सामान जलकर राख


आग से जला मड़हा

**जिगना।** विंध्याचल थाना के विजयपुर ग्राम सभा के महुआडांड़ में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग में रमेश कुमार की गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर दमकल गाड़ी के साथ चौकी प्रभारी रविकांत मिश्रा दलबल के साथ पहुंचकर आग पर काबू पाया। तब तक बहुत देर हो चुकी थी। 2 झोपड़ी जलकर खाक हो गई थी।

रमेश कुमार ने बताया कि घर में रखे अनाज लगभग गेहूं 15 कुंटल चावल, 7 कुंटल मटर, चना, सरसों, साइकिल दो, ट्रैक्टर के टायर जलकर खाक हो गए। यहां तक की घर में अब खाने के लिए कुछ नहीं बचा है। आग बुझाने में गुड़िया नाम की लड़की झुलस गई।

उसका प्राथमिक उपचार होने के बाद घर के लिए भेज दिया गया। वहीं पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विजयपुर गुलाम रसूल घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित व्यक्ति को आर्थिक मदद की। कहा कि पहले आप लोग कुछ सामान मंगवा कर बच्चों के लिए अपने लिए खाने की व्यवस्था करें।

## बिना प्रपत्र गिट्टी बालू के सात वाहनों को किया सीज

**कार्रवाई**

**खान अधिकारी ने अभियान चलाकर किया कार्रवाई**


वाहनों की जांच करते अधिकारी

**हलिया।** खान अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने सोमवार की मध्य प्रदेश रात्रि से अभियान चलाकर बिना प्रपत्र के गिट्टी बालू का परिवहन कर रहे कुल सात वाहनों को पकड़कर कार्रवाई करते संबंधित थानों में वाहनों को खड़ा कराया है। खान अधिकारी के इस कार्रवाई से बिना प्रपत्र के वाहनों का परिवहन करने वाले लोगो में हड़कंप मच गया है। मध्यप्रदेश की ओर से बालू लादकर आ रहे एक ट्रक को हलिया कस्बा तथा दो ट्रकों को देवरी बाजार से तथा तीन गिट्टी लदे हाइवों वाहनों को यूपी एमपी बार्डर जड़कुड़ के पास से रोककर बालू गिट्टी परिवहन से संबंधित प्रपत्र की मांग वाहन चालकों से मांग की लेकिन कोई प्रपत्र नही दिखा पाने से वाहनों को थाना परिसर हलिया में खड़ा कराया है। जबकि एक वाहन को तिलांव चौकी परिसर में खड़ा कराया है। बताते चलें कि इन दिनों वन्यजीव अभ्यारण्य क्षेत्र से होकर प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में हाइवा ट्रक बालू गिट्टी लादकर गुजर रहे हैं जिससे शासन को राजस्व को क्षति हो रही है जबकि जंगली जानवरों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है।

## ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित होकर पलटा प्याज लदा ट्रक

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर मंगलवार सुबह नौ बजे के करीब प्याज लादकर घाटी से नीचे उतर रहे ट्रक का ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित होकर घाटी में सड़क किनारे पलट गया संयोग ठीक था कि ट्रक में सवार 28 वर्षीय चालक तौहीर अहमद निवासी जगदीशपुर अमेठी व बीस वर्षीय खलासी इमरान खान निवासी सूपामऊ जिला बाराबंकी बाल बाल बच गया। ट्रक चालक तौहीर अहमद ने बताया कि मध्यप्रदेश के सागर जिले से प्याज लादकर बिहार के छपरा जिला जा रहा था कि ड्रमंडगंज घाटी में नीचे उतरते समय अचानक ब्रेक फेल हो गया और ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया संयोग ठीक था कि हादसे में खरोंच तक नही आई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने घटना की जांच पड़ताल करते हुए घटना की सूचना ट्रक मालिक को दी।

# कर्मचारी कर रहे हैं प्रदर्शन बेअसर बने हैं अधिकारी

**नाराजगी**

**कर्मचारियों ने वेतन भुगतान को लेकर फैक्ट्री प्रबंधन को दिया पत्रक**


फैक्ट्री के गेट पर प्रदर्शन करते कर्मचारी

**चुनार।** जेपी सीमेंट फैक्ट्री चुनार के कार्यरत कर्मचारियों का माह सितंबर से वेतन नहीं मिल रहा है। कर्मचारियों ने बकाया वेतन भुगतान को लेकर सोमवार से बांबे इंटेलीजेंस सिक्योरिटी (बीआईएस) विभाग में कार्यरत सुरक्षा गार्ड एवं इम्प्लाइज कर्मचारियों ने आक्रोशित होकर सोमवार से अनिश्चित काल के लिए डिस्पैच गेट व प्रशासनिक एवं क्रमिक विभाग के गेट पर कड़ी धूप में धरना प्रदर्शन पर बैठे हैं। हड़ताली कर्मचारियों ने बताया की कंपनी द्वारा पिछले एक वर्ष से आधा वेतन दिया जा रहा था। इसके पहले तीन माह पूर्व धरना प्रदर्शन किया गया था तो फैक्ट्री के अधिकारियों ने 90 दिन समय मांगा था। समय बीतने के साथ ही बकाया भुगतान नही होने से सैकड़ों कर्मचारियों ने पुनः प्रशासनिक एवं क्रमिक गेट व डिस्पैच गेट पर धूप में धरना पर बैठ गए। कर्मचारियों ने बताया कि वेतन भुगतान नहीं होने से बच्चों के स्कूल का फीस जमा नही हो पा रहा है। स्कूल प्रबंधन बकाया बिल जमा करने के लिए नोटिस भेज रहा है। धरनारत कर्मचारियों के माथे पर बच्चों के भविष्य की चिंता साफ दिखाई दे रहा था। 6 माह तक आधा वेतन दिया। इसके बाद पूरा वेतन बंद कर दिया। जिससे अक्रोशित होकर कर्मचारी अनिश्चित काल के लिए धरना प्रदर्शन करते हुए नारे बाजी करते रहे। गेट पर बैठे कर्मचारियों ने कंपनी का कोई वाहन नहीं निकलने दिया। वही जेपी सीमेंट फैक्ट्री के अधिकारी संतोष शर्मा ने इस बारे बात करने पर कुछ भी बोलने से बचते रहे। धरना प्रदर्शन में राम, धनेश, चंद्रभान ,कल्लू, लवकुश, सरफराज, सुदर्शन, अशोक, बुद्धेश, शिवदास, अनिल, नंदलाल, राजेश, अमित कुमार, राजेंद्र, सहित बड़ी संख्या में फैक्ट्री के पीड़ित कर्मचारी एवं सुरक्षा गार्ड उपस्थित रहे।

# रास्ते को लेकर बस्ती के लोगों ने किया राष्ट्रीय राज मार्ग जाम


सड़क की मांग को लेकर चक्का जाम करते ग्रामीण

**कछवां।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सबेसर गांव में रास्ते के विवाद को लेकर नाराज दलित बस्ती के लोगों ने कछवां वाया चुनार राष्ट्रीय राज्य राजमार्ग को जाम कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि विगत कई वर्षों पहले से बस्ती के लोग जिस रास्ते से आवागमन कर रहे थे वह नंबर की जमीन पर था। परिवारवाद की वजह से खाली पड़ा हुआ था, जहां परिवार में आपसी समझौता हो जाने के बाद उस रास्ते पर गृह स्वामी द्वारा बाउंड्री वॉल करवाया जा रहा था। जिसका विरोध दलित बस्ती के लोगों द्वारा किया गया। लेकिन नंबर की जमीन जिसकी थी वह अपने जगह पर सही था। वही मंगलवार की सुबह से ही दोनों पक्षों की पंचायत में हल्की-फुल्की नोकझोंक के साथ कोई हल नहीं निकल पाया। क्योंकि वह अपने नंबर की जमीन पर बाउंड्री वाल करवा रहा था। लेकिन बस्ती के लोगों का कहना था कि यह पुश्तैनी मार्ग है जिससे हम लोग कई पुस्तों से आवागमन करते आ रहे हैं। बताया कि बगल से ही सिंचाई विभाग का एक रास्ता है जो कि अब वह दिख नहीं रहा। यदि इस मार्ग को बंद किया जा रहा है तो हम सभी अपने घर कैसे आवागमन कर सकेंगे। इसके बदले में हमको आने जाने के लिए सड़क दिलवाया जाए। वहीं दोनों पक्षों में बातचीत ना होने से क्षुब्ध होकर दलित बस्ती के लोगों द्वारा राष्ट्रीय राज्य राजमार्ग को जाम कर दिया गया। जिससे आवागमन करीब दो घंटे तक बाधित रहा। इस दौरान दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने दलित बस्ती के लोगों को काफी समझाया-बुझाया और आश्वासन दिया कि समाधान दिवस पर अपनी मांगों को लेकर एसडीएम को एक पत्रक दीजिए। इस दौरान मौजूद अधिकारीगण से जांच करा कर आप सभी के समस्याओं का समाधान किया जाएगा। पुलिस द्वारा समझाने बुझाने पर किसी तरह से बाधित राष्ट्रीय राज्य राजमार्ग के आवागमन को बहाल करवाया गया।

## सहकारी समितियों के चुनाव का बजा बिगुल

**कछवां।** क्रय विक्रय सहकारी समिति में होने जा रहे अध्यक्ष एवं संचालन मंडल के चुनाव के लिए विभाग ने मतदाताओं की अंतिम सूची जारी कर दी है। 13 अप्रैल को चुनाव संपन्न होंगे। क्रय विक्रय सहकारी समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तेजस्वी सिंह ने बताया कि क्रय विक्रय सहकारी समिति खंडार, बामनवास, गंगापुर, सवाई माधोपुर, बौली व चौथ का बरवाड़ा में चेयरमैन एवं संचालक मंडल के पदों पर चुनाव हो रहे हैं। कछवां सहकारी समितियों के चुनाव का भी बिगुल बज गया है, सोमवार को शाम मतदाताओं की अनंतिम सूची का प्रकाशन किया गया।

छः अप्रैल को आपत्ति दर्ज कराने का समय रखा गया है। आठ मार्च को सदस्यों और 13 को सभापति और उप सभापति के लिए मतदान किया जाएगा। वर्ष 2018 में हुए चुनाव से समितियों में गठित बोर्ड 28 जनवरी को भंग हो चुका है। शासन से चुनाव कराने के आदेश पर पूर्व में ही कार्यक्रम घोषित कर, कार्मिकों को प्रशिक्षण दिला दिया गया है।

## दो समुदायों के बीच हुयी मारपीट,चार लोग घायल

जनसंदेश न्यूज

**विवाद**

**दोनों पक्षों पर मुकदमा दर्ज**

**दोनों पक्ष से कुल चार लोग घायल**

**कलवारी।** संतनगर थाना क्षेत्र के मलुआ गांव में सोमवार देर रात लगभग दस बजे वर्तमान प्रधान पर अपशब्द भाषा का प्रयोग करने पर दो समुदाय के बीच माटपीट हो गयी। दोनों पक्ष से कुल चार लोग घायल हो गये। मलुआ गांव के बस्ती में जल निगम से लगभग 6 वर्ष पूर्व सोलर पैनल और समरसेबल लगा था। जो वर्षो से खराब पड़ा था। पानी की किल्लत को देखते हुए वर्तमान ग्राम प्रधान ने सोलर पैनल निकालकर इलेक्ट्रिक समर सेबल डालने की योजना बनाई।

जिसे सुनकर गांव में प्रधान के विपक्षी उसका विरोध करने लगे। सोमवार को नशे मे धुत होकर विपक्षी ग्राम प्रधानपति को अपशब्द भाषा का प्रयोग करने लगे। उसी समय प्रधान के दो भतीजे बाइक से मौके पर पहुँच गये और इसी बात को लेकर दोनो पक्षों में विवाद बढ़ गया। इतने में विपक्षी लाठी चला दिया दिया और दोनों पक्षों में मारपीट हो गयी। जिसमें प्रधान के भतीजे शरद सिंह 25 का सर फट गया और विपक्ष से चाँद बाबू 18 व सहेबुन 16 को भी चोट आयी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने हिन्दु बनाम मुस्लिम को देखते हुए मौके पर पीएसी भी बुला ली और मामला शांत कराया।

हिन्दू मुस्लिम विवाद ना बढ़े इसलिए रात भर घटनास्थल पर पुलिस मौजूद रही। कमल टावरी बताया कि सोलर पैनल को लेकर हुए विवाद में मारपीट हुई थी। दोनों पक्ष से तहरीर मिली है। मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है। जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## चार बाइक, चार मोबाईल के साथ पांच जुआरी गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** एसपी के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ एवं जुआरियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम सोमवार की देर शाम को थाना विन्ध्याचल पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना विन्ध्याचल क्षेत्र में दबिश देकर सार्वजनिक स्थान पर जीत-हार की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 05 जुआरियों को 7920 रूपये, 04 मोटरसाइकिल, 04 मोबाइल व 52 ताश के पत्ते के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार जुआरी चन्द्रप्रकाश मिश्रा उर्फ पिंटू पुत्र महेशदत्त मिश्रा निवासी विजयपुर, दिनेश कुमार बिन्द पुत्र स्व0 श्रीराम प्रसाद निवासी कलना गहरवार थाना विन्ध्याचल, लोलारख बिन्द पुत्र गौरीशंकर बिन्द निवासी कलना गहरवार थाना विन्ध्याचल, अशोक कुमार विश्वकर्मा पुत्र मेवालाल विश्वकर्मा निवासी बरईबारी थाना विन्ध्याचल व शिवलाल बिन्द पुत्र रामदेव बिन्द निवासी कलना गहरवार थाना विन्ध्याचल को गिरफ्तार कर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### चोरी की बाइक व तमंचे के साथ गिरफ्तार

**चुनार।** पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाया गया गए अपराधियों के विरूद्ध अभियान के क्रम में चौकी इंचार्ज जय शंकर राय हमराह हेड कांस्टेबल बब्बन सिंह, हेड कांस्टेबल शैलेंद्र यादव, कांस्टेबल अमित सिंह, कांस्टेबल अभिमन्यु यादव द्वारा 4 अप्रैल 2023 को नई बस्ती बगियाबाद तिराहे से मुखबिर की सूचना पर चोरी के मोटरसाइकिल व अवैध तमंचा 315 बोर के साथ कजरा चौकी इंचार्ज ने चेकिंग के दौरान प्रभात पटेल उर्फ लव कुमार पुत्र दशरथ पटेल निवासी भवानीपुर थाना चुनार हाल पता राम सरोवर बड़ागांव थाना चुनार को आर्म्स एक्ट अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया।

# नगरवासियों को जल्द नल से मिलेगा गंगाजल


निरीक्षण करतीं डीएम साथ में हैं एडीएम वित्त

**पहल**

**डीएम ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए तय किया डेड लाइन**

**सड़क, सीवर कार्य तेजी से निपटाने की दी नसीहत**

**मीरजापुर।** नगर के विभिन्न वार्ड एवं गलियों में पहुंची जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने अमृत जल योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया । इस दौरान खोदी गई सड़कों एवं गलियों को जल्द दुरुस्त कराने को कहा । गर्मी के साथ ही पेयजल की होने वाली किल्लत से निपटने के लिए 15 अप्रैल तक लालडिग्गी में नवनिर्मित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से गंगा जल की आपूर्ति आरंभ किए जाने का निर्देश दिया। डीएम मंगलवार को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की हकीकत देखने के लिए अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ला एवं अन्य अधिकारियों के साथ वार्डों में पहुंची थी। वार्ड में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मातहतों को जल्द कार्य पूरा कराने को कहा। उन्होंने सीवर, पेयजल व क्षतिग्रस्त मार्गो के कार्यो को जल्द से जल्द पूरा करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि टांडा फाल में जल की कमी नहीं है लेकिन गर्मी के बढ़ते तापमान के साथ ही पेयजल की किल्लत हो सकती है। इसके लिए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को 15 अप्रैल तक आरंभ कर दिया जाए। ताकि लोगों को पेयजल की किल्लत का सामना न करना पड़े इसके लिए समुचित कार्रवाई कर खोदी गई सड़कों को गर्मी के पूर्व कनेक्शन देकर बरसात के पहले ही क्षतिग्रस्त मार्गों को ठीक कर दिया जाए। आम जनता को राहत मिल सके।

### करोड़ों की लागत से बन रहे पुल का विधायक ने किया निरीक्षण

**कलवारी।** मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने औचक निरीक्षण कर कलवारी से रैकरा (बेलाही मार्ग) बकहर नदी पर बन रहे पुल का निरीक्षण किया। पुल निर्माण में लापरवाही बरती जा रही है। ग्रामीणों ने शिकायत विधायक से की थी। जिसपर विधायक ने निमार्णाधीन पुल निरीक्षण किया और ठेकेदार को हिदायत दिया कि पुल निर्माण में प्रयुक्त सामग्री के क्वालिटी एवं क्वांटिटी से समझौता नहीं होना चाहिए। पुल का निर्माण गुणवत्तापूर्ण व मानक के अनुरूप होना चाहिए। 46 मीटर लंबे पुल का निर्माण दो करोड़ की लागत से कराया जा रहा है ,बरसात तक पुल निर्माण पुरा होने कि लक्ष्य रखा गया है। उक्त पुल के न होने बरसात के दिनों में रपटें पर पानी भर जाने से आवागमन बंद हो जाता था। ग्रामीणों को चार-चार घंटे पानी कम होने का इंतजार करना पड़ता था। इस दौरान गंभीर बीमारी, डिलीवरी केस मे काफी परेशानी होती थी। ग्रामीणों की पीड़ा को देखते हुए मड़िहान विधायक द्वारा व्यक्तिगत रूप से मुख्यमंत्री से मिलकर उक्त पुल निर्माण की स्वीकृत कराया था, पुल निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### सदैव एकजुटता का परिचय देता है अग्रहरि समाज : शैलेंद्र अग्रहरि




**मीरजापुर।** जिले के हलिया विकास खण्ड के हथेड़ा ग्राम सभा में अग्रहरि समाज के तत्वावधान में शपथ ग्रहण व होली मिलन समारोह सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर मुख्य अतिथि समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विदुप अग्रहरि ने किया। सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि अग्रहरि समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विदुप अग्रहरि ने कहा कि देश के संस्कृतियों और परमपराओं के सजग प्रहरी वैश्य वर्ग ही है। जहां समरसता का भी प्रबल संचार है। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय मंत्री व वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री शैलेंद्र अग्रहरि ने कहा कि अग्रहरि समाज सदैव एकजुटता का परिचय देता है समाज के लोग व्यापार के साथ साथ सेवा कार्य में भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष श्वेता अग्रहरि ने महिला संगठन की घोषणा की और महिलाओं को जागरूक करने का संदेश देते हुए उन्हें एकजुट रहने का आह्वान किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ताराचंद अग्रहरि व संचालन सतीश अग्रहरि ने किया। कार्यक्रम में समाज के बच्चों ने रंगा रंग प्रस्तुतियां भी प्रस्तुत की। वैश्य महासम्मेलन के जिला महामंत्री व ग्राम प्रधान शिवगोविंद चौरसिया, ग्राम प्रधान कौशल गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष शारदा प्रसाद जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य अमरावती देवी, पूर्व प्रधान शंखू अग्रहरि, प्रधान नगीना देवी, ओमप्रकाश अग्रहरि, छोटू अग्रहरि, आदि रहे। साथ ही समाज में सौ वर्ष की आयु को पार करने वाले अम्बिका प्रसाद व जोखू अग्रहरि का सम्मान भी किया।

### वार्षिक समारोह में मेधावियों को मिला सम्मान



**कछवां।** क्षेत्र के भैंसा गांव में स्थित बंदे मातरम पब्लिक स्कूल में बुधवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम में विद्यालय के सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले दस विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। पुरस्कृत होने व प्रशस्ति पत्र मिलने पर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। भैंसा गांव के बरैनी सेमरी रोड पर स्थित बंदे मातरम पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मझवां क्षेत्र पंचायत प्रमुख दिलीप सिंह व विशिष्ट अतिथि स्कूल प्रबंधक विजय कृष्ण शर्मा ने किया। नर्सरी से लेकर कक्षा आठ तक के सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र व ट्राफी दिया गया। कक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले बच्चों में विहान पाठक कक्षा नर्सरी, सोनम जैसवारा कक्षा एलकेजी, प्राची शर्मा कक्षा यूकेजी, उन्नति दुबे कक्षा एक, शिवांग पांडे कक्षा दो, दिव्यांशी पांडे कक्षा दो, नम्रता दुबे कक्षा तीन, अनन्या श्रीवास्तव कक्षा चार, संतुष्टि दुबे कक्षा पांच, कुसुमलता पाल कक्षा छ, कुमुद सिंह कक्षा सात को ट्राफी एवं प्रमाणपत्र दिए गए। वहीं बच्चों के चेहरे ट्राफी व प्रमाण पत्र पाकर खिल उठे। विद्यालय प्रबंधक ने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में भी अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

### जिस पानी को नहीं पीते बेजुबान वह पानी पी रहे हैं ग्रामीण



**जमालपुर।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत शेरवां के पूर्वी छोर पर बसे कस्बें के लोगों को दूषित पानी पीने के लिए मजबूर है जिसे बेजुबान भी नहीं पीते हैं जिसको लेकर मंगलवार को राम चंदर गोंड, अमरनाथ, मुन्ना यादव, गरीब, बबलू बिंद, सिया राम, संतोष मास्टर, कतवारू, सुश्री देवी, कौशल्या, श्यामा, गीता शंकुतला, मदीना सहित कस्बें के लोगों ने कुएं पर जाकर प्रदर्शन किया। जिनका कहना था कि जिस कुएं से हम लोग पानी पीते है उसके 20 मीटर की दूरी पर एक गडही में शेरवां वस्ती का पानी इकट्ठा होता है। साथ ही गांव का कुड़ा करकट फेंका जाता है और उपर से एक विशाल पेड़ की वजह से कुएं में पत्ता गिरता रहता है जिससे पानी प्रदुषित होकर पीने योग्य नहीं है। वहीं इस बस्ती पर सरकारी हैंडपंप भी मौजूद नहीं है। बस्ती के लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए स्वच्छ जल मुहैया कराने की मांग किया है।

### लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ अमरदीप व अपराजिता का नाम



**मीरजापुर।** जनपदवासियों के लिए मंगलवार को एक अच्छी खबर यह रही कि 11 मार्च 2021 को महाशिवरात्रि के पावन पर्व को अविस्मरणीय बनाने के लिए डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल ने कंतित में स्थित द रिट्रीट में जिसमें 41 फीट ऊंचे भव्य शिवलिंग का निर्माण किया था, साथ ही साथ 15 हजार वर्ग फीट एरिया में सुंदर कलाकृति पूर्ण रंगोली बनाई गई थी, दोपहर 3 से 7 बजे तक लगभग सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया गया था। विशिष्ट अतिथियों के द्वारा इस कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई थी। इस पर्व को और भव्यता प्रदान करने के लिए अमरदीप सिंह और अपराजिता ने सभी अतिथियों और जनपदवासियों का आभार व्यक्त किया था। नेक उद्देश्य से किये गये इस कार्य की खासी चर्चा तब यहां हुई थी और देखते ही देखते लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में इसने अपना नाम दर्ज करा लिया है। इसकी जानकारी स्कूल के डायरेक्टर अमरदीप सिंह ने मीडिया के माध्यम से यहां की जनता को दी। जिससे जनपदवासियों में हर्ष की लहर दौड़ गई। यह चौथा लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स है, जो कि डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल को उनके अथक प्रयासों व परिश्रम के कारण प्राप्त हुआ है। साथ ही विद्यालय के प्रबंधक प्रधानाचार्या और शिक्षकों के साथ साथ सभी, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### किशोरी को भगाने व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी का पिता जीवकोपार्जन के लिए अहरौरा बांध के तीन तखवा के पास मड़हा लगाकर चाय पान गुटखा बेचता था। उसके न रहने पर उसकी नाबालिक पुत्री दुकान चलाती थी। पास स्थित बांध के पास जल नल योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण कार्य चल रहा था। उसी काम पर जनपद उन्नाव के थाना फतेपुर चौरासी निवासी चंद्रशेखर मजदूरी का कार्य करता था। दुकान पर सामान लेने आते जाते नाबालिक किशोरी व युवक का नैना चार हो गया। दोनों दो हफ्ते पूर्व घर से भाग निकले। जानकारी जब किशोरी के पिता को हुई तो अहरौरा थाने में युवक के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की। पुलिस मुकदमा दर्ज करते हुए नाबालिक किशोरी की तलाश में जुट गई। आरोपी युवक के मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर डालकर उसके तलाश में जुटी रही। युवक के मोबाइल का लोकेशन मिलते ही हरकत में आई पुलिस युवक के घर पंहुच कर दोनों को हिरासत में लेने के बाद अहरौरा थाने लाकर पूछताछ करने के बाद आरोपी चंद्रशेखर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में निरुद्ध करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वहीं नाबालिक किशोरी को मेडिकल मुआयना के लिए जिला अस्पताल भेजा।

### हरा पेड़ काटने पर ग्रामीणों ने जताया विरोध

**राजगढ़।** थाना क्षेत्र के करौंदा गांव में बिना परमिशन आम के हरे पेड़ काटे जा रहे हैं। जिसका ग्रामीणों ने विरोध रोध करना शुरू कर दिया है। करौंदा गांव में स्थानीय लोगों के द्वारा हरे फलदार पेड़ काटने पर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। जिसकी सूचना वन विभाग व पुलिस प्रशासन को दी गई लेकिन दो घंटे बीत जाने के बावजूद पुलिस व वन विभाग से कोई अधिकारी कर्मचारी नही पहुँचा। जिसके बाद माहौल गर्म बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में हरे पेड़ काटे जाने की शिकायत स्थानीय पुलिस व वन विभाग को दी गई। जबकि हरे फलदार पेड़ काटना कानून जुर्म माना जाता है। ऐसे में मामले को गंभीरता से लेने पर मिलीभगत का आरोप लगाया जा रहा है।

### टिकट काउंटर के पास मिला अधेड़ का शव

**मीरजापुर।** विंध्याचल थाना क्षेत्र में स्थित रेलवे स्टेशन पर बने महिला टिकट काउंटर के समीप एक 55 वर्षीय अज्ञात अधेड़ बेहोशी की हालत में मिला था। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात को उपचार हेतु स्थानीय चिकित्सालय भर्ती कराया जहां मौजूद डॉक्टरों ने अधेड़ को मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा शव की पहचान के लिए कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### छात्राओं को सरकार देगी आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**मीरजापुर।** बेटियों को आत्मरक्षा के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के प्रशिक्षण देने का निर्णय का अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने स्वागत किया हैं। परिषद की राष्ट्रीय मंत्री साक्षी सिंह ने कहा कि, "देश में विभिन्न क्षेत्रों में महिलाएं प्रगति कर रहीं हैं, उनकी बढ़ती सहभागिता से सकारात्मक परिणाम आए हैं। सरकार का यह निर्णय महिलाओं को सशक्तीकरण प्रदान करेगा। राष्ट्रीय मंत्री ने कहा कि "नारी सशक्तीकरण" से ही "राष्ट्र सशक्तीकरण" संभव हैं। वर्तमान परिपेक्ष में महिला सशक्तीकरण विराट स्वरूप ले रहा है। सरकार का यह कदम महिलाओं को बल प्रदान करेगा । सरकार के इस कदम से प्रदेश के 45 हजार से अधिक विद्यालयों में अध्ययनरत लाखों छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्हें आत्मरक्षा के महत्व को भी समझाया जाएगा। प्रशिक्षण सत्र के साथ ही उन्हें विभिन्न सामूहिक चर्चा के माध्यम से ईव टीजिंग, साइबर बुलिंग, एसिड हमला जैसे विषयों पर भी जागरूकता प्रदान की जाएगी। यह कदम नारी सशक्तीकरण के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है, जिससे राष्ट्र निर्माण में भी उनकी भूमिका सुनिश्चित की जा सकेगी।

# पत्नी के प्रेम प्रसंग से तंग युवक ने निगला विषाक्त पदार्थ, मौत

## बुझ गया घर का चिराग, बोले पिता पुलिस ने मामले का नहीं लिया संज्ञान

जनसंदेश न्यूज

**दुद्धी।** कोतवाली क्षेत्र के दुमहान गांव में सोमवार की रात एक युवक ने पत्नी के गांव के ही अन्य युवक से चल रहे प्रेम प्रसंग से तंग आकर जहरीला पदार्थ खाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक घर का इकलौता चिराग था। सूचना पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

मृतक के पिता ने आरोप लगाया कि उसके बहु के प्रेम प्रसंग के बारे में पुत्र ने एक पखवाड़े पूर्व ही पुलिस को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई। आखिरकार तंग आकर उसके बेटे ने आत्महत्या कर ली। पीड़ित पिता ने पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकृष्ट कर न्याय की गुहार लगाई है। 30 वर्षीय पवन पुत्र अयोध्या निवासी दुमहान की शादी कुछ वर्ष पूर्व बहुअरा में हुई थी। कुछ दिनों पूर्व से पत्नी के अन्य युवक से चल रहे प्रेम प्रसंग से वह मानसिक तनाव में था। प्रकरण को लेकर तकरीबन एक पखवाड़े पूर्व उसने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी। आरोप है कि उसे न्याय तो नहीं मिला, लेकिन हल्के के दरोगा ने उल्टा उसमें ही कोई कमी होने का हवाला देकर डांट फटकार लगाई थी, जिससे वह और परेशान हो गया था। एक तरफ पत्नी के दूसरे युवक के चक्कर, वहीं दूसरी ओर कोई न्याय न मिलता देख सोमवार की रात्रि उसने शराब का सेवन कर सल्फास की गोलियां खा ली और सो गया। परिजन जब उसके मुंह से झाग निकलता देखे तो अस्पताल लेकर भागे, जहां चिकित्सक डा. विनोद कुमार सिंह ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मंगलवार को पहुंची पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के दो बच्चे हैं, जिसमें एक पुत्र व एक पुत्री है।

## फर्जी रसीद लगा वाहन रिलीज कराने में एक आरोपी पर केस दर्ज

**सोनभद्र।** फर्जी रसीद लगाकर अवैध परिवहन में सीज वाहनों को छुड़ाने के मामले में मंगलवार को कोतवाली में एक व्यक्ति के खिलाफ संगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश पर किया। बताया गया कि कोर्ट में एक याचिका दायर कर सीज वाहनों को कूटरचित सीट पर रिलीज करने का आरोप लगाया था। आरोप में कहा गया था कि एक रसीद में कोर्ट ने 50 हजार 700 रूपये जुर्माना लगाया था। जबकि उसमें 54200 रूपये लिखकर आरटीओ कार्यालय में रसीद जमा कर वाहन को रिलीज करा लिया गया। दूसरे वाहन के मामले में कोर्ट ने 57 हजार जुर्माना लगाया था। रसीद पर 63700 रूपये लिखकर आरटीओ कार्यालय में जमा कर वाहन को रिलीज करा लिया गया था। कोर्ट ने पर्याप्त सबूत मिलने पर उक्त प्रकरण में आरोपी पंचम पुत्र लालधारी निवासी करीमुद्दीन आजमगढ़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश पुलिस को दिया। जिसपर पुलिस पंचम के विरूद्ध कई संगीन धाराओं में विवेचना शुरू कर उसकी गिरफ्तारी को दबिश दे रही है।

## पॉक्सो एक्ट के दोषी को 3 वर्ष की कैद, 25 हजार रुपये अर्थदंड

जनसंदेश न्यूज

**फैसला**

**सात वर्ष पूर्व पांचवीं कक्षा की नाबालिग छात्रा के साथ छेड़खानी का था आरोप**

**सोनभद्र।** सात वर्ष पूर्व पांचवीं कक्षा की नाबालिग छात्रा के साथ छेड़खानी करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी शिक्षक उग्रसेन को 3 वर्ष की कैद एवं 25 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की समूची धनराशि पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक पन्नूगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 26 फरवरी 2016 को थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था की उसकी नाबालिग बेटी जो पांचवीं कक्षा की छात्रा है अपने स्कूल में पढ़ने गई थी। दोपहर एक बजे छुट्टी हो जाती है, लेकिन शिक्षक उग्रसेन पुत्र रमेश कुशवाहा निवासी नगांव सिकरिया, थाना पन्नूगंज ने उसे यह कहकर रोक लिया कि फोटो खींचना है और तत्काल प्रवेश पत्र बनाकर दूंगा। सभी बच्चे अपने घर चले गए तो अकेला पाकर नाबालिग बेटी के साथ वह छेड़खानी करने लगा तथा बेटी को पटक दिया। जब बेटी घर आई तो घटना की जानकारी दी। घटना 24 फरवरी 2016 की है। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में उग्रसेन के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी उग्रसेन को सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों का महिला शिक्षक संघ ने किया सम्मान


सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित करती महिला शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष कौशर जहां

**सोनभद्र।** महिला शिक्षक संगठन की ओर से आदर्श इंटर कालेज में मंगलवार को सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान कर उन्हें अंग वस्त्र व मोमेंटो सौंपा गया।

इसके साथ ही संगठन के पदाधिकारियों को प्राधिकार पत्र वितरण समारोह पूर्वक वितरित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि आदर्श इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। इस दौरान सेवानिवृत्त शिक्षक उषा देवी, रामा देवी, देवकीनंदन पांडे, रामयश प्रसाद मौर्य, शैलेंद्र सिंह, भोला प्रसाद, श्याम जी सिंह, कमला प्रसाद, चंद्रमुखी, उषा चौरसिया, उदय नारायण सिंह, शारदा प्रसाद सिंह धर्मावती सिंह को सम्मानित किया गया। महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष कौशर जहां सिद्दीकी ने निपुण लक्ष्य व शिक्षकों के सम्मान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष गायत्री त्रिपाठी ने विदाई गीत व कोषाध्यक्ष सोनाली मजूमदार ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम प्रबंधन जिला उपाध्यक्ष वर्षा वर्मा व जिला संगठन मंत्री नमिता सिंह किया। इस बीच संगठन के जिला एवं ब्लॉक के पदाधिकारियों को प्राधिकार पत्र वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में नामिता सिंह, कोमल साहू, गायत्री त्रिपाठी, कुंजलता त्रिपाठी, सुमन भारती, अनुपमा सिंह, कमलेश जायसवाल, सोनाली मजूमदार, संगीता, गुंजन, शाहिदा साजिद, योगेश पांडेय, इंदु प्रकाश, वकील खान, अभिषेक मिश्रा, आंनद त्रिपाठी, सरिता शुक्ला, सर्मिला गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## आत्महत्या को उकसाने के मामले में पति गिरफ्तार

**ओबरा।** स्थानीय थाना अंतर्गत गजराज नगर में एक विवाहिता को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। मृतका के पिता मो. फिरोज निवासी गनियारी थाना बैढन, सिंगरौली ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनकी पुत्री जेबा परवीन उर्फ काजल का निकाह पांच वर्ष पूर्व गजराज नगर निवासी आसिफ अली उर्फ गोलू पुत्र स्व. जमालुद्दीन से हुआ था। मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि आसिफ उनकी पुत्री को हमेशा प्रताड़ित करता था।

आसिफ का रिश्तेदारी में किसी और लड़की के साथ चक्कर भी चल रहा था। जिससे आजिज आकर जेबा ने बीते 2 जनवरी को अपने घर मे ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस मृतका के पिता की तहरीर पर आरोपी आसिफ सहित दो अज्ञात के खिलाफ आईपीसी की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया। पुलिस को मंगलवार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि आरोपी पति आसिफ डाला मोड़ गजराज नगर के पास खड़ा है, जो कहीं भागने की फिराक में है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर संबंधित धारा में चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक राकेश कुमार मिश्रा, कांस्टेबल अतुल कुमार अवस्थी, छोटेलाल शामिल रहे।

## हत्या मामले में एक गिरफ्तार

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में वांछित अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी घोरावल के पर्यवेक्षण में मंगलवार को पुलिस ने एससी/एसटी एक्ट व हत्या मामले में मो इन्द्रिश शाह उर्फ लल्लन पुत्र स्व. पीर मोहम्मद उर्फ दरगाही निवासी वार्ड 5, घोरावल को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।

# धूमधाम से मनी महावीर जयंती, निकली शोभायात्रा

## जैन साधना भवन में आयोजित हुआ कार्यक्रम, उनके सिद्धांतों पर चलने का लिया गया संकल्प

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** नगर के जैन साधना भवन में मंगलवार को जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर वर्धमान महावीर स्वामी की 2621वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के पूर्व भगवान महावीर की शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ भ्रमण करते हुए जैन साधना भवन पर पहुंचकर समाप्त हुई। पवन कुमार जैन ने महावीर स्वामी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। पूर्व चेयरमैन विजय कुमार जैन ने महावीर स्वामी की आरती कर पूजन किया।

कहा कि महावीर स्वामी के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज का उत्थान और विकास संभव है। शोभायात्रा में माताएं बहने भी भारी संख्या में शामिल रहीं। कहा कि महावीर का जन्म चैत्र माह में शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि के दिन बिहार के कुंडाग्राम में हुआ था। महावीर जैन धर्म के 24वें व अंतिम तीर्थंकर थे। जैन संप्रदाय के लोगों के लिए महावीर जयंती खास मानी जाती है। इस दिन भगवान महावीर की पूजा की जाती है और उनके दिए गए उपदेशों को स्मरण किया जाता है। साथ ही उनके बताए गए सिद्धांतों पर चलने का प्रयास किया जाता है। महावीर ने पांच सिद्धांत बताए हैं जो आज भी समृद्ध जीवन और आंतरिक शांति की ओर ले जाते हैं। इसके अलावा उनके कुछ अनमोल विचार हैं, जो मनुष्य को जीवन में प्रेरणा देते हैं। इस मौके पर रतनलाल गर्ग, धर्मराज जैन, संजय अग्रवाल, संदीप जैन, विमल अग्रवाल, हर्ष, आशीष, शैलू अग्रवाल, रामेश्वर दास जैन, परमेश जैन, धर्मवीर तिवारी, चंद्रभान अग्रवाल, प्रमोद गुप्ता, रविंद्र केसरी समेत तमाम लोग मौजूद रहे। संचालन सुबोध अग्रवाल ने किया।


शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु

## संक्षेप

### यज्ञ भारतीय संस्कृति का प्राणः ऊषा शर्मा



**ओबरा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में स्थानीय राम मंदिर प्रांगण में चल रहे गायत्री महायज्ञ एवं संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा के चतुर्थ दिवस प्रथम पाली के यज्ञ सत्र में शांतिकुंज से आयी टोली प्रमुख ऊषा शर्मा ने अपने प्रवचन में कहा कि "यज्ञ भारतीय संस्कृति का प्राण है। इसीलिए असुरों ने सर्वप्रथम यज्ञ पर ही प्रहार किया। चौबीस अवतारों में यज्ञ भगवान को भी एक अवतार माना गया है। इसीलिए जिस घर में वेद मंत्र नहीं गूंजते, स्वाहा और स्वधा के स्वर नहीं गूंजते, प्रतिदिन सद्ग्रंथों का स्वाध्याय और सत्संग नहीं होता वह घर श्मशान के समान होता है। गौ सेवा के महत्व के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि जब तक भारत में गौ सेवा होती रही तब तक विप्र, वेद, सती स्त्रियां और सदाचारी पुरुषों का प्राधान्य रहा। वहीं यज्ञीय सत्र में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुति डाली साथ ही दीक्षा, अन्नप्राशन और मुंडन संस्कार भी कराए गए। डा अमरनाथ बरनवाल, इं।विजय कुमार दिनकर, इं आर के सिंह, इं संदीप कुमार रजक, इं विजय तिवारी और रमेश सिंह यादव ने देवमंच पर वेदमाता गायत्री, यज्ञ भगवान और गुरुसत्ता की आरती उतारी। इस अवसर पर मुख्य यजमान श्रीप्रकाश गिरि, अनामिका गिरि, मिथिलेश मिश्र, मनमोहन शुक्ल, सोना शुक्ला, गिरीश नारायण सिंह, हरीश अग्रहरी, अजीत कनौजिया, राधा रमण चौबे आदि उपस्थित रहे।

### अज्ञात कारणों से विवाहिता ने लगाई फांसी

**ओबरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत बिल्ली गांव में रह रही एक विवाहिता ने मंगलवार को अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली।घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।जानकारी के अनुसार 30 वर्षीय सुनैना पत्नी अनिल प्रसाद निवासी बिल्ली गांव दोपहर में अज्ञात कारणों से घर के कमरे में लगे पंखे में रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। लगभग एक बजे के करीब परिजनों ने सुनैना को फंदे पर लटका देख तत्काल उसे फंदे से अलग कर जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया।जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया।ग्रामीणों के अनुसार अनिल की पहली पत्नी की मौत हो चुकी है जिससे दो लड़के हैं।वही सुनैना से उसकी दूसरी शादी हुई थी लेकिन कोई औलाद नहीं थी।मौत के पश्चात परिजन मृतका का शव लोढ़ी स्थित मोर्चरी में रखवा कर ओबरा बिल्ली गांव चले आए।आने के पश्चात मामले की सूचना परिजनों द्वारा ओबरा पुलिस को दी गई है।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जुट गई थी। समाचार दिए जाने तक मौत के कारणों का पता नहीं चल सका था।

### दुष्कर्म मामले का आरोपी गिरफ्तार

**चोपन।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में वांछित अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने दुष्कर्म मामले में आकाश पुत्र ईश्वर चन्द सिंह निवासी मलिन बस्ती डाला को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

# आपसी समन्वय स्थापित कर सकुशल संपन्न करायें निकाय चुनाव : सीडीओ

## निकाय चुनाव को लेकर सीडीओ ने अधिकारियों के साथ की बैठक, दिये निर्देश

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** आगामी नगर निकाय सामन्य निर्वाचन के लिए नियुक्त किये गये प्रभारी/सहायक प्रभारी अधिकारियों के कार्य एवं दायित्व को लेकर मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान नगर निकाय के दिशा-निदेर्शों से सभी को अवगत कराते हुए दायित्वबोध कराया गया।

सीडीओ ने कहा कि चुनाव की अधिसूचना जारी होते हुए प्रचार जैसे होर्डिंग, पोस्टर व वाल पेंटिंग आदि को हटवाने के लिए सम्बन्धित अधिकारी व कार्मिकगण अपनी तैयारी बनाये रखें, जिससे समय रहते प्रचार सामग्री को तत्काल हटवा लिया जाये, सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की कन्टेन्ट को वायरल होने से पहले उसकी बारीकियों के जानकारी अवश्य कर लें। पोलिंग बूथ, नामांकन स्थल, रवानगी स्थल आदि का समय रहते निरीक्षण कर लिया जाये, ताकि समय रहते समस्या का समाधान कर लिया जाये। ड्यूटी में लगे मतदान कार्मिकों से सरलता का व्यवहार करते हुए आपसी समन्वय स्थापित कर चुनाव प्रक्रिया को शांति, निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराया जाये। इसके लिए अपनी तैयारी सम्बन्धित कार्मिक अवश्य कर लें। इस दौरान निर्वाचन ड्यूटी में लगे एक-दूसरे कार्मिकों के सम्पर्क नम्बर जरूर रखें, जिससे कार्य के दौरान आपसी समन्वय के साथ कार्य पूरा किया जा सके। उन्होंने निर्वाचन से जुड़े छोटी-छोटी बारीकियों की जानकारी भी दी, जिससे सतर्कता के साथ निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य को आसानी के साथ किया जा सके।

उन्होंने कहा कि नगर निकाय के चुनावों को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए साफ-सुथरी व्यवस्था अपनायी जाये, सेक्टर व जोन की स्थिति संवेदनशील, अति संवेदनशील व संवेदनशील प्लस, विभिन्न विभागों से अधिकारियों/कर्मचारियों का डाटा प्राप्त करके आयोग की वेबसाइट पर फीड कराना, श्रेणीवार मतदान कार्मिकों की आवश्यकता का ऑकलन तथा उनकी उपलब्धता सुनिश्चित कराना, फीडिंग के उपरान्त यदि कर्मचारियों का स्थानांतरण हो गया हो तो उक्त डाटा को डिलीट करके योगदान करने वाले कार्मिकों का डाटा फीड कराया जाये। अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र ने कहा कि चुनाव से जुड़े समस्त अधिकारी व कार्मिकगण अभी से चुनावी तैयारियों के कार्यों में तेजी लायें, ताकि आगामी दिनों में होने वाले नगर निकायों के चुनावों को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराया जा सके। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक भानु प्रताप यादव, उप जिलाधिकारी सदर शैलेन्द्र कुमार मिश्र, घोरावल रमेश कुमार, ओबरा प्रभाकर सिंह, सहायक निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह, सुनील कुमार श्रीवास्तव समेत तमाम सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।


बैठक को संबोधित करते सीडीओ

## प्रवेशोत्सव के साथ शिक्षक को दी गयी विदाई

**घोरावल।** शिक्षा क्षेत्र घोरावल के कम्पोजिट विद्यालय परिसर में प्रधानाध्यापक श्यामजी सिंह के अवकाश ग्रहण करने के उपरांत उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आगाज खण्ड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने मां वाग्देवी के चित्र पर माल्यार्पण व पूजन अर्चन करके किया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने विदाई गीत सहित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बीईओ ने पूरी एकेडमिक टीम के साथ नये सत्र की किताबें बच्चों को प्रदान की व कक्षा एक में नामांकन कर प्रवेशोत्सव का शुभारंभ किया। एआरपी दीनबन्धु त्रिपाठी ने इस अवसर पर स्कूल चलो अभियान की रैली निकलवाकर गांव में भ्रमण करते हुए प्रवेश योग्य बच्चों के नामांकन हेतु अभिभावकों से अपील की। प्रभारी प्रधानाध्यापिका इन्दु सिंह ने अपने समस्त स्टाफ के साथ अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजेश सिंह ने किया। इस अवसर पर किरन सिंह, हुकूम चन्द्र, शैलेश, ज्ञानेन्द्र, उदय भान, कौशर जहां, हिमांशु मिश्रा, रजनीश श्रीवास्तव, अखिलेश सिंह, धर्मराज सिंह, मिथिलेश द्विवेदी, अविनाश शुक्ल, संजय मिश्रा, विनोद कुमार समेत तमाम शिक्षक मौजूद रहे।


विदाई समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षक श्याम जी सिंह को सम्मानित करते बीईओ अशोक कुमार सिंह

## एनटीपीसी में प्रबंधन, कर्मचारी संघ सहभागिता पर कार्यशाला आयोजित


कार्यशाला को संबोधित करते अधिकारी

**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली में कर्मचारी विकास केंद्र (ईडीसी) विभाग के सौजन्य से कर्मचारियों हेतु प्रबंधन और कर्मचारी संघ व एसोसिएशन सहभागिता विषय पर दो दिवसीय विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला के दौरान संगठन से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनों जैसे श्रम कानून, कंपनी अधिनियम, कार्यबल कानूनों से संबंधित जानकारी सभी प्रतिभागियों को प्रदान की गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य एनटीपीसी प्रबंधन एवं संघ वएसोशिएशन के साथ मिलकर एनटीपीसी प्रबंधन,कर्मचारियों, सविंदा कर्मियों के कल्याण आदि को महत्व प्रदान करना थोइस कार्यशाला के संकायश्री नसीम खान, एसोसिएट्स/3पी प्रशिक्षण संगठन के समूह प्रमुख द्वारा उपस्थित जनों के समक्ष प्रस्तुतीकरण के माध्यम से तथ्यात्मक एवं सारगर्भित संबोधन देकर सभी को लाभान्वित किया। नसीम खान द्वारा संगठन से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण श्रम कानूनों, नवीनतम कानूनी प्रावधानों, एनटीपीसी के भावी योजनाओं, अन्य संगठन की उपलब्धियों, कर्मचारी संघ की कार्य प्रणाली आदि से संबंधित जानकारी सभी प्रतिभागियों को प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि गतिशील प्रतिस्पर्धी माहौल में बेहतर परिणाम हासिल करने हेतु सभी कर्मचारियों को कार्यस्थल से संबंधित कानूनों की जानकारी होना अति महत्वपूर्ण है। समापन समारोह के अवसर पर घोषित परिणाम में कर्मचारी प्रतिभागिता के रूप में गठित अशोका टीम प्रथम, शिवाजी टीम द्वितीय एवं राणा प्रताप तथा चन्द्रगुप्त टीम संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही। नसीम खान द्वारा कर्मचारी विकास केंद्र में सेवानिवृत्ति योजना-सूर्योदय एवं नेतृत्व कौशल और प्रबंधन सर्वोत्तम अभ्यास कर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन डा ओम प्रकाश वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) एवं उनकी टीम ने किया।

# चोपन नपं सीट अनारक्षित होते ही सियासी पारा गर्म

## किसके सर पर सजेगा चेयरमैन का ताज, चट्टी चौराहों पर चर्चा परिचर्चा का दौर शुरू

जनसंदेश न्यूज

**चोपन।** निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को लेकर मचे बवाल के बाद बीते 30 मार्च की शाम अचानक नए आरक्षण की घोषणा से राजनैतिक गर्मी फिर बढ़ गई है। हालाकि चोपन नगर पंचायत के आरक्षण में कोई बदलाव नहीं हुआ है, जिससे कस्बे के प्रमुख चौराहे, चाय पान की दुकानों पर अध्यक्ष पद की दावेदारी करने वाले ताल ठोंकते नजर आ रहे हैं। वहीं सीट अनारक्षित होने के बाद एक बार फिर एससी और ओबीसी दोनों वर्गों में मायूसी छा गई है।

बता दें कि चोपन नगर पंचायत अध्यक्ष पद फिर से अनारक्षित हैं अब किसी भी जाति के लोग इस चुनाव में प्रतिभाग कर सकते हैं। वार्डों के आरक्षण में फेरबदल देखने के बाद अध्यक्ष पद के लिए भी आरक्षण में बदलाव के संकेत मिले थे, लेकिन पिछड़ा वर्ग के हिस्से में फिर एक बार इंतजार रह गया। साथ ही अनुसूचित जाति के लोग भी मायूस हैं। वर्ष 2012 में चोपन नगर पंचायत सीट पिछड़ी जाति के लिए आरक्षित हुई थी। जबकि हैरानी की बात यह है कि जबसे नगर पंचायत का गठन हुआ है, तबसे अभी तक चोपन नगर पंचायत सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित नहीं हुई है।




आरक्षण में बदलाव के संकेत मिलने के बाद पिछड़े वर्ग के लोगों को बड़ी उम्मीद थी कि आरक्षण उनके फेवर में रह सकता है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। 2017 में भी सीट सामान्य थी। आरक्षण की घोषणा ने चुनावी तैयारियों और चर्चाओं में तेजी पैदा कर दी है। कस्बे के प्रमुख चौराहों, चाय, पान की दुकानों पर दावेदारों की हार जीत तय होना शुरू हो गया है। चोपन नगर पंचायत की सीट ही नहीं, बल्कि जिले भर की नगर पंचायत, नगर पालिका में राजनीतिक पार्टियों के जीत के गणित पर अपने-अपने दावे करते नजर आ रहे हैं। राजनीतिक मठाधीशों की मानें तो चोपन में चुनाव बेहद दिलचस्प रहेगा। भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस के अलावा आम आदमी पार्टी से भी उम्मीदवार निकाय चुनाव मैदान में उतरने की उम्मीद है। टिकट की दावेदारी करने वालों की सबसे लंबी लाइन सत्ताधारी दल भाजपा में देखने को मिल रही है। भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य प्रदीप अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जैन, सत्य प्रकाश तिवारी, धर्मेंद्र जायसवाल, लवकुश भारती समेत कई लोगों ने नगर पंचायत अध्यक्ष के किए आवेदन किया है। अब ये देखना दिलचस्प होगा कि अबकी बार भाजपा किसको अपना उम्मीदवार तय करती है। कुल मिलाकर देखा जाय तो अबकी बार नगर पंचायत चुनाव पर सबकी निगाहें लगी हुई है।

## नपं अध्यक्ष सीट आरक्षण के खिलाफ कोर्ट जाने की तैयारी

**ओबरा।** नगर निकाय चुनाव को लेकर जारी हुई आरक्षण सूची के पश्चात कुछ प्रत्याशियों में भारी निराशा साफ दिखाई दे रही है। वहीं कुछ प्रत्याशियों में खुशी की लहर व्याप्त है। इसका मूल कारण है कि पूर्व में जारी की सूची के अनुसार ओबरा नगर पंचायत की सीट पिछड़ी महिला के खाते में गई थी। इसके चलते पिछड़ी महिला सीट के प्रत्याशियों द्वारा अपनी पूरी ताकत नगर में झोंक कर मतदाताओं को लुभाने का कार्य किया जा रहा था। लेकिन इस बार जारी आरक्षण सूची के अनुसार ओबरा नगर पंचायत सीट को सुरक्षित महिला कर दिए जाने से पूर्व के प्रत्याशियों ने घोर निराशा व्याप्त है। इसे लेकर कई प्रत्याशियों को था उनके समर्थकों द्वारा आपत्ति भी न्यायालय तथा शासन में दर्ज कराए जाने की चर्चा जोरों पर चल रही है। पिछड़े वर्ग के प्रत्याशियों के अनुसार लगातार दो बार सुरक्षित महिला सीट होना कहीं से न्याय संगत नहीं है, साथ ही परिसीमन के आधार पर इस सीट को पिछड़ी खाते में किया जाना चाहिए था। हालांकि 29 मार्च को सूची जारी होने के पश्चात से राजनीतिक खेमो में सरगर्मियां तेज हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार वर्तमान समय में भारी संख्या में निर्दल प्रत्याशी भारतीय जनता पार्टी में जुड़कर ओबरा नगर पंचायत सीट पर अध्यक्ष प्रत्याशी का टिकट लेने की जुगाड़ में जुट गये हैं। इसके पूर्व पिछले कार्यकाल में भी ओबरा नगर पंचायत की सीट सुरक्षित महिला होने के साथ भारतीय जनता पार्टी के खाते में गई थी। इसे देखते हुए वर्तमान चुनाव को लेकर कई निर्दल प्रत्याशियों सहित भारतीय जनता पार्टी के कुछ कार्यकर्ता टिकट लेने की लाइन में खड़े होकर अपनी पूरी ताकत झोंक दिये हैं। चुनाव की तिथि निर्धारित नहीं होने के बाद ही भारतीय जनता पार्टी खेमे में कई लोग अपनी दावेदारी हेतु आवेदन करने के जुगाड़ में जुटे हुए हैं। दूसरी ओर समाजवादी पार्टी जो पिछले नगर पंचायत चुनाव में दूसरे नंबर पर थी, इसे ध्यान में रखते हुए सपा कार्यकर्ता भी चुनावी रणनीति बनाने में जुटे हुए हैं। ताकि इस वर्ष समाजवादी पार्टी जीत हासिल कर सके। देखा जाए तो नगर पंचायत का विस्तारित क्षेत्र हो जाने से लगभग 52 हजार के करीब मतदाताओं को इस चुनाव में अपने मत का प्रयोग करना है।

# पति संग मायके जा रही विवाहिता की बाइक से गिरकर मौत

हादसा

**जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने विवाहिता को घोषित किया मृत**

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** धीना थाना क्षेत्र के तुलसी आश्रम-अमड़ा मार्ग पर मचवा गांव के समीप मंगलवार को एक विवाहिता बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद घायल अवस्था में पति और परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले आए, जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना के बाद मौके पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर आगे कार्रवाई में जुट गई।



जिला अस्पताल के आकस्मिक चिकित्सा वार्ड में परिजनों को जानकारी देते चिकित्सक।

बताते हैं कि सकलडीहा थाना क्षेत्र के घरचित गांव निवासी बृजेश कुमार अपनी पत्नी चंद्रकला को बाइक से लेकर मंगलवार को ससुराल दिलदारनगर जा रहा था। जैसे ही तुलसी आश्रम-अमड़ा मार्ग से मचवा गांव के समीप पहुंचा, तभी पत्नी चंद्रकला बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।

आसपास और परिजनों के सहयोग से पति ने उपचार के लिए उसे पंडित कमलापति त्रिपाठी संयुक्त जिला अस्पताल ले आए। जहां पर चिकित्सक ने चंद्रकला को मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम हाउस को भेज कर इसकी सूचना पुलिस को दे दी। इसकी जानकारी पुलिस को दी। जानकारी के बाद मौके पहुंचकर पुलिस आगे कार्रवाई में जुट गई, वहीं जब इसकी जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताते हैं कि महिला के 2 पुत्र विपिन उम्र 14 वर्ष और विनीत को 10 वर्ष है। जानकारी के बाद परिजनों की भारी भीड़ पोस्टमार्टम हाउस पर लग गई और लोग आगे कार्रवाई में जुट गए।

# युवक ने साड़ी के फंदे से लगाई फांसी, मौत

जनसंदेश न्यूज



**चकिया।** कोतवाली क्षेत्र के हिनौती दक्षिणी गांव में बीते सोमवार की देर रात 19 वर्षीय जय किशन राजभर अपने रिहायशी कच्चे मकान के लकड़ी के पिलर में साड़ी का फंदा बनाकर मौत को गले लगा लिया। परिजनों की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे जिला संयुक्त चिकित्सालय की मर्चरी में रखवा दिया। मंगलवार की सुबह शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया।

बताते हैं कि हिनौती दक्षिणी गांव निवासी होरी लाल राजभर के दो पुत्रों में छोटा पुत्र जयकिशन गैर प्रांत में जाकर मजदूरी करता था। पिछले 2 माह से अपने घर पर ही रह रहा था। बीते सोमवार की रात 12 बजे के आसपास घर के सभी परिजन जब सो रहे थे उसी दौरान उसने साड़ी का फंदा बनाकर घर में लगी लकड़ी के पिलर में साड़ी का फंदा लगाकर झूल गया, जिससे उसकी मौत हो गई। देर रात 1 बजे के आसपास नींद से जागे उसके पिता हीरालाल ने बेटे को साड़ी के फंदे से झूलता हुआ देखा तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई।

इसकी सूचना उन्होंने तत्काल कोतवाली पुलिस को दी मौके पर पहुंचे शिकारगंज चौकी इंचार्ज जनक सिंह ने शव को फंदे से नीचे उतारकर उसे जिला संयुक्त चिकित्सालय की मर्चरी में रखवा दिया। कोतवाली प्रभारी मिथिलेश तिवारी ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के आने के बाद ही घटना के सही कारणों का पता चल पाएगा।

# स्कूल से कम्प्यूटर चोरी करते समय चोर गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**चकिया।** नगर के प्राथमिक विद्यालय चकिया उस समय हड़कंप की स्थिति बन गई जब एक युवक बोरी में कंप्यूटर संबंधित सामान लेकर चहारदीवारी फांद कर भागने का प्रयास किया। जिसे आसपास के राहगीरों ने धर दबोचा और चोर की जमकर पिटाई करने के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक की तहरीर पर पुलिस चोर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अगली कार्रवाई में जुटी है।



नगर के वार्ड नंबर 1 इंदिरा नगर में स्थित प्राथमिक विद्यालय चकिया प्रथम मे मंगलवार की तड़के सुबह एक चोर को बोरे और चादर में सामान भरकर दीवार फांदकर भाग रहा था, तभी कोचिंग जा रही छात्रा सानिया सहित आसपास के दुकानदारों में देखा तो शोर मचाने लगे। देखते ही देखते लोगों की वहां भीड़ इकट्ठा हो गई। मामले की जानकारी होते ही प्रधानाध्यापक राजेश पटेल तत्काल विद्यालय की चाबी लेकर पहुंच गए। जहां से चोर को कंप्यूटर लैब से चोरी किए गए सीपीयू, मॉनिटर सहित अन्य आवश्यक सामानों के साथ रंगे हाथ पकड़ लिया। चोर की पहचान नगर के वार्ड नंबर 8 मां दुर्गा नगर निवासी रामअधार के पुत्र चंदन के रूप में हुई। कोतवाली प्रभारी मिथिलेश तिवारी ने बताया कि प्रधानाध्यापक राजेश पटेल की तहरीर पर पकड़े गए चोर चंदन के विरुद्ध आईपीसी की धारा 380, 454 व 411 के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया उन्होंने बताया कि चंदन कई बार चोरी के मामले में जेल पहले भी जा चुका है।

## चोरी के आभूषण और मोबाइल के साथ एक गिरफ्तार

**डीडीयू नगर।** डीडीयू स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ ने संयुक्त चेकिंग अभियान में मंगलवार को प्लेटफार्म संख्या-3/4 के पश्चिमी छोर स्टेशन नाम पट्टिका बोर्ड के पास से शातिर चोर को गिरफ्तार किया। जिसके पास से चोरी के आभूषण व 07 अदद मोबाइल फोन बरामद हुआ। पुलिस ने उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई की। जीआरपी प्रभारी सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि रेलवे स्टेशन, सकुर्लेटिंग एरिया एवम् ट्रेनों में बढ़ती चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी व बरामदगी, अवैध तस्करी के मद्देनजर अभियान चलाए जा रहे हैं। बताया कि जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी बीच टीम जांच करते हुए पीएफ संख्या 3/4 के पश्चिमी छोर स्टेशन नाम पट्टिका बोर्ड के पास पहुंची। जहां एक युवक संदिग्ध हाल में खड़ा था। जिससे पूछताछ के साथ तलाशी ली गई तो उसके पास से चोरी के आभूषण व 07 अदद मोबाइल बरामद हुआ। फोन के साथ गिरफ्तार कर बाद गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर वैधानिक कार्यवाही किया जा रहा है।

# व्यापारियों ने सीओ कार्यालय पहुंचकर जताया विरोध

**सकलडीहा।** कस्बा के व्यापारी व पूर्व प्रधान प्रेमशंकर रस्तोगी का बेटा बीते सात दिनों से लापता है। पुलिस द्वारा लाख कवायद के बाद भी पता नही चला। मंगलवार को व्यापारियों ने कोतवाली और सीओ कार्यालय पहुंचकर विरोध जताया। अधिकारियों से लापता व्यापारी पुत्र के नहीं मिलने पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन की चेतावनी दिया। सीओ राजेश कुमार राय ने व्यापारियों को शीघ्र मामले का खुलासा करने का आश्वासन दिया।



सकलडीहा कोतवाली में पुलिस के समक्ष अपनी बातों को रखते व्यापारी।

कस्बा के कपड़ा व्यवसायी प्रेमशंकर रस्तोगी का 32 वर्षीय पुत्र सुमित रस्तोगी बीते छह दिन पूर्व तगादा पर निकला हुआ था। देर शाम तक घर नहीं आने पर परिजन परेशान हो गये। दुसरे दिन सुबह व्यापारी का मोबाइल टिमिलपुर से बरामद हुआ। वही व्यापारी का बाइक संघती रिंग रोड के पास से लावारिस हालत में मिली। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर सीसी कैमरा और मोबाइल से युवक का लोकेशन खंगालने में जुट गयी। छह दिन बाद भी व्यापारी का पता नहीं चलने पर आक्रोशित व्यापारी कोतवाली और सीओ कार्यालय पहुंचकर घटना का विरोध करते हुए लापता व्यापारी का सकुशल बरामद करने की बात कही। व्यापारियों ने चेताया कि शाम तक कोई ठोस निर्णय नहीं आने पर सुबह व्यापारी अपनी दुकान बंदकर धरना देंगे। उधर सीओ राजेश कुमार राय ने व्यापारियों से मोहलत मांगते हुए मामले का शीघ्र खुलासा करने का भरोसा दिया। इस मौके पर कोतवाल विमलेश कुमार मौर्या, कस्बा प्रभारी राजकुमार, व्यापार मंडल अध्यक्ष सत्य प्रकाश गुप्ता, प्रधान प्रतिनिधि राजेश सेठ, विवेक जायसवाल, आनंद सेठ, राकेश जायसवाल, संतोष रस्तोगी, मुकेश नंदन, मुकुंद जायसवाल, दिनेश रस्तोगी, मुन्नु जायसवाल, दिलीप गुप्ता, बाबूजान अहमद, अलाउददीन, राजीव गुप्त, प्रमोद गुप्त सहित अन्य मौजूद रहे।

# पुलिस ने सात गौवंश के साथ 3 पशु तस्करों को किया गिरफ्तार

## तमंचा, कारतूस संग पुलिस ने दो चाकू किया बरामद

**शहाबगंज।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर पशु तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत स्थानीय पुलिस को मंगलवार को बड़ी सफलता मिली। जब पशु तस्कर पैदल मसोई गांव के रास्ते सात गौवंश लेकर बिहार जा रहे थे। पुलिस ने सभी तस्करों के ऊपर अभियोग पंजीकृत जेल भेज दिया।



शहाबगंज थाने में पकड़े गए पशु तस्करों संग चकिया सीओ।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की पशु तस्कर मसोई गांव के रास्ते पैदल गौवंश लेकर बिहार जा रहे हैं। थानाध्यक्ष मिर्जा रिजवान बेग ने हमराहियों के साथ घेराबंदी कर तीन पशु तस्करों से सात राशि गौवंश बरामद किया। जांच पड़ताल के दौरान एक तमंचा 315 बोर, एक जिन्दा कारतूस 9 एमएम, दो चाकू व एक पुड़िया मिर्च पाउडर बरामद किया। गिरफ्तार तस्कर रेशाद शाह पुत्र नवीरसूल, जामवन्त पुत्र रामसगुन, अनिल पुत्र श्यामनारायण निवासीगण सवैया महलवार थाना शहाबगंज है। अभियुक्तों ने बताया कि पशु बिहार बार्डर ले जाकर अन्य तस्करों को सुपुर्द कर देते हैं, जिससे प्राप्त धनराशि से परिवार का जीविकोपार्जन चलता है। धारा 3/5 I/8 गोवध निवारण, 11 पशु क्रूरता अधिनियम व 3/25,4/25 शस्त्र अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी रघुराज ने बताया कि अराजकता तत्वों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पशु तस्करों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार जेल भेज दिया गया।

## मुस्लिम महाल के गौसिया मस्जिद में कुरआन तरावीह मुकम्मल

**डीडीयू नगर।** मुस्लिम महाल स्थित गौसिया मस्जिद में रमजान में होने वाली तरावीह की मुकम्मल हुई। हाफिज जमाल अहमद साहब ने रमजान के 10वें दिन तरावी कुरआन को बखूबी सुनाया। तरावी में हर उम्र के नमाजियों ने सैकड़ों की संख्या में पढ़ी और शवाब दारेन हासिल किया। इस अवसर पर हाफिज जमाल अहमद साहब, मस्जिद के इमाम फकीहुद्दी साहब, मवज्जिम दादा को फूलमालाओं से इस्तकबाल किया गया और मिष्ठान का वितरण कर दुआ की गई। इस मौके पर मस्जिद के इमाम फकीहुद्दी साहब ने तरावीह की नमाज मुकम्मल की। इसके बाद नमाज, दुनिया में शांति और खुशहाली की दुआ की। इस मौके पर रमजान माह की फजीलत बयान की गई। उन्होंने शरीयत पर चलने का आह्वान किया। कहा कि अल्लाह की रजा हासिल करने के लिए शरीयत की पाबंदी करें। कुरान की तिलावत करें और रोजे रखें। कौम और देश की सलामी के लिए दुआ भी की गई। अंत में मौलाना आयनुद्दीन साहब ने नातिया कलाम सुनाया। इस मौके पर हाफिज अनवर साहब, मोहम्मद कयामुद्दीन, एजाज अहमद, मोहम्मद फारुख, अब्दुल खालिद, मतीन अहमद, सहाबुद्दीन, बदरुद्दीन अंसारी फैयाज अंसारी, इमरान इदरीसी, तंजील जज्बी तहसीर जज्बी, मंसूर आलम, रिजवान सिद्दीकी, चांद राईन, मोहम्मद राशिद, नोमान अहमद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दी ट्रेनिंग



नीति आयोग की ओर से आयोजित ट्रेनिंग में शामिल प्रधानाध्यापकगण।

**चंदौली।** नीति आयोग की आउटकम पर आधारित टैब लैब परियोजना के तहत सभी चयनित विद्यालयों के प्रधानयापकों का जनपद स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को बीआरसी चंदौली पर आयोजित हुआ। इस दौरान सभी चयनित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को प्रशिक्षण में जानकारी दी गई। इसकी शुरूआत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने की।

बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि चंदौली अभी इस कार्यक्रम में अव्वल स्थान पर है और इस स्थान को इसी प्रकार हमें बनाए रखना है। इसके बाद नीति आयोग की प्रतिनिधि विभा कुमारी ने कार्यक्रम के विषय में और विस्तार से जानकारी दी और आगे किस प्रकार जिले में बच्चों की शिक्षा में गुणवत्तापूर्ण बदलाव आएगा इस पर भी नजर डाला। जिसके बाद उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी सदर को सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन के लिए मंच पर आमंत्रित किया। संस्था द्वारा छात्रों के सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने में मदद करने के तौर-तरीकों पर रौशनी डाली। वहीं मूल्यांकन के तरीके, डैशबोर्ड के माध्यम से छात्रों के प्रदर्शन को समझाने के तरीके को बताया। अंत में सभी प्रतिभागियों के प्रश्नों का जवाब संस्था के टीम मैनेजर उज्जवल द्वारा दिया गया और चुनौतियों पर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में वरिष्ठ कोषाधिकारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ मंच पर खंड शिक्षा अधिकारी सदर तथा नीति आयोग की जिला कार्यक्रम प्रबंधक विभा कुमारी और केंद्रीय कार्यक्रम प्रबंधक कमेटी से मधुनिका भी मौजूद थीं।

# सत्य मार्ग पर चलने की सीख देती है भागवत कथा: मनोहर कृष्ण

**कमालपुर।** रामलीला मैदान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का तृतीय दिवस कथा व्यास श्री धाम वृंदावन से आए आचार्य मनोहर कृष्ण महाराज के द्वारा ध्रूव चरित्र का प्रसंग विस्तार से प्रकाश डाला गया। कहा कि ध्रूव के ही वंश में महाराज पृथु हुए एक बार पृथ्वी में अकाल पड़ गया महाराजपुर तूने गांव दोहन करके संपूर्ण औषधियों को प्राप्त करके अश्वमेध यज्ञ की तैयारी की। अश्वमेध यज्ञ प्रारंभ किया इंद्र के द्वारा घोड़ा चुरा लिया गया।



कमालपुर में कथा सुनने के लिए उमड़े भक्त।

ब्राह्मणों ने इंद्र को हवन कुंड में स्वाहा करना चाहा, लेकिन भगवान विष्णु प्रकट होकर वरदान मांगने के लिए कहा। महाराज पृथु ने भगवान से राज्य की प्राप्ति नहीं मांगी, वैभव नहीं मांगा। महाराज पृथू भगवान से प्रार्थना किया मेरे ने दो कानों में ही 10,000 कानों की श्रवण शक्ति आप मुझे प्रदान करें। कहा कि जो दूसरे की चुगली करते हैं निंदा करते हैं, चोरी करते हैं, झूठ बोलते हैं। बुरे कर्मों में आसक्त रहते हैं वह व्यक्ति नर्कगामी होते हैं। इसलिए भागवत कथा हमें यही सिखलाती है कि हम हमेशा सत्य के मार्ग पर चलें। झूठ ना बोलें कपट ना रखें किसी जीव से द्वेष ना करें। समुद्र मंथन की कथा बामन भगवान का अवतार वामन भगवान देवताओं के कार्य सिद्ध करने के लिए राजा बलि के द्वार पर जाते हैं तीन पग भूमि संकल्प कराया दो ही पग में सारे संसार की वस्तु को नाप लिया। इस मौके पर हरिवंश उपाध्याय, रविंद्र दुबे, सजीवन मिश्रा, संजय मिश्रा, गणेश अग्रहरि, बसंत मिश्रा, भैरव सिंह, रामजी कुशवाहा, अशोक अग्रहरि, झांके दुबे, छबीले पाण्डेय, बुद्धू गुप्ता, गोविन्द रस्तोगी, गीता देवी, किरन मिश्रा, चंदा देवी, सरला पाण्डेय, पार्वती रस्तोगी, रेखा देवी, राकेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## किसानों की मांग पर दिन में बन्द रहेगी बिजली आपूर्ति

**कमालपुर।** किसानों की मांग पर गेंहू कटाई को लेकर बिजली विभाग ने दिन में सप्लाई बंद करने का निर्णय लिया है। अब सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति की सप्लाई बंद रहेगी। इसमें आवाजापुर, धानापुर, रमौली, डबरिया, कमालपुर, अमड़ा, पचखरी बिजली उपकेंद्र से जुड़े गांव शामिल है, ताकि दिन में हवा के चलते बिजली तारों के चिंगारी से गेंहू की खड़ी फसल बर्बाद न हो सके। इस समय खेतों में गेंहू की खड़ी फसल पूरी तरह से तैयार है। बीते दिनों किसान नेता रतन सिंह, दीनानाथ श्रीवास्तव, शेषनाथ यादव, मनमन सिंह, संतविलास सिंह, सुमंत सिंह अन्ना आदि ने खेतों में खड़ी फसल को देखते हुए दिन में बिजली आपूर्ति बंद करने के लिए उच्चाधिकारियों सहित उपखंड अधिकारी कमालपुर व अमड़ा जनमेजय साहू से मांग किया था। दिन में बिजली आपूर्ति होने से हवा के चलते बिजली के तारों में चिंगारी से फसलों में आग लगने से काफी नुकसान हो जाता है। अवर अभियंता कमालपुर डालचंद ने बताया कि किसानों के गेंहू की खड़ी फसल को देखते हुए सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आपूर्ति बंद करने का निर्णय लिया गया है। इस सम्बंध में एसडीओ कमालपुर जनमेजय साहू ने बताया कि किसानों की मांग को देखते हुए गेंहू की कटाई तक फसल में बिजली शार्ट सर्किट से आग लगने की घटनाओं पर काबू पाने के लिए सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी, ताकि किसानों के गेंहू के फसल को बिजली के शार्ट सर्किट से बचाया जा सके।

# अभिभावक व विद्यालय मिलकर करते हैं बच्चों का विकास: ज्ञान प्रकाश

**चहनियां।** कस्बा स्थित बृजनन्दनी कान्वेंट स्कूल में पुरस्कार वितरण व सम्मान समारोह 2022-23 का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि अपर न्यायाधीश ज्ञान प्रकाश शुक्ला ने गणेश प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। विद्यालय के प्रबंधक बिरजू प्रसाद अग्रहरी ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अपने अपने कक्षाओं में पहली से दसवीं तक स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। स्टूडेंट आफ द ईयर का अवार्ड अपेक्षा यादव को दिया गया। साथ ही कई सारे अवार्ड से बहुत से बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा नृत्य, गीत आदि की सुंदर प्रस्तुति की गई।



बृजनंदिनी बिद्यालय के होनहार छात्रों छात्राओ को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ज्ञान प्रकाश शुक्ला ने कहा कि निश्चित रूप से बच्चों द्वारा सराहनीय कार्य है। ये बच्चो के पूरे वर्ष का नतीजा है। बच्चो का विकास अभिभावक विद्यालय दोनों से होता है। यहां बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को उभारने का कार्य शिक्षक करते है। ये कार्यक्रम बच्चो के प्रेरणा को बढ़ाने के लिए होता है। कभी मैं भी इस स्थान पर था। अगर मन मे ठान लिया तो कुछ भी सम्भव है। आपका प्रयास ही आपको शिखर पर ले जायेगा। अंत में कहा कि बच्चे पढ़ाई के साथ भोजन व स्वास्थ्य का ख्याल करे। अपने माता पिता के निदेर्शों का पालन करे क्योंकि माता पिता दुख सह कर पढ़ाते है। कहा कि आज सोशल मीडिया का जमाना है किन्तु हमलोगों को अपने संस्कार को नही भूलना चाहिए। इस अवसर पर सचिव नन्दनी देवी, निदेशक अखिलेश अग्रहरी, दीपानिता चक्रवर्ती, अनिल श्रीवास्तव, सत्येंद्र यादव, आलोक सिंह, रूबी सिंह, रीना सिंह, प्रेम शंकर पाल, विजय मिश्रा, माधुरी मिश्रा, सुजीत पाठक, सलमा बेगम, मीरा पॉल आदि उपस्थित थे।

संचालन मानसी ओझा व अपेक्षा यादव ने संयुक्त रूप से किया। आभार निदेशक अखिलेश अग्रहरी ने किया।

## संक्षेप

### एलबीएस के छात्र मेहुल बंसल का केनरा बैंक में चयन



**डीडीयू नगर।** लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र मेहुल बंसल का चयन केनरा बैंक (पीओ) व स्टेट बैंक आफ इंडिया में होने पर महाविद्यालय के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक राजेश कुमार तिवारी ने कहा कि हम सभी के लिए ये गौरव का क्षण है। पारसनाथ तिवारी ने सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को उच्च शिक्षा देने का संकल्प लिया था, जिससे कि छात्र छात्राएं राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान कर सकें। प्राचार्य प्रो उदयन मिश्र ने कहा कि जिन उद्देश्यों का ध्यान रखकर इस महाविद्यालय की स्थापना की गई थी। इस प्रकार के परिणाम हमें अपनी गुणवत्ता को और बेहतर बनाने हेतु प्रेरित करते हैं। चयनित छात्र को भविष्य हेतु शुभकामना दी। इस अवसर पर प्रो इशरत जहां, प्रो अमित, डा भावना, डा.गुलजबी, राहुल, सुनील, सुरेंद्र, सीताराम आदि के साथ साथ महाविद्यालय के छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।

### बौरी में प्राचीन शिव मंदिर नवनिर्माण कार्य का हुआ आगाज



**नियामताबाद।** स्थानीय क्षेत्र के बौरी ग्राम सभा में प्राचीन शिव मंदिर के नवनिर्माण का शुभारंभ ग्राम प्रधान सतीश सिंह व हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान तहसील अध्यक्ष अरुण श्रीवास्तव द्वारा हवन पूजन कर किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि प्राचीन शिव मंदिर गांव के बीचोबीच स्थित है यहां पर श्रद्धालुओं का आना जाना बराबर लगा रहता है। मंदिर से श्रद्धालुओं का आस्था जुड़ा हुआ है। ग्रामीणों के सहयोग से इसे और भव्य बनाने का निर्णय समिति द्वारा लिया गया है जिसमें श्रद्धालुओं को सारी सुविधाएं उपलब्ध होगी। मंदिर निर्माण प्रारंभ होने से ग्रामीण व क्षेत्र के बुद्धिजीवियों में हर्ष व्याप्त है। मंदिर का निर्माण होने से देव दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी। हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान तहसील अध्यक्ष अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि प्राचीन शिव मंदिर से श्रद्धालुओं का विशेष लगाव है क्षेत्र के दर्जनों गांव से श्रद्धालु मंदिर पर दर्शन पूजन के लिए आते हैं। श्रद्धालु जब भी कोई मन्नत मांगते हैं उसकी मन्नते शिव जी अवश्य पूरी करते है। इस अवसर पर विवेक पांडेय, पंकज पांडेय, राहुल श्रीवास्तव, अमर गौड़, मुकेश गौड़, बृजेश, जय प्रकाश पांडेय, पिंटू सिंह, विशाल शर्मा, अंकित, अमन,अशोक गुप्ता, रिंकू पटेल, यशवंत पटेल, सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अमिलाई में दूसरे दिन भी छाया मातम, फोर्स तैनात

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के अमिलाई गांव में हैण्डपम्प बोरिंग के विवाद में हुई मारपीट में 65 वर्षीय वृद्ध रामलाल भारती की मौत के बाद दूसरे दिन गांव में मातम छाया है। तनाव को देखते हुए गांव में फोर्स तैनात है। दूसरी ओर परिजनों का रोकर बुरा हाल रहा। विदित हो कि अमिलाई गांव के रहने वाले बरहनी ब्लाक में तैनात सेक्रेटरी सुभाष राम सोमवार को अपने जमीन पर हैण्डपम्प लगवाने के लिए बोरिंग करवा रहे थे। गांव के ही बेचन राम से पुराना विवाद था। जिसे लेकर विपक्षी हैंडपंप लगाने से मना करने लगा। जिसे लेकर तूतू मैंमैं होने लगी। सेकेट्री सुभाष राम ने बेचन राम के पुत्र सहित करीब आधा दर्जन की संख्या में लाठी डंडे लेकर बोरिंग का काम चल रहे स्थान पर बैठे मेरे पिताजी रामलाल भारती को हाथापाई में धक्का दे दिये, जिससे तत्काल उनकी मौत हो गयी। घटना के बाद सभी आरोपित फरार हो गये। पूरी रात पुलिस आरोपितों व सगे सम्बन्धियों के घर दबिश देती रही। सोमवार को पोस्टमार्टम नही हो पाया। मंगलवार को पोस्टमार्टम हुआ। गांव में तनाव को देखते हुए भारी मात्रा में फोर्स तैनात रही। शव का अंतिम संस्कार बलुआ घाट पर हुआ। इस संदर्भ में बलुआ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह ने कहा कि सभी आरोपितों की सरगर्मी से तलाश किया जा रहा है। जल्द ही सभी आरोपित गिरफ्तार कर कार्यवाही की जायेगी।

### छोटा परिवार, स्वस्थ परिवार की राह अपना रहे पुरुष

**चंदौली।** जनसंख्या नियंत्रण को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्थाई एवं अस्थाई परिवार नियोजन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके लिए महिला नसबंदी की अपेक्षा पुरुष नसबंदी ज्यादा आसान और सरल होता है। इसलिए पुरुष नसबंदी को बढ़ावा देने के लिए पुरुषों को प्रेरित किया जाता है। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वाईके राय ने बताया कि एक वर्ष में 51 पुरुषो ने नसबंदी अपनाई है। परिवार नियोजन के नोडल अधिकारी डा. एसके सिंह ने कहा कि पुरुष नसबंदी को लेकर चलाए जा रहा अभियान अब रंग ला रहा है। पुरुष नसबंदी को लेकर पुरुषों में बैठा भ्रम अब धीरे धीरे खत्म हो रहा है। विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से नसबंदी को लेकर लगातार पुरुष एवं महिलाओं को इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। जिसका परिणाम यह हो रहा है कि सदर ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर 14 फरवरी को एक साथ पांच पुरुष नसबंदी के लिए आगे आए। जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ ने बताया कि अप्रैल 2022 से मार्च 2023 तक कुल 51 पुरुषों ने नसबंदी अपनाया। वही अप्रैल से मार्च तक कुल 10500 महिलाओं ने नसबंदी की सुविधा अपनायी। पुरुष या महिला नसबंदी के लिए पति-पत्नी दोनों को एक साथ परामर्श दे कर बताया जाता है कि नसबंदी कितना आसान और सुरक्षित है। इससे शारीरिक क्षमता पर कोई असर नहीं होता है। पुरुष को इसके लिए आगे आना चाहिए और अपने परिवार को स्वस्थ और खुशहाल बनाने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

### सदलपुरा में हुए मारपीट में तीन घायल

**डीडीयू नगर।** अलीनगर थाना क्षेत्र के सदलपुरा गांव में जमीनी विवाद को लेकर सोमवार की देर शाम पटीदारों में मारपीट हो गया। जिसमें एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। अलीनगर थाना क्षेत्र के सदलपुरा गांव निवासी राजेश चौहान व पटीदार रामकृत, भरत से सोमवार की देर शाम जमीन संबंधी विवाद को लेकर मारपीट हो गया। जिसमें एक पक्ष के राजेश चौहान 40 वर्ष,पत्नी बबली देवी 36 वर्ष, पुत्र मारुति 7 वर्ष आंशिक रूप से घायल हो गए। भुक्तभोगी की तहरीर पर पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई।

### दुष्कर्म के आरोपी के घर कुर्की की नोटिस चस्पा

**नौगढ़।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट के आदेश पर दुष्कर्म व अन्य आरोपों में फरार आरोपी राधेश्याम पुत्र प्यारे के घर पर पुलिस ने धारा 82 दं.प्र.स.की कार्यवाही किया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि थाने में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या-07/2023 में वांछित अभियुक्त राधेश्याम पुत्र प्यारे निवासी ग्राम ठठवां के विरूद्ध आरोप पत्र दाखिल होने के बाद भी न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ और न ही उसके द्वारा उच्च न्यायालय से स्थगनादेश प्राप्त किया गया है। जिसपर विशेष न्यायाधीश चन्दौली के न्यायालय के आदेशों के अनुपालन मे पुलिस चौकी इंचार्ज मझगांवा राधाकृष्ण यादव के नेतृत्व में पुलिस ने गांव में मुनादी कराकर अभियुक्त के घर पर कुर्की की नोटिस चस्पा किया है।

### श्रीराम चरित मानस संघ का वार्षिकोत्सव आज

**डीडीयू नगर।** श्री रामचरित मानस संघ के तत्वावधान में पांच व छह अप्रैल को श्री हनुमान जयंती व संस्था वार्षिकोत्सव का आयोजन स्थानीय नयी सुट्टी स्थित श्री हनुमान दुर्गा मंदिर प्रांगण में किया गया है। उक्त संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए संस्था के वरिष्ठ सदस्यों ने बताया कि उक्त दो दिवसीय कार्यक्रम मे पूर्व के वर्षों की भांति पांच अप्रैल दिन बुधवार को प्रातः प्रभातफेरी प्रातः दस बजे से मंदिर में अखंड श्रीराम चरित मानस का पाठ, छह अप्रैल को मानस पाठ समापन पश्चात दोपहर एक बजे रूद्राभिषेक व हवन पूजन, सायंकाल सात बजे श्री हनुमान महाआरती व प्रसाद वितरण व कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक भजन संध्या के साथ समापन होगा।

### सेमिनार का आयोजन

**डीडीयू नगर।** नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन(नीमा) के सौजन्य से नगर में गठिया रोग पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन नगर विधायक रमेश जायसवाल एवं डा.रामपाल सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथि सीएमओ डा. वाईके राय रहे। इस अवसर पर विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि नीमा जनपद की शान है। इनके कोरोना काल में किये गए योगदान की जितनी भी तारीफ की जाय कम है। यह संगठन हमेशा जनसेवा में तत्पर रहता है। अध्यक्षता डा.अनिल यादव ने किया। अतिथियों का स्वागत डा. मनोज सिंह, डा. एके सिंह ने किया।

### निधन पर जताया शोक

**कंदवा।** क्षेत्र के अमड़ा गांव स्थित शिवकांत सिंह के आवास पर मंगलवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें चंदौली काला चावल फार्मर्स प्रोड्यूसर कम्पनी के सदस्य व कम्पनी के निदेशक विंध्यवासिनी राय के पिता रामउग्रह राय 79 के निधन पर शोक व्यक्त किया गया और दो मिनट का मौन रखकर गतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर कम्पनी के निदेशक वित्त रतन सिंह ने कहा कि रामउग्रह राय के निधन से क्षेत्र का किसान समाज मर्माहत है। इससे किसानों व कम्पनी को अपूर्णीय क्षति हुई है। इस दौरान शशिकांत राय, शिवकांत सिंह, अनिल सिंह, जामवंत सिंह, अशोक सिंह, आदर्श सिंह, पवन सिंह आदि लोग रहे।

## दिल्ली मेट्रो ने आईपीएल मैचों के दौरान अंतिम ट्रेन का समय बढ़ाया

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो ने यहां अरुण जेटली स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच के दिनों में एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन को छोड़कर अन्य सभी लाइन पर अपनी अंतिम ट्रेन का समय करीब 30 से 45 मिनट बढ़ा दिया है। दिल्ली मेट्रो ने अपने एक बयान में कहा, ह्यह्यडीएमआरसी सभी लाइन (एयरपोर्ट लाइन को छोड़कर) पर अपनी अंतिम ट्रेन के समय में करीब 30-45 मिनट का समय बढ़ाया है जिससे दर्शक आसानी से अपने-अपने घरों तक पहुंच सकें। आईपीएल मैच 11, 20 और 29 अप्रैल और 6, 13 और 20 मई को होंगे। अधिकारियों ने कहा कि सामान्य समय से हटकर अतिरिक्त ट्रेन की आवाजाही की योजना इस तरह से बनाई गई है कि राजीव चौक, मंडी हाउस, कश्मीरी गेट, कीर्ति नगर, इंद्रलोक और लाजपत नगर के इंटरचेंज स्टेशनों से सभी दिशाओं में संपर्क सेवा बनी रहे। इसके साथ ही मैच के दिनों में यात्रियों की सुविधा के लिए दिल्ली गेट मेट्रो स्टेशन प अतिरिक्त टोकन वेंडिंग मशीन सहित अन्य सभी इंतजाम रहेंगे।

# पंजाब किंग्स पर जीत दर्ज करने उतरेगी राजस्थान रॉयल्स

### शाम 7:30 बजे से शुरू होगा मैच



**गुवाहाटी।** कप्तान संजू सैमसन की राजस्थान रॉयल्स बुधवार को कप्तान शिखर धवन की पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले में अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। अंक तालिक में अब तक शीर्ष पर होने के साथ ही राजस्थान ने पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज की थी। ऐसे में उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। रॉयल्स ने पिछले मैच में गेंदबाजी और बल्लेबाजी में जिस प्रकार का प्रदर्शन किया था। वह उसके पंजाब के खिलाफ भी दोहराना चाहेगी। बल्लेबाजी में टीम के पास यशस्वी जायसवाल के अलावा इंग्लैंड के जोस बटलर के अलावा कप्तान सैमसन भी हैं। इन तीनों के अर्धशतकों से रॉयल्स के बल्लेबाजों ने पिछले मैच में बढ़ा स्कोर बनाया था। इसके बाद गेंदबाजी के दौरान उसके स्पिनर युजवेंद्र चहल ने 17 रन पर चार विकेट और ट्रेंट बोल्ट ने 21 रन पर दो विकेट लेकर हैदराबाद के बल्लेबाजों को दबाव में ला दिया। वहीं दूसरी ओर पंजाब किंग्स भी इस मैच में जीत के लिए पूरी ताकत लगा देगी। पंजाब ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मोहाली में बारिश की बाधा के बीच ही डकवर्थ-लुईस नियम से मैच जीता था। इस दौरान टीम ने शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी दिखायी थी।

रॉयल्स की बल्लेबाजी में गहराई है। मध्य क्रम में उसके पास देवदत्त पडिक्कल और रियान पराग के अलावा वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायर जैसे खिलाड़ी हैं। रॉयल्स की गेंदबाजी भी अच्छी है। टीम के पास अनुभवी टेंट बोल्ट जैसा शीर्ष तेज गेंदबाज है। इसके अलावा स्पिनर चहल और आर अश्विन भी टीम में शामिल हैं।

पंजाब के पास शीर्ष क्रम में कप्तान शिखर धवन जैसा अनुभवी बल्लेबाज है पर टीम के अन्य बल्लेबाज युवा है। टीम की ताकत उसकी गेंदबाजी है जिसकी कमान बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के पास है। टीम के पास आईपीएल इतिहास में 18 करोड़ और 50 लाख रुपए के साथ सबसे महंगे खिलाड़ी बने इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम कुरेन, लियाम लिविंगस्टोन जैसे खिलाड़ी भी हैं।

टीम इस प्रकार हैं :

राजस्थान रॉयल्स : संजू सैमसन (कप्तान), अब्दुल बासित, मुरुगन अश्विन, रविचंद्रन अश्विन, केएम आसिफ, ट्रेंट बोल्ट, जोस बटलर, केसी करियप्पा, युजवेंद्र चहल, डोनोवन फरेरा, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, ओबेद मैकॉय , देवदत्त पडिक्कल, रियान पराग, कुणाल सिंह राठौर, जो रूट, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आकाश वशिष्ठ, कुलदीप यादव और एडम जम्पा।

पंजाब किंग्स : शिखर धवन (कप्तान), अर्शदीप सिंह, बलतेज सिंह, राज बावा, राहुल चाहर, सैम कुरेन, ऋषि धवन, नाथन एलिस, हरप्रीत बरार, हरप्रीत सिंह, वी कावेरप्पा, लियाम लिविंगस्टोन, मोहित राठी, प्रभसिमरन सिंह, कागिसो रबादा , भानुका राजपक्षे, एम शाहरुख खान, जितेश शर्मा, शिवम सिंह, मैथ्यू शॉर्ट, सिकंदर रजा और अथर्व तायडे।



लीवरपूल में प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलते हुए एवरटोन और टोटेनहम के खिलाड़ी।

## विलियमसन, साउदी सहित चार अनुभवी खिलाड़ियों के बिना ही पाक में एकदिवसीय सीरीज खेलेगी न्यूजीलैंड

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड की टीम ने पाकिस्तान दौरे के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। 26 अप्रैल से शुरू हो रही एकदिवसीय सीरीज में न्यूजीलैंड टीम कप्तान केन विलियमसन सहित चार प्रमुख खिलाड़ियों के बिना उतरेगी। विलियमसन जहां चोटिल हैं वहीं अन्य खिलाड़ी आईपीएल के कारण एकदिवसीय सीरीज से बाहर हैं। विलियमसन के घुटने में चोट लगी है जबकि टिम साउदी, लॉकी फर्ग्यूसन, ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, मिशेल सेंटनर और फिन एलन अभी आईपीएल में व्यस्ता हैं। ऐसे में टॉम लैथम टीम की कप्तानी करेंगे। इस दौरे में टीम को डेरिल मिशेल, मैट हेनरी, जेम्स नीशम, हेनरी निकोल्स और ईश सोढ़ी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों पर ही आधारित रहना होगा। कीवी टीम ने बेन लिस्टर और कोल मैककोन्ची के रूप में दो संभावित नए खिलाड़ियों को भी शामिल किया है।

मुख्य कोच गैरी स्टीड ने दौरे के लेकर कहा, हमने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले सत्र में सफेद गेंद के दोनों प्रारूपों में कई रोमांचक मैचों का आनंद लिया है। वे एक कठिन टीम हैं, चाहे आप उन्हें कहीं भी ले जाएं। स्टीड ने आगे कहा, इस साल की शुरूआत में पाक में सफल एकदिवसीय सीरीज ने खिलाड़ियों को सीखने के बड़े अवसर प्रदान किए और विश्व कप के साल में अधिक एकदिवसीय मैच का अनुभव शानदार है। पांच मैचों की एकदिवसीय सीरीज 26 अप्रैल से रावलपिंडी में शुरू होगी और 7 मई को कराची में खत्म होगी।

टीम इस प्रकार है : टॉम लाथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल, चाड बोवेस, मैट हेनरी, बेन लिस्टर, कोल मैककोन्ची, एडम मिल्ने, डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, हेनरी निकोल्स, रचिन रवींद्र, हेनरी शिपली, ईश सोढ़ी, ब्लेयर टिकनर, विल यंग।

# आईपीएल में 5000 रन बनाने वाले सातवें क्रिकेटर बने धोनी



**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के आईपीएल में 5000 रन पूरे हो गये हैं। धोनी ने यहां के एमए चिदंबरम स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच के दौरान अपने 5000 रन पूरे किए। धोनी ने इस मैच में केवल 12 रन ही बनाये पर वह अपनी टीम को जीत दिलाने में सफल रहे। आईपीएल में अपनी 208वीं पारी में 5000 रन पूरे करने वाले 7वें क्रिकेटर बने हैं। इससे पहले विराट कोहली, शिखर धवन, डेविड वार्नर, रोहित शर्मा, सुरेश रैना और एबी डिविलियर्स ने भी 5000 रन बनाये थे। चार साल के बाद चेपॉक में टीम के घरेलू मैदान में खेल रहे धोनी ने मार्क वुड की पहली ही गेंद पर थर्ड मैन पर छक्का लगाकर अपने 5000 रन पूरे किये। वहीं अगर धोनी के करियर की बात की जाए तो उन्होंने 236 मुकाबलों में 5004 रन बनाये हैं। जिसमें 24 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर 84 है। धोनी ने इस दौरान 347 चौके और 232 छक्के भी लगाये।

धोने ने डेक्कन चार्जर्स के खिलाफ 10 मैच में 281 रन बनाये जबकि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 30 मैच में 647 रन। वहीं गुजरात लायंस के खिलाफ 4 मैच में 83 रन और गुजरात टाइंटस के खिलाफ 3 मैच में 21 रन बनाये। कोच्चि टस्कर्स के खिलाफ 2 मैच में 23 रन, कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 30 मैच में 551 रन। लखनऊ सुपर जायंट्स के के खिलाफ 2 मैच में 28 रन। मुंबई इंडियंस के खिलाफ 39 मैच में 746 रन। पुणे वारियर्स के खिलाफ 6 मैच में 135 रन बनाये। पंजाब किंग्स के खिलाफ 30 मैच में 642 रन जबकि राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 26 मैच में 521 रन बनाये। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 33 मैच में 838 रन और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 21 मैच, 488 रन बनाये हैं।

### धोनी लगातार दूसरे साल झारखंड के सबसे बड़े आयकर दाता बनकर उभरे

**रांची।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी झारखंड के सबसे बड़े आयकर दाता बने हैं। उनकी आमदनी और आयकर विभाग को किए गए उनके भुगतान से यह अंदाज होता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022- 23 के लिए धोनी की ओर से आयकर विभाग को आयकर के तौर पर 38 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है, जबकि पिछले वर्ष 2021-22 में भी धोनी ने आयकर विभाग को 38 करोड़ रुपए का ही भुगतान किया था। दोनों वर्षों में भुगतान की राशि एक ही होने की वजह से अनुमान लगाया जा रहा है कि भले ही धोनी की ब्रांड वैल्यू बाजार में आज भी बरकरार है पर उनकी आमदनी नहीं बढ़ी है। पिछले साल भी धोनी झारखंड के सबसे बड़े व्यक्तिगत आयकर दाता के तौर पर उभरकर सामने आए थे। धोनी की आमदनी विज्ञापनों से होती है। वह एक बड़े ब्रांड माने जाते हैं। धोनी अपनी एंटरटेनमेंट कंपनी के जरिए भी कमाई करते हैं। इसके अलावा क्रिकेट कोचिंग के लिए बनायी गयी कंपनी से भी उन्हें आमदनी होती है। धोनी शिक्षा के क्षेत्र में भी कदम रख चुके हैं। इसके अलावा धोनी की आमदनी के और भी कई माध्यम है।

### रुतुराज के छक्के से पिचकी टाटा की टियागो

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के युवा सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इसी दौरान रुतुराज ने अपनी पारी के दौरान 31 गेंदों में 3 चौके और 4 छक्के लगाकर 57 रन बनाये। इस दौरान रुतुराज ने एक छक्का ऐसा मारा कि गेंद सीधे ही स्टेडियम में खड़ी टाटा की कार टिआगो ईवी पर लगी ओर वह पिचक गयी। इस शॉट के कारण अब टाटा को 5 लाख रुपये कर्नाटक में कॉफी बागानों की जैव विविधता बढ़ाने के लिए लगाने होंगे। इसका कारण ये है कि टाटा मोटर्स आईपीएल का आधिकारिक प्रायोजक है। वहीं घोषणा के अनुसार मैच में यदि बल्लेबाज गेंद को टाटा पंच बोर्ड या बाउंड्री के बाहर खड़ी कार टिआगो ईवी कार पर मारता है तो टाटा ग्रुप 5 लाख रुपये दाने करता है। इससे पहले वाले सत्र में यह राशि काजीरंगा नेशनल पार्क को दी गयी थी।

### पाक में घरेलू टूनार्मेंट में उस्मा ने एक ही ओवर में बनाये 34 रन

**लाहौर।** पाकिस्तान में भी जारी एक घरेलू टूनार्मेंट में बल्लेबाज उस्मा मीर ने एक ही ओवर में 5 छक्के और एक चौका लगाकर 34 रन बटोरे हैं। हैरानी की बात ये है कि उस्मा पेशेवर बल्लेबाज नहीं हैं। उस्मा ने सुपर लीग (पीएसएल) की फ्रेंचाइजी मुल्तान सुल्तान्स में स्पिनर के तौर पर खेला था। पाक की ओर से 3 एकदिवसीय खेलने वाले इस खिलाड़ी ने बल्लेबाजी के अलावा शानदार गेंदबाजी भी की। उस्मा ने एक ओवर में ही एक चौका और 5 बड़े छक्के लगाकर 34 रन बनाए। उन्होंने अपनी इस पारी के दौरान 20 गेंदों पर 66 रन बनाये। इस बल्लेबाज ने अपनी टीम की सफलता में भी अहम भूमिका निभाई है। इस पारी ने गनी इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिकेट (जीआईसी) ने छह विकेट पर 236 रन बनाये। यह पारी टूनार्मेंट में जीआईसी और कराची वारियर्स के बीच मैच के दौरान बनी। इस टूनार्मेंट में हर टीम को दो अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को खेलने की अनुमति होती है, जबकि कुल आठ टीमें इसमें भाग लेती हैं। उस्मा ने पाक के लिए 3 एकदिवसीय में 18 रन बनाए हैं, जबकि 4 विकेट लिए हैं।



जोर्जिया में उत्तरी आयरलैंड के गोल्फर रोरी मैकलरॉय टाइगर वुडस के साथ खेलते हुए।

### स्वितोलिना वापसी के बाद पहले ही मैच में हारी

**चार्लेस्टन।** एलिना स्वितोलिना को टेनिस कोर्ट पर वापसी के बाद अपने पहले ही मैच में हार का सामना करना पड़ा है। स्वितोलिना मां बनने के बाद पहली बार कोर्ट पर उतरीं थीं। स्वितोलिना ने पिछले साल अक्टूबर में एक बेटी को जन्म दिया था। उसी के बाद से ही वह खेल से दूर थीं। उन्हें चार्लेस्टन ओपन टेनिस टूनार्मेंट के पहले दौर में तीन सेट तक चले मैच में हार का सामना करना पड़ा। विश्व की पूर्व नंबर तीन खिलाड़ी रहीं स्वितोलिना को दो घंटे, 46 मिनट तक चले मुकाबले में यूलिया पुतिनत्सेवा के हाथों 6-7 (3), 6-2, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। स्वितोलिना ने कहा, ह्यमेरे लिए शारीरिक तौर पर यह मुकाबला आसान नहीं था। मेरा मानना है कि मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया हालांकि मैं उसके करीब पहुंची थी। वहीं दिन के अन्य मैचों में साल 2017 की अमरीकी ओपन चैंपियन सलोनी स्टीफंस ने क्वालीफायर लुईसा चिरिको को 3-6, 6-1, 6-2 से हराया। एक अन्य मुकाबले में सत्रह वर्षीय लिंडा फ्रुहविटोर्वा ने जिल टीचमैन को 6-2, 3-6, 6-2 से जबकि अन्ना कालिंस्काया ने एनाहेलिना कलिनिना को 7-6 (6), 6-4 से हराया।

### मेयर्स की धमाकेदार बल्लेबाजी से डी कॉक की वापसी हुई मुश्किल

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के बल्लेबाज काइल मेयर्स ने आईपीएल के 16 वें सत्र में अब तक के दोनो ही मैचों में शानदार प्रदर्शन किया है। मेयर्स को लखनऊ सुपर जायंट्स ने दक्षिण अफ्रीकी विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक की जगह पर शामिल किया था। डी कॉक राष्ट्रीय टीम से खेलने के कारण शुरूआती आईपीएल मैचों से बाहर हैं। मेयर्स ने उन्हें मिले अवसर का अच्छा लाभ उठाते हुए अपनी धमाकेदार बल्लेबाजी से सबको प्रभावित किया है। काइल ने केवल डेब्यू ही नहीं किया बल्कि अपनी तूफानी बल्लेबाजी से टीम में अपनी जगह भी पक्की कर ली है। मेयर्स ने अब तक खेले गए दोनों मुकाबलों में तेजी से बल्लेबाजी करते हुए 2 अर्धशतक लगाये हैं। उन्होंने अपने चौकों-छक्कों से जमकर रन बटोरे हैं। मायर्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहले मैच में केवल 38 गेंद में 73 रन बनाए थे। वहीं उन्होंने सीएसके के खिलाफ दूसरे मैच में 22 गेंदों में 53 रन की पारी खेली। उनका यह प्रदर्शन डी कॉक की टीम में वापसी मुशकिल बना रहा है।


## बॉलीवुड न्यूज

### मुंबई से शुरू हुआ अपकमिंग सीरीज सिटाडेल का ग्लोबल टूर



**मुंबई।** प्राइम वीडियो की अपकमिंग ग्लोबल स्पाई सीरीज सिटाडेल की लीड जोड़ी ने एपिक एशिया पैसिफि क प्रीमियर के लिए मुंबई तक का सफर तय किया है। इस ग्रैंड इवनिंग से पहले सीरीज के लीड एक्टर्स- रिचर्ड मैडेन, और प्रियंका चोपड़ा जोनस ने एक मजेदार बातचीत के दौरान खुलासा किया कि इस जबरदस्त स्पाई फ्रैंचाइजी को बनाने के पीछे की वजह क्या थी। अमेजन स्टूडियोज और रुसो ब्रदर्स के एजीबीओ द्वारा निर्मित और शोरनर और एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर डेविड वील की सिटाडेल का प्रीमियर विशेष रूप से प्राइम वीडियो पर होगा, जिसमें दो एपिसोड 28 अप्रैल को जारी होंगे, और एक एपिसोड 26 मई से वीकली शुरू होगा। शैली की लोकप्रियता, कॉन्सेप्ट के नयापन और रुसो ब्रदर्स, डेविड वेइल, प्रियंका चोपड़ा जोनस, रिचर्ड मैडेन और सिटाडेल से जुड़े बाकी सभी लोगों का जादू हमें विश्वास दिलाता है कि दर्शक सच में इस ग्लोबल सीरीज को पसंद करेंगे। वहीं सुशांत श्रीराम, कंट्री डायरेक्टर, प्राइम वीडियो, इंडिया ने कहा कि प्राइम वीडियो इंडिया के 75% से अधिक कस्टमर्स इस प्लेटफॉर्म पर अंग्रेजी या लोकल भाषाओं में इंटरनेशनल शोज और फिल्में देखते हैं। इंडियन लैंगुएज में लोकलाइजेशन के साथ, इंटरनेशल शो और फिल्मों के कुल देखने के समय का 25% से अधिक अब लोकल भाषाओं में है। इस बात को ध्यान में रखते हुए, हम सिटाडेल को न केवल अंग्रेजी और हिंदी में, बल्कि तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में भी रिलीज करेंगे। प्रियंका चोपड़ा जोनस और रिचर्ड मैडेन के साथ इस 6-एपिसोड सीरीज में स्टेनली टुकी और लेस्ली मैनविल भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। रूसो ब्रदर्स के एजीबीओ और शो रनर डेविड वील द्वारा एक्जीक्यूटिव निर्मित, सिटाडेल का प्रीमियर 28 अप्रैल से विशेष रूप से प्राइम वीडियो पर होगा और एक एपिसोड 26 मई तक वीकली प्रसारित होगा। ये ग्लोबल सीरीज 240 देशों और क्षेत्रों में अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम सहित कई भाषाओं में स्ट्रीम होगी।

### 'गुम है किसी के प्यार में' में दिखेगा हाई वोल्टेज ड्रामा



**मुंबई।** स्टार प्लस का सीरियल 'गुम है किसी के प्यार में' ने अपने दिलचस्प और मजेदार प्लॉट के साथ दर्शकों का खूब ध्यान खींचा है। शो में दिखाए गए ट्विस्ट एंड टर्न्स और हाई ऑक्टेन ड्रामा ने हमेशा दर्शकों को उनकी टेलीविजन स्क्रीन से चिपके रहने पर मजबूर कर दिया। अब शो का करेंट ट्रैक सईं, विराट और सत्या के इर्द-गिर्द घूमता है। हाल ही में प्रसारित प्रोमो के मुताबिक दर्शकों को शो में हाई वोल्टेज ड्रामा देखने मिलने वाला है क्योंकि सई ने सत्या के साथ शादी कर ली है और विराट के साथ संबंध तोड़ने के लिए तैयार है। लेकिन सवाल यह है कि क्या सई अपने प्यार विराट को छोड़कर सत्या से शादी करेगी? क्या साई वाकईआगे बढ़ने और नए प्यार को मौका देने के लिए तैयार है? इस सीरियल में सत्या की भूमिका निभाने वाले हर्षद अरोड़ा ने इस नए ट्विस्ट के बारे में बात करते हुए कहा कि यह एक दिलचस्प ट्रैक है जिसे दर्शक शो में देखने जा रहे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि सईं, विराट और सत्या में से किसे चुनती है। सईं प्यार को दूसरा मौका देने के लिए तैयार है लेकिन क्या वह अपने अतीत को पीछे छोड़कर अपने आज को एक मौका देगी और आने वाले समय में शो में हाई वोल्टेज ड्रामा देखने मिलने वाला है। सत्या, सई के लिए एक सपोर्ट सिस्टम बनने जा रहा है और उसे मुश्किल समय से निकलने में मदद करेगा। 'गुम हैं किसी के प्यार में' का निर्माण राजेश राम सिंह, पिया बाजपेयी, प्रदीप कुमार और शाइका परवीन ने किया है।

## वाराणसी के लिए उड़ा विमान पहुंचा शमशादबाद

**बाबतपुर।** बेंगलुरु से मंगलवार की सुबह वाराणसी के लिए उड़ान भरा एक विमान तेलंगाना के शमशादबाद हवाई अड्डे पहुंच गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को 6ई 897 अपने निर्धारित समय से बेंगलुरु हवाई अड्डे से वाराणसी के लिए उड़ान भरा विमान में137 यात्री सवार थे। यह विमान बेंगलुरु हवाई क्षेत्र से कुछ आगे बढ़ते ही वाराणसी न आकर तेलंगाना के शमशाद बाद हवाई अड्डे पर पहुंच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बेंगलुरु से उड़ान भरते ही कुछ देर बाद विमान के पायलट को विमान में तकनीकी खराबी होने की आशंका हुई पायलट ने अपनी सूझबूझ से तुरंत नजदीकी हवाई अड्डे से संपर्क साधा और विमान को उतरने की इजाजत मांगी। एटीसी से इजाजत मिलने के बाद विमान को शमशाद बाद हवाई अड्डे पर उतारा गया। हवाई अड्डे पर मौजूद एयरलाइंस तकनीकी दल के द्वारा उक्त विमान की जांच की गई जांच पड़ताल करने के बाद यह विमान शमशाद बाद हवाई अड्डे से सुबह 8:30 बजे उड़ान भरकर 9:50 बजे पुनः वाराणसी पहुचा। जबकि बेंगलुरु से यह विमान सुबह 5:30 बजे उड़ान भर कर 7:50 बजे वाराणसी पहुचता है।

अपने निर्धारित समय पर विमान को न पहुचने पर विमान में सवार यात्री काफी सहमे हुए थे सकुशल वाराणसी पहुचने के बाद सभी यात्रियों ने राहत की सांस ली। एयरलाइंस अधिकारियों के द्वारा बताया गया कि विमान में तकनीकी खराबी हो जाने के कारण विमान को डायवर्ट कर दिया गया था विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी खराबी दूर करने के बाद विमान वाराणसी पहुंचा और सुबह10:20 बजे यहाँ से बेंगलुरू के लिए उड़ान भरा।

### परिवार नियोजन के प्रति करेंगे जागरूक : सीएमओ

**वाराणसी।** शहरी क्षेत्र में परिवार कल्याण कार्यक्रम की सेवाओं की पहुंच बढ़ाने और समुदाय को जागरूक करने के लिए स्वास्थ्यकर्मियों को सुदृढ़ीकरण करना बेहद जरूरी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने मंगलवार को दुगाकुंड शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पॉप्युलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल (पीएसआई) इंडिया के सहयोग से आयोजित परिवार कल्याण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में कहीं। परिवार नियोजन सेवाओं से जुड़े सभी लॉजिस्टिक की आपूर्ति फैमिली प्लानिंग लॉजिस्टिक मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम (एफपीएलएमआईएस) से करते रहें। इस दौरान सीएमओ ने यूएचआरआई रजिस्टर और एचएमआईएस पोर्टल पर शत-प्रतिशत डाटा फीडिंग करने और गृह आधारित नवजात शिशु देखभाल कार्यक्रम (एचबीएनसी) पर भी जोर दिया ।बैठक में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ निकुंज कुमार वर्मा, डिप्टी सीएमओ डॉ अमित सिंह, डॉ यतीश भुवन पाठक, डॉ एके पाण्डेय, अधीक्षक डॉ सारिका राय, नगरीय स्वास्थ्य समन्वयक आशीष सिंह, अंकुर, नितेश, अनिल कुमार गुप्ता, पीएसआई से अखिलेश एवं अन्य अधिकारी व स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

### बाल कला दिवस का रामछाटपार शिल्प न्यास में आज आयोजन

**वाराणसी।** काशी में गंगा के पावन तट पर स्थित राम छाटपार शिल्प न्यास संगीत, कला, साहित्य को समर्पित एक संस्था है जिसकी बहु आयामी योजनाओं में एक योजना रही है की प्रत्येक वर्ष बाल कला दिवस राम छाटपार शिल्प न्यास के प्रांगण में 5 अप्रैल को मनाया जायेगा। विगत 5 वर्षों से यह आयोजन शिल्प न्यास में आयोजित हो रहा है। बाल कला दिवस कार्यक्रम में वाराणसी के बाल विद्यालयों के बच्चों की भागीदारी अद्भुत होती है। सौ - डेढ़ सौ बच्चों की किलकारी से शिल्प न्यास का प्रांगण एवं संग्रहालय की इशी गॅलरी पूरी तरह से भर जाता है। बच्चे बिल्कुल नवीन तरीके से एवं पूरी तरह से स्वतन्त्र होकर चित्रों की रचना में मगन रहते हैं जो अपने आप में बहुत ही रोमांचक होता है। राम छाटपार शिल्पन्यास की स्थापना 1989 में गुरु राम छाटपार (आधुनिक) मूर्तिशिल्पी) की स्मृति में स्थापित है। न्यास के प्रथम अध्यक्ष पद्मश्री स्वर्गीय प्रो० शंखो चौधुरी (वरिष्ठ मूर्तिकार) थे।

## होली मिलन समारोह में अबीर गुलाल लगाकर बांटी खुशियां

**डीडीयू नगर।** नगर के कैलाशपुरी स्थित केसरी नंदन उत्सव वाटिका में केसरवानी वैश्य सभा की ओर से सोमवार की देर शाम होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ प्रदेश महामंत्री दीनानाथ गुप्ता ने दीप प्रज्वलन कर महर्षि कश्यप की तैल चित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान लोग एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। सामाजिक एवं सांस्कृतिक सुर सरिता संस्था के कलाकारों द्वारा भाव नृत्य नाटिका रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित जनों को होली के रंगों में सराबोर कर दिया।

इस दौरान विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि होली मिलन समारोह से सामाजिक समरसता का प्रादुर्भाव होता है। स्वजातीय बंधुओं में एकजुटता होती है। लोग एक मंच पर एक जगह इकट्ठा होकर एक दूसरे को जानने और पहचानने का काम करते हैं। कहा कि वैश्य जाति के लोग भी अन्य जातियों की तरह अब अपने एकजुटता का परिचय देने लगे हैं, जिससे आने वाले दिनों में हमारी भागीदारी व्यापार के अलावा शिक्षा तथा राजनीतिक क्षेत्र में भी बढ़ेगी। आगामी 6 अप्रैल को लखनऊ में होने वाले स्वजातीय महासम्मेलन में हम प्रदेश सरकार को अपनी ताकत का एहसास कराएंगे। उन्होंने प्रदेश के सभी जिलों से स्वजातीय बंधुओं को लखनऊ के सम्मेलन में भारी संख्या में भागीदारी करने के लिए अपील किया है। इस दौरान जिलाध्यक्ष गायक अशोक सिद्धार्थ केसरवानी को राष्ट्रीय कमेटी में मंत्री, प्रदेश कमेटी में मंत्री का दायित्व सौंपा गया।इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर रामबाबू केसरवानी, विजय केसरवानी, अशोक कुमार गुप्त, गोविंद केशरी, मोहित केसरी, बिंदु केशरी, अभिषेक केसरी, राम जनम केसरी, रोहित केसरी उपस्थित थे। संचालन गायक अशोक सिद्धार्थ ने किया।

# खलिहान की भूमि पर अवैध रूप से बनवाई जा रही पानी की टंकी

जनसंदेश न्यूज

**दबंगई**

**मनमानी कर रहे प्रधान व लेखपाल हाईकोर्ट के आदेश की कर रहे अनदेखी**

**विकास खंड मुफ्तीगंज के ग्राम पंचायत कुंडी में चल रहा है निर्माण कार्य**

**जौनपुर।** हाईकोर्ट के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए विकास खंड मुफ्तीगंज के ग्राम पंचायत कुंडी में खलिहान खाते की भूमि पर पानी की टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। गांव के श्यामजीत राय ने ग्राम प्रधान व क्षेत्रीय लेखपाल पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए प्रदेश शासन व प्रशासन से लिखित शिकायत की है।

श्यामजीत राय ने प्रमुख सचिव राजस्व प्रदेश शासन, आयुक्त वाराणसी मंडल व जिलाधिकारी को रजिस्टर्ड पत्र भेजकर खलिहान की भूमि पर अवैध ढंग से बनवाई जा रही पानी की टंकी का निर्माण रोकने का आग्रह किया है। उन्होंने पत्र में हवाला दिया है कि टंकी के निर्माण से रिट याचिका संख्या 1288 वर्ष 1994 ग्राम सभा बनाम सीडीओ रामपुर में आठ जुलाई 1997 को उच्च न्यायालय प्रयागराज के पारित आदेश का स्पष्ट तौर पर उल्लंघन किया जा रहा है। यह ग्राम पंचायत के सार्वजनिक हित के विरुद्ध है। टंकी बन जाने से ग्रामवासियों के समक्ष खलिहान रखने का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। उन्होंने पत्र में लिखा है कि ग्राम पंचायत कुंडी में काफी सरकारी भूमि नवीन परती व बंजर पड़ी हुई है, जिस पर ग्राम पंचायत के कुछ लोग जोताई व बोवाई कर रहे हैं। वहां टंकी का निर्माण कराया जा सकता है। इस संबंध में पूछने पर केराकत की उप जिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने कहा कि खलिहान की जमीन पर किसी तरह का पक्का निर्माण नहीं कराया जा सकता। यह मामला मेरे संज्ञान में लाया गया है। जांच कराई जा रही है। शिकायत सही मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## जमीन के विवाद में चटकी लाठियां

**एक पक्ष का फूटा सिर जिला चिकित्सालय रेफर**

**मुफ्तीगंज।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के रामपुर बाजार में जमीनी विवाद को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के मोहन यादव को लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया। दोनों तरफ से ईट भी चला।

जानकारी के अनुसार मोहन यादव और शर्मा परिवार में जमीन को लेकर कई साल से विवाद चल रहा है। सुबह मोहन यादव लकड़ी की जलौनी उसी जमीन में ट्रैक्टर से गिरा रहे थे तभी शर्मा परिवार के पांच छः की संख्या में लाठी डंडा लेकर दौड़ते हुए मोहन यादव के सर पर तड़ातड़ लाठी से मारकर घायल कर दिया। स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सीएचसी पर ले जाया गया जहां डाक्टरों ने मोहन की हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर पीआरबी 112 और गौराबादशाहपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनो पक्षों को थाने ले गयी।

## अंबेडकर मूर्ति देख भड़के कार्यकर्ता



विरोध-प्रदर्शन करते अंबेडकर चेतना समिति के लोग

**बदलापुर।** स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड नंबर एक सरोखनपुर तिराहे पर बने नवनिर्मित अंबेडकर पार्क में नगर पंचायत द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित किया जाना था। मंगलवार को उक्त प्रतिमा को देखते ही अंबेडकर चेतना समिति के लोग भड़क गए। देखते ही देखते वहां काफी लोग एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया और संबंधित अधिकारियों और क्षेत्रीय जिम्मेदार प्रतिनिधियों से बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की अच्छी प्रतिमा स्थापित करवाने की मांग की। इस मौके पर अंबेडकर चेतना समिति के अध्यक्ष सोनू सिद्धार्थ, उपाध्यक्ष राजू, कोषाध्यक्ष आदित्य कुमार, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रंजीत राजा, बसपा के बदलापुर विधानसभा अध्यक्ष बंसराज गौतम, राजमणि, एडवोकेट राजेश कुमार गौतम, डॉक्टर सचिन कुमार मित्रा, नितेश कुमार, आनंद कुमार, गब्बर गौतम सहित स्थानीय महिलाएं तथा बच्चे आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार सिपाही की मौत



मृतक सिपाही अरुण सिंह

**ट्रैक्टर को पुलिस ने लिया कब्जे में**

**नौपेड़वा।** बक्शा थाने पर तैनात सिपाही अरुण सिंह की नौपेड़वा बाजार के पूरब बाइक से थाने पर जाते समय ट्रैक्टर की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुँचे थाने से स्टॉफ कर्मियों ने मृतक अरुण के शव व ट्रैक्टर को थाने ले आये। बताया जाता है कि बाराबंकी जनपद के हैदरगढ़ निवासी 25 वर्षीय अरुण सिंह पुत्र अनिल सिंह बीते करीब तीन वर्षों से थाने पर तैनात थे। अरुण कम्यूटर ऑपरेटर का कार्य करता था। अरुण थाने से जरूरी काम से नौपेड़वा बाजार गए थे। सुबह 9 बजे वह नौपेड़वा से पुनः बक्शा थाने ड्यूटी पर जा रहा था। बाजार में किये जा रहा नाली निर्माण हेतु गिराये गये बालू पर सिपाही अरुण की बाइक चढ़ गई। बालू में असंतुलित हुई बाइक सहित सिपाही सड़क पर गिर पड़ा उसी दौरान सामने से तेजगति से आ रहा ट्रैक्टर चालक ट्राली सहित सिपाही को कुचलते हुए ट्रैक्टर खड़ाकर फरार हो गया। अरुण अपनी पत्नी के साथ नौपेड़वा बाजार लकड़मंडी में भाड़े का कमरा लेकर रहते थे। सूचना पर पत्नी एकता थाने पहुँची और आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। शव को मर्चरी भेज पुलिस कार्यवाही में जुट गई है।

### पावन संगीतमय श्रीराम कथा का हुआ आयोजन




श्री रामकथा प्रस्तुत करते पं. अखिलेश मिश्रा से आशीर्वाद प्राप्त करते विधायक रमेश मिश्रा

**शाहगंज।** नगर के नयी आबादी मोहल्ला स्थित महादेव मंदिर के सामने अहाते में संगीतमयी श्रीराम कथा का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील अग्रहरि टप्पू ने किया। संगीतमयी श्री राम कथा के प्रथम दिवस मे राम कथा वाचक व्यास अखिलेश मिश्र द्वारा भक्तों को सत्संग व भगवान कृपा का वर्णन करते हुए ध्रुव चरित्र का वर्णन कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान जय श्री राम के नारों से पूरा कथा पण्डाल गुंजायमान हो उठा। इसके पश्चात आरती कर कथा का समापन किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से बदलापुर विधायक रमेश मिश्रा, भाजपा नेता प्रदीप जायसवाल, राकेश पत्रकार, सियाराम अग्रहरि, डा. अमित कुमार यादव, वीरेंद्र अग्रहरि, किशन अग्रहरि, चिंताहरण शर्मा, ज्ञानचंद अग्रहरि, अमित श्रीवास्तव, कुलदीप, काली प्रसाद, राजेश कुमार, निखिल कुमार आदि मौजूद रहे।

### बाइक की डिक्की तोड़कर 50 हजार रुपये उड़ाए

**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र के पुलिस ऑफिस के पास एक उच्चके ने मोटरसाइकिल की डिक्की तोड़कर 50,000 रूपये उड़ा दिये। कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला नईगंज निवासी स्वास्थ्य विभाग के लिपिक इम्तियाज अहमद ने पुलिस ऑफिस के पिछले हिस्से कचहरी रोड पर स्थित एक बैंक से 50000 रूपये निकाले। पैसा निकाल कर अपनी ही मोटरसाइकिल की डिक्की में रखा जिसमें कई चेक व आवश्यक दस्तावेज भी थे। मोटरसाइकिल खड़ी करके पुलिस ऑफिस के पास रहने वाले व्यक्ति से 2 मिनट के लिए मिलने गए और जैसे ही लौटकर आए तो देखा कि उनकी डिक्की टूटी हुई है और उसमें रखा बैग जिसमें रुपया रखा हुआ था वह गायब रहा। इम्तियाज ने घटना की सूचना मियांपुर पुलिस चौकी पर जाकर दी। पुलिस ने मामला पंजीकृत नहीं किया है।

### किशोरी को भगा ले जाने के आरोपित को जेल



**खुटहन।** डिहियां गांव निवासी व नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपित को पुलिस ने मंगलवार की भोर में पिलकिछा तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कार्रवाई के बाद उसका चलान न्यायालय भेज दिया गया। गांव निवासी अजीत बिंद इसी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को एक सप्ताह पूर्व बहला फुसलाकर भगा ले गया था। हांलांकि पुलिस के दबाव के चलते वह वारदात के तीसरे दिन किशोरी को गांव में छोड़ फरार हो गया। नाबालिग की मां के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही थी। मुखबिर की सटीक सूचना पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### श्रीराम कथा की हुई अमृत वर्षा

**पराऊगंज।** श्रीराम कथा अमृत वर्षा मानस सेवा समिति पराऊगंज द्वारा आयोजित काशी से पधारी मानस कोकिला डॉ. सुधा पांडे ने मानस की चर्चा करते हुए कहा कि नकल से कोई व्यक्ति किसी का स्वरूप बना सकता है परंतु स्वभाव नहीं बना सकता। भगवान न समीक्षा से मिलते है न परीक्षा सें केवल प्रतीक्षा से ही मिलते है। कथा श्रवण से सांसारिक ग्रंथियों की गांठे सुलझ जाती हैं यह संसार हमारा नहीं है और न तो किसी काल में रहा है। समता संसार के प्रति और ममता भगवान के प्रति हो जाए तो जीवन को परम कल्याणकारी साधन उपलब्ध हो जाएगा। राधेश्याम गुप्ता ने मंचस्थ ब्यास का तिलकार्चन किया। श्रद्धालु जनों ने आरती वंदन किया। इस अवसर पर मधु गुप्ता, रीना गुप्ता, दुर्गावती गुप्ता, सोनम, पंडित भूषण मिश्र, राम सुमेर मिश्र, नितिन सिंह, शशांक चतुर्वेदी, उपेंद्र दुबे, हरी नाथ तिवारी, दुर्गा दुबे, डॉक्टर ओपी मिश्रा, शरद मिश्र, कैलाश नाथ सिंह समेत प्रभृति जन उपस्थित रहे।



मानस प्रवचन करती डा. सुधा पांडे

## तेजी बाजार थानाध्यक्ष हुए लाइन हाजिर

**तीन थानों पर नए प्रभारी तैनात**

**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा ने जिले में कार्यभार संभालने के करीब दो माह बाद सोमवार की रात एक थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर और तीन थानों पर नए प्रभारियों की तैनाती कर दी। थानाध्यक्ष तेजी बाजार संतोष कुमार पाठक को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया। यह कार्रवाई कर्तव्य पालन में उदासीनता बरतने के आरोप में की गई है। जनशिकायतों के निस्तारण में ढिलाई बरतने के कारण उन पर गाज गिरी। मछलीशहर कोतवाली में तैनात वरिष्ठ उप निरीक्षक राम प्रवेश कुशवाहा को उनके स्थान पर तेजी बाजार का थानाध्यक्ष बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रिट सेल में तैनात एसआइ अश्वनी कुमार दुबे को सुरेरी जबकि बक्शा थाने पर तैनात एसआइ महेश कुमार सिंह को सिकरारा का थानाध्यक्ष बनाया गया है। सुरेरी थानाध्यक्ष रहे जितेंद्र बहादु सिंह का स्थानांतरण सोनभद्र हो गया है। वहीं सिकरारा के थानाध्यक्ष रहे रमेश कुमार को स्वाट में तैनात किया गया है।

### इंजन चोरों का पता नहीं लगा सकी पुलिस

**पवांरा।** जबसे पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा ने जिले की कमान संभाली है तब से वह कानून-व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए पुलिसकर्मियों को सख्त हिदायत दे रहे हैं। बीते 30/31 मार्च की रात्रि थाना क्षेत्र अन्तर्गत देवकीपुर में चोर रमेश पाल की मशीन का इंजन उठा ले गये थे और उसी रात्रि चोर उक्त गांव निवासी कालूराम पाल की भी मशीन का इंजन उठा ले गये। सूचना पर डायल 112 की टीम पहुंची थी और जांच-पड़ताल में जुट गयी थी। पीड़ित का कहना है कि लगभग एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस इंजन चोरों का पता नहीं लगा पायी है। आये दिन हो रही चोरी की घटनाओं से लोग दहशत में है।

# चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान, मचा हड़कंप

**दहशत**

**तहसील प्रशासन, नगर पालिका व पुलिस का संयुक्त अभियान**

**शाहगंज।** नगर पालिका क्षेत्र पूरी तरह से अतिक्रमण की जद में हैं। मंगलवार को उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार के निर्देश पर नायब तहसीलदार अमित कुमार सिंह, नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी प्रदीप गिरी, कोतवाली अपराध निरीक्षक जनार्दन यादव के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान नगर पालिका से शुरू होकर कोतवाली रोड, घासमंडी चौक, मुख्य मार्ग, लोहा मंडी, रामलीला भवन, चौक एराकियाना चौक तक चला। इस दौरान नाली पर पक्का निर्माण कर अतिक्रमण को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया। वहीं दुकान के उपर लगे नाली के बाहर टिन शेड को उखाड़ दिया गया। पटरी पर कब्जा जमाये दुकानदारों को चेतावनी के साथ हटाया गया।

जन संदेश टाइम्स ने तीन अप्रैल को अतिक्रमण हटाओ अभियान नहीं चलाऱ की खबर प्रमुखता से छापी थी जिसके बाद सक्रिय प्रशासन ने मंगलवार को अभियान चलाया। मालूम रहें कि मुख्यमंत्री ने एक पखवाड़े एक अप्रैल से पन्द्रह अप्रैल तक विशेष अभियान चलाकर सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिया है। इसी परिप्रेक्ष्य में अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर पालिका कर्मी हथौड़ा छेनी एवं जेसीबी लेकर चलते रहे। दर्जनों लोगों का पक्का अतिक्रमण ध्वस्त किया गया। वहीं दर्जनों लोगों का टीन शेड हटाया गया। इस बावत नगरपालिका ईओ प्रदीप गिरी ने कहा कि किसी भी व्यक्ति का नुकसान करने का इरादा नहीं है। एक सप्ताह से विभिन्न माध्यमों से अतिक्रमण हटा लेने की अपील की जा रही है। सोमवार को एलाउंस भी कराया गया। लोग स्वेच्छा से नाली के ऊपर से कब्जा हटा ले अन्यथा पालिका प्रशासन कार्यवाही के साथ जुर्माना भी वसूल करेगा। फिलहाल अभियान लगातार चलेगा।



दुकान के बाहर लगे टीन शेड को ध्वस्त करती जेसीबी

# शरीर व मन स्वस्थ रखने के लिए खेल आवश्यक : डॉ. अब्दुल कादिर



गेंद खेलकर क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ करते प्राचार्य डा. अब्दुल कादिर

**जौनपुर।** मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के ग्राउंड में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, काशी गोमती ग्रामीण बैंक के बीच एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि का बुके एवं पुष्प देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस कड़ी में मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने फीता काटकर क्रिकेट का शुभारंभ किया।

पहला मैच यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और पंजाब नेशनल बैंक के बीच खेला गया जिसमें यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने 10 ओवर में 97 रन की पारी खेली। पंजाब नेशनल बैंक 10 ओवर में मात्र 77 रन ही बना सकी। इसके बाद यूनियन बैंक ऑफ इंडिया 20 रन से विजेता घोषित हुई। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के रमाकांत यादव ने 38 रन एवं मनीष ने 32 रन की पारी खेली। राम किंकर ने गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट अपने नाम दर्ज कराए। दूसरा मैच पंजाब नेशनल बैंक बनाम काशी गोमती के बीच खेला गया काशी गोमती ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 115 रन बनाए। पंजाब नेशनल बैंक में अपनी बैटिंग में 10 ओवर में मात्र 93 रन ही बना पाई इसके बाद काशी गोमती बैंक 22 रनों से विजय घोषित हुई। इस मौके पर मनीष सिंह, रामकिंकर, रमाकांत यादव, अनुराग यादव, दुष्यंत कुमार, सुरेश यादव, आशीष गुप्ता, सत्य प्रकाश, शेखर रवीश, मुकेश, विनोद इत्यादि बैंक कर्मचारी मौजूद रहे।

### छेड़खानी का विरोध करने पर ट्रैक्टर चालक को दबंगों ने पीटा, हालत गंभीर

**जौनपुर।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के हनुवाडीह गांव में दबंग द्वारा किशोरी के साथ छेड़खानी करने का विरोध करने पर लाठियों से पीटकर मरणासन्न कर दिया। मामला मंगलवार की सुबह लगभग 8 बजे का है। बताया जाता है कि गांव के कुछ लोग अनुसूचित जाति की लड़की के साथ छेड़खानी कर रहे थे। विरोध कर रही लड़की की चीख पुकार सुनकर ट्रैक्टर लेकर उसी रास्ते से गुजर रहे मोहन यादव 58 वर्ष ने जब इस विरोध किया तो दबंगों ने उन्हें लाठियों से पीटकर बुरी तरह से घायल कर दिया। हमलावरों की पिटाई से मोहन लाल यादव मूर्छित होकर जमीन पर गिर पड़े। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों द्वारा उन्हें अचेतावस्था में लेकर ब्लॉक पर गए जहां उनके सिर में दस टांका लगाकर बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय के लिए रिफर कर दिया है। घायल के साथ दोनों दलित लड़कियां भी जिला अस्पताल पहुंच गई और अपनी आपबीती बताया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक गौराबादशाहपुर देवानंद रजक ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की घटना घटित हुई है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है और मामले की छानबीन करने में जुट गई है।

## एसपी सिटी ने किया मस्जिद का निरीक्षण



मस्जिद का निरीक्षण करते एसपी सिटी बृजेश गौतम

जनसंदेश न्यूज

**जफराबाद।** एसपी सिटी बृजेश कुमार गौतम ने मंगलवार की दोपहर को जफराबाद तथा कजगांव स्थित शिया मुसलमानों के अलविदा जुमा व ईद की नमाज की मस्जिद का निरीक्षण किया। वहां पर उन्होंने इमामों से जरूरी चर्चा भी की। श्री गौतम पहले जफराबाद के शेखवाड़ा मुहल्ले में स्थित शिया मस्जिद के पास पहुंचे। वहां पर उन्होंने पहले शिया समुदाय के मस्जिद में नमाज पढ़ाने वाले पेशे इमाम मरजान अब्बास व इजहार हुसैन बब्बू को बुलवाया। दोनों लोगों के साथ मस्जिद में नमाज पढ़ने वाली जगह को देखा। साथ ही कितने लोग अलविदा की नमाज पढ़ते है यह जानकारी ली। उन्होंने इमाम से कहा कि प्रशासन से जो मदद चाहेंगे वह मिलेगी।

# निजी स्कूलों के तुगलकी फरमान से अभिभावक त्रस्त

जनसंदेश न्यूज

**परेशानी**

**एनसीईआरटी पैटर्न की जगह चलाया जा रहा कथित पैटर्न**

**सर्व शिक्षा अभियान के तहत सब पढ़े सब बढ़े साबित हो रहा है हवा हवाई**

**खेतासराय।** वर्तमान समय में शिक्षा का बाजारीकरण हो रहा है। नया सत्र चालू होते ही यह कार्य तेजी से गति पकड़ लेता है जिसके बहकावे में आकर अभिभावक इसका शिकार हो रहे है। निजी विद्यालयों के ड्योढ़ी पर शिक्षा व्यवस्था दम तोड़ रही है। इस तरह बेतहाशा फीस वृद्धि व मनमानी किताब के मूल्यों से बच्चों को पढ़ाना अभिभावकों के माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ा दी है और शिक्षा विभाग मौन व्रत धारण किया हुआ है।

शिक्षा मानव विकास का मूल साधन है। इसके द्वारा मानव की जन्मजात शक्तियों का विकास, उसके ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि तथा व्यवहार में परिवर्तन किया जा सकता है और उसे सभ्य व योग्य नागरिक बनाया जाता है। छोटे बच्चों के अंदर बहुत सी मानसिक शक्तियां विद्यमान रहती हैं। शिक्षक इन अंतर्निहित शक्तियों को प्रस्फुटन करने में सहायता प्रदान करता है इसलिए शिक्षक को राष्ट्र निर्माता भी कहा जाता है। जिस प्रकार के शिक्षक होंगे, उसी प्रकार के नागरिक होंगे और राष्ट्र का भी उसी प्रकार निर्माण होगा लेकिन शाहगंज तहसील के कस्बा खेतासराय व आस-पास के क्षेत्रों में जहाँ बरसाती मेढ़क की तरह दिखाई देने वाले निजी विद्यालय अधिकतर गैर मान्यता प्राप्त है?

अभिभावकों का शोषण करने में कोताही नहीं बरत रहे है। निजी विद्यालय व इंग्लिश मीडियम स्कूलों में अच्छी शिक्षा के नाम पर सिर्फ बच्चों के भविष्य के साथ धड़ल्ले से खिलवाड़ किया जा रहा है। भोले-भाले अभिभावक अपने बच्चों का भविष्य संवारने के चक्कर में इन ठगों का शिकार हो रहे और जिम्मेदारों को इसकी परवाह नहीं है। चाहे चित मरे चाहे पट इससे उनका कोई लेना-देना नहीं बस दक्षिणा से मतलब है।

सरकार की सख्ती के बावजूद शिक्षाधिकार अधिनियम की सरेराह धज्जियां उड़ाई जा रही है। शिक्षा माफिया नौनिहालों के भविष्य के साथ जमकर खिलवाड़ करने में जुटे हुए है।

दरअसल नया सत्र शुरू होने से पहले से ही अच्छी शिक्षा, व्यवस्था व योग्य शिक्षक के नाम पर बाजार के विभिन्न चौराहों पर बड़े-बड़े बैनरों के माध्यम से आकर्षित करने वाले शब्दों में छपे बैनर फलां बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त जैसे बैनरों से पाट दिया जाता है और फिर ठगने का खेल शुरू हो जाता है, इसका कुछ स्कूल अपवाद हो सकता है। हाल यह है कि शिक्षा के नाम पर धनकुबेर दाखिला ले लेते है फिर अपने मनमुताबिक शोषण करना शुरू कर देते हैं।

बेचारे विद्यार्थी और अभिभावकों की मजबूरी बन जाती है जिससे उन नौनिहालों का भविष्य चौपट होता चला जाता है। इन्हीं स्कूलों में योग्य शिक्षक के नाम अयोग्य शिक्षक कम पैसों में भरकर बच्चों को भेड़ की तरह हाँकना शुरू कर देते है। जबकि छोटे बच्चों की बुनियादी शिक्षा और संस्कारित होनी चाहिए जिससे उनके भविष्य निर्माण की नींव मजबूत बन सके। योजना के मुताबिक हर वर्ष नया सत्र शुरू होते ही किताबें पैटर्न बदल दी जाती है और किताब स्कूल से ही देने की भी योजना बनाएं रहते है तथा बच्चों को ले आने और ले जाने तथा बढ़िया सुविधा के नाम पर अभिभावकों की आँख में धूल झोककर पैसे ऐंठ लिया जा रहा है।

वहीं बच्चों की जान जोखिम में डालकर डग्गामार वाहनों से भूसे की तरह भरकर बच्चों को ढोने का काम जारी है।

## तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से मोपेड सवार घायल

**गौराबादशाहपुर।** क्षेत्र के बाईपास पर मंगलवार की दोपहर में हुए एक हादसे में तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरो ने मोपेड सवार युवक को पीछे से टक्कर मार दी जिसकी वजह से मोपेड सवार घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल भेजा गया है। बताया जाता है कि सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के कुत्तूपुर निवासी चंदन कुमार 22 किसी कार्य से आजमगढ़ की तरफ जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही एक अज्ञात तेज रफ्तार बोलेरो के धक्के से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मोपेड सवार युवक के सिर व पैर में गंभीर चोटें आई है। चौकी इंचार्ज रामजी सैनी ने बताया कि घायल युवक को अस्पताल भेजवाया गया है तहरीर मिलने पर अज्ञात वाहन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जाएगा।



# दुर्बल शोषित लोगों के साथ है राष्ट्रीय मानवाधिकार : जितेंद्र तिवारी

**बैठक**

**भकुरा पहुंचे राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के प्रदेश उपाध्यक्ष ने पत्रकारों से कहा**

जनसंदेश न्यूज

**खेतासराय।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में मानवाधिकार के हनन की शिकायत निश्चित रूप में कम हुई है। खाकी वर्दी का कहीं भी हनन का मामला सामने आता है तो संगठन आयोग को चिट्ठी लिखकर अधिकारियों को तलब किया जाता है। कमजोर और सताये हुए लोगों के न्याय के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार हमेशा सभी लोगों के लिए खड़ा है।

उक्त बातें राष्ट्रीय मानवाधिकार व महिला बाल विकास आयोग भारत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र कुमार तिवारी एडवोकेट ने मंगलवार को भकुरा गांव में पत्रकारों से बातचीत में कहा। श्री तिवारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश समेत सभी सूबों में संगठन की निगाहें हैं। किसी भी हाल में शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बाल उत्पीड़न के हनन के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार सख़्त है, डीएम और पुलिस अधीक्षक को तलब कर कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाती है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि आधी रात को भी मानवाधिकार की रक्षा के लिए आयोग का दरवाजा खटखटाया जाता है। योगी शासन में खाकी मानवाधिकार का हनन कम हुआ है। गांव निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य ओमप्रकाश सिंह को राष्ट्रीय मानवाधिकार का प्रदेश उपाध्यक्ष, शेख इमामुद्दीन को आजमगढ़ जिलाध्यक्ष, दयाराम सोनकर को जौनपुर जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। वार्ता के दौरान खुर्शीद अहमद, आशीष यादव, रविंद्र प्रताप यादव, धर्मेन्द्र कुमार तिवारी, मोहित मिश्रा, संजय कुमार तिवारी, मनोज कुमार रॉय, राजमहातिम यादव, कुंज बिहारी यादव, आकाश सिंह, मनीष सिंह समेत अन्य लोग शामिल रहे।



पत्रकारों से वार्ता करते जितेंद्र तिवारी

# छह वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की दो बाइक व स्कूटी बरामद

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से चोरी के तीन दोपहिया वाहन बरामद कर छह वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है इनमें एक आजमगढ़ जनपद का है।

केराकत कोतवाली पुलिस ने खड़हर डगरा के पास से पांच आरोपितों को चोरी की दो बाइक के साथ धर दबोचा। इनमें से एक बाइक चोरी का मुकदमा कोतवाली में दर्ज था। पकड़े गए आरोपितों में आजमगढ़ के तहबरपुर के कोठिया गांव का प्रिंस राय उर्फ जय राय, गौराबादशाहपुर के आराजी देवली का कृष्ण उर्फ जोहन यादव, अमरा का आदित्य राय, देवली अदाई का प्रीतम यादव व केराकत के अहन का चंदन खैरवार है। प्रिंस राय के विरुद्ध तहबरपुर थाने में मारपीट, जान से मारने की धमकी व लूट के दो मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में मुफ्तीगंज पुलिस चौकी प्रभारी शिव प्रसाद पांडेय, एसआइ अनिरुद्ध सिंह, हेड कांस्टेबल महेंद्र कुमार, फूल कुमार द्विवेदी व कांस्टेबल निक्कू चौधरी रहे। उधर, रामपुर थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह व उनके हमराहियों ने यादव नगर सिरौली मोड़ पर वाहनों व संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान इसी थाना के धनुहां गांव के हर्षित दुबे उर्फ निरहू को चोरी की एक्टिवा स्कूटी के साथ पकड़ लिया। इस मामले में वांछित दूसरे आरोपित मई गांव के दीपक यादव की तलाश में पुलिस संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दे रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में एसआइ कश्यप कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल रवींद्र कुमार, कांस्टेबल बलवंत सिंह व रामेश्वर रहे।


केराकत में पकड़े गए वाहन चोर व बरामद बाइक

## शॉर्ट सर्किंग से लगी आग, फसल जलकर खाक

**भदोही।** चौरी थाना क्षेत्र के जोगीपुर गांव में नदी के किनारे खेत के ऊपर से गये हाईटेंशन तार गिरने से फसल जलकर नष्ट हो गयी।

वही किसान शेषमणि पाण्डेय निवासी जोगीपुर ने बताया कि 24 बीस्वा गेहू के खेत में हाईटेंशन का तार गिर गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और धू-धू कर जलने लगा। आग की तेज लपट को देखकर सैकडो ग्रामीण मौके पर पहुच गये।

पम्पिंग सेट के सहायता से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। तब तक बगल के खेत में भी आग लग चुका था। ठेगीपुर निवासी सभासिंह, इन्द्रजीत सिंह, बाबा सिंह का 8-8 बीस्वा का खेत था उसमे भी आग पकड़ लिया। जिससे फसल जलकर नष्ट हो गयी।

भाजपा नेता व सामाजिक कार्यकर्ता विनय तिवारी ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मुआवजे की मांग की है।

## जीके प्रतियोगिता में एनसीएस के छात्रों का रहा दबदबा


छात्रा को पुरस्कृत करते अतिथि

**खेतासराय।** सामूहिक रूप से आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में एक बार नेशनल चिल्ड्रेन स्कूल के छात्रों का दबदबा रहा। मंगलवार को घोषित परिणाम में प्राइमरी से एनसीएस के हर्षिता यादव और जूनियर से इसी स्कूल की आरुषी जायसवाल को प्रथम स्थान मिला। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता अरिहंत ट्रस्ट की ओर से आयोजित की गई थी। जिसमें एक दर्जन स्कूलों के छात्रों ने हिस्सा लिया था। अरिहंत कालेज में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्थान पाने वाले छात्रों को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। प्राइमरी स्तर से दूसरा स्थान जय मां दुर्गा स्कूल के गौरव यादव तथा तीसरा स्थान एनसीएस की प्रियांशी सोनी को मिला। जूनियर स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर नेशनल चिल्ड्रेन स्कूल की क्रमशः आरुषी, शिवम प्रजापति और दिव्यांशी सोनी रही। मुख्य अतिथि जगदम्बा प्रसाद पाण्डेय के हाथों छात्रों को पुरस्कृत किया गया। अध्यक्षता कृष्ण मुरारी मौर्य तथा संचालन विनोद कुमार चौधरी ने किया। इस मौके पर अवधेश पाण्डेय, मनीष मौर्या, आरएस यादव, रावल मौर्य, श्रेयांस मौर्य मौजूद रहे।

संक्षेप

### समाजवादी कुटिया का मनाय गया तृतीय स्थापना दिवस


स्थापना दिवस पर मंचासीन अतिथिगण

**मुफ्तीगंज।** धमार्पुर ब्लाक के मोहद्दीनपुर गांव में समाजवादी कुटिया के तृतीय स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अध्यक्ष उदय प्रकाश यादव का समाजवादी कुटिया के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर श्री यादव ने समाजवादी कुटिया के तीसरे वर्षगांठ पर कहा कि ये छोटे छोटे बच्चे आने वाले समय में किसी न किसी यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष बनेंगे और इस देश का नाम रोशन करेंगे यह इस देश के भविष्य हैं। मुख्य अतिथि ने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह सरकार किसान, नौजवान छात्र छात्राओं के साथ धोखा कर रही है। इस सरकार में महगाई चरम सीमा पर है। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव और आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव को हर हाल में जीत कर भाजपा सरकार की लुटिया को डुबो देना है। विशिष्ठ अतिथि मछलीशहर विधायक रागनी सोनकर ने भी सरकार को आड़े हाथ लिया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव, पूर्व विधायक सुषमा पटेल, राजेश यादव, प्रदेश सचिव मो. कलीम, प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोलंकी ने अपने विचार ब्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अवधनाथ पाल ने किया। इस अवसर पर अतिक सोनकर, अनिल दूबे, संगीता यादव, उमाशंकर यादव, सोनी यादव, हिसामुद्दीन, अजय त्रिपाठी, मालती मौर्य, विवेक रंजन, राजेन्द्र टाइगर, तारा त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रमेश साहनी ने किया। समाजवादी कुटिया के प्रबंधक ऋषि यादव ने आये हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।

### भारत किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष बने अमित यादव



**करंजाकला।** भारत किसान यूनियन की बैठक केंद्रीय कार्यालय लखनऊ में हुई। बैठक की अध्यक्षता भारत किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद अरशद खान ने किया। यूनियन के अन्य पदाधिकारियों से किसानों की समस्याओं के निराकरण और सुविधाओं, सहूलियत पर चर्चा किया और यूनियन की मजबूती को देखते हुए जौनपुर के पूर्व सांसद स्व. अर्जुन सिंह यादव के पुत्र अमित यादव को भारत किसान यूनियन का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। इस अवसर पर अमित यादव ने कहा कि किसान हित मेरी प्राथमिकता होगी और देश के विकास में किसानों की सबसे बड़ी भूमिका होती है। इनको साथ लेकर चला जाएगा और इनकी समस्याओं के निराकरण के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए माला पहनाकर स्वागत किया।

### रामसूरत राजभर को विप सदस्य बनाये जाने से हर्ष

**फूलपुर/माहुल (आजमगढ़)।** उद्पुर ग्राम पंचायत में राजमनी चौहान के हाते में पूर्व मण्डल अध्यक्ष नागेन्द्र यादव की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व द्वारा राम सूरत राजभर को बिधान परिषद सदस्य बनाये जाने पर हर्ष ब्यक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि जुझारू ब्यक्तित्व के धनी गरीब किसान के बेटे को सम्मानित पद देकर आजमगढ़ सहित पूर्वांचल के सम्मान बढाने के लिए भाजपा और नेतृत्व के ऋणी रहेंगे। किसी को यह उम्मीद नही थी कि इतने निचले स्तर पर जाकर एक साधारण कार्यकर्ता का मनोयन किया जाएगा। नागेन्द्र यादव पूर्व मण्डल अध्यक्ष ने रामसूरत राजभर के आगमन पर उपस्थिति दर्ज कराने का आह्वाहन किया। इस अवसर पर जितेंद्र चैहान, बलराम तिवारी, सुधीर रावत, जिला कार्यसमिति सदस्य गोविन्द यादव, पंकज पांडे, जीएस गोस्वामी, रमेश मोदनवाल, पृथ्वीराज मौर्य, मंगल प्रसाद, प्रदीप चैहान आदि उपस्थित रहे।

## मड़ियाहूं पहुंची व्यापारी स्वाभिमान यात्रा

**मड़ियाहूँ।** मंगलवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की व्यापारी स्वाभिमान यात्रा के पहुंचने पर जगह-जगह स्वागत किया गया। जौनपुर से चलकर स्वाभिमान यात्रा का नगर के उषा उपवन में पहुंची और व्यापारियों के साथ बैठक हुई। उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष सोमेश्वर केसरी, प्रदेश महामंत्री महेंद्र सोनकर के पहुंचने पर व्यापारियों ने जोरदार स्वागत किया। इसके बाद खुली गाड़ी में प्रांतीय पदाधिकारियों के साथ 100 से अधिक वाहनों के साथ स्वाभिमान यात्रा नगर के मुख्य मार्ग होते हुए गांधी तिराहे पर पहुंची जहां प्रांतीय पदाधिकारियों ने गांधीजी और भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके बाद यात्रा ऊषा उपवन में पहुंचकर सभा के रूप में तब्दील हो गई। इस दौरान प्रांतीय अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने कहा कि जब तक व्यापारी समाज एकजुट नहीं होगा समाज का विकास नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हमारी फूट का फायदा काले दाग वाले अधिकारी उठाते आ रहे हैं जिसे रोकना होगा। उन्होंने कहा कि आज के समय में ऑनलाइन खरीदारी होने से व्यापारियों को गहरी चोट लगी है। इसके लिए हम सभी लोगों को जागरूक होना होगा। सिंपल के नाम पर अधिकारी व्यापारियों का शोषण कर रहे हैं यह हमारी फूट का फायदा उठाते हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए व्यापारियों को एकजुट रहना होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि मड़ियाहूँ के एक व्यापारी का उत्पीड़न होता है तो उसके लिए प्रदेश के 75 जिलों के व्यापारी उसके साथ खड़े रहेंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल दिनेश टंडन, तहसील अध्यक्ष लाल प्रताप सिंह, नगर अध्यक्ष परमजीत सिंह, युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष अरविंद चौरसिया, चंदन केसरी, टिट्टू सिंह, संतोष गुप्ता, नितेश सेठ, राजेश पांडे, मनोज चौरसिया सहित सैकड़ों की संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

### भदोही तहसील में जमकर दलाली कर रहा साहब का पूर्व रसोइयां

**ज्ञानपुर।** भदोही तहसील में आय-जाति व मूल निवास प्रमाणपत्र बनवाने के लिए अभ्यर्थी परेशान हो रहे हैं, वहीं तहसील परिसर में तहसील भदोही के एक बड़े अधिकारी का पूर्व रसोइया अभ्यर्थियों की परेशानी ह्लकैशह्व कराने में सक्रिय हो गया हैं। दो सौ रुपये से लेकर पाँच सौ रुपये तक की वसूली खुले आम कर रहा हैं। तहसील पर दूर दराज से आने वाले अभ्यर्थियों, विशेषकर छात्रों व किसानों को खुले आम लूट रहा हैं। पूर्व रसोइया को न तो छात्रों, किसानों व फरियादियो की भावनाओं का कोई ख्याल है और न ही किसी कार्यवाही का डर। दलाली का खुला ताण्डव तहसील परिसर में चल रहा है। एक बड़े अधिकारी का पूर्व रसोइया होने की वजह से छोटे अधिकारियों व कर्मचारियों पर अपना रौब भी जमाता हैं। तहसील अधिकारी के सरकारी आवास पर आने जाने वालों को नास्ता पानी भी यही दलाल करता है। और गाहे बगाहे अभी भी आवास पर कभी कभी साहब के मन का भोजन बनाने जाता है। और पूरे दिन इस दलाल के हाथ मे लोगों के पेपर रहेंगे और ये दलाल लेखपाल से लेकर कानूनगो सहित राजस्व के सभी दफ्तरों में पूरे दिन किसी न किसी के पास पेपर साइन कराने के लिए पहुंचता रहता है।

# गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल है रोजा इफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** नगर के बलुआघाट मोहल्ले में समाजसेवी फाजिल सिद्दीकी के आवास पर रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। रोजा इफ्तार में शीराजे हिन्द की गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखते हुए सभी धर्म और वर्ग के लोग शामिल हुए।

बिजली कर्मचारी संघ के अध्यक्ष निखलेश सिंह ने कहा कि नगर के लोगों का प्यार ही है कि सभी लोग एक दूसरे के त्योहारों में खुशी-खुशी शामिल होते है। रमजान के इस पाक महीने में रोजेदारों के बीच बैठकर इफ्तार करना अपने आपमें गर्व की बात है। पूर्व सभासद इरशाद मंसूरी ने कहा कि रमजान रहमत और बरकतों का महीना है। इस महीने की यही बरकत है कि आज सभी लोग एक स्थान पर इकट्ठा हुए है। दुर्गा पूजा महासमिति के पूर्व अध्यक्ष मोतीलाल यादव ने रोजेदारों को मुबारकबाद पेश करते हुए कहाकि रमजान के पाक महीने में रोजा रखने से 70 गुना ज्यादा सवाब मिलता है। इस पाक महीने में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए पूरे भारत में किया जाता रहा है लेकिन जौनपुर की मिट्टी में वो खुशबू है कि यहाँ सभी वर्ग के लोग एक दूसरे के त्योहारों में बढ़चढ़ कर शरीक होते है। मगरिब की अजान होते ही रोजेदारों ने इफ्तार किया और हाफिज मेराज ने नमाज अदा कराई। बाद नमाज मुल्क के अमन शांति के लिए दुआ कराई गई। इस मौके पर जगदीश मौर्य गप्पू, सलीम पठान, उबैदुर्रह्मान सिद्दीकी, शकील मंसूरी, मो. अजमत, उमेश मौर्य, शकील अहमद, विजय सिंह बागी, विशाल सिंह हुकुम, इमरान बंटी, शरीफ राईनी, मेराज मंसूरी, उस्मान अहमद, मो. आदिल सिद्दीकी, सभासद अलमास सिद्दीकी, अबुजर शेख, आदिल शेख, तनवीर आलम गुड्डु, शकील माज, मेराज अहमद राईनी, इमरान अहमद, महताब अहमद समेत अन्य लोग मौजूद रहे। आखिर में आयोजक फाजिल सिद्दीकी ने आये हुए लोगों का शुक्रिया अदा किया।


रोजा इफ्तार करते लोग

संक्षेप

### गोंड जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल किए जाने पर धन्यवाद सभा



**गोपीगंज।** नगर के गुलाब धर मिश्र इंटर कॉलेज में जनजाति धन्यवाद जनसभा को संबोधित करते हुए भारत सरकार के इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि वर्षों से भदोही और ऐसे चार और अन्य जिले हैं, जिसमें संत कबीर नगर, कुशीनगर, चंदौली ये चार जिले पिछले समय में छूट गए थे। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में राजनाथ सिंह मुख्यमंत्री थे, उस समय हमने कोशिश किया। और आज जब मोदी जी की सरकार बनी है, पूरे समाज की ओर से हम उन्हें बधाई देते हैं। आज हम अपने समाज की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन करते हैं। उन्होंने कहा कि गोंड जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल किए जाने पर धन्यवाद सभा के माध्यम से सरकार का हम आभार जताते हैं। भाजपा सरकार द्वारा हम जनजाति एवं आदिवासी को सम्मान मिला है, वह सम्मान मिलने के बाद हम सभी लोग तहे दिल से इस प्रकार के लोगों को धन्यवाद देते हैं और ऐसे ही आदिवासी जनजाति मजबूत होती जाएगी। गोपीगंज के पंडित गुलाब धर मिश्र इंटर कॉलेज के मैदान में मंगलवार को आयोजित आयोजन मे गोंड जाति को अनुसूचित जनजाति में घोषित किए जाने पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति जनपद में जनजातीय धन्यवाद सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रमेश गौड़, विनोद गौड़, जवाहर लाल गौड़, संजय गौड़ सहित रमेश पांडे, बालदत्त पांडे, सुनील मिश्रा, वीरेंद्र पांडे, बिंदेश गुप्ता, मजहर उल्ला सहित आसपास आदिवासी और गौड़ समाज के सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी आदि लोग उपस्थित रहे।

### हजरत बिलाल मस्जिद में पहले दौर की तराबी मुकम्मल



**भदोही।** शहर के स्टेशन रोड बड़ी ईदगाह स्थित हजरत बिलाल मस्जिद में सोमवार को तराबीह की नमाज मुकम्मल की गयी। हाफिज अब्दुल रहमान ने कुरआन मुकद्दस के तीस पारा को 11 रमजान में पढ़ कर सुनाया। नमाजियों ने हाफिज अब्दुल रहमान का फूल माला पहनाकर इस्तकबाल किया। माहे रमजान की चांद दिखते ही सभी मस्जिदों में तराबीह की नमाज पढ़ी जाती है, जो रमजान के 30 रोजे तक बाद नमाजे एशा पढ़ी जाती है। सोमवार को तराबीह की नमाज मुकम्मल होने के बाद मस्जिद में मौलाना अब्दुल समद ने तकरीर करते हुए कहा कि कि जो लोग हजरत अली को मानते है वो लोग अबू बकर को, उस्मान गनी को, हजरत उमर को भी माने कहीं ऐसा नहीं लिखा है कि सिर्फ हजरत अली को माने सभी को एक बराबर माने। कहा कि मुकद्दस माहे रमजान बरकतों रहमतों व फजीलतों वाला महीना है। पाक महिने में अल्लाह एक नेकी का सत्तर गुना सवाब देता है। जितनी हो सके इबादत के साथ ही नेकी करें। मौलाना समद ने कहा कि इस मुकद्दस महीने में खूब तिलावत करे और पांच वक्त की नमाज पढ़ने के साथ तराबी की नमाज तीसों दिन पढ़ें। इसके बाद पूरी दुनीया में अम्न और शांति की दुआ की गयी। हाफिज का इस्तकबाल करने वालो में मस्जिद के इमाम कारी गयास, हाजी नवाब अली, रशीद अहमद, असलम हकीकी, हाजी लाल मोहम्मद, मो इरफान, अर्शी कुरैशी, मो अनीस, इमरान खान, आदि रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# स्थानांतरण होने पर एडीएम शैलेंद्र कुमार मिश्र को दी गयी भव्य विदाई

कार्यक्रम

**सेवा काल के दौरान एडीएम ने जनपद के विकास में नये प्रतिमान स्थापित किए: डीएम**

**योग्य व कुशल प्रशासक के रूप में शानदार कार्यकाल रहा एडीएम का: एसपी**

**अपनी सादगी व सरलता से जनता के अधिकारी के रूप में याद रहेंगे एडीएम**


अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्र को स्मृति चिन्ह भेट करते डीएम गौरांग राठी और एसपी डॉ. अनिल कुमार

**ज्ञानपुर।** अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्र के स्थानांतरण पर विदाई व सम्मान समारोह कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों, कर्मचारियों व जनता जनार्दन द्वारा किया गया।

जनपद सुल्तानपुर के मुख्य राजस्व अधिकारी बनाए जाने के नई जिम्मेदारियों हेतु आज विदाई व सम्मान समारोह में अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्र ने भदोही वासियों, अधिकारियों, कर्मचारियों के स्नेह व विश्वास जताने के प्रति आभार व धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनपद भदोही में मेरे सेवाकाल में मुझे सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व जनता जनार्दन का भरपूर, सहयोग, स्नेह व प्यार मिला जो मेरे जीवन की अमूल पूंजी है। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि सेवा काल के दौरान एडीएम शैलेंद्र कुमार मिश्र ने जनपद के विकास में नये प्रतिमान स्थापित किए। जिलाधिकारी ने कहा कि ₹जहां चिराग रहेगा वहीं रोशनी लुटाएगा, किसी चिराग का अपना मकान नहीं होता₹। पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार ने बताया कि योग्य व कुशल प्रशासक के रूप में एडीएम शैलेंद्र कुमार मिश्र का कार्यकाल शानदार रहा। मेरी शुभकामना है कि जीवन के नए पड़ाव में भी वे शानदार लकीर खींचेगें। अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिव नारायण सिंह ने उनके बेहतरीन प्रशासनिक मैनेजमेंट व कुशल नेतृत्व की सराहना करते हुए जन उदार हृदय व आकर्षक व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। विदाई व सम्मान समारोह पर समस्त उप जिलाधिकारी कृपा शंकर पांडेय, योगेंद्र साहू, आकाश कुमार, अश्विनी कुमार पांडेय, तहसीलदार विजय कुमार यादव, आरटीओ शारदा मिश्रा, संचालनकर्ता राकेश कुमार सिंह आदि रहे। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह भेट करते हुये माल्यार्पण कर विदाई दी गयी।

## भाजयुमो की बैठक में युवाओं में भरा गया जोश

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर भाजयुमो की एक बैठक आहूत की गयी। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रांशु तिवारी रहे। बैठक मे उपस्थित युवा कार्यकर्ताओ मे जोश भरा।

इस दौरान उन्होंने कहा कि आपके ही दम पर नगर निकाय के साथ आगामी 2024 में लोकसभा में जीत हासिल करना है। कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को विश्व गुरू बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे है। उनके समक्ष कोई रूकावट न हो इसलिए देश के युवाओ का साथ अवश्य होना चाहिए। श्री तिवारी ने कहा कि जी 20 समूह की कमान यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को सौंपा गया है। देश में आयोजित होने वाले जी 20 को सफल बनाने के लिए यंग 20 चलाया जा रहा है। यंग गांव गांव जाकर देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री की योजनाओ को जन जन तक पहुचायेगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कपिल मिश्रा, पूर्व नगर अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, मनीष तिवारी, संयोग, अरुणेश, अमित, अनुज पाण्डेय, बुल्लू प्रिंश, आलोक, राहुल सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहें।


भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर भाजयुमो की बैठक में शामिल लोग

## अप्राकृतिक दुष्कर्म के आरोपी युवक को पुलिस ने लिया हिरासत में

कार्रवाई

**थाने पर शिकायत लेकर गए परिजन की दबंग युवक ने की पिटाई**

**पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा किया कायम**

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के एक गांव मे भतीजे के साथ अश्लील हरकत कर रहे युवक के पास शिकायत लेकर गये तो चाचा को मारपीट कर घायल कर देने का मामला प्रकाश में आया है। मामला पुलिस में पहुँचा तो गोपीगंज पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

घटना के सम्बन्ध में बताया जाता है पीड़ित के चाचा ने तहरीर देकर घटना से अवगत कराया कि वह कैंसर से पीड़ित है इलाज के लिए मुम्बई रहते है, बड़ी मां के निधन पर घर आये है, रविवार को उसका भतीजा महुआ बिनने गया था जहां पास मे अपने मशीन पर मौजूद गांव के ही सोनू तिवारी उसके साथ अश्लील हरकत किया। रोते हुए भतीजा घर आया तो उसकी आप बीती सुनकर शिकायत लेकर गया तो आक्रोशित होकर आरोपी उसके उपर प्राण घातक हमला कर घायल कर दिया। घायल अवस्था मे परिजन उसे थाने ले आये, थाने मे घायल की हालत बिगड़ जाने पर इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया। युवक का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार करा कर पुलिस कार्रवाई कर रही है। मामले की गंभीरता देखते हुए पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के विरुद्ध धारा 377, 511, 323 कायम कर किशोर का मुआयना कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। चचाओं के मुताबिक बताया जाता है कि आरोपी युवक दबंग किस्म का है। चचाओं के मुताबिक दबंग युवक का एक फोटो वायरल हो रहा है जिसमे वह पिस्टल लेकर दिखाई पड़ रहा है, पुलिस युवक से पिस्टल के बारे में जानकारी ले रही है।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**गोपीगंज।** पहली बार गोपीगंज आये प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा का मंगलवार को जीटी रोड चौराहे पर उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने नारेबाजी के बीच जोरदार स्वागत किया। चौराहे से जुलूस के रूप में निकले व्यापारी नगर के बाजारों में घूमे। नगर के सदर मोहाल में कृषि कुमार खटाई के आवास पर स्वागत किया, तत्पश्चात कृष्ण कुमार पांडेय के आवास पर स्वागत किया गया।


सदर मोहाल, अंजहि मोहाल, छोटी चौराहा, खरहट्टी मोहाल, सहित नगरीय क्षेत्र में घूमकर व्यापारियों की समस्याओं से अवगत हुए। प्रदेश अध्यक्ष ने व्यापारियों की समस्याओं पर कहा कि उत्तर प्रदेश व्यापार उद्योग मंडल के 50 वर्ष पूरे हो जाने पर लोगों ने संगठन में निर्णय लिया है पूरे वर्ष को स्वर्ण जयंती के रूप में मनाएंगे। इसका पहला कार्यक्रम 22 दिसंबर 2022 को दीपोत्सव के रूप में था। जो प्रदेश के दस जिलों में मनाया गया था। दूसरा व्यापार मंडल व्यापारियों के प्रतिष्ठान अमृत काल के रूप में पांच लाख अधिक व्यापारियों ने व्यापार मंडल के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। तीसरा कार्यक्रम है जो कि 13 मार्च को सहारनपुर के व्यापारी स्वाभिमान यात्रा निकल रही है आज उसका 24वां दिन है। कहा कि पिछले दिनों आप लोगों को पता होगा कि छापों के दौरान जिसे सबसे पहले विरोध व्यापार मंडल ने किया। मुख्यमंत्री ने छापे को स्थगित किया। इसी प्रकार से व्यापारियों पर जब-जब समस्या आएगी व्यापार मंडल उनके साथ खड़ा रहेगा। स्वागत कताओं में मुख्य रूप से जितेंद्र गुप्ता, अरुण कुमार, कृष्ण कुमार खटाई, वीरेंद्र पांडेय, अरुण मिश्रा, अमित जायसवाल, बिंदेश गुप्ता, मजहरउल्ला आदि लोग शामिल रहे।


उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा का स्वागत करते उद्योग व्यापार मंडल के लोग

## टोल प्लाजा के कर्मचारियों से मारपीट पर आठ के विरुद्ध मुकदमा

**जफराबाद।** जलालपुर के हौज गांव में स्थित टोल प्लाजा पर कार्यरत कर्मचारियों से मारपीट करने वाले आठ लोगों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामला काफी चर्चा में है। ज्ञात हो उक्त टोल प्लाजा पर टोल वसूली का टेंडर दूसरे कम्पनी का था। 31 मार्च को उक्त कम्पनी का टेंडर खत्म हो गया था। एक अप्रैल से नई कम्पनी का टेंडर हो गया। नई कम्पनी ने पुराने स्टाफ को निकाल दिया। निकले गए पुराने स्टाफ के आठ युवक उक्त टोल प्लाजा के बगल के गांव बंदीपुर के निवासी थे। उन युवकों पर वर्तमान स्टाफ के लोगों ने मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दिया था।





# संकटमोचन मंदिर में ही तुलसीदास को हुआ था हनुमान का दर्शन

**500 साल प्राचीन है संकटमोचन का इतिहास**



राधेश्याम कमल

वाराणसी। गोस्वामी तुलसी दास ने असी गंग के तीर पर रामचरित मानस की रचना की थी। इसी दौरान गोस्वामी तुलसी दास को हनुमान का साक्षात दर्शन हुआ था। जिस स्थान पर गोस्वामी तुलसी दास को हनुमानजी का साक्षात दर्शन हुआ था, वहां कभी घनघोर वन (जंगल) हुआ करता था। साढ़े आठ एकड़ में फैले इस वन को हनुमानजी के बगीचे के रूप में जाना जाता है। यह वन आज भी सुरक्षित है। इसी के पास काशी का विश्व विख्यात संकटमोचन मंदिर स्थित है। मंदिर परिसर में उसी काल का प्राचीन कुआं भी है। जो आज भी विद्यमान है और इस इतिहास को जीवंतता प्रदान किये हुए है। संकटमोचन मंदिर के महंत प्रो. विश्वम्भर नाथ मिश्र बताते हैं कि संकटमोचन में ही गोस्वामी तुलसी दास को पहली बार हनुमानजी का साक्षात्कार हुआ था। गोस्वामी तुलसी दास को जिस स्वरूप में हनुमानजी ने दर्शन दिया था वही विग्रह संकटमोचन मंदिर में विद्यमान है। संकटमोचन मंदिर का इतिहास लगभग 500 साल पुराना है। पहले यहां अस्सी नदी का तट हुआ करता था। गोस्वामी तुलसी दास ने काशी में कई स्थानों पर अनेक हनुमान के विग्रहों की स्थापना की। इनके मंदिर शहर के कई स्थानों पर आज भी विराजमान हैं। इसमें प्रमुख मंदिरों में संकटमोचन मंदिर भी है। हनुमानजी की ही वजह से गोस्वामी तुलसी दास को भगवान श्रीराम के दर्शन हुए। वे बताते हैं कि भगवान श्रीराम परम ब्रह्म परमेश्वर हैं। भगवान श्रीराम बहुत ही सरल हैं। आज जनमानस भगवान श्रीराम के चरित्र को समझ नहीं पा रहा है। वह सभी में विराजमान हैं। केवल हमारे में ही नहीं है। भगवान श्रीराम जन-जन के नायक हैं। बनारस शहर एक बेजोड़ शहर है। यहां पर सभी आपसी मेल मिलाप व सौहार्द्र पूर्वक रहते हैं।

**जैसा हुआ था साक्षात्कार वही विग्रह मंदिर में हैं विराजमान**

**हनुमानजी का यह कोई स्थापित विग्रह नहीं है**

**आठ एकड़ में फैले वन को हनुमानजी का बगीचा मानते हैं**

## देश के विभिन्न कोनों से आते हैं दर्शनार्थी

संकटमोचन मंदिर में वैसे तो रोज हजारों श्रद्धालु हनुमानजी का दर्शन-पूजन करने के लिए हाजिरी लगाते हैं। यहां पर देश के विभिन्न कोनों से न जाने कितने श्रद्धालु आते हैं। मंगलवार एवं शनिवार को मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ जाती है। भोर में चार बजे मंगला आरती के पश्चात नित्य मंदिर का पट खुलता है। अपराह्न में भोग आरती के पश्चात मंदिर का पट बंद हो जाता है। पुन: एक घंटे के बाद मंदिर का पट खुलता है। जिसके बाद रात्रि शयन आरती तक हनुमान जी का दर्शन का क्रम चलता रहता है। यहां पर नरक चतुर्दशी और चैत्र पूर्णिमा के दिन हनुमान जयंती मनायी जाती है। यहां पर प्रसिद्ध संकटमोचन समारोह आयोजित हो रहा है। इस समोराह में देश-विदेश के जाने माने संगीत साधक व कलाकार हनुमत दरबार में गायन-वादन व नृत्य के जरिये अपनी हाजिरी लगाते हैं। संकटमोचन मंदिर की खासियत यह है कि हनुमत दरबार में आने वाले हर भक्त को एक समान आदर व सम्मान मिलता है।





## यहां हनुमानजी स्वयं करते हैं कथा का श्रवण

संकटमोचन मंदिर के महंत प्रो. विश्वम्भर नाथ मिश्र ने बताया कि संकटमोचन मंदिर में चैत्र शुक्ल पूर्णिमा 6 अप्रैल को हनुमत जयंती महोत्सव मनायी जायेगी। इस अवसर पर संकटमोचन हनुमान जी का विशेष शृंगार व झांकी, आरती तथा पूजन होगा। शहनाई वादन से ब्राह्मणों द्वारा अभिषेक, रामचरित मानस पाठ, संकीर्तन, सुंदरकांड का पाठ तथा रात्रि पर्यन्त नगर के विभिन्न रामायण मंडलियां रामचरित मानस पाठ करेंगी। इस बार हनुमान जयंती पर

**अद्भुत**

**हनुमान जयंती पर संकटमोचन में होगा रामचरित मानस पाठ**

**6 से 9 अप्रैल तक संकट मोचन हनुमान का होगा विशेष शृंगार, सजेगी झांकी व आरती**


सार्वभौम रामायण सम्मेलन 7 से 9 अप्रैल तक आयोजित है। इसमें देश के प्रसिद्ध मानस वक्ताओं की कथा सायंकाल पांच से रात्रि दस बजे तक आयोजित है। इसमें मुख्य रूप से पं. उमाशंकर शर्मा (बरेली), रामाकांत चतुर्वेदी (हनुमानगढ़)पं. नीरज मिश्र (छपरा) आदि है। इस साल सार्वभौम रामायण सम्मेलन का 100वां अधिवेशन है। प्रो. विश्वम्भर नाथ मिश्र बताते हैं कि रामचरित मानस कथा का स्वरूप संकटमोचन मंदिर की ही देन है। यहां पर हनुमानजी स्वयं कथा का श्रवण करते हैं। इस दिन आरती सूर्योदय से पहले की जाती है।

### लोग छुट्टियां लेकर सुनने आते हैं मानस

प्रो. मिश्र बताते हैं कि जब पहले रामचरित मानस हुआ करता था तब लोग पेड़ पर चढ़ कर इसका श्रवण करते थे। काफी लोग तो देश के कोने-कोने से छुट्टियां लेकर रामचरित मानस पाठ सुनते के लिए आते हैं। कहा कि यह शहर बेजोड़ शहर है लेकिन आज जो यह दिख रहा है वह है नहीं। हम तो सिर्फ महामना पं. मदन मोहन मालवीय को जानते हैं जिन्होंने काशी हिंदू विश्वविद्यालय के माध्यम से हर कुछ दिया।

# सौवें वर्ष में इस बार 180 कलाकार हनुमत दरबार में लगायेंगे हाजिरी

## सप्ताह व्यापी संगीत की महफिल में होंगे 58 कार्यक्रम, 20 से ज्यादा पदम अवार्डी कलाकार करेंगे शिरकत



महंत प्रो. विश्वम्भरनाथ मिश्र

**उस्ताद मोइनुद्दीन खान, राशिद खान, तलत अजीज, विश्व मोहन भट्ट, एन. राजम, कलापिनी कोमकली, साजन मिश्र, अनूप जलोटा, मालिनी अवस्थी, सोनू निगम होंगे मुख्य आकर्षण**

**संकटमोचन संगीत समारोह का 10 अप्रैल से होगा शुभारंभ**

**वाराणसी।** विश्व विख्यात संकटमोचन संगीत समारोह के सौवें वर्ष में प्रवेश करने पर इस बार संकटमोचन संगीत समारोह में 180 कलाकार हनुमत दरबार में अपनी हाजिरी लगायेंगे। सप्ताहव्यापी संगीत के इस महफिल में कुल 58 कार्यक्रम होंगे। इसमें 20 से ज्यादा पद्म अवार्डी कलाकार शिरकत करेंगे। संकटमोचन संगीत समारोह के सौवें वर्ष पर इस बार विशेष आयोजन किया जा रहा है। इस बार उस्ताद मो मोइनुद्दीन खान, उस्ताद राशिद खान, तलत अजीज, विश्व मोहन भट्ट, एन. राजम, कलापिनी कोमकली, साजन मिश्र, अनूप जलोटा, मालिनी अवस्थी, सोनू निगम, यू राजेश, शिवमणी, तरुण भट्टाचार्य, संचिता भट्टाचार्य, अजय पोहनकर, रोनू मजुमदार, हरि प्रसाद चौरसिया, नीलाद्री कुमार, उस्ताद शाहिद परवेज, रतिकांत महापात्र, एल. सुब्रह्मण्यम, संजू सहाय, कंकना बैनर्जी आदि कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण होंगे। यह जानकारी मंगलवार को संकटमोचन मंदिर के महंत प्रो. विश्वम्भर नाथ मिश्र ने तुलसीघाट पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 10 अप्रैल को सायंकाल 7.30 बजे से होगा। यह आयोजन 16 अप्रैल तक चलेगा। इस बार यह आयोजन सप्ताहव्यापी चलेगा। संकट मोचन संगीत समारोह में इस बार शास्त्रीय संगीत के साथ-साथ बॉलीवुड के कलाकार भी हनुमत दरबार में अपने हाजिरी लगाएंगे। समारोह में जहां बॉलीवुड के कलाकार सोनू निगम अपनी प्रस्तुति देंगे वही जाने माने गजल गायक तलत अजीज के साथ ही पद्म अवॉर्डी शास्त्री संगीत कलाकार कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। बताया कि अंतिम दिन 16 अप्रैल को सोनू निगम अपनी टीम के साथ प्रस्तुति देंगे। इसके पहले 14 को भजन सम्राट अनूप जलोटा भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा जयपुर के उस्ताद मोइनुद्दीन खान और उस्ताद अकरम खान का सारंगी और तबला वादन भी लोगों को सुनने को मिलेगा। कोलकाता से बिलाल खान तबला वादन, संतूर में कोलकाता से तरुण भट्टाचार्य के साथ ही उस्ताद राशिद खान की गायिकी भी होगी। वही हर साल की तरह इस बार मंदिर परिसर में कलाकारों के जीवनी पर आधारित कला वीथिका भी नए सिरे से सजाई जा रही है।






## ई-पॉश से जुड़ा एटीएम

क्षेत्रीय खाद्य आपूर्ति अधिकारी सतीश चंद सिंह ने बताया कि अन्न पूर्ति मशीन यानी ग्रेन एटीएम सीधे ई-पॉश से जुड़ी है। कार्डधारक ई-पॉश मशीन पर जैसे ही अपना अंगूठा लगाएगा। वैसे ही उसके कार्ड में दर्ज यूनिट के अनुसार खाद्यान्न मशीन से निकलने लगेगा। मशीन में दो डिस्पेंसर लगे हैं। एक से गेहूं और दूसरे से चावल निकलेगा।

# अब ऑटोमेटिक मशीनें बांटेंगी सरकारी अनाज

**लाइन में लगने की जरूरत नहीं, 24 घंटे मिलेगा राशन**

**पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत शिवपुर में लगाई गई है यह मशीन**

**घटतौली रोकने के लिए इलेक्ट्रानिक तराजू जुड़ेंगे पीओएस से**

जितेंद्र श्रीवास्तव

**खास मुलाकात**

**वाराणसी।** अनाज वितरण के समय राशन कार्डधारकों को कई सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। परंतु अब राशन कार्डधारकों की इन समस्याओं का समाधान हो जाएगा। केंद्र और प्रदेश सरकार ने राशन कार्डधारकों की सुविधा के लिए तमाम योजनाओं पर काम कर रही है। इसी कड़ी में अब कोटेदारों के यहां फूड ऑटोमेटेड टेलर मशीन (एटीएम) लगाने की तैयारी चल रही है। पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत कलेक्ट्रेट प्रखंड के शिवपुर स्थित बृजमोहन गुप्ता नामक कोटेदार के यहां फूड एटीएम लगायी गयी है। इस फूड एटीएम से रुपयों की तरह अनाज निकलेगा। इससे राशन कार्डधारकों को सुविधा होगी और कोटेदार की चिरौरी नहीं करनी पड़ेगी। साफ-सुथरा अनाज मिलेगा और गड़बड़ी की रत्तीभर गुंजाइश भी नहीं होगी। यह कहना है आपूर्ति विभाग के जिला मुख्यालय पर तैनात क्षेत्रीय खाद्य आपूर्ति अधिकारी सतीश चंद सिंह का। 'जनसंदेश टाइम्स' से खास मुलाकात में उन्होंने बताया कि सरकार ने इस फूड एटीएम का सरल नाम रखा है-'अन्न पूर्ति मशीन।' इससे भ्रष्टाचार की संभावनाओं पर अंकुश भी लगेगा।



सतीश चंद सिंह (एआरओ)

क्षेत्रीय खाद्य आपूर्ति अधिकारी सतीश चंद सिंह ने बताया कि वर्तमान में कोटेदारों के यहां से राशन कार्डधारकों को अपने हिस्से का अनाज पाने के लिए लंबी-लंबी लाइनें लगानी पड़ती है। कार्डधारक अक्सर कम राशन मिलने की शिकायत भी करते रहते हैं। लेकिन अन्न पूर्ति मशीन से ऐसी शिकायत नहीं होगी। राशन वितरण के दौरान अनाज की चोरी, राशन कार्ड धारियों को कम राशन देने से लेकर अनाज में मिलावट जैसी कई गड़बड़ियां बीते दिनों की बात हो जाएंगी। इसके साथ ही अब जिले के नागरिक रुपये की तरह फूड एटीएम से अपना राशन निकाल सकेंगे। उन्होंने बताया कि अन्न पूर्ति मशीन का प्रयोग करने के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में जिले के शिवपुर क्षेत्र को चुना गया हैं। यह जिले की पहली वितरण मशीन है, जिसे अभी ट्रायल के तौर पर राशन वितरण प्रक्रिया शुरू की गई है। अगर यह प्रक्रिया सफल होती है, तो जिले के समस्त सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों पर लगवाने का काम होगा। तब राशन कार्डधारकों को हर प्रकार की चिंता से मुक्ति मिल जाएगी और वे अपने हिस्से का अनाज सुगमता से प्राप्त कर सकेंगे।

### यह भी जानिए

| | |
|---|---|
| मशीन का नाम | वर्ल्ड फूड प्रोग्रामर अन्नपूर्ति |
| मशीन में क्षमता | दो स्लाट में लगभग 100-100 किलो गेहूं-चावल |
| संचालन | इलेक्ट्रानिक एवं स्क्रीन टच के जरिए |
| मशीन की कीमत | लगभग 10 लाख |
| जिले में राशन दुकान | लगभग 1344 |
| जिले में कार्डधारक | 6,01,000 (अंत्योदय व पात्र गृहस्थी) |

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के अलावा महाराष्ट्र, उत्तराखंड, हरियाणा और कर्नाटक में अन्न पूर्ति मशीन का ट्रायल किया जा रहा है। राशन वितरण प्रणाली में भ्रष्टाचार और घपले को देखते हुए सरकार फूड एटीएम के जरिए पीडीएस का काम आगे बढ़ाना चाहती है। सरकार चाहती है कि राशन वितरण का काम पूरी तरह से संपर्क रहित यानी कांटेक्टलेस हो। इसके लिए सरकार समस्त कोटेदारों के यहां ऑटोमेटिक ग्रेन डिस्पेंसर मशीन लगाने की तैयारी कर रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में कोटेदारों के यहां इलेक्ट्रानिक तौल यंत्र से अनाज दिया जाता है। घटतौती रोकने के लिए इन इलेक्ट्रानिक तराजुओं को पीओएस से जोड़ने की तैयारी चल रही है। इसके अलावा डोर स्टेप डिलेवरी पर फोकस है। जिले के कोटेदारों के यहां नौ गोदाम से अनाज पहुंचाया जाता है। आठ गोदाम पर डोर स्टेप डिलेवरी लागू हो गयी है। इसके चलते ठेकेदारी प्रथा पर विराम लग चुका है और एफसीआई गोदाम से सीधे कोटेदार के यहां अनाज पहुंच जाता है। अनाज पहुंचाने वाले वाहन जीपीएस से लैस होने से गड़बड़ी की रत्ती भर गुंजाइश नहीं है। एक सवाल के जवाब उन्होंने बताया कि समस्त सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों को 'मॉडल शाप' में तब्दील किया जा रहा है। जहां अनाज के अलावा कॉमन सर्विस सेंटर, पांच किलो का एलपीजी सिलिंडर आदि की भी सुविधा मिलेगी।

**थम लगाते ही मशीन से आ जाएगा राशन**

क्षेत्रीय खाद्य आपूर्ति अधिकारी सतीश चंद सिंह ने बताया कि आजकल नई-नई टेक्नोलॉजी ने हमारी जिंदगी को बहुत आसान बना दिया है। अन्न पूर्ति मशीन से अनाज लेने के लिए कार्डधारकों और दुकान संचालक को प्रशिक्षण भी दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस मशीन पर भी एक स्क्रीन होगी। राशन कार्डधारक पीओपी के माध्यम निर्धारित स्थान पर अपना अंगूठा लगाएगा, तो अंगूठा स्कैन होते ही स्क्रीन पर उस व्यक्ति के राशन कार्ड का पूरा विवरण दिखाई देगा। उन्होंने बताया कि राशन लेने के लिए कार्डधारक को कुछ जानकारियां देनी होंगी। मसलन अपना आधार नंबर, मोबाइल नंबर और राशन कार्ड को लिंक करना होता है। तत्पश्चात कार्डधारक को स्मार्ट कार्ड दिया जाएगा, जिसका बायोमेट्रिक सिस्टम से वेरीफिकेशन होगा। यह काम पूरी तरह से डिजिटल होगा जिसमें किसी कागजी कार्यवाही की जरूरत नहीं होगी। साथ ही इसे चलाने के लिए कोड भी दिया जाता है। तब उपभोक्ता 24 घंटे में किसी भी वक्त अपना राशन ले सकेगा।